बाइबिल सर्वाधिक अश्लील पुस्तक है। अश्लीलता पूरे ५०० पृष्ठ। और इसे पवित्र बाइबिल कहा जाता है। फिर अपवित्र क्या है उसने "सरमन आन द माउंट' अध्याय खोला और दो ही पंक्तियां पढ़ीं थीं कि रिंझाई ने कहा, रुको! भविष्य में कभी यह व्यक्ति बुद्ध बनेगा, लेकिन अभी नहीं।

क्योंकि पहली दो पंक्तियां थीं: धन्य हैं वे जो गरीब हैं, क्योंकि वे ही प्रभु के राज्य के अधिकारी होंगे। और दूसरी पंक्ति थी कि सुई के छेद से होकर एक ऊंट गुजर सकता है, लेकिन एक धनी व्यक्ति स्वर्ग के द्वार में प्रवेश नहीं कर सकता है। इसी कथन पर रिंझाई ने का कि रुक जाओ।

यदि गरीबी धन्यता है तो फिर हमें गरीबी को और फैलाना चाहिए। फिर दुनिया में जितने अधिक गरीब होंगे, दुनिया उतनी ही अधिक धन्य होगी। फिर अधिक लोग स्वर्ग में होंगे। यदि धनवान होना इतना बड़ा पाप है कि सुई के छेद से होकर ऊंट निकल सकता है, लेकिन धनवान व्यक्ति स्वर्ग में प्रवेश नहीं कर सकता है तब तो सभी धनवानों को अपनी संपत्ति गरीबों में बांट देनी चाहिए, और गरीब और भिखारी बन जाना चाहिए।

यह धर्म नहीं है। यह शुद्ध राजनीति है। यह सिर्फ गरीबों के लिए एक सांत्वना है कि तुम चिंता न करो, यह कुछ वर्षों की ही बात है, और तुम प्रभु की सन्निधि में होगे। और यह दूसरी ओर क्रांति को रोकने का प्रयास है कि धनवानों पर क्रोध न करो, वे शाश्वत नरक में यातना भोगने ही वाले हैं।

यह शब्द याद रखो शाश्वत नरक। विश्व का कोई भी धर्म शाश्वत नरक में विश्वास नहीं करता है। तुम एक जीवन में कितने पाप कर सकते हो, ईसाइयत केवल एक ही जन्म में विश्वास करती है। आखिर तुम एक ही जीवनकाल में कितने पाप कर सकते हो? जिस क्षण तुम्हारा जन्म हुआ था, उस क्षण से लेकर अंतिम श्वास तक यदि तुम एक के बाद एक पाप ही करते ही चले जाओ, न खाओ, कुछ भी न करो, केवल पाप ही करते चले जाओ, तो भी शाश्वत दंड उचित निर्णय नहीं होगा।

CamScanner

गुरु नानक जी के पास सतसंग में एक लड़का प्रतिदिन आकर बैठ जाता था। एक दिन नानक जी ने उससे पूछा: "बेटा ! कार्तिक के महीने में सुबह इतनी जल्दी आ जाता है, क्यों ? "वह बोला: "महाराज ! क्या पता कब मौत आकर ले जाये? नानक जी: "इतनी छोटी-सी उम्र का लड़का, अभी तुझे मौत थोड़े मारेगी? अभी तो तू जवान होगा, बूढ़ा होगा, फिर मौत आयेगी। लड़का: "महाराज ! मेरी माँ चूल्हा जला रही थी। बड़ी-बड़ी लकड़ियों को आगने नहीं पकड़ा तो फिर उन्होंने मुझसे छोटी-छोटी लकड़ियाँ मँगवायी। माँ ने छोटी-छोटी लकड़ियाँ डालीं तो उन्हें आग ने जल्दी पकड़ लिया। इसी तरह हो सकता है मुझे भी छोटी उम्र में ही मृत्यु पकड़ ले। इसीलिए मैं अभी से सतसंग में आ जाता हूँ। जल्दी से परमात्मा का ध्यान करके जीवन सफल बना लो इन स्वांसो से बडा दगाबाज कोइ नही है, कहीं बाद मे पछताना ना पडे

CamScanner


सद्‌गुरु कबीर साहेब वाणी वचन
सदगुरु कबीर साहेब वाणी वचन
दास: नरेश कुमार बैरागी
सदगुरु कबीर साहेब वाणी वचन
कुटिल वचन सबसे बुरा,
जारि कर तन छार।
साधु वचन जल रूप है,
बरसे अमृत धार।।
सदगुरु कबीर साहेब वाणी वचन

CamScanner

हिंदू जलाते हैं शरीर को। क्योंकि जब तक
शरीर जल न जाए, तब तक आत्मा शरीर के
आस-पास भटकती है। पुराने घर का मोह
थोड़ा सा पकड़े रखता है।..

ों ने इस बात को बहुत सदियों पूर्व समझ लि
को बचाना ठीक नहीं है। इसलिए हिंदुओं ने
र को नहीं रखा। क्योंकि उससे आत्मा की य
क बाधा पड़ती है। जब तक शरीर बचा रहेगा
ुत, तब तक आत्मा वहां चक्कर लगाती रहेग

ओशो

मेरा मुझमें कुछ

CamScanner

9:09 am 0 KB/s VoLTE 4G 100%

एक ईसाई मां अपने बच्चे को समझा रही थी कि बेटा, दूसरों की सेवा करना चाहिए। भगवान ने तुम्हें इसीलिए बनाया है कि तुम दूसरों की सेवा करो।

बेटा बुद्धिमान था, उस छोटे–से बच्चे ने–और छोटे बच्चे अक्सर ऐसी बातें पूछ लेते हैं कि बूढ़े जवाब न दे सकें–उस छोटे बच्चे ने कहा: यह तो मैं समझ गया कि मुझे इसलिए बनाया है कि दूसरों की सेवा करूं। दूसरों को किसलिए बनाया है? इसका भी उत्तर चाहिए।

मां जरा मुश्किल में पड़ी होगी, अब क्या कहे? अगर कहे, दूसरों को इसलिए बनाया है कि तुम सेवा करो, तो यह तो बड़ा अन्याय है, कि मुझको सेवा करने के लिए बनाया और उनको सेवा करवाने के लिए! यह तो मूल से अन्याय हो गया! अगर मां यह कहे कि दूसरों को इसलिए बनाया है कि वे तुम्हारी सेवा करें और तुम्हें इसलिए बनाया है कि तुम उनकी सेवा करो, तो बेटा कहेगा, अपनी–अपनी सब कर लें, क्यों फिजूल की झंझट खड़ी करनी!

मैं यही कह रहा हूं। इस दुनिया में बहुत हो चुकी दूसरों की सेवा, कुछ सार हाथ नहीं आया। दूसरों की सेवा के नाम पर बहुत थोथे धंधे चल चुके। सेवा के नाम पर सत्ताधिकारियों ने लोगों का शोषण किया है। जो भी सेवक बनकर आता है, आज नहीं कल सत्ताधिकारी हो जाता है। जो तुम्हारे पैर दबाने से शुरू करता है, एक दिन तुम्हारी गर्दन दबाएगा! जब तुम्हारे पैर दबाए तभी चेत जाना, अन्यथा पीछे बहुत देर हो जाती है। फिर चेतने से कुछ सार नहीं। क्यों करेगा कोई सेवा तुम्हारी? और सेवा करेगा, तो बदला मांगेगा; पुरस्कार चाहेगा।

मेरी दीक्षा यही है तुम्हें: अपने आनंद से जीयो। इतना ही पर्याप्त होगा कि तुम किसी दूसरे के आनंद में बाधा न बनो। इतना ही पर्याप्त होगा कि तुम अपने आनंद का नृत्य नाचो और अपना गीत गाओ। शायद तुम्हारे आनंद की तरंग दूसरों को भी लग जाए और वे भी आनंदित हो जाएं। शायद थोड़ी गुलाल तुमसे उड़े और वे भी लाल हो जाएं! थोड़ा रंग तुमसे छिटके और वे भी रंग जाएं। यह दूसरी बात है। तुमने सेवा की, ऐसा सोचना मत।

CamScanner

जो वैराग्य
पचहत्तर के बाद उठता,
वह कोई वैराग्य है?
वह तो यंत्रवत है।
वह तो उठता ही है।
वह तो
मौत करीब आने लगी,
उसकी छाया है।
वह कोई वैराग्य है?
वैराग्य तो वह है
जो भरी जवानी
उठता है।

CamScanner

हरि गुन गावे हरषि के,

हिरदय कपट न जाए।

आपण तो समझे नहीं,

औरहि ज्ञान सुनाए॥

सदगुरु कबीर साहेब वाणी वचन

CamScanner

एक समझदार इंसान अपने
भीतर की कमियों को उसी
प्रकार से दूर कर लेता है, जिस
प्रकार से एक सुनार सोने की
अशुद्धियों को थोड़ा-थोड़ा करके
और इस प्रक्रिया को बार-बार
करके दूर करता है।

CamScanner

इसके पहले कि बुढ़ापा
तुम्हे दीन दुर्बल कर जाए,
अपनी ऊर्जा को ध्यान में उड़ेल देना।
इसके पहले कि मौत
तुम्हारी छाती पर बैठने लगे,
तुम समाधि को निमंत्रण दे देना।
इसके पहले कि संसार तुम्हे फेंकने लगे,
तुम सन्यास की दुनिया में प्रवेश कर जाना।

CamScanner

है। यह भूल ही गया।

जब वह वापस लौटा आश्रम कहीं से भिक्षा मांगकर, तो वह भूल ही चुका था कि रास्ते में क्या हुआ। गिरि ने देखा कि उसके चेहरे पर चोट है, तो उन्होंने पूछा, यह चोट कहां लगी? तो वह एकदम से खयाल ही नहीं आया उसे कि क्या हुआ। फिर उसे खयाल आया। उसने कहा कि आपने अच्छी याद दिलाई। रास्ते में एक आदमी ने मुझे मारा। तो गिरि ने पूछा, लेकिन तू भूल गया इतनी जल्दी! तो उसने कहा कि मैंने सोचा कि जो होना था, वह हो गया। और जो होना ही था, वह हो गया, अब उसको याद भी क्या रखना! अतीत भी निश्चिंतता से भर जाता है, भविष्य भी। लेकिन एक और बड़ी बात इस घटना में है आगे।

गिरि ने उसको कहा, लेकिन तूने अपने को रोका तो नहीं था? जब वह तुझे मार रहा था, तूने क्या किया? तो उसने कहा कि एक क्षण तो मुझे खयाल आया था कि एक मैं भी लगा दूं। फिर मैंने अपने को रोका कि जो हो रहा है, होने दो। तो गिरि ने कहा कि फिर तूने ठीक नहीं किया। फिर तूने थोड़ा रोका। जो हो रहा था, वह पूरा नहीं होने दिया। तूने थोड़ी बाधा डाली। उस आदमी के कर्म में तूने बाधा डाली, गिरि ने कहा।

उसने कहा, मैंने बाधा डाली! मैंने उसको मारा नहीं, और तो मैंने कुछ किया नहीं। क्या आप कहते हैं, मुझे मारना था! गिरि ने कहा, मैं यह कुछ नहीं कहता। मैं यह कहता हूं जो होना था, वह होने देना था। और तू वापस जा, क्योंकि तू तो निमित्त था। कोई और उसको मार रहा होगा।

और बड़े मजे की बात है कि वह संन्यासी वापस गया। वह आदमी बाजार में पिट रहा था। लौटकर वह गिरि के पैरों में पड़ गया। और उसने कहा कि यह क्या मामला है?

गिरि ने कहा कि जो तू नहीं कर पाया, वह कोई और कर रहा है। तू क्या सोचता है, तेरे बिना नाटक बंद हो जाएगा! तू निमित्त था।

बड़ी अजीब बात है यह। और सामान्य नीति के नियमों के बड़े पार चली जाती है।

ओशो; गीता दर्शन--भाग--5, अध्याय--11

CamScanner

जिनके पास केवल सोने और चांदी के ठिकरे है,
उनको मैं भीखमंगे कहता हूं।
धनी तो वह है, जिसके ह्रदय में शांति है,
आनंद है, उल्लास है, जिसके पैरो में
नृत्य है, जिसकी श्वासो में बांसुरी है।
जिसके भीतर परमात्मा ने थोडी सी झलक
दिखा दी है।
बस वही केवल धनी है सब गरीब है।

ओशो

CamScanner

कबीरा सब जग निर्धना,
धनवंता नही कोय।
धनवंता सोई जानिए,
राम नाम धन होय।।

सदगुरु कबीर साहेब वाणी वचन

CamScanner

शरीर में मत उलझे रहो।
जीवन शरीर का नही है।
शरीर का मालूम पड़ता है, क्योकि अभी
चलता है, उठता है, बैठता है, बोलता है,
खाता है, पिता है।
मगर फिर भी याद रखो जीवन तो भीतर
छुपी आत्मा का है।
ज्यू था त्यु ठहराया
ओशो

CS CamScanner

“जिसे मै की हवा लगी, उसे फिर ना दवा लगी न दुआ।”

-बाबा बुल्लेशाह

CamScanner

उस दा मुख इक जोत है, घुंघट है संसार ।
घुंघट में ओह छुप्प गया, मुख पर आंचल डार ।।
उन को मुख दिखलाए हैं, जिन से उस की प्रीत ।
उनको ही मिलता है वोह, जो उस के हैं मीत ।।

CamScanner

मन यानी मांग। मन यानी वासना। मन यानी आकांक्षा। यह मिले, वह मिले! और मिले, और मिले! इस सबके जोड़ का नाम मन है। फिर चाहे तुम बैकुंठ मांगो, चाहे मोक्ष मांगो, फर्क नहीं पड़ता। यह वही मन है जो धन मांगता था, पद मांगता था। मांग संसार है।

ओशो

CamScanner

CamScanner

8:18 am 17 KB/s 100%

facebook

#viralreelsシ #viralreels #viralreelsfb #viralreelsfacebook #viralvideoreels #expl... See more

55 1 comment • 13 shares • 267 views

Like Comment Share

ओशो-रूमी
1h ·

CamScanner

CamScanner

9:22 pm 0 KB/s VoLTE 4G 40%

जियो और मौज करो....मस्त रहों...

जीवन के पहलू का मतलब वह समझ भी नहीं पाते। जीवन के पहलू का मतलब सुख ,दुख , काम , खुशी , क्रोध ,लोभ ,मोह , राग , द्वेष ,लालच , ईर्ष्या , कल्पना , प्रेम , करुणा , भय , निरंतर विचार ....जो जो भाव हैं ...यह सब जीवन के पहलू हैं जीवन के आयाम हैं...इन सब का जोड़ अंहकार हैं...

घंटी, यह सब जो जीवन के पहलू हैं इस में से हर पहलू....हर पल हर मानव पर आता हैं। कोई इस से बच नहीं सकता। तुम ने सुना होगा लोग अक्सर कहते है ...सुख दुख दो पहलू है। सुख दुख भी भाव ही हैं। इस तरह दुसरे भाव भी जीवन के पहलू ही हैं....वह तुम्हारे साथ साथ हैं...जैसे काम , क्रोध उस से भागना नहीं हैं...दमन भी नहीं करना हैं...बस जब भी कोई अच्छा बुरा भाव आए उसे होशपूर्वक देखना हैं....क्रोधित हो कर भी होश में रहना है...क्रोध को भी जीना है...तभी तुम उसे समझ पाओगे....

कुछ भाव सकारात्मक हैं और कुछ भाव नाकारात्मक हैं। मानव नकारात्मक भाव जैसे क्रोध , द्वेष ,लालच, ईर्ष्या...इत्यादी से मन बचना चाहता है...इन्हे अनदेखा करता हैं। इसलिए वह इन पहलूओं को जान नहीं पाता ....यानि अनुभव नही कर पाता...यह सब मानव के पास प्राकृतिक हैं और ठीक ठीक अनुपात में संतुलित हैं। संतुलन तब बिगड़ता है जब काम वासना में क्रोध द्वेष में बदल जाता हैं और क्रोध बहुत मात्रा में होकर बुद्धि का हरण कर लेता हैं।

ओशो का यह वक्तव्य कि जीवन के हर पहलू को ...हर आयाम को जियो...होशपूर्वक जियो...का मतलब यह हैं कि जानते हुये क्रोध करो....जानते हुये काम में उतरो...भय को जानते भय को अपने ऊपर हावी मत होने दो.....जानते हुये होशपूर्वक सब करो...इसे ही हर पहलू को जियो कहते हैं....

आज इतना ही.....

CamScanner

9:21 pm 0 KB/s 41%

Like Comment Share

Prem ! Prbhu Osho...
Ma Dhyaan Upasna Pawar · 13h

🌏🌾😊
यह
स्वीकार करना कि
मुझ में विकार हैं, धर्म की शुरुआत है।
यह पहली सीढ़ी है।
इस स्वीकृति के बाद ही आप
परमात्मा से जुड़ते हैं।
आपके विकार कितने होंगे ?
उसकी असीम करुणा के सामने
आपके विकारों चाहे जितने भी अधिक हों
मात्र एक छोटे से तिनके के समान हैं।
आपको पता भी नहीं चलेगा बह जाएंगे।
लेकिन छिपाया तो कुछ नहीं होगा।
परमात्मा महान है।
उसके सामने सब खोल दें,
वह सर्वज्ञ है, उससे कुछ न छिपाएं।
कह दें कि भला, बुरा जैसा भी हूँ
आपका हूँ, स्वीकार करें।
ओशो नमन
🙏

CamScanner


लाओत्से का एक बड़ा
अज़ीब तथ्य है,
"कि जो आदमी सफलता
चाहता ही नहीं! वो पहले
से ही सफल है...
और जो चाहता है!
वो कभी सफल नहीं हो
सकता.!!
ओशो

CamScanner

9:19 pm 3 KB/s 41%

34 3 comments • 1 share

Like Comment Share

अहोभाव

1d ·

अहोभाव

एक छोटेसे अहंकार को गिरा देने से सब हो जाता है।
इस अहंकार के कारण तुम अन्य मालूम हो रहे हो परमात्मा से। अन्य होने के कारण तुम तड़प रहे हो, परेशान हो रहे हो। अन्य होने के कारण मछली सतर के बाहर पड़ गयी है। अनन्य हो जाओ, फिर सागर में डुबकी लगा लो, फिर कोई पीड़ा नहीं है। फिर कोई संताप नहीं, कोई चिंता नहीं। फिर तुम घर लौट आए। फिर यह अस्तित्व तुम्हारा शत्रु नहीं है। फिर यह अस्तित्व तुम्हारा मित्र है - अथातो भक्ति जिज्ञासा #33



CamScanner

पांच तत्व और तीन गुण कैसे हुए-

(पांच तत्व)

1-धीरज/धैर्य से आकाश तत्व बना।

2-दया से वायु तत्व बना।

3-शील/शालीनता से अग्नि तत्व बना।

4-विचार से जल तत्व बना।

5-सत्य से पृथ्वी तत्व बना।

(तीन गुण)

पृथ्वी और जल से सतोगुण (विष्णु)

अग्नि और वायु से रजोगुण (ब्रह्मा)

आकाश से तमोगुण (शिव)

(Time and Nature)

CS CamScanner

9:07 pm 0 KB/s 42%

🌹The truth of Life 🌹

Raj Malhotra · 9h ·

"ओशो" प्रेम नमन 🙏🌹🙏

"ओशो" : कोई तुम्हें पत्थर मारता है, तो चोट खा लेते हो या खुद को बचा लेते हो? वैसे ही जो शब्द तुम्हें बुरे लगते हैं, खुद को बचा लेना, मन पर मत लेना। कुछ ही पलों में वो सब तिरोहित हो जाएगा। यदि मन पर ले लिया तो पीड़ा होगी, जैसे पत्थर से चोट लगने पर होती है। इससे एक और फायदा होगा कि, कोई प्रतिक्रिया ना देने से सामने वाले व्यक्ति का आहत होना निश्चित है कि, वार किया और विफल गया। उसके अहंकार को चोट पहुंचेगी और तुम शांत भाव से आगे निकल जाओगे।

ठीक वैसे ही परिस्थियों के साथ भी होता है, जो किसी के वश में नहीं होती। उनसे उलझकर अपनी ऊर्जा को व्यर्थ गवाना बेकार है।



CamScanner


Ashok
परमात्मा के सम्मुख होन
का एक ही उपाय है!
और वह है कि तुम अपन
"मर्जी छोड़ दो!
तुम व्यर्थ ही बोझ ढ़ो रहे
हो! जिसको नानक
ने कहा;-उसका हुक्म.!
ओ

CamScanner



मौत क्या छिनेंगी अगर तुम शून्य होना जानते हो? अगर तुम शून्य होना जानते हो तो पूर्ण उतर आएगा तुम मे। मौत तुमसे कुछ भी न छीन सकेंगी – ओशो अहोभाव

CS CamScanner

8:56 pm 0 KB/s VoLTE 4G 44%

facebook

Like Comment Share

ओशो का हिन्दी साहित्य

Virendra Kumar · 3h ·

आप जानकार हैरान होंगे, अगर सत्य, शिव या सुंदर में से एक भी केंद्र आपमें जग जाए, तो दो केंद्र अपने आप जगने शुरू हो जाएंगे। और यह भी मैं आपको उल्लेख कर दूं कि तीन तरह के लोग होते हैं जगत में। एक वे लोग होते हैं, जिनके भीतर सत्य के केंद्र के विकसित होने की शीघ्र संभावना होती है। एक वे लोग होते हैं, जिनके भीतर शुभ के केंद्र के विकसित होने की शीघ्र संभावना होती है। और एक वे लोग होते हैं, जिनके भीतर सौन्दर्य के विकसित होने की शीघ्र सम्भावना होती है।

यह हो सकता है कि आपमें से सबके केंद्र अलग हों। लेकिन अगर एक केंद्र भी जग जाए, तो दो अपने आप जगने शुरू हो जाते हैं। अगर कोई व्यक्ति सौन्दर्य को ठीक से प्रेम करने लगे, तो असत्य नहीं बोल सकता। क्योंकि असत्य बोलना बड़ी असुंदर बात है, बड़ी कुरूप बात है। अगर कोई व्यक्ति सुंदर को ठीक से प्रेम करने लगे, तो अशुभ कृत्य नहीं कर सकता है, क्योंकि अशुभ कृत्य कुरूप होता है। यानी वह इसलिए चोरी नहीं कर सकता है कि चोरी करना बड़ा कुरूप कृत्य है। तो अगर उसकी सौन्दर्य के प्रति भी पूरी आकांक्षा पैदा हो जाए, तो भी बहुत कुछ हो जाएगा।

🪷आचार्य रजनीश ओशो🪷

🙏💕🙏

ध्यान-सूत्र

CamScanner

8:50 pm 4 KB/s VoLTE 4G 45%

पानी पी लेता। और वह आंख बंद करके बस एक ही चिंतन में लग गया, एक ही ध्यान में कि मैं कौन हूं?

शरीर मैं नहीं हूं। उसने एक महीने तक इसका ही निरंतर ध्यान किया कि शरीर मैं नहीं हूं, शरीर मैं नहीं हूं। एक महीने तक इस एक शब्द के सिवा उसने कोई उपयोग न किया कि शरीर मैं नहीं हूं। सोते-जागते, उठते-बैठते, होश में, बेहोशी में, जानता रहा, दोहराता रहा, समझता रहा, स्मरण करता रहा–शरीर मैं नहीं हूं। एक महीने के बाद उसने आंख खोलकर अपने शरीर को देखा और पाया कि निश्चित ही शरीर मैं नहीं हूं। एक यात्रा का पड़ाव पूरा हो गया।

और उसने लिखा है कि जिस दिन मैंने पाया कि मैं शरीर नहीं हूं, फिर मैंने आंख बंद की और मैंने कहा कि अब मैं जानने चलूं कि मैं कौन हूं! एक बात तो पूरी हुई कि क्या मैं नहीं हूं। अब मैं जानूं कि मैं कौन हूं!

और जब मैंने भीतर झांका, तो मुझे छांदोग्य की बात समझ में आई कि भीतर एक अंतर-गुफा है हृदय की, जहां मैं हूं, जो मैं हूं। और जैसे-जैसे उस अंतर-गुफा में मैंने प्रवेश किया, तो मैंने पाया, आश्चर्य! इतना बड़ा आकाश भी नहीं है, जितनी बड़ी वह अंतर-गुफा है। और जैसे-जैसे मैं उसमें भीतर गया, वैसे-वैसे एक रहस्य उदघाटित हुआ कि जैसे-जैसे चला भीतर, वैसे-वैसे मैं मिटता गया। खाली, शून्य ही रह गया। एकांत ही रह गया। सिर्फ एकांत, मैं भी न रहा। मेरी मौजूदगी भी तो एकांत में बाधा है।

तो आपको एकांत का अंतिम अर्थ कहता हूं, जिससे कृष्ण का प्रयोजन है। अगर आप भी बच रहे, तो भी एकांत नहीं है। एक क्षण ऐसा आता है, जब आप भी नहीं हैं; सिर्फ चैतन्य रह जाता है, आप भी नहीं होते हैं। आपको पता भी नहीं होता कि मैं भी हूं, सिर्फ होना रह जाता है। उस शुद्ध होने में एकांत है। उस एकांत में प्रभु को ध्याया जाता है। ध्याया क्या जाता है, उस एकांत में प्रभु को जान ही लिया जाता है। उस एकांत में प्रभु से मिलन ही हो जाता है।

गीता दर्शन👣ओशो

CamScanner

8:50 pm 1 KB/s 45%

एक आंग्ल-भारतीय विचारक आबरी मेनन ने एक छोटी-सी किताब लिखी है। उसके पिता तो भारतीय थे, उसकी मां अंग्रेज थी। आबरी मेनन ने एक छोटी-सी किताब लिखी है, दि स्पेस आफ दि इनर हार्ट, अंतर-हृदय का आकाश। किताब बहुत मधुर संस्मरण से शुरू की है।

वेटिकन के पोप से मिलने गया था मेनन; तो वेटिकन के पोप के चरणों में सिर झुकाकर आशीर्वाद लेने को झुका। तभी वेटिकन के पोप ने अपने साथ खड़े हुए महासचिव को पूछा, किस जाति का व्यक्ति है यह, कौन है? किस जाति का व्यक्ति है यह, कौन है? साथ खड़े हुए सेक्रेटरी ने वेटिकन के पोप को कहा, अंग्रेज है, आंग्ल है। वेटिकन के पोप ने मेनन के चेहरे पर हाथ फेरा और कहा, नहीं। इसके चेहरे का ढंग भारतीय है।

झुका हुआ मेनन अपने मन में सोचने लगा, सच में मैं कौन हूं? उसको एक सवाल उठा कि मैं भारतीय हूं या अंग्रेज हूं? लेकिन अंग्रेज होना और भारतीय होना चमड़ी से ज्यादा गहरी बात नहीं है। भीतर मैं कौन हूं? चमड़ी तो मेरी दोनों की है। अंग्रेज की भी है थोड़ी चमड़ी मेरे पास और एक भारतीय की भी चमड़ी है थोड़ी मेरे पास। खून भी मेरे पास भारतीय का है और अंग्रेज का भी है। फिर मैं कौन हूं? क्या यही चमड़ी और खून का जोड़ मैं हूं? या मैं कुछ और भी हूं? वह झुका हुआ मेनन नीचे सोचने लगा।

उठकर खड़ा हुआ, वेटिकन के पोप ने फिर पूछा कि कहो, कौन हो तुम? तो उसके मन में हुआ कि वेटिकन के पोप के संबंध में कहा जाता है कि वह इनफालिबल है, वह कभी भूल नहीं करता। ईसाई मानते हैं कि उनका जो बड़ा पुरोहित है, वह कभी भूल नहीं करता। मधुर मान्यता है। मेनन को खयाल आया कि अगर मैं कहूं कि आंग्ल-भारतीय हूं, आधा भारतीय आधा अंग्रेज हूं, तो कहीं पोप को दुख न हो। वह यह न सोचे कि मैंने उसे फालिबल सिद्ध किया, मैंने कहा कि वह भी गलती कर सकता है। तो मेनन ने कहा कि हां, आप ठीक कहते हैं महानुभाव! मैं भारतीय हूं।

पोप बहुत खुश हुआ। मेनन ने अपनी किताब में लिखा है कि इसलिए

CamScanner

इस देश में विज्ञान सिर्फ तुमने
स्कूल और कालेज में पढ़ा है,
सिर्फ ऊपर-ऊपर है।
विज्ञान भी पढ़ रहे हैं,
हाथ में हनुमान जी का
ताबीज भी बांधे हुए बैठे हैं।
विज्ञान की परीक्षा देने जाते हैं,
पहले हनुमान जी के मंदिर में
नारियल फोड़ आते हैं!
वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा नहीं हो पाया है।
उधार है हमारा सब विज्ञान;
पढ़-लिख लेते हैं, समझ लेते हैं,
मगर भीतर, भीतर हम वही के वही हैं।
भीतर हमारे विश्वास के
आधार वही के वही हैं।

फिर अमरित की बूंद पडी, ओशो

CamScanner



CS CamScanner

8:31 pm 0 KB/s VoLTE 4G 47%
facebook

ओशो का हिन्दी साहित्य
Rahul Kumar Ojha · 3h ·

बोध कथा

एक फकीर ट्रेन में दाखिल हुआ, एक खाली सीट पर बैठ गया और गाड़ी में सभी लोग उसे घूरकर देखने लगे। उसने अपना बैग सिर पर उठा रखा था. बैठने के बाद भी उसने इसे अपने पैरों के नीचे या सामान रैक के ऊपर नहीं रखा।

थोड़ी देर बाद एक सहयात्री ने कहा, सिर पर बैग लेकर बैठने की जरूरत नहीं है। इसे नीचे रख दे।

फकीर ने कहा, मैंने तो सिर्फ अपना ट्रेन का टिकट खरीदा है। बैग का नाही. मुझे लगता है कि रेल पर इतना वजन डालना गलत है।

ये जवाब सुनकर कोच में मौजूद सभी यात्री हंसने लगे. उनमें से एक ने मुस्कुराहट दबाते हुए कहा, "अंकल, अरे, आप बैग को सिर पर उठाकर पैरों के नीचे रखें या रैक पर रखें, वजन तो पटरी पर ही पड़ेगा।" आपके टिकट में उतने वजन का टिकट है.तो फार आप इसे अपने सिर पर क्यों रखते हैं?

फकीर मुस्कुराया और बोला, अरे, क्या तुम्हें पता है? तो फिर आप सब जीवन के सफर में इतना बोझ अपने सिर पर क्यों लेकर चल रहे हैं?

ओशो

CamScanner



CamScanner



मोको कहां ढूंढ़ो रे बंदे, मैं तो तेरे पास में।

ना मैं बकरी ना मैं भेड़ी, ना मैं छुरी गंड़ास में।।

नहिं खाल में नहिं पोंछ में, ना हड्डी ना मांस में।

ना मैं देवल ना मैं मस्जिद, ना काबे कैलास में।।

ना तो कौनो क्रिया कर्म में, नहिं जोग बैराग में।

खोजी होय तो तुरतै मिलिहौं, पल भर की तालास में।।

मैं तो रहौं सहर के बाहर, मेरी पुरी मवास में।

कहै कबीर सुनो भाई साधो, सब सांसों की सांस में।।

संत कबीर साहेब

CamScanner



उमरिया धोखे में खोये दियो रे ।

पांच बरस का भोला-भाला बीस में जवान भयो ।
तीस बरस में माया के कारण, देश विदेश गयो ।
चालिस बरस अन्त अब लागे, बाढ़े मोह गयो ।
धन धाम पुत्र के कारण, निस दिन सोच भयो ।।
बरस पचास कमर भई टेढ़ी, सोचत खाट परयो ।
लड़का बहुरी बोलन लागे, बूढ़ा मर न गयो ।।
बरस साठ-सत्तर के भीतर, केश सफेद भयो ।
वात पित कफ घेर लियो है, नैनन निर बहो ।
न हरि भक्ति न साधो की संगत, न शुभ कर्म कियो ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, चोला छुट गयो ।।

CS CamScanner

अहंकार में बिलकुल बहाव
नहीं होता है,
प्रेम में बहाव होता है..!!
इसलिए जब तक अहंकार
होता है,
तब तक प्रेम पैदा नहीं
होता..!!

CamScanner

10:15 pm 0 KB/s VoLTE 4G 33%
58 49

शरीर जहां चाहता है, आपकी चेतना वहां चली जाती है। आप जहां चाहते हैं, वहां नहीं जाती। क्योंकि आपने उसका कोई अभ्यास नहीं किया। अभी भूख लगती है तो चेतना तत्काल पेट में चली जाती है। वह आपसे आज्ञा नहीं लेती कि मैं पेट की तरफ जाऊं। वह चली जाती है। आप कुछ कर नहीं पाते। क्योंकि आपने कभी यह अब तक सोचा ही नहीं कि चेतना का प्रवाह, मेरी इंटेंशन, मेरी अभीप्सा पर निर्भर है। इसका थोड़ा प्रयोग करें।

रात बिस्तर पर पड़े हैं, सारी चेतना को पैर के अंगूठे में ले जायें। सब तरफ से भूल जायें, सिर्फ अंगूठे रह जायें। ले जायें, भीतर... भीतर... भीतर... अंगूठे में ठहर जायें जाकर। जैसे आपकी आत्मा अंगूठे में ठहर गयी। बहुत लाभ होगा, नींद तत्काल आ जायेगी। क्योंकि मस्तिष्क से अंगूठा बहुत दूर है। जब चेतना सारी वहां पहुंच जाती है, मस्तिष्क खाली हो जाये, तो आप गहरी नींद में गिर जायेंगे।

चेतना को थोड़ा हटाना सीखें। आंख बंद कर लें। कहीं भी एक बिंदु पर चेतना को स्थिर करने की कोशिश करें, आप पायेंगे, जिस बिंदु पर चेतना को ले जायेंगे, वहीं प्रकाश पैदा हो जायेगा। आंख बंद कर लें, सोचें कि सारी चेतना हृदय पर आ गयी, इंटेंशनल, अभिप्राय से सारी चेतना को हृदय पर ले आये, हृदय की धड़कन ही केंद्र बन गयी। आप अचानक पायेंगे, हृदय के पास धीमा—सा प्रकाश होना शुरू हो गया।

चेतना को बदलने के ये प्रयोग करते रहें। कभी भी कर सकते हैं, इसमें कोई अड़चन नहीं है। कुर्सी पर खाली बैठे हैं, ट्रेन में, बस में, कार में बिलकुल कर सकते हैं। कहीं कोई अलग समय निकालने की जरूरत नहीं है। धीरे— धीरे आपको लगेगा, आपकी मास्टरी हो गयी। यह मास्टरी वैसी है जैसे कि कोई कार की ड्राइविंग सीखता है। ऐसे ही चेतना की ड्राइविंग सीखनी पड़ती है।

एक आदमी साइकिल चलाना सीखता है। आप भी साइकिल चलाना जानते हैं, लेकिन अब तक कोई बता नहीं सका कि साइकिल कैसे चलायी जाती है। अभी तक तो नहीं बता सका कोई। चलाकर बता सकते है आप, लेकिन कैसे चलाई जाती है, क्या है ट्रिक, क्या है

CS CamScanner

जीवन के सात सच्चे मंत्र !

1. दर्पण - झूठ नहीं बोलने देगा!
2. ज्ञान - भयभीत नहीं होने देगा!
3. अध्यात्म - मोह नहीं करने देगा!
4. सत्य - कमजोर नहीं करने देगा!
5. प्रेम - ईर्ष्या नहीं करने देगा!
6. विश्वास - दुःखी नहीं करने देगा!
7. कर्म - असफल नहीं होने देगा!

CamScanner

जितने जल्दी यह बात समझ में आ जाए
उतना शुभ है कि यह कुछ भी हमारा नही है।
यह पड़ाव है, मंजिल नही। रात भर विश्राम
कर लो, लेकिन सुबह चल पड़ना है।
खोजना है, तलाशना है। जीवन केवल
उनका है जिनकी अंतरात्मा में अन्वेषण है।
अस्तित्व केवल उनका है जो सत्य की निरंतर
शोध में लगे है, जिन्होंने एक क्षण को भी यह
बात बुलाई नही है कि हम कही से आए है
और हमें कही जाना है।

ओशो

CS CamScanner



CamScanner



CamScanner

संत सहजो बाई जी कहती है की इस संसार मे चार प्रकार के गुरु होते है सब के अपने अपने अंग है जो गुरु जहाँ तक का पहुंच वाला है वह अपने शिष्य को भी उस मंजिल तक पंहुचा देता है। पारस गुरु पारस पत्थर के समान होता है जो लोहे रुपी शिष्य को सोना बना देता है। दीपक गुरु दीपक के समान होता है जो शिष्य के अज्ञान रुपी अंधकार को दूर कर ज्ञान रुपी प्रकाश प्रदान करता है। मलायगिरी गुरु मल्यागिरी पर्वत के समान होता है जो साधरण वृक्ष के समान शिष्य को मूल्यवान चन्दन का वृक्ष बना देता है। और भृंगी गुरु भृंगी कीड़े के समान होता है जो कीट रूपी शिष्य को अपने जैसा भृंगी ही बना देता है अर्थात जैसा गुरु होता है वैसे ही चेले को भी बना देता है।

CamScanner

10:32 pm 0 KB/s VoLTE 4G 31%
58 49

एक शहर में एक बहुत ही सुंदर युवती अचानक कहीं से आ गई। कोई नहीं जानता था कि वह कहाँ से आई है, उसका ठिकाना पूरी तरह से अज्ञात था। लेकिन वह इतनी सुंदर, इतनी मोहक रूप से सुंदर थी कि किसी ने यह भी नहीं सोचा कि वह कहां से आई है। लोग इकट्ठे हो गए, पूरा शहर इकट्ठा हो गया – और सभी युवक, लगभग तीन सौ युवक, उस युवती से शादी करना चाहते थे।

युवती ने कहा, "देखो, मैं एक हूं और तुम तीन सौ हो। मेरी शादी सिर्फ एक से हो सकती है, तो तुम एक काम करो। मैं कल फिर आउंगी, मैं तुम्हें चौबीस घंटे देती हूं। यदि तुम में से कोई बुद्ध के कमल सूत्र को दोहरा सकता है, तो मैं उससे विवाह करूँगी।"

सब युवक अपने अपने घरों की ओर दौड़ पड़े। उन्होंने खाना नहीं खाया, उन्हें नींद नहीं आई, उन्होंने पूरी रात सूत्र का पाठ किया, उन्होंने उसे रटने की कोशिश की। दस सफल हुए। अगली सुबह युवती आई और उन दस लोगों ने कमल सूत्र का पाठ करने की पेशकश की। युवती ने सुनी। वे सफल हुए थे।

उसने कहा, "ठीक है, लेकिन मैं एक हूं। मैं दस से शादी कैसे कर सकती हूँ? मैं तुम्हें फिर से चौबीस घंटे दूंगी। जो कमल सूत्र का अर्थ भी समझा सकता है, मैं उसी से विवाह करूंगी। तो तुम समझने की कोशिश करो— क्योंकि जप करना एक साधारण सी बात है, तुम यंत्रवत् रूप से किसी चीज को दोहरा रहे हो और तुम उसका अर्थ नहीं समझते।"

बिल्कुल भी समय नहीं था – केवल एक रात – और कमल सूत्र एक लंबा सूत्र है। लेकिन जब आप पागल हो जाते हैं तो आप कुछ भी कर सकते हैं। वे वापस घरों की ओर दौड़े, उन्होंने बहुत कोशिश की। अगले दिन तीन व्यक्ति दिखाई दिए। वे इसका अर्थ समझ चुके थे।

और युवती ने कहा, "फिर से मुश्किल बनी हुई है। संख्या कम है, लेकिन परेशानी बनी हुई है। तीन सौ से तीन तक आ जाना बहुत अच्छी बात है, लेकिन मैं तीन व्यक्तियों से विवाह नहीं कर सकती, मैं केवल एक से विवाह कर सकती हूं। तो चौबीस घंटे और। और जिसने न केवल इसे समझा है बल्कि उसका स्वाद भी चखा है, मैं उसी व्यक्ति से शादी

CamScanner



एकांत , मौन , शून्य होने की कला में निष्णात होओ, नहीं तो यह जाल जन्मों से चल रहे हैं। यह कोई पहला जन्म है तुम्हारा ? जन्म-जन्म हो गए , यही धंदा----गोरखधंधा करते-करते !

जो व्यक्ति अपने एकांत में आनंदित है, वह दूसरे के साथ जुड़ कर आनंद को हजार गुना कर लेता है। दोनों का आनंद गुणनफल हो जाता है। कई गुना हो जाता है ।

ओशो...

CamScanner

10:37 pm 41 KB/s 30%
58 49

व्रत

स्त्रि से पति, पुत्र-मोह का फायदा उठाकर उनसे कष्ट कटवाने में समाज को क्या लाभ मिला होगा !

उपवास क्यों होता है ? उपवास करने से काम-ऊर्जा क्षीण होती है । लोगो ने सोचा की पति बाहर जाएगा नौकरी ,काम आदि पर ,उसकी अनुपस्थिति में स्त्री कोई उपद्रव न कर बैठे, इसलिए उससे उपवास करवाना बहुत जरूरी है ।

सीधे-सीधे तो करवाया नहीं जा सकता । इसके लिए कोई बहाना चाहिए । वह भी मजबूत बहाना । स्त्री को पति से प्यार होता है, इसलिए कुछ उपवास पति के नाम करवा लो । स्त्री को पुत्र से मोह होता है, इसलिए कुछ व्रत पुत्र के नाम से करवा कर उसे अच्छी तरह बांध लो ।

पता नहीं कितने वर्षों से बेचारी बंधी हुई हैं । बंधन-मुक्ति का एक ही मार्ग है ज्ञान । ज्यों-ज्यों उनकी अक्ल खुलती जा रही है, त्यों-त्यों वे इन झूठे उपवासों के कष्ट से बाहर होती जा रही हैं । उन्हें सिर्फ इतना पता चलना चाहिए कि यह झूठा है । उन्हें इतना भर पता चलना चाहिए कि जिन जगहों में, जिन देशों मे स्त्रियां जिउतिया को नहीं जानती हैं, उनके बच्चे बचते हैं कि नहीं ? उन्हें पुत्र से प्यार होता है कि नहीं ?

जितिया के दिन मेरे गांव में एक जवान लड़का का करंट लगने से मृत्यु हो गई । क्या जितिया वर्ती का बेटा का मरना चाहिए ? जब मां खुद व्रत में है ?

जिसने भी ये नियम बनाया है बड़ा दुष्ट रहा होगा वह आदमी जिसने सुसुप्त स्त्रियों के अवचेतन में इस व्रत को डाल दिया होगा ।

51 13 comments • 11 shares
Like Comment Share
Osho Rishi Valley. Shimla
Reels · 3h ·
CamScanner

CS CamScanner

सीढ़ियां चढ़कर तो उसके पैरों में बल था, लौटा तो दीवाल का सहारा लेकर उतर रहा था, पैर उसके कंप रहे थे। घर जाकर घर के लोगों को कहा; रोना – धोना शुरू हो गया। पास – पड़ोस के के लोग इकट्ठे हो गये। उस दिन तो घर में फिर चूल्हा ही न जला, पास – पड़ोस के लोगों ने लाकर भोजन करवाया। उसने तो भोजन ही नहीं किया; अब क्या भोजन! वह तो बोला ही नहीं, वह तो आंख बंद करके बिस्तर पर पड़ा रहा। सात दिन में उसकी हालत मरणासन्न जैसी हो गयी। बार–बार सातवें दिन पूछता था – सूरज के डूबने में और कितनी देर है ?

और सूरज डूबने के ठीक पहले एकनाथ ने द्वार पर दस्तक दी। एकनाथ भीतर आये। एकनाथ उसके पास गये। वह तो आंख बंद किये पड़ा था। हाथ से उसकी आंखें खोलीं और कहा कि एक बात तुझे बताने आया हूं। यह तू क्या कर रहा है, ऐसा क्यों पड़ा है?

उसने कहा: और क्या करूँ ? सूरज डूबने में कितनी देर है ? ये सात दिन मैंने इतना नर्क भोगा है जितना कभी नहीं। अब तो ऐसा लगता है मर ही जाऊं तो झंझट कटे।

एकनाथ ने कहा कि मैं तुझे तेरे प्रश्न का उत्तर देने आया हूं। वह तूने मुझसे पूछा था न कि आपके मन में पाप कभी उठता है। मैं पूछने आया हूं तुझसे कि सात दिन में तेरे मन में कोई पाप उठा?

उस आदमी ने कहा: कहां की बातें कर रहे हो! कैसा पाप, कैसा पुण्य ? सात दिन तो कोई विचार ही नहीं उठा, बस एक ही विचार ही था – मौत, मौत, मौत।

एकनाथ ने कहा: तो उठ, अभी तुझे मरना नहीं है। तेरी हाथ की रेखा अभी काफी लंबी है। यह तो मैंने सिर्फ तेरे प्रश्न का उत्तर दिया था। ऐसे ही जिस दिन से मुझे मौत दिखाई पड़ गयी है, पाप नहीं उठा। जिसको मौत दिखाई पड़ जाती है पाप नहीं उठता, एकनाथ ने कहा।
ओशो

Osho Prem Naman 🙏💞
Osho international

CamScanner


Prem ! Prbhu Osho...
ध्यान रखना, गुरु समाज का हिस्सा कभी भी
नहीं है। गुरु सदा ही विद्रोही है। वह परमात्मा
का हिस्सा है, समाज का नहीं। और समाज
परमात्मा-विरोधी है। अन्यथा सभी पहुंच जाते।
बहुत थोड़े पहुंच पाते हैं।विरले पहुंच पाते हैं,
कभी-कभी पहुंच पाते हैं।
क्योंकि जाने के लिए अकेला होना जरूरी है।
गैब मांहि गुरुदेव मिल्या:ओशो...

CamScanner

10:46 pm 9 KB/s VoLTE 4G 29%
58 49
Osho ki Mehk
Raj Malhotra · 3d ·

"ओशो" प्रेम नमन 🙏🌹🙏

"ओशो" : तुम्हारे जन्म से पहले ही सबकुछ तय हो जाता है। तुम्हारे जन्म का समय-जगह भी, साथ ही तुम्हारी मृत्यु का समय-स्थान भी। फिर क्यों अपेक्षा करते हो कि कि, इन दोनों के बीच जैसा तुम चाहो हो वो सब हो जाए। नाहक असंतुष्ट, अशांत होने की जिद है तुम्हारी और कुछ नहीं।

48
18 comments • 9 shares
Like Comment Share
CamScanner

10:51 pm 0 KB/s VoLTE 4G 29%
58 49

भगवान अब भी मेरी प्रतीक्षा में उसी वृक्ष के नीचे बैठे होंगे।

.

यह सोचते ही बाढ़ नदारद हो गई। गांव भी अतंर्धान हो गया। वे तो घने वन में खड़े थे।

.

नारद जी पछताते और शरमाते हुए दौड़े, देखा कुछ ही दूर पर उसी वृक्ष के नीचे भगवान लेटे हैं।

.

नारद जी को देखते ही वे उठ बैठे और बोले, 'अरे भाई नारद, कहां चले गए थे, बड़ी देर लगा दी। पानी लाए या नहीं।'

.

नारद जी भगवान के चरण पकड़कर बैठ गए और लगे अश्रु बहाने। उनके मुंह से एक बोल भी न फटा।

.

भगवान मुस्कराए और बोल, 'तुम अभी तो गए थे। कुछ अधिक देर थोड़े ही हुई है।' लेकिन नारद जी को लगता है कि वर्षों बीत गए।

.

अब उनकी समझ में आया कि सब भगवान की माया थी, जो उनके अभिमान को चूर-चूर करने के लिए पैदा हुई थी।

.

उन्हें बड़ा घमण्ड था कि उनसे बढ़कर त्रिलोक में दूसरा कोई भक्त नहीं है। जरा सी देर में ढेर हो गया। वे पुनः सरलता और विनय के साथ भगवान के गुण गाने लगे।

.

इस कथा से हमें यह शिक्षा मिलती है कि यदि हमारे पास कुछ है, हमने अथक परिश्रम, लगन तथा निष्ठा से कुछ प्राप्त कर लिया है चाहे वह अपार धन हो, शारीरिक शक्ति हो, भरा-पूरा परिवार हो या फिर कोई ऊंची योग्यता, पद या यश हो तो उस पर घमण्ड क्यों करें।

.

क्या हमसे ऊपर और लोग नहीं हैं ? क्या हम ही सर्वोपरि हैं ? अनेक हमसे पहले हो चुके हैं और आगे भी होगें फिर घमण्ड कैसा।

~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~

((((((((((जय जय श्री राधे))))))))))

~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~

21 2 comments • 7 shares
CamScanner


OSHO
इसलिए पलटू ठीक कहते हैं:
पलटू मन मूआ नहीं, चले जगत को त्याग।
ऊपर धोए क्या भया, भीतर रहिगा दाग।।
Ashok
ऊपर-ऊपर धोते रहोगे,
तुम्हारा त्याग सब ऊपर-ऊपर रहेगा और भीतर
तो दाग बना ही हुआ है। दाग यानी मन। मन को
धोना है। मन को ऐसा धोना है कि बह ही जाए।

CamScanner

धीरे-धीरे प्रेम हो गया। विधवा पैर भी दबाए, रोटी भी खिलाए, स्नान भी करवाए।

स्वभावत:, प्रेम हो गया। फिर बच्चे हुए। जो होना था सो हुआ! बिल्ली कहां तक पहुंची! फिर बच्चों के विवाह करने पड़े। बात बढ़ती ही गई, बढ़ती ही गई, बढ़ती ही गई। इस दुनिया में बात कोई रुकती ही नहीं, बढ़ती ही चली जाती है। फिर बात में से बात, बात में से बात।

तो उस मरते हुए गुरु ने कहा कि देख, तुझे मैं समझाए जाता हूं। यह मत समझना कि मैं सठिया गया हूं। बिल्ली भर मत पालना। यह भूल मैंने की, जिंदगी गई यह। अगली जिंदगी खयाल रखूंगा कि बिल्ली नहीं पालनी।

मन साथ होगा तो बिल्ली नहीं पालोगे तो कुत्ता पालोगे। इससे क्या फर्क पड़ने वाला है कि क्या पालोगे? कुछ पालोगे। मन होगा, खेती न करोगे तो दुकान करोगे; फिर चाहे वह दुकान पूजा की ही क्यों न हो, यज्ञ-हवन की ही क्यों न हो। मन कुछ न कुछ करवाएगा। मन बिना कर्ता हुए नहीं रह सकता है। मन के प्राण ही उसके कर्ता होने में हैं।

इसलिए पलटू ठीक कहते हैं:
पलटू मन मूआ नहीं, चले जगत को त्याग।
ऊपर धोए क्या भया, भीतर रहिगा दाग।।

ऊपर-ऊपर धोते रहोगे, तुम्हारा त्याग सब ऊपर-ऊपर रहेगा और भीतर तो दाग बना ही हुआ है। दाग यानी मन। मन को धोना है। मन को ऐसा धोना है कि बह ही जाए।

लेकिन यह भूल हुई है। और अब भी जारी है। और लगता नहीं कि आगे भी रुकेगी। लोग मन से तो मुक्त होते नहीं और संसार से भाग खड़े होते हैं।

काहे होत अधीर--(प्रवचन--17)

CamScanner

8:59 am 0 KB/s 99%
facebook
61 49

मंत्र दे दिया। सैयद इब्राहीम श्रीकृष्ण की पूजा करता, उनकी छवि को निहारते-निहारते प्रेमपूर्वक गुरूमंत्र का जप करता।
धीरे-धीरे वे कृष्णप्रेम-रस में रँगते गये, उनको अंतरात्मा का रस आने लगा और उनका नाम पड़ गया - 'रसखान'।
उन्होंने श्रीकृष्ण-प्रेम के अनेकों पद और कविताएँ लिखीं जो भारतीय साहित्य में आज भी देखने को मिलती हैं। 'गुरूग्रंथ साहिब' में बाबा फरीद के वचन दर्ज किये गये हैं और हिन्दी साहित्य में सैयद इब्राहीम-रसखान, रैयाना तैयब, जलालुद्दीन रोमी आदि के वचन मिलते हैं। कितनी विशाल हृदय है भारतीय संस्कृति !
रसखान लिखते हैं-
तेरी माननी तो हियो, हेरी मोहिनी मान।
प्रेमदेव की छवि लखी, भये मिया रसखान।।
एक हाड़-मांस की पुतली में सुख खोजने की बेवकूफी मिटी, वहाँ से मुख मोड़ा और लाखों सुंदरियों-सुंदरों से भी प्यारे, यहाँ तक कि कामदेव से भी प्यारे कृष्ण को देखकर मियाँ से रसखान हो गया। हे रसीले कृष्ण ! मैं तेरा दीवाना हो गया.....
रसखान लिखते हैं-
सेस गनेस महेस दिनेस सुरेसहु जाहि निरंतर गावैं।
जाहि अनादि अनंत अखंड अछेद अभेद सुबेद बतावैं।।
नारद से सुक व्यास रहैं पचि हारे तऊ पुनि पार न पावैं।
ताहि अहीर की छोहरिया छछिया भरी छाछ पै नाच नचावैं।।
भगवान शेष, गणेश, महेश, सूर्य, इन्द्र आदि जिन सच्चिदानंद परमात्मा कृष्ण का गुणगान करते है, जो अनादि, अनंत, अखंड, अछेद्य और अभेद हैं, शुकदेवजी जिनका स्मरण करके समाधिस्थ हो जाते हैं, व्यासजी जिनकी व्याख्या करते अघाते नहीं हैं, नारदजी जिनके नाम रस में मग्न रहते हैं, वे ही ग्वालिनों के प्रेम से छछियनभरी छाछ के लिए नाचने को तैयार हो जाते हैं !
कैसा है उस प्रेमास्पद श्रीकृष्ण की प्रेमाभक्ति का प्रभाव कि एक मुसलमान सैयद, कहाँ तो शरीर के सुख-भोग में फँसा था और पढ़ी प्यारे श्रीकृष्ण की लीलाएँ तो उनके प्रेमरस में दीवाना हो इब्राहीम से रसखान हो गया !
जय श्री राधे राधे जी 🙏 🙏 🙏 🙏

CamScanner

साक्षी...

जिस शक्ती से पर को जाना जाता हैं वह शक्ती स्वयं को भी जानने में समर्थ हैं। जो अन्य को जान सकती हैं वह स्वयं को कैसे नही जानेंगी? केवल दिशा परिवर्तन की बात हैं।

जो दिख रहा हैं उससे उस पर चलना हैं,जो की देख रहा हैं। द्रश्य से द्रष्टा पर ध्यान परिवर्तन ही आत्मज्ञान की कुंजी हैं।

Osho

S.R.B.

CamScanner


आदमी बडा अजीब है !
“मन्दिर मस्जिदों में तो झुक जाएगा ।
लेकिन आदमी के आगे नहीं झुकेगा
जबकि उन मूर्तियों को आदमी ने ही बनाया है ।
और आदमी में खुद ईश्वर मौजुद है !!

CamScanner

प्र: *मुक्ति तक पहुँचने में कितनी देर लगती है?*

उ: मुक्ति भविष्य में प्राप्त नहीं होती। वह हमेशा है अतः अभी यहाँ है।

प्र: *मैं यह मानता हूँ लेकिन मुझे उसका अनुभव नहीं होता।*

उ: अनुभव अभी और यहाँ है। कोई भी अपने आत्मा का निषेध नहीं कर सकता।

प्र: *उसका अर्थ है कि वह सत्ता है आनंद नहीं।*

उ: सत्ता और आनंद एक हैं, और आनंद तथा अस्तित्व एक हैं। मुक्ति शब्द कई कल्पनाएं जगाता है। कोई उसे क्यों ढूँढे? लोग मान लेते हैं कि बंधन है, इसलिये मुक्ति ढूँढते हैं। लेकिन वस्तुतः बंधन नहीं है, केवल मुक्ति है। उसे नाम देकर आप क्यों ढूँढते हैं?

प्र: *सच है, लेकिन हम अज्ञानी हैं।*

उ: केवल इस अज्ञान को दूर कीजिये, बस इतना ही करना है। मुक्ति विषयक सारे प्रश्न अस्वीकार्य हैं। मुक्ति का अर्थ बंधन से छूटना है। इससे बंधन का अस्तित्व सूचित होता है। बंधन नहीं है, अतः मुक्ति भी नहीं है।

श्री रमण महर्षि

CamScanner



स्वतंत्रता जीवन की सुगंध है यह हवा
की तरह है,
आप इसे नहीं देख सकते हैं लेकिन
इसे महसूस कर सकते हैं..!!

CamScanner

"प्रतिष्ठा तो वही खोजते हैं , जिन्हें आनंद न मिला हो । प्रतिष्ठा का अर्थ है कि हमें भीतर तो कुछ नहीं मिला , तो चलो बाहर के लोग ही कुछ प्रतिष्ठा दे दें , उससे ही शायद ऐसा लगे कि कुछ पा लिया है । प्रतिष्ठा का अर्थ है, दूसरे हमें थोड़ा भर दें , हम तो खाली हैं ।

दूसरे कहें ,
आप सुंदर ;
दूसरे कहें ,
आप शुभ ;
दूसरे कहें ,
आप शिव ;
दूसरे कहें ,
आप साधु -
दूसरे कह दें ;
हम तो भीतर खाली हैं ।
अगर दूसरे न कहेंगे , तो हमारे भीतर कुछ भी नहीं है । प्रतिष्ठा का अर्थ है , उधार , कोई कह दे।" - ओशो

CS CamScanner

2:03 pm 0 KB/s VoLTE 4G 67%

10 49

जिया भी नही, मै तो अभी तक आपने काम में व्यस्त था", अतः मुझे अपनी कमाई हुई धन दौलत का उपयोग करने के लिए समय चाहिए।*

यमराज ने उत्तर दिया – "मैं तुम्हें और समय नही दे सकता, तुम्हारे जीवन के दिन समाप्त हो गये है, और अब दिनों को और नही बढाया जा सकता"।

यमराज की यह बात सुनकर उस आदमी ने कहा- "प्रभु मेरे पास इतना पैसा है, आप चाहो तो आधा धन लेकर मुझे जीवन का एक और बर्ष दे दीजिये"।

प्रतियुत्तर में यमराज ने कहा ऐसा संभव नही। इस पर आदमी ने कहा – "आप चाहो, तो मेरा 90 प्रतिशत धन लेकर मुझे 1 महीने का समय ही दे दीजिए।"

यमराज ने फिर मना कर दिया।फिर आदमी ने कहा- "आप मेरा सारा धन लेकर 1 ही घंटा दे दीजिये"। तब यमराज ने उसको समझाया – बीते हुए समय को धन से दोबारा प्राप्त नही किया जा सकता।

इस प्रकार जिस आदमी को अपने धन पर अभिमान था, उसे वह सब व्यर्थ लगने लगा, क्योंकि उसने अपना संपूर्ण जीवन उस व्यर्थ चीज को कमाने में लगा दिया, जो आज उसे जिंदगी का 1 घंटा भी ख़रीद के नही दे पाई। दुखी मन से वह अपनी मौत के लिए तैयार हो गया।

जिस आदमी ने अपना संपूर्ण जीवन जिसको कमाने में लगा दिया, वही चीज उसके लिए एक सेकंड का समय भी नही ख़रीद पाई। जीवन भगवान द्वारा दिया गया वहुमुल्य उपहारों में से एक है, जिसको पैसे से प्राप्त नही किया जा सकता। इसलिए जीवन के हर पल का आनंद लीजिये एवं उसको एन्जॉय करिए। कहा गया है जीवन बहुत अमूल्य है, इसको व्यर्थ ना जाने दे, हर पल को ख़ुशी के साथ जिए तभी आप अपने जीवन से खुश हो सकते है।

18 5 comments • 1 share

Like Comment Share

CamScanner

234 47 comments · 4 shares

Like Comment Share

Oshoislive
27 Sep ·

ओशो कौन हैं?
- ओशो आग हैं, ऐसा आग जो तुम्हारे अंदर सारी नकारात्मक ऊर्जा को जलाकर राख कर देगी। एक ऐसा आग जिसमे जलकर ही तुम शीतल होते हो। ओशो नशा भी है और दावा भी। ओशो को जिसने सुना उसे फिर किसी और सत्संग में मन नहीं लगता। ओशो वो हथौड़ा हैं जिसका मार अगर एक बार पड़ जाए तो तुम्हारे अंदर बने सारे सामाजिक ढांचे, अंधविश्वास टूटकर चखनाचूर हो जाते हैं। ओशो को सुनने के बाद तुम समाज से खुद को काटा हुआ महसूस करोगे और ये एहसास तुम्हे अच्छा लगेगा। ओशो तुम्हे अकेला कर देंगे और इस अकेलापन का एक अलग ही मजा है। यही अकेलापन तुममें जितना गहरा होता जायेगा तुम परमात्मा के और निकट होते जाओगे।

137 14 comments • 6 shares

Like Comment Share

Girishbhai Patel
ओशो ओशो है और आप आप ही है लेकिन ओशो को गहराई से समझोगे तब एक दिन परमात्मा में लीन जरूर हो जायेंगे

Like Reply

Write a comment...

Osho Rishi Valley. Shimla
Reels · 18h ·

मैं तो मानता हूँ इस पृथ्वी पर ना कोई ऊँचा है ना कोई नीचा.....
#viralreelsシ #viralreels #viralreelsfb

CamScanner

2:08 pm 3 KB/s 66%

मै तो मानता हूं इस पृथ्वी पर ना कोई ऊंचा है ना कोई नीचा.....
#viralreelsシ #viralreels #viralreelsfb #viralreelsfacebook #viralvideoreels #explorereels #explorereel #v... See more



171 2 comments • 20 shares • 1.4K views

Like Comment Share

CamScanner

तुम मुझे शास्त्र मत बनाओ, तुम मुझे अनुभव बनाओ।
मुझसे सुनो, जीवन में परीक्षा करो।
मुझसे सुनो, समझो! जीवन में जाकर जीवन से पूछो,
क्या यह सही है? जो सुना, क्या यह सही है?
जीवन तुम्हें उत्तर देगा। जीवन कसौटी है।
एस धम्मो सनंतनो-५५ ओशो

CamScanner

प्रः "सोहम्" "मैं कौन हूँ?" के समान है?

उः उनमें केवल "अहम्" समान है। एक सोहम् है। दूसरा कोहम् है। ये दो भिन्न है। हमें क्यों सोहम् कहते रहना चाहिये? मनुष्य को सच्चा अहं ढूंढ निकालना चाहिये। "मैं कौन हूँ" प्रश्न में "मैं" अहंकार है, उसकी तलाश करके उसके मूल स्थान को पाने पर पता चलता है कि उसका अलग अस्तित्व नहीं है, तब वह सच्चे अहं से एकरूप हो जाता है।

आप कठिनाई देख रहे हैं? "शिवोहम्" अथवा "सोहम्" ध्यान से विचार भिन्न पद्धति है। मैं अधिकतर आत्मा के ज्ञान पर बल देता हूँ, क्योंकि आप विश्व तथा उसके मालिक को जानने का प्रयत्न शुरू करें, उससे पहले आपको स्वयं को जानने की इच्छा होना स्वाभाविक है। "सोहम्" अथवा "अहं ब्रह्मास्मि" ध्यान थोड़ा बहुत मानसिक विचार है। लेकिन आत्मानुसंधान, जिसकी मैं बात करता हूँ, सीधी पद्धति है, और वस्तुतः अन्य सब ध्यान पद्धतियों से श्रेष्ठ है। जिस क्षण आप आत्मा की तलाश का प्रारंभ करते हैं, और अधिकाधिक गहराई में जाते हैं, तो वहाँ सच्चा आत्मा आपको भीतर ले जाने के लिये आपकी राह देख रहा होता है। तब जो कुछ होता है, वह किसी और के द्वारा किया जाता है, जिसमें आपका कोई हाथ नहीं होता। इस प्रक्रिया में सारे संशय एवं चर्चाएँ अपने आप छूट जाते हैं, जैसे सोते समय मनुष्य तत्काल के लिये सब चिन्ताओं को छोड़ देता है।

प्रः *क्या भरोसा है कि वहाँ मेरे सत्कार के लिये कोई खड़ा है?*

उः पर्याप्त रूप से पक्व होने पर साधक स्वाभाविक रूप से आश्वस्त होता है।

श्री रमण महर्षि

CamScanner


"It is better to be silent than to dispute with the ignorant."
— Pythagoras
www.facebook.com/poets01

CamScanner

CS CamScanner

प्रेम तो एक तरफा ही होता है।
दोनो तरफा तो , सिर्फ व्यापार होता है।।
ओशो जी

CamScanner

CamScanner

CamScanner

देह तो बस फूल है। देखते हो न, जब कोई मर जाता है और उसे हम जला आते हैं, फिर तीसरे दिन हम इकट्ठा करने जाते हैं, तो कहते हैं--फूल इकट्ठे करने जा रहे हैं! क्यों कहते हैं फूल इकट्ठे करने जा रहे हैं? बस, फूल जैसा ही सब है यहां क्षणभंगुर! प्यारा शब्द है फूल! क्षणभंगुरता का प्रतीक है फूल। काश, जिसकी हड्डियां हैं उसने ही जागकर देख लिया होता कि ये सब फूल हैं--अभी हैं, अभी कुम्हला जायेंगे; सुबह हैं, सांझ पंखुड़ियां झड़ जायेंगी। तो शायद कब्र न बनती, समाधि बनती। तो शायद मृत्यु तो होने ही वाली थी, लेकिन भीतर कोई अमृत को जानता हुआ विदा होता। उस क्रांति की तलाश करो ।

मुझसे सांत्वना न खोजो, मैं सत्य ही दे सकता हूं।

CamScanner

अधिक से अधिक भोले, कम ज्ञानी और
बच्चों की तरह बनिए,
जीवन को मजे के रूप में लीजिए
क्योंकि वास्तविकता में यही जीवन है।
-ओशो

CamScanner



CS CamScanner

2:26 pm 0 KB/s VoLTE 4G 62%
facebook
10 49
तुम्हें बदहजमी हो सकती; और तुम आदी हो सकते हो मौजूदगी के।
नहीं, वह ठीक नहीं है।

जब भी मुझे लगता है कि किसी को जरूरत है अकेले होने की, जब भी मुझे लगता है कि किसी को मुझ से दूर चले जाना चाहिए, तो मैं उसे दूर भेज देता हूं।

सदगुरु के पास होने और सदगुरु के पास न होने की एक लय चाहिए। उस लय में बहुत सी संभावनाएं खुलती हैं, क्योंकि अंततः तुम्हें निर्भर होना है स्वयं पर।
गुरु तुम्हारे साथ सदा सदा के लिए नहीं रह सकता। एक दिन मैं अचानक खो जाऊंगा, मिट्टी मिट्टी में गिर जाएगी, तुम मुझे कहीं नहीं खोज पाओगे।

तब, अगर तुम मेरे प्रति बहुत आसक्ति बना लोगे और तुम मेरे बिना रह ही न सकोगे तो तुम दुख पाओगे, नाहक पीड़ित होओगे। और मैं यहां तुम्हें पीड़ा देने के लिए नहीं हूं : मैं यहां तुम्हें और ज्यादा आनंदित होने में सक्षम बनाने के लिए हूं।
कई बार यह अच्छा होता है कि तुम दुनिया में कहीं दूर चले जाओ, अपने साथ रहो, अपने एकांत में रहो, भीतर उतरो, अकेले में जीओ।

और जो कुछ भी तुमने मेरे साथ यहां पाया है, उसे संसार में कसौटी पर कसो, क्योंकि आश्रम संसार नहीं है।
आश्रम ज्यादा से ज्यादा एक सीखने की जगह हो सकता है, वह कोई वैकल्पिक संसार नहीं है। अधिक से अधिक यह एक स्कूल हो सकता है जहां तुम्हें थोड़ी झलक मिलती है।
फिर तुम उस झलक के साथ जाते हो संसार में,
वहां होती है कसौटी, वहां होती है परीक्षा। अगर वे अनुभव वहां भी खरे उतरते हैं, केवल तभी वे वास्तविक हैं।

ओशो
पतंजलि: योगसूत्र--(भाग--3) प्रवचन--52

CamScanner

2:27 pm 0 KB/s VoLTE 4G 62%

10 49

2

Like Comment Share

Osho leela Ashram

26 Sep ·

26-September ओशो नव संन्यास दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मेरा संन्यास वसंत है। मेरा संन्यास फागुन मास है। मेरा संन्यास फूलों की भांति है। यह जीवन का उत्सव है। यह परमात्मा के प्रति धन्यवाद है, अनुग्रह का भाव है। यह त्याग नहीं है। यह भोग भी नहीं है। यह त्याग और भोग दोनों का अतिक्रमण है। यह इस भांति भोगना है कि भोगो भी और बंधने भी न पाओ। गुजरना है ऐसे संसार से कि गुजर भी जाओ और संसार की धूल तुम पर जमने भी न पाए। संसार तुम्हें छूने भी न पाए, अछूते निकल जाओ। गीत गाते हुए निकल जाओ। यह कोई रोता हुआ संन्यास नहीं है। यह कोई उदासीन संन्यास नहीं है। यह नाचता हुआ संन्यास है।

🙏 ओशो 🙏 प्रीतम छबि नैनन बसी 🌹 3 🌹



75 10 comments • 4 shares

CamScanner

ईशावास्य
उपनिषद्
प्रारम्भ
भक्ति आंदोलन
Bhakti Andolan
ॐ
पूर्ण मदः पूर्ण मिदं
पूर्णात पूर्ण मुदचत्ये,
पूर्णस्य पूर्ण मादाये
पूर्ण मेवावशिश्यते ॥
वह सूक्ष्म जगत पूर्ण है, यह स्थूल जगत
पूर्ण है, पूर्ण परमेश्वर से ही इस पूर्ण जगत
का उदय होता है, पूर्ण परमेश्वर पूर्ण
जगत रूप ले लेने पर भी वह अपने सूक्ष्म
स्वरुप में पूर्ण ही शेष रहता है।

CamScanner

OSHO

जीवन की एकमात्र कसौटी है आनंद
SGB
जिस जीवन को आप जी रहे हैं
उसमें अगर आनंद नहीं आ रहा है
तो जानना चाहिए कि आप गलत जी रहे हैं
दुख गलत होने का सबूत है
और आनंद ठीक होने का
इसलिए जीवन का उत्सव मनाओ

CamScanner


OSHO
मैं तो एक दीवाना हूं।
तुम मुझे पागल कह लेना,
वह ज्यादा ठीक, लेकिन कभी महात्मा
मत कहना क्योंकि तुमने इतने गलत
लोगों को महात्मा कहा है, उस कतार में
मैं खड़े होने को राजी नहीं हूं।

CamScanner



CamScanner

Osho leela Ashram
29 Sep ·

Nothingness is the way to be Wholeness..
अर्पित है मेरा कर्म--इसे स्वीकार करो!
अर्पित मेरा अस्तित्व--इसे स्वीकार करो!
रंगों की सुषमा रच, मधुऋतु जल जाती है,
सौरभ बिखरा कर फूल--धूल बन जाता है,
धरती की प्यास बुझा जाता गल कर बादल,
पाषाणों से टकरा कर निर्झर गाता है,
तुमने ही तो पागलपन का संगीत दिया,
करुणा बन गलना तुमने मुझको सिखलाया
तुमने ही मुझको यहां धूल से ममता दी
रंगों में जलना मैंने तुम से ही पाया।
उस ज्ञान और भ्रम में ही तो तुम चेतन हो
जिनसे मैं बरबस उठता गिरता रहता हूं
निज खंड-खंड में हे असीम तुम हे अखंड!
अर्पित मेरा अस्तित्व--इसे स्वीकार करो!

एक बार सब छोड़ दो उस अज्ञात के चरणों में--अपने अहंकार को, अपने कर्ताभाव को। कह दो उससे: तेरी जो मर्जी! जैसा नचाएगा नाचेंगे! जो कराएगा करेंगे! हम करने वाले नहीं, हम सिर्फ अभिनेता हैं। तू जो निर्णय लेगा, जो पात्र बनने की आज्ञा देगा वही बन जाएंगे। न हमारा कोई निर्णय है, न हमारी अपनी कोई नियति है। तेरे हाथों में सब है।
इतना समर्पण जो कर सके वह पूर्ण शून्य हो जाता है। और जब तुम पूर्ण शून्य हो जाते हो, तो तुम्हारा शून्य, तुम्हारा शून्य ही उस पूर्ण के लिए निमंत्रण है।

🙏ओशो 🙏 प्रीतम छबि नैनन बसी 🌹 1 🌹

CamScanner

इजरायल फिलिस्तीन संघर्ष

मैं आपको पूरी मानवीय स्थिति के बारे में अपनी विहंगम दृष्टि देना चाहता हूं, क्योंकि इजरायल में यहूदियों और अरबों के बीच जो हो रहा है वह कोई नई बात नहीं है। यह पूरी दुनिया में हो रहा है, अलग-अलग नामों में - हिंदुओं और मुसलमानों के बीच, ईसाई और यहूदियों के बीच..बस नाम अलग हैं, लेकिन एक ही हिंसा, एक ही हत्या, एक ही पीड़ा।

जब तक 'ईश्वर' है, मनुष्य जाति शांति से नहीं रह सकती। यह ईश्वर है जो मनुष्य को विभाजित कर रहा है। वह मानवता का परम शत्रु है; अन्यथा हिंदू और मुसलमान और ईसाई और यहूदी में क्या अंतर है? - केवल ईश्वर के बारे में उनके विचार। और वह विचार और कुछ नहीं, एक 'विचार' मात्र है, बस एक खाली परिकल्पना है।

ओशो

CamScanner

5:42 pm 0 KB/s VoLTE 4G 37%
facebook
तुम्हारे छूने से कोई सूखा वृक्ष हरा हो जाए। ऐसी कुछ बात मांग लो कि तुम्हारे हाथ में संजीवनी का प्रभाव आ जाए।*_
उस फकीर ने कहा: यह तो ठीक है। लेकिन इसमें खतरा है। अभी मैं बिलकुल नहीं मिट गया हूं। इसमें अकड़ पैदा हो जाने का डर है कि मेरे छूने से सूखा झाड़ हरा हो गया; कि मेरे छूने से बेमौसम में फूल आ गए; कि मेरे छूने से मुरदा जाग गया। अभी मैं मरा नहीं हूं। अभी मैं थोड़ा-थोड़ा हूं। यह तो खतरनाक बात है। लेकिन तुम अगर जिद्द ही करते हो, तो ऐसा करो कि मेरी छाया को यह आशीर्वाद दे दो--कि मेरी छाया अगर सूखे वृक्ष पर पड़ जाए, तो वृक्ष हरा हो जाए; कि मेरी छाया अगर किसी मुरदे को छू ले, तो वह जीवित हो जाए।*_
फरिश्ते ने कहा: इससे क्या फर्क पड़ेगा? उसने कहा इससे फर्क पड़ेगा। मैं पीछे लौट कर कभी देखूंगा ही नहीं। तो छाया से जो होगा, छाया जाने। मेरा इससे कुछ संबंध न जुड़ेगा।*_
और तब कहते हैं: वह फकीर भागता रहता था--एक गांव से दूसरे गांव, एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले, एक आदमी से दूसरे आदमी। और उस फकीर ने जिंदगी में कभी पीछे लौट कर नहीं देखा। बस, वह दौड़ता रहता कि जितने ज्यादा लोगों को छाया उसकी लग जाए। तो कोई बीमार ठीक हो जाए; कोई मुर्दा उठ जाए; कोई वृक्ष सूखा था, हरा हो जाए; कोई पानी का स्रोत सूख गया था, तो झरना प्रगट हो जाए। मगर वह भागता रहता था। वह पीछे लौटकर नहीं देखता था। वह कभी एक गांव में नहीं रुकता था, क्योंकि जितने दूर-दूर भाग सके और जितने लोगों पर उसकी छाया पड़ जाए, उतना ही अच्छा। और उसे कभी याद भी नहीं पड़ा कि कौन-कौन ठीक हुए। उसने कुछ हिसाब भी न रखा। अगर तुम उससे पूछते जीवन के अंत में--खुद परमात्मा पूछता, तो वह नहीं बता सकता था--कितने मुर्दा जीए, कितने वृक्ष हरे हुए, कितने झरने बहे, कितनी बीमारियां मिटीं। उसके पास कोई हिसाब न होता। प्रेम हिसाब जानता ही नहीं। #प्रेम पीछे लौट कर देखता ही नहीं। प्रेम में गणित का उपाय ही नहीं है।।*_

कन थोरे कांकर घने,
प्रवचन-१०

CamScanner

11:05 pm 0 KB/s VoLTE 4G 25%

facebook

10

Like Comment Send

आध्यात्मिक मार्ग Aadhyaatmik Marg

Parshotam Rai · 1d ·

एक बार एक ग्वालन दूध बेच रही थी और सबको दूध नाप नाप कर दे रही थी। उसी समय एक नौजवान दूध लेने आया तो ग्वालन ने बिना नापे ही उस नौजवान का बरतन दूध से भर दिया।

वही थोड़ी दूर पर एक साधु हाथ में माला लेकर मनको को गिन गिन कर माल फेर था। तभी उसकी नजर ग्वालन पर पड़ी और उसने ये सब देखा और पास ही बैठे व्यक्ति से सारी बात बताकर इसका कारण पूछा।

उस व्यक्ति ने बताया कि जिस नौजवान को उस ग्वालन ने बिना नाप के दूध दिया है वह उस नौजवान से प्रेम करती है इसलिए उसने उसे बिना नाप के दूध दे दिया ।

यह बात साधु के दिल को छू गयी और उसने सोचा कि एक दूध बेचने वाली ग्वालन जिससे प्रेम करती है तो उसका हिसाब नही रखती और मैं अपने जिस ईश्वर से प्रेम करता हुँ, उसके लिए सुबह से शाम तक मनके गिनगिन कर माला फेरता हुँ।

मुझसे तो अच्छी यह ग्वालन ही है और उसने माला तोड़कर फेंक दी। हमारे जीवन भी कुछ ऐसा ही है। जहाँ प्रेम होता है वहाँ हिसाब किताब नही होता है, और जहाँ हिसाब किताब होता है वहाँ प्रेम नही होता है, सिर्फ व्यापार होता है।

सौजन्य से - श्री विवेक कुमार जी

14 · 1 comment • 2 shares

Like Comment Share

CamScanner



CamScanner

CamScanner

धर्म है व्यक्ति और समष्टि के बीच प्रेम की एक प्रतीति--
ऐसे प्रेम की जहां बूंद खो देती है,
अपने को सागर में और सागर हो जाती है
जहां सागर खो देता है अपने को बूंद में और बूंद हो जाता है
व्यक्ति और समष्टि के बीच ध्यान का ऐसा क्षण,
जब दो नहीं बचते, एक ही शेष रह जाता है,
प्रार्थना का एक ऐसा पल, जहां व्यक्ति तो शून्य हो जाता है
और समष्टि महाव्यक्तित्व की गरिमा से भर जाती है।
इसलिए तो हम उस क्षण को ईश्वर का साक्षात्कार कहते हैं।
व्यक्ति तो मिट जाता है,
समष्टि में व्यक्तित्व छा जाता है सारी समष्टि
एक महाव्यक्तित्व का रूप ले लेती है।

CS CamScanner

CamScanner

मृत्यु एक असत्य है -- सबसे बड़ा असत्य। न कभी घटा , न कभी घटेगा। मनुष्य दो तत्वों का जोड़ है। एक तत्व तो है मरणधर्मा , जो मर ही हुआ है।जो मर ही हुआ है , उसकी तो मृत्यु कैसे होगी? और दूसरा तत्व है अमृत। जो अमृत है , उसकी तो मृत्यु कैसे होगी? फिर मृत्यु किसकी होती है ? न शरीर मर सकता है , क्योंकि शरीर मरा ही हुआ है । न आत्मा मर सकती है , क्योंकि आत्मा अमृत है। फिर मरता कौन है ? कोई भी नहीं मरता ; सिर्फ शरीर और आत्मा का संबंध छूट जाता है। ओर तुम संबंध को ही अगर जीवन समझते हो तो फिर संबंध छूटने को तुम मृत्यु समझ लेते हो। संबंध को जीवन समझने की भ्रांति से मृत्यु पैदा होती है। संबंध यानी तादात्म्य। तुमने अगर यह मान रखा है कि मैं शरीर हूं , तो फिर मृत्यु घटेगी। ओर अगर जान लो मैं शरीर नहीं हूं , फिर किसी मृत्यु ! शरीर मरेगा , मरा ही हुआ था। और आत्मा मर नही सकती , आत्मा अमृत है। काश तुम जीवन में ही इस तत्व को जान लो तो तुम मृत्यु में भी हंसते हुए , नाचते हुए , गीत गाते हुए प्रवेश करोगे , क्योंकि सिर्फ संबंध छूट रहा है।



ओशो (Dr Sohan Lal Narang

CamScanner

CamScanner

CS CamScanner

@ahobhav_
Osho says Whenever you catch yourself getting unhappy, give a good jerk and be happy again. Shake the whole body and be happy again. It is just a knack, an art. अहोभाव

CamScanner

"The existence loves you, otherwise you would not be here. Relax into your being, you are cherished by the whole."

OSHO

CS CamScanner

10:22 am 16 KB/s 91%

21 1

अंग्रेजी में शब्द है, पर्सनेलिटी। वह बहुत कीमती शब्द है। यूनान में जो नाटक होते थे, उन नाटकों में पात्रों को अपने चेहरे पर एक मुखौटा लगाना पड़ता था। उस मुखौटे का नाम परसोना होता था। और उसी शब्द परसोना से पर्सनैलिटी बना है। पर्सनैलिटी का अर्थ है, ओढ़ा हुआ व्यक्तित्व, ओढ़ा हुआ मुखौटा। जो आप नहीं हैं, वैसा चेहरा।

तो जो व्यक्ति अपने भीतर की प्रकृति के विपरीत होता है, अनिवार्य रूप से उसे उस प्रकृति के विपरीत एक मुखौटा निर्मित करना होता है। एक व्यक्तित्व की खोल अपने चारों तरफ बना लेता है। यह खोल अंतरात्मा से मिलन न होने देगी। निसर्ग आपके खिलाफ नहीं है, लेकिन आपका व्यक्तित्व आपके खिलाफ है। और हर आदमी व्यक्तित्व बनाए हुए है, और उसको मजबूत किए चला जाता है।

मेरे पास लोग आते हैं, वे कहते हैं कि आत्मा को जानना है, लेकिन व्यक्तित्व को छोड़ने की जरा भी तैयारी नहीं होती। वे अपने व्यक्तित्व को पकड़ कर ही आत्मा को पाना चाहते हैं! यह असंभव है। इस व्यक्तित्व को ठीक से समझ लेना जरूरी है, तो ही आप आत्मा की खोज में आगे बढ़ सकेंगे, अन्यथा आप हमेशा भटकते रहेंगे। क्योंकि जिसको आपने पकड़ा है, वही तो बाधा है।

ऐसा समझ लें कि एक आदमी जेल के बाहर आना चाहता है, और जेल की दीवालों को जोर से पकडे हुए है, और कहता है कि ये दीवालें मैं कभी न छोड़ूंगा, क्योंकि इन दीवालों के साथ मैं इतने दिन रहा हूं। अपनी ही जंजीरों को तोड्ने के लिए राजी नहीं है! कहता है, ये मेरे आभूषण हैं, ये बड़े कीमती हैं! और कहता है, इन आभूषणों के बिना तो मैं सो भी न सकूंगा! इनके बिना तो मुझे नींद भी न आएगी। इनके बिना तो मुझे खाली खाली, नंगापन मालूम पड़ेगा! इनको मैं नहीं छोड़ सकता। लेकिन मुझे स्वतंत्र होना है, मुझे मुक्त होना है! आपकी अवस्था ऐसी ही है। जिसको आप बचाना चाहते हैं, वही है दीवाल। और उसको तोड़े बिना आप अंतरात्मा में प्रवेश न कर पाएंगे।

'अपनी अंतरात्मा का पूर्णरूप से सम्मान करो। क्योंकि तुम्हारे हृदय के द्वारा वह प्रकाश प्राप्त होता है, जो जीवन को आलोकित कर सकता है

CS CamScanner

10:20 am 0 KB/s 91%

मैं शेपर्ड की एक पुस्तक बियान्ड सेक्स थैरेपी (सेक्स उपचार के पार) पढ़ रहा था

उसमें इससे सम्बंधित वह एक प्रसंग का जिक्र करता है
वह एक युवा स्त्री के प्रेम में पड़ गया था
कुछ मित्र उससे मिलने के लिए आए लेकिन वह पूरे समय उस स्त्री के साथ बातचीत करता हुआ उसके ही साथ बना रहा, जैसे मानो मित्रों में उसकी कोई दिलचस्पी ही न हो

उन्होंने कुछ अपमान का अनुभव करते हुए उस स्त्री से कहा–" हम आपकी अपेक्षा शेपर्ड को अधिक अच्छी तरह से जानते हैं
यह कई स्त्रियों के साथ प्रेम करता रहा है,
एक स्त्री जाती थी और दूसरी आती थी
इसलिए स्मरण रखियेगा कि देर–सबेर यह किसी दूसरी स्त्री में दिलचस्पी लेने लगेगा, तब आप क्या करेंगी?"
उस स्त्री ने कहा–" मैं ईर्ष्या का अनुभव करूंगी, लेकिन वह मेरी अपनी समस्या होगी, लेकिन मैं यह चाहती हूं कि यह मेरा आदमी हर तरह के प्रेम को जाने, अपने मरने से पूर्व, जो कुछ भी सम्भव है, वह सभी कुछ जाने
मैं यदि ईर्ष्या भी करूंगी तो वह मेरी अपनी समस्या है
उसे मुझे सुलझाना होगा और उससे बाहर आना होगा
उससे उनका कुछ भी लेना–देना नहीं होगा

जहां तक उनका सम्बंध है, मेरी यही इच्छा है कि उन्हें सब कुछ जानना चाहिए जो वह मृत्यु से पहले जानना चाहते हैं,
क्योंकि एक बार जो जाता है वह बस हमेशा के लिए ही चला जाता है
मैं चाहती हूं कि जितना भी सम्भव हो, वह उतनी ही अधिक अनुभव की सम्पदा लेकर जीये
यदि ईर्ष्या जैसी या अन्य जो भी समस्याएं आती हैं, तब वे मेरी अपनी समस्याएं होंगी।"

यही है वह, जिसे प्रेम कहते हैं
वह प्रेम और ईर्ष्या के बीच का अंतर भली भांति जानती है
इस बारे में उसे कोई भ्रम नहीं है

CS CamScanner

कर्मों का फल

एक बार की कथा है, देवऋषि नारद और ऋषि अन्गारा कहीं जा रहे थे। रास्ते में उनकी नजर एक मिठाई की दुकान पर पड़ी। दुकान के नजदीक ही झूठी पतलों का ढेर लगा हुआ था। उस झूठन को खाने के लिए जैसे ही एक कुत्ता आता है, बैसे ही उस दुकान का मालिक उसको जोर से डन्डा मारता है। डन्डे की मार खा कर कुत्ता चीखता हुआ वहां से चला जाता है।

ये दृश्य देख कर, देवऋषि को हंसी आ गयी। ऋषि अन्गारा ने उन से हंसी का कारण पूछा, नारद बोले: हे ऋषिवर ! यह दुकान पहले एक कन्जूस व्यक्ति की थी। अपनी जिंदगी में उसने बहुत सारा पैसा इकट्ठा किया। और इस जन्म में वो कुत्ता बन कर पैदा हुआ और यह दुकान मालिक उसी का पुत्र है, देखें ! जिस के लिए उस ने बेशुमार धन इकट्ठा किया। आज उसी के हाथों से, उसे जूठा भोजन भी नहीं मिल सका। कर्मफल के इस खेल को देखकर मुझे हंसी आ गई।

मनुष्य को अपने शुभ और अशुभ कर्मों का फल जरूर मिलता है बेशक इस लिए उसे जन्मों-जन्मों की यात्रा क्यों न करनी पड़े।

जय जय श्री राधे

CamScanner



CamScanner

OSHO
दुख पर ध्यान दोगे तो हमेशा दुखी रहोगे।
सुख पर ध्यान देना शुरू करो।
दरअसल, तुम जिस पर ध्यान देते हो
वही चीज सक्रिय हो जाती है।
FRAGRANCE
www.oshofragrance.org

CamScanner



तुम किसी को स्नेह करते हो तो कहते हो,
मेरी माँ है, इसलिए प्रेम करता हूं। तुम्हारे प्रेम में
'इसलिए' है। मेरी पत्नी है इसलिए प्रेम करता हूं।
मेरा बेटा है। थोड़ा समझो। तुम आज तक अपने
बेटे के लिए अपनी जान देने को तैयार थे।
तुम्हारा बेटा है। पढ़ाते थे, लिखाते थे, श्रम करते
थे, मेहनत करते थे, बड़ी आकांक्षा करते थे, बड़ा
हो, यशस्वी हो, सफल हो। और आज तुम्हें
अचानक एक पत्र हाथ में लग गया पुरानी संदूक
टटोलते हुए, जिससे पता चला कि बेटा तुम्हारा
नहीं है, तुम्हारी पत्नी किसी के प्रेम में थी,
उसका है। इसी क्षण तुम्हारा प्रेम समाप्त हो
जाएगा। और यह भी हो सकता है कि पत्र
झूठा हो, बेटा तुम्हारा ही हो। लेकिन तुम्हारा
प्रेम इसी क्षण जैसे कपूर उड़ जाए, ऐसे उड़
जाएगा। प्रेम की तो बात दूर रही, अब तुम इस
बेटे को घृणा करने लगोगे, तुम चाहोगे यह मर
ही जाए तो अच्छा। यह तो एक कलंक है।
अभी क्षण भर पहले यह बेटा तुम्हारा था,
तो प्रेम था। अब तुम्हारा नहीं है तो प्रेम नहीं रहा।
तुम्हारा प्रेम बड़ा सशर्त है। मेरा है तो प्रेम,
मेरा नहीं तो प्रेम नहीं।

OSHO

CamScanner

10:13 am 77 KB/s
VoLTE 4G 92%

facebook

21 1

कुछ महान भक्ति कवियों की रचनाओं को संग्रहित करता है।
तुलसीदास, कबीर, रैदास, सूरदास, और मीरा बाई के बे... See more

rekhtabooks.com
देवनागरी में पुस्तक
भक्ति काल के कवियों का संग्रह ख़रीदिए
Order now

16

Like Comment Share

CamScanner



CS CamScanner

10:12 am 0 KB/s 93%

facebook

3

Like Comment Share

रजनीश ओशो की सत्य की खोज

46m ·

ध्यान विधि

जब भी तुम्हें लगे कि कोई चीज तुम्हें प्रभावित कर रही है, तुम पर हावी हो रही है, तुम्हें तुमसे दूर ले जा रही है, तुमसे ज्यादा महत्वपूर्ण हो रही है -- तो गहरी श्वास लो और छोड़ो, और श्वास बाहर छोड़ने से पैदा हुए उस छोटे-से अंतराल में उस चीज की ओर देखो -- कोई सुंदर चेहरा, कोई सुंदर शरीर, कोई सुंदर मकान, या कुछ भी!

यदि तुम्हें यह कठिन लगे, अगर श्वास बाहर छोड़ने भर से ही तुम अंतराल पैदा न कर पाओ, तो एक काम और करो -- श्वास बाहर छोड़ो, औए एक क्षण को श्वास का भीतर लेना रोक लो ताकि पूरी वायु बाहर निकल जाए। रुक जाओ, भीतर श्वास मत लो; फिर उस चीज की ओर देखो।

जब वायु पूरी बाहर है, या भीतर है, जब तुमने श्वास लेना बंद कर दिया है, तो कुछ भी तुम्हें प्रभावित नहीं कर सकता। उस क्षण में तुम सेतुहीन हो जाते हो, सेतु टूट जाता है।

श्वास ही सेतु है!

CamScanner

ऊपर कौन है, जो मुझे रोक सके तुम्हें स्वर्ग भेजने से! उस आदमी ने कहा, मैं हूं। क्योंकि मैं सुख की कल्पना ही नहीं कर सकता और हर सुख को दुख में बदल लेने में मैं इतना निष्णात हो गया हूं। तुम मुझे स्वर्ग न भेज सकोगे। तुम भेजोगे, मैं नर्क बना लूंगा। मैंने सुख का स्वप्न भी नहीं देखा। सुख की कल्पना भी नहीं कर सकता हूं, तुम मुझे स्वर्ग कैसे भेजोगे?

और कहते हैं, मामला वहीं अटका है। परमात्मा सोच रहा है, इस आदमी को कहां भेजें? नर्क भेज नहीं सकता, क्योंकि नर्क में वह रहा ही है। स्वर्ग भेज नहीं सकता, क्योंकि स्वर्ग भेजने का उपाय नहीं है।

इस कहानी को ध्यानपूर्वक समझने की कोशिश करना। यह किसी और आदमी की कहानी नहीं, सभी आदमियों की कहानी है। तुम वहीं भेजे जा सकते हो, जहां तुम जाना चाहते हो। और अगर सुख की तुम्हारे जीवन में स्वप्न की भी क्षमता खो गयी है, तो तुम्हें कोई भी स्वर्ग नहीं दे सकता। स्वर्ग कोई दान नहीं। स्वर्ग किसी के अनुग्रह से न मिलेगा। अर्जित करना होगा।

सुख भी सीखना पड़ता है। सुख का स्वाद भी सीखना पड़ता है। और अगर तुम स्वाद को न जानो, तो सुख पड़ा रहेगा तुम्हारी थाली में, तुम उसे चख न सकोगे, तुम उसे अपना खून-मांस-मज्जा न बना सकोगे, वह तुम्हारी रक्त की धार में न बह सकेगा, वह तुम्हारे जीवन की रसधार न बनेगी। और दुख भी तुम्हारा जीवन का ढंग है। तुम्हारे हाथ में जो पड़ जाता है, तुम दुख में बदल देते हो।

जो देखते हैं दूर और गहरा, उनसे अगर पूछो, जागे हुओं से पूछो, तो वे कहेंगे, सुख और दुख होते ही नहीं। तुम्हीं हो। वही घटना सुख बन जाती है किसी के हाथ में, वही घटना दुख बन जाती है। कोई उसी घटना को दुर्भाग्य बना लेता है, कोई उसी को सौभाग्य बना लेता है। सारी बात तुम पर निर्भर है। तुम आत्यंतिक निर्णायक हो। परमात्मा भी तुम्हें स्वर्ग नहीं भेज सकता, नर्क नहीं भेज सकता। तुम जहां होना चाहते हो, वहीं हो और वहीं रहोगे। तुम्हारी स्वतंत्रता अंतिम है। तुम अपने मालिक हो।

CS CamScanner

हिम्मत करो! भयभीत न रहो! जिंदगी चार दिन की है इस चार दिन की जिंदगी में क्या भय करना! किसका भय करना! बहुत से बहुत मौत ही तो हो सकती है न! मौत तो होनी ही है। इसलिए मौत एक ऐसी चीज़ है जिसको कि बिल्कुल एक किनारे रख दो। उसकी तो कोई कीमत ही मत मानो। जो होना ही है वो होना ही है! उसके लिए क्या फिकर करनी? जीने का मज़ा क्यों छोड़ो? जीने की पूर्णता क्यों छोड़ो? जीने का निखार क्यों छोड़ो? हाँ, अगर ऐसा होता कि मौत से सदा के लिए बच सकते! तो बात सोचने की भी थी - विचारने की भी थी। बच तो सकोगे नहीं! ऐसे भी मरोगे - वैसे भी मरोगे। मिट जाना है - मिट्टी में गिर जाना है। इसके पहले कि मिट्टी में गिरो - अपने भीतर अमृत को खोज लेना आवश्यक है.!

❤❤ओशो❤❤

CS CamScanner

पंख झड़ गए थे, पँजे गिर गए थे, अंधा भी हो गया था, बस कंकाल मात्र ही शेष रह गया था !

सिकन्दर ने कहा, 'तू रोकने वाला कौन...?'

🦅 *कौवे ने उत्तर दिया, 'मेरी कहानी सुन लो...मैं अमृत की तलाश में था और यह गुफा मुझे भी मिल गई थी !, मैंने यह अमृत पी लिया !*

🦅 *अब मैं मर नहीं सकता, पर मैं अब मरना चाहता हूँ... !*
🦅 *देख लो मेरी हालत...अंधा हो गया हूँ, पंख झड़ गए हैं, उड़ नहीं सकता, पैर गल गए हैं, एक बार मेरी ओर देख लो फिर उसके बाद यदि इच्छा हो तो अवश्य अमृत पी लेना!*

🦅 *देखो...अब मैं चिल्ला रहा हूँ...चीख रहा हूँ...कि कोई मुझे मार डाले, लेकिन मुझे मारा भी नहीं जा सकता !*

🦅 *अब प्रार्थना कर रहा हूँ परमात्मा से कि प्रभु मुझे मार डालो !*

🦅 *मेरी एक ही आकांक्षा है कि किसी तरह मर जाऊँ !*

🦅 *इसलिए सोच लो एक बार, फिर जो इच्छा हो वो करना.'!*

🦅 *कहते हैं कि सिकन्दर सोचता रहा....बड़ी देर तक.....!*

आखिर उसकी उम्र भर की तलाश थी अमृत ! 💧

उसे भला ऐसे कैसे छोड़ देता !

सोचने के बाद फिर चुपचाप गुफा से बाहर वापस लौट आया, बिना अमृत पिए !

सिकन्दर समझ चुका था कि जीवन का आनन्द ✨उस समय तक ही रहता है, जब तक हम उस आनन्द को भोगने की स्थिति में होते हैं!

You

CamScanner

एकान्त

उस एक का भी अन्त है

जो नहीं रहा वही हो तुम

CamScanner

इस दुनिया में कुछ पाना हो तो दौड़ना जरूरी है,और परमात्मा को पाना हो तो ठहरना जरूरी है, दौड़ने से वस्तुएं मिलती है और ठहरने से वस्तुओं का मालिक मिलता है

दौड़ना संसार की विधि है और ठहरना धर्म की, दौड़े तो संसार में बहुत कुछ पाओगे लेकिन परमात्मा को चूक जाओगे,और सारा जगत मिल जाए पर परमात्मा ना मिले तो क्या मिला

@Osho Gyan Hindi English

CamScanner

कोई शिक्षक, कोई गुरु, कोई मित्र, कोई परिवार, कोई समाज, कोई संस्था, कोई देश, कोई सम्प्रदाय, कोई धर्म, कोई शास्त्र, और कोई ईश्वर तुम्हें कुछ नहीं दे सकता। तुम्हें ख़ुद ही अपने बूते पर अपनी पूरी सजगता से जीना होगा. मुझे इसकी परवाह नहीं कि कोई मेरी बात समझता है या नहीं.

CamScanner

6:14 pm 3 KB/s ⏰ VoLTE 4G 50%

Like Comment Share

आध्यात्मिक मार्ग Aadhyaatmik Marg
Parshotam Rai · 6h ·

🌻 सुंदर पंक्ति 🌻

झाँक रहे है इधर उधर सब।
अपने अंदर झांकें कौन ?
ढूंढ़ रहे दुनियाँ में कमियां ।
अपने मन में ताके कौन ?
दुनियाँ सुधरे सब चिल्लाते ।
खुद को आज सुधारे कौन ?
पर उपदेश कुशल बहुतेरे ।
खुद पर आज विचारे कौन ?
हम सुधरें तो जग सुधरेगा
यह सीधी बात स्वीकारे कौन?"

👍 7

Like Comment Share

आध्यात्मिक और प्रेरणादायक कहानियां
Satish Kumar Garg · 59m ·



6:13 pm 0 KB/s 51%

International Meditation Resort.

3h ·

इस जगत में जिस व्यक्ति के पास ध्यान नहीं है, उसको एक लाभ है, उसके पास खोने को कुछ नहीं है। और जिस व्यक्ति के पास ध्यान है, उसके लिए एक खतरा है, उसके पास खोने को कुछ है। और जितनी ध्यान की संपदा बढ़ेगी, उतना ही खतरा बढ़ता जाता है। और मन अपनी पूरी ताकत लगाता है, क्योंकि ध्यान का बढ़ना मन की मृत्यु है। कौन मरना चाहता है?

मन अपनी सुरक्षा के सब आयोजन करेगा। हजार तरह से समझाएगा--कि किस झंझट में पड़ गए हो? शांत बैठोगे तो मन कहेगा, ऐसे बैठने से क्या होगा? क्या बुद्धू बने बैठे हो! अरे, कुछ करो! उठो! इतनी देर में तो कुछ कमा लेते! कुछ मजा कर लेते! कुछ नहीं था, सिनेमा हो आते, क्लब-घर पहुंच जाते। दुनिया राग-रंग में मजा कर रही है, तुम यहां बैठे आंख बंद किए। बुद्धू बने हो?

बुद्ध शब्द से ही बुद्धू बना है, खयाल रखना। क्योंकि बुद्ध ने आंखें बंद कर लीं, राज-पाट छोड़ दिया। तो लोग कहने लगे, हो गया बुद्धू। तब से वह शब्द निर्मित हुआ है। शब्द बड़ा कीमती है। बुद्ध से आया है। अब भी लोग कहते हैं, अगर तुम ध्यान करने बैठोगे, घर के ही लोग कहने लगेंगे, क्या बुद्धूपन में पड़े हो? समय कहां है? कुछ काम करो, कुछ धाम करो।

इन्हीं लोगों ने इस तरह की कहावतें गढ़ रखी हैं--कि खाली मन शैतान का घर; कि शैतान का कारखाना। बात बिलकुल उलटी है। जब खाली मन होता है, तब तुम परमात्मा के मंदिर होते हो, शैतान का कारखाना नहीं। चलता मन शैतान का कारखाना। कारखाना तो चलता ही होना चाहिए, तभी हो सकता है! खटर-पटर होती रहे, शोरगुल मचता रहे, तो ही कारखाना हो सकता है। कारखाना और सूने मन में कैसे होगा? शून्य का कहीं कोई कारखाना हुआ है? शून्य में तो मंदिर होता है। जब तुम शून्य बैठोगे, मन कहेगा, कुछ करो! हजार-हजार बातें उठाएगा, हजार वासनाएं उठाएगा, पुरानी यादें दिलाएगा, पुराने मीठे सपनों को खूब बड़ा-बड़ा करके बताएगा। मन बड़ा चालबाज है। अतिशयोक्तियां करेगा।

CamScanner


"ह्रदय से इतने कोमल हो जाओ कि किये गए प्रेम के बदले में प्रेम ना भी मिले और प्रतिभाव में यदि चोट मिले तो उसे भी स्वीकार कर ले क्योंकि हो सकता है ये आपके आत्मिक विकास में सहायक हो........
ओशो प्रेम ही परमात्मा है
" ओशो "

CamScanner



जिसने तुम्हारा अपमान किया है,
वह उसकी मौज है। उसे जो ठीक लगा,
उसने किया। जिसने तुम्हारा सम्मान
किया है, उसकी मौज। उसे जो
ठीक लगा उसने किया।
जो उसके पास था, उसने दिया।
तुम अपमान और सम्मान दोनों को
एक ही धन्यवाद के भाव से स्वीकार
कर लेना, दोनों का आभार प्रगट कर
देना और आंख मूंदकर भीतर
डुबकी लगा लेना। "ओशो"

CS CamScanner

बच्चे में एक खूबी है कि जो भी घटता वह क्षण के पार नहीं जाता। तुमने बच्चे को डांट दिया, वह नाराज हो गया, आंखें उसकी लाल हो गईं, पैर पटकने लगा, क्रोध से भर गया। तुमसे कहा, अब सदा के लिए तुमसे दुश्मनी हो गई। अब कभी तुम्हारा चेहरा न देखेंगे। और घड़ी भर बाद बाहर घूम कर आया, सब भूल— भाल गया, तुम्हारी गोद में बैठ गया।उसमें जो भी होता वह क्षण के लिए है। रुकता नहीं, बह जाता है। पकड़ कर नहीं रह जाता। गांठ नहीं बनती है बच्चे में, तुममें गांठ बंध जाती है। किसी ने अपमान कर दिया, गांठ बंध गई। अब यह हो सकता है, बीस साल पहले अपमान किया था, गांठ अभी भी बंधी है। पचास साल पहले किसी ने गाली दी थी, गांठ अभी भी बंधी है। गाली देने वाला जा चुका, गांठ रह गई। तुम दुखी और रुग्ण हो तो अपनी इन गांठो के कारण। छोड़ो अतीत हो जाओ बच्चे जैसे सरल और निर्दोष।

CamScanner

इस संसार में तो उन्हीं को वापस आना पड़ता है, जिनका अनुभव आधा रह गया, कच्चा रह गया। यह संसार तो विद्यापीठ है। यहां विद्यार्थी जो अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, वे ही वापस लौट आते हैं। जो उत्तीर्ण हो जाते हैं, वे मुक्त हो जाते हैं। उन उत्तीर्ण पुरुषों को ही हमने बुद्ध, सिद्ध, जिन कहा है।
#- कहे कबीर दीवाना, प्रवचन-११, ओशो

CamScanner

शादी भी हो गई। शादी में इनकार नहीं किया।
इसको मैं खूबी कहता हूं रामकृष्ण की।
इसलिए रामकृष्ण से मुझे प्रेम है, एक लगाव है।
यह आदमी अदभुत है। शादी करने में इनकार
ही नहीं किया। नोट देख कर आंख बंद करने वाला
आदमी नहीं है यह। अरे शादी से भी नहीं भागा।
मगर शादी भी किस मस्ती से की! कहा कि
मेरी मां है। और फिर जीवन भर मां ही माना।
मां ही कहते थे वे शारदा को।

CamScanner


अहोभाव
जितने जल्दी यह बात समझ में आ जाए
उतना शुभ है कि यह कुछ भी हमारा नही है।
यह पड़ाव है, मंजिल नही। रात भर विश्राम
कर लो, लेकिन सुबह चल पड़ना है।
खोजना है, तलाशना है। जीवन केवल
उनका है जिनकी अंतरात्मा में अन्वेषण है।
अस्तित्व केवल उनका है जो सत्य की निरंतर
शोध में लगे है, जिन्होने एक क्षण को भी यह
बात बुलाई नही है कि हम कही से आए है
और हमें कही जाना है।
ओशो

CamScanner

5:44 pm 0 KB/s VoLTE 4G 5%

दिशा वही रहती है!
लोग सोचते हैं कि जो आत्महत्या करते हैं, वे जीवन के खिलाफ हैं -- यह सत्य नहीं है। वे जीवन के प्रति बहुत अधिक लालसा रखते हैं, वे जीवन के लिए बहुत अधिक वासना रखते हैं। और चूँकि जीवन उनकी वासनायें पूरी नहीं करता, तो गुस्से में, तनाव, विषाद और हताशा में वे स्वयं को नष्ट कर लेते हैं।
मैं तुम्हें आत्महत्या का सही तरीका सिखाऊँगा। देह को नष्ट करके नहीं, देह तो अस्तित्व का सुंदरतम उपहार है! मन अस्तित्व का उपहार नहीं है, मन समाज से संस्कारित है। देह उपहार है, और आत्मा उपहार है -- और इन दोनों के बीच समाज तुम्हारे साथ तरकीब खेलता है; इसलिये समाज ने मन को बनाया। यह तुम्हें महत्वाकांक्षा देता है, यह तुम्हें ईर्ष्या, प्रतिस्पर्धा, हिंसा देता है, यह तुम्हें हर तरह की गंदी बीमारियाँ देता है। लेकिन इस मन का अतिक्रमण किया जा सकता है, मन को एक तरफ रखा जा सकता है। यह मन जरूरी नहीं है!
मैं तुम्हारे सामने बैठा हूँ, और अपने अनुभव से तुम्हें कह रहा हूँ, अपने अधिकार से कह रहा हूँ कि मन को एक तरफ रखा जा सकता है। यह बड़ा आसान है, तुम्हें बस इसका तरीका आना चाहिये।
और, आत्महत्या में मरना इतना पीड़ादायी है, क्योंकि यह प्राकृतिक बात नहीं है, यह सर्वाधिक अप्राकृतिक बात है। कभी भी कोई वृक्ष आत्महत्या नहीं करता -- सिर्फ आदमी करता है,प्रकृति आत्महत्या के बारे में कुछ नहीं जानती, यह आदमी की खोज है! यह सबसे अधिक भद्दा और कुरूप कृत्य है। और जब कभी तुम स्वयं के साथ कोई बहुत ही भद्दी और कुरूप बात करते हो तो तुम आशा नहीं रख सकते कि तुम्हें आगे एक बेहतर जीवन मिलेगा। तुम मन की बेहद निकृष्ट दशा में मरोगे, और तुम बहुत ही निकृष्ट गर्भ में प्रवेश कर लोगे।
लेकिन आत्महत्या की जरूरत ही क्या है? जरा प्रश्न करो!
तुम निश्चित ही गलत ढंग से जीये हो, इसी कारण जीवन एक सुंदर गीत नहीं बना। तुम निश्चित ही मूर्खतापूर्ण ढंग से जीये हो, मूढ़तापूर्वक, अज्ञानी की तरह -- इसी कारण जीवन में उत्सव नहीं आया। तुम सितारों के साथ आनंद में नाच नहीं सकते, और न फूलों के साथ नाच सकते, और न हवाओं के साथ, न बरसात में मस्त होकर नाच सकते -- क्योंकि तुम गलत तरीके से जीये हो, जो तुम्हारे जैसे ही लोगों ने तुम्हारे ऊपर थोप दिये हैं।

CamScanner

5:43 pm 0 KB/s VoLTE 4G 5%

होना चाहते थे -- अब इस जीवन को ही तुम नष्ट कर देना चाहते हो। लोग आत्महत्या इसलिये नहीं करते हैं कि वे जीवन से सच में थक गये हैं, बल्कि इस कारण करते हैं क्योंकि यह जीवन उनकी मांगें पूरी नहीं कर रहा। लेकिन कभी भी किसी की मांगें जीवन पूरी नहीं करता है। तुम हमेशा कुछ न कुछ चूकते ही चले जाओगे। यदि तुम्हारे पास धन है, पर हो सकता है कि तुम सुंदर न हो। यदि तुम सुंदर हो, तो हो सकता है कि तुम बुद्धिमान न हो। यदि तुम बुद्धिमान हो, पर हो सकता है कि तुम्हारे पास धन न हो। और, हो सकता है कि कोई हर चीज पा ले, तब भी यह कैसे मदद करेगा? तुम अतृप्त रहोगे!

हर जीवन में यही बातें दोहराती जाती हैं, देह बदल जाती है, लेकिन दिशा वही रहती है!

लोग सोचते हैं कि जो आत्महत्या करते हैं, वे जीवन के खिलाफ हैं -- यह सत्य नहीं है। वे जीवन के प्रति बहुत अधिक लालसा रखते हैं, वे जीवन के लिए बहुत अधिक वासना रखते हैं। और चूँकि जीवन उनकी वासनायें पूरी नहीं करता, तो गुस्से में, तनाव, विषाद और हताशा में वे स्वयं को नष्ट कर लेते हैं।

मैं तुम्हें आत्महत्या का सही तरीका सिखाऊँगा। देह को नष्ट करके नहीं, देह तो अस्तित्व का सुंदरतम उपहार है! मन अस्तित्व का उपहार नहीं है, मन समाज से संस्कारित है। देह उपहार है, और आत्मा उपहार है -- और इन दोनों के बीच समाज तुम्हारे साथ तरकीब खेलता है; इसलिये समाज ने मन को बनाया। यह तुम्हें महत्वाकांक्षा देता है, यह तुम्हें ईर्ष्या, प्रतिस्पर्धा, हिंसा देता है, यह तुम्हें हर तरह की गंदी बीमारियाँ देता है। लेकिन इस मन का अतिक्रमण किया जा सकता है, मन को एक तरफ रखा जा सकता है। यह मन जरूरी नहीं है!

मैं तुम्हारे सामने बैठा हूँ, और अपने अनुभव से तुम्हें कह रहा हूँ, अपने अधिकार से कह रहा हूँ कि मन को एक तरफ रखा जा सकता है। यह बड़ा आसान है, तुम्हें बस इसका तरीका आना चाहिये।

और, आत्महत्या में मरना इतना पीड़ादायी है, क्योंकि यह प्राकृतिक बात नहीं है, यह सर्वाधिक अप्राकृतिक बात है। कभी भी कोई वृक्ष आत्महत्या नहीं करता -- सिर्फ आदमी करता है,प्रकृति आत्महत्या के बारे में कुछ नहीं जानती, यह आदमी की खोज है! यह सबसे अधिक भद्दा और कुरूप कृत्य है। और जब कभी तुम स्वयं के साथ कोई बहुत ही भद्दी और कुरूप बात करते हो तो तुम आशा नहीं रख सकते कि तुम्हें आगे एक बेहतर जीवन मिलेगा। तुम मन की बेहद निकृष्ट दशा में मरोगे

CamScanner

5:42 pm 0 KB/s 4G 5%

तुम आत्महत्या के बारे में क्यों सोचते हो? क्या तुम पागल हो या और कुछ?

मुझे पता है कि तुम जीवन से ऊब गये हो। यदि तुम सचमुच ऊब गये हो तो आत्महत्या नहीं करो, क्योंकि आत्महत्या तुम्हें फिर इसी जीवन में घसीट लायेगी -- और हो सकता है कि इससे भी अधिक भद्दा जीवन तुम्हें मिले, जैसाकि अभी तुम्हारा है; क्योंकि आत्महत्या तुम्हारे भीतर और भी अधिक गंदगी पैदा कर देगी।

आत्महत्या करना अस्तित्व का अनादर है! अस्तित्व ने तुम्हें विकसित होने के लिये जीवन का अवसर दिया, और तुम इस अवसर को यूँ ही व्यर्थ गँवा देते हो।

और जब तक कि तुम विकसित नहीं होते और विकसित होकर बुद्ध नहीं बन जाते, तब तक तुम जीवन में बार-बार फेंके जाओगे। लाखों बार पहले भी यह हो चुका है -- अब समय है, अब जागो! इस अवसर को चूको मत!

यहाँ मेरे साथ रहकर असली आत्महत्या की कला सीखो। असली कला में अपनी देह को नष्ट नहीं किया जाता है। देह सुंदर है, देह ने कुछ भी गलत नहीं किया है। यह तो मन है, जो असुंदर है। आत्मा भी सुंदर है, लेकिन देह और आत्मा के बीच कुछ है, जो न तो देह है, न ही आत्मा -- यह बीच की घटना ही मन है!

यह मन ही है, जो तुम्हे बार-बार गर्भ में घसीट लाता है!

जब तुम मरते हो, यदि तुम आत्महत्या करते हो, तब तुम जीवन के बारे में ही सोच रहे होओगे। आत्महत्या करने का मतलब है कि तुम जीवन के बारे में सोच रहे हो। तुम ऊब चुके हो, जीवन से थक चुको हो, तुम पूरा अलग ही जीवन चाहते हो -- इसी कारण तुम आत्महत्या कर रहे हो, न कि तुम जीवन के खिलाफ हो। तुम सिर्फ 'इस' जीवन के खिलाफ हो।

हो सकता है कि जैसे तुम हो, वैसा तुम नहीं चाहते हो -- हो सकता है कि तुम सिकंदर, नेपोलियन या हिटलर बनना चाहते हो, हो सकता है कि तुम इस दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति बनना चाहते हो, और तुम हो नहीं! यह जीवन असफल हो गया, और तुम प्रसिद्ध होना चाहते थे, सफल होना चाहते थे -- अब इस जीवन को ही तुम नष्ट कर देना चाहते हो। लोग आत्महत्या इसलिये नहीं करते हैं कि वे जीवन से सच में थक गये हैं, बल्कि इस कारण करते हैं क्योंकि यह जीवन उनकी मांगें पूरी नहीं

CamScanner

5:41 pm 75 KB/s 5%

#viralreelsシ #viralreels #viralreelsfb #viralreelsfacebook #viralvideoreels #explorereels #explorereel #v... See more

382 11 comments • 158 shares • 8.3K views

Like Comment Share

CamScanner

5:39 pm 2 KB/s VoLTE 4G 5%

"#अर्धनारीश्वर का गूढ़तम अर्थ"

आपका वीर्य-कण दो तरह की आकांक्षा रखता है। एक आकांक्षा तो है बाहर की स्त्री से मिलकर।

फिर एक नए जीवन की पूर्णता पैदा करने की एक और गहन आकांक्षा है, जिसको हम अध्यात्म कहते है, वह आकांक्षा है, स्वयं के भीतर की छिपी स्त्री या स्वयं के भीतर छिपे पुरूष से मिलने की।

अगर बाहर की स्त्री से मिलना होता है, तो संभोग घटित होता है। वह भी सुखद है, क्षण भर के लिए।

अगर भीतर की स्त्री से मिलना होता है, तो समाधि घटित होती है। वह महासुख है, और सदा के लिए। क्योंकि बाहर की स्त्री से कितनी देर मिलेगा? देह ही मिल पाती है, मन नहीं मिल पाते, मन भी मिल जाए, तो आत्मा नहीं मिल पाती। और सब भी मिल जाए तो मिलन क्षण भर ही हो सकता है।

भीतर की स्त्री से मिलना शाश्वत हो सकता है। बाहर की स्त्री से मिलना है, तो वीर्य-कण की जो देह का मिलन तो देह के सहारे ही हो सकता है। अगर भीतर की स्त्री से मिलना है तो देह की कोई जरूरत नहीं है। वीर्य-कण की देह तो अपने केंन्द्र में, काम-केंद्र में पड़ी रह जाती है; और वीर्य-कण की ऊर्जा उससे मुक्त हो जाती है वही ऊर्जा भीरत की स्त्री से मिल जाती है।

इस मिलन की जो अत्यांतिक घटना है, वह सहस्त्रार में घटित होती है। क्योंकि सहस्त्रार ऊर्जा का श्रेष्ठतम केंद्र है, और काम केंद्र देह का श्रेष्ठतम केंद्र है। ऊर्जा शुद्ध हो जाती है सहस्त्रार में पहुंच कर; सिर्फ ऊर्जा रह जाती है। प्योर इनर्जी।

और सहस्त्रार में आपकी स्त्री प्रतीक्षा कर रही है। और आप अगर स्त्री हैं, तो सहस्त्रार में आपका पुरूष आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। यह मिलन भीतर मिलन है। इस मिलन को ही हमने अर्धनारीश्वर कहा है।

ओशो🔥🌼🩸🌷🌳🌸

CamScanner

5:33 pm 0 KB/s 4G 6%

तुम ध्यान रखना, कहते हो—मैं तो प्रेम से बहुत पीड़ित हो चुका हूं! तो जरा तलाश करना। प्रेम के कारण? प्रेम के कारण कोई कभी पीड़ित नहीं होता, प्रेम के साथ कुछ और जुड़ा होगा, कुछ और लगा होगा; प्रेम का नाम होगा, भीतर कुछ और होगा—अहंकार होगा, ईर्ष्या होगी, परिग्रह का भाव होगा, मालकियत होगी। तो फिर तुम कष्ट पाओगे। और उस कष्ट के पाने के कारण तुम प्रेम से घबड़ा जाओगे और तुम कहने लगोगे—प्रेम गलत है। तब तुमने दूसरी भूल की। क्योंकि प्रेम ही प्रीति बनता और प्रीति ही भक्ति बनता, अब तुम उससे भी वंचित हुए। तुम प्रेम से भी गए और परमात्मा से भी गए। मैं तुमसे कहना चाहता हूं—ठीक से विश्लेषण करो, ठीक से निदान करो, और प्रेम के मार्ग पर जो—जो अड़चनें दूसरी हों उन्हें हटा दो, प्रेम इतना बहुमूल्य है कि उसके लिए सब कुछ कुर्बान किया जा सकता है—अहंकार, मालकियत, सब कुर्बान किया जा सकता है।

मगर दुनिया में अजीब लोग हैं। बातें प्रेम की करते हैं, और जब भी कुर्बानी का सवाल आता है तो प्रेम की कुर्बानी देते है। अगर अहंकार और प्रेम के बीच चुनना है तो तुम अहंकार चुनते हो, प्रेम नहीं चुनते। और फिर दोष भी प्रेम को देते हो!

मेरे पास रोज लोग आते हैं, कोई छोटी सी बात पति—पत्नी में हो गई और उनमें झगड़ा खड़ा हो गया। इतनी छोटी बात कि जब वे मुझे बताने आते हैं तो संकोच करते हैं, पत्नी पति से कहती है—आप ही कह दें, पति कहता है—नहीं, तुम ही कह दो। मैं पूछता हूं—बात क्या है, कहते क्यों नहीं? वे कहते है—बात इतनी छोटी है कि यहा इतने लोगों के सामने कहने में संकोच होता है। जब बात इतनी छोटी है, और तलाक तक नौबत आ पहुंची है, तो मामला क्या है? तुमने प्रेम किया ही नहीं। या किया भी तो बड़ा विषाक्त किया। और आज एक छोटी सी बात पर...।

प्रेम ने कभी पीड़ा नहीं दी। प्रेम ने सदा सुख दिया है। प्रेम ने सदा शांति दी है। प्रेम ही तो एकमात्र वस्तु है इस जगत मे जिस मे परमात्मा की थोड़ी झलक है। प्रेम ही तो एकमात्र ऊर्जा है यहा जो आदमी की बनाई हुई नहीं है। जो अकृत्रिम है, स्वाभाविक है। जो तुम्हारे प्राणो के प्राण में

CamScanner

🌹 एक झेन फकीर से किसी ने पूछा कि
तुम्हारे जीवन में इतना आनंद क्यों है?...

मेरे जीवन में क्यों नहीं? उस फकीर ने कहा: मैं अपने होने से राजी हूं और तुम अपने होने से राजी नहीं हो। फिर भी उसने कहा, कुछ तरकीब बताओ। फकीर ने कहा, तरकीब मैं कोई नहीं जानता। बाहर आओ मेरे साथ यह झाड़ छोटा है, वह झाड़ बड़ा है। मैंने कभी इन दोनों को परेशान नहीं देखा कि मैं छोटा हूं, तुम बड़े हो। कोई विवाद नहीं सुना। तीस साल में मैं यहां रहता हूं। छोटा अपने छोटे होने में खुश है, बड़ा अपने बड़े होने में खुश है; क्योंकि तुलना प्रविष्ट नहीं हुई। अभी उन्होंने तौला नहीं है।
घास का एक पत्ता भी उसी आनंद से डोलता है हवा में, जिस आनंद से कोई देवदार का बड़ा वृक्ष डोलता है। कोई भी नहीं है। घास का फूल भी उसी आनंद से खिलता है, जिस आनंद से गुलाब का फूल खिलता है। कोई भेद नहीं है।
तुम्हारे लिए भेद है। तुम कहोगे: यह घास का फूल है, और यह गुलाब का फूल। लेकिन घास और गुलाब के फूल के लिए कोई तुलना नहीं, वे दोनों अपने आनंद में मग्न हैं। जो तुलना छोड़ देता है, वह मग्न हो जाता है। जो मग्न हो जाता है, उसकी तुलना छूट जाती है।।।।।

💞परम प्यारे ओशो💞

➡️सुन भई साधो-(प्रवचन-10)

CS CamScanner

8:24 pm 139 KB/s VoLTE 4G 53%

#osho
#oshoquotes... See more



63 2 comments • 16 shares • 1.4K views

Like Comment Share

OSHO Dhyan Mandir
6d ·

CamScanner

धर्म की शिक्षा
अगर लोमड़ी से ली जाए तो
मुर्गी चुराना भी
पुण्य का काम लगता है।
PATEL JI
Quotes Creator

CamScanner

रिटर्न टिकट तो कनफर्म है
इसलिए मन भरकर जिएं
मन में भरकर ना जिएं।।
छोड़िए शिकायत शुक्रिया अदा कीजिए।।
जितना है पास पहले उसका मज़ा लीजिए।।
चाहे जिधर से गुजरिए
मीठी सी हलचल मचा दीजिए।।
उम्र का हर एक दौर मजेदार है,
अपनी उम्र का मजा लीजिए।।
क्योंकि
रिटर्न टिकट तो कनफर्म है।।

CamScanner


जागो जाओ, भागना कहां है!
होशपूर्वक देख लो। संसार जैसा चलता है,
चलता रहने दो। कुछ अड़चन नहीं है।
तुम्हारे जागने से संसार नहीं जाग जायेगा,
लेकिन तुम जाग कर
एक अनूठे अनुभव को उपलब्ध हो जाओगे।
तुम हंसोगे भीतर ही भीतर
कि जागे हुए लोग कैसे
सोये—सोये चल रहे हैं!
जिनका स्वभाव मुक्ति है,
वे कैसे बंधन में पड़े हैं!
तुम आश्चर्यचकित होओगे।
बड़ी लीला चल रही है।
परमात्मा बंधन में है

CamScanner

बुद्धि कभी भी एक सीमा में रहने से नहीं बढ़ती, बुद्धि तो प्रयोगों से बढ़ती है, बुद्धि हमेसा चुनौतियों को अपनाने से बढ़ती है।

किसी से किसी भी तरह की प्रतिस्पर्धा कि आवश्यकता नहीं है, आप स्वयं में जैसे हैं एक दम सही हैं, खुद को स्वीकारिये!

सत्य कुछ बाहरी नही है जिसे खोजा जाना है, ये कुछ अंदरूनी है जिसका एहसास किया जाना है।

ठोकरें खा कर भी न संभले तो वो मुसाफ़िर का नसीब था, वरना पत्थरों ने तो अपना फर्ज अदा कर ही दिया था।

जीवन, आनंद और अध्यात्म के चरम को जानने के लिए मिला है, इसलिए अपने को इतना व्यस्त कर लो, कि अन्य विचार मस्तिष्क में न आ सके।

हम अपने को ऐसा बना सकते हैं कि दूसरों के छल कपट को स्वीकार कर सकें, क्यूंकि कर्म उसका है, तो फ़ल भी उसका ही होगा।

जीवन नियमों के बिना अस्तित्व में है, खेल नियमों के बिना अस्तित्व में नहीं हो सकते. केवल झूठे धर्मों के नियम होते हैं, क्योंकि झूठे धर्म एक खेल हैं।

CS CamScanner

8:18 pm 0 KB/s VoLTE 4G 53%

वह आदमी व्यर्थ जी रहा है, जिसके पास एक घंटा भी अपने लिए नहीं है। वह आदमी जी ही नहीं रहा, जो एक घंटा भी अपनी इस भीतर की खोज के लिए नहीं लगा रहा है। क्योंकि आखिर में जब सारा हिसाब होता है, तो जो भी हमने शरीर के तल पर कमाया है, वह तो मौत छीन लेती है; और जो हमने भीतर के तल पर कमाया है, वही केवल मौत नहीं छीन पाती। वही हमारे साथ होता है।

इसे खयाल रखें कि मौत आपसे कुछ छीनेगी, उस समय आपके पास बचाने योग्य है, कुछ भी? अगर नहीं है, तो जल्दी करें। और एक घंटा कम से कम रोज क्षेत्रज्ञ की तलाश में लगा दें।
इतना ही करें, बैठ जाएं घंटेभर। कुछ भी न करें, एक बहुत छोटा-सा प्रयोग करें। इतना ही करें कि तादात्म्य न करूंगा घंटेभर, आइडेंटिफिकेशन न करूंगा घंटेभर। घंटेभर बैठ जाएं। पैर में चींटी काटेगी, तो मैं ऐसा अनुभव करूंगा कि चींटी काटती है, ऐसा मुझे पता चल रहा है। मुझे चींटी काट रही है, ऐसा नहीं।

इसका यह मतलब नहीं कि चींटी काटती रहे और आप अकड़कर बैठे रहें। आप चींटी को हटा दें, लेकिन यह ध्यान रखें कि मैं जान रहा हूं कि शरीर चींटी को हटा रहा है। चींटी काट रही है, यह भी मैं जान रहा हूं। शरीर चींटी को हटा रहा है, यह भी मैं जान रहा हूं। सिर्फ मैं जान रहा हूं।
पैर में दर्द शुरू हो गया बैठे-बैठे, तो मैं जान रहा हूं कि पैर में दर्द आ गया। फिर पैर को फैला लें। कोई जरूरत नहीं है कि उसको अकड़ाकर बैठे रहें और परेशान हों। पैर को फैला लें। लेकिन जानते रहें कि पैर फैल रहा है कष्ट के कारण, मैं जान रहा हूं।

भीतर एक घंटा एक ही काम करें कि किसी भी कृत्य से अपने को न जोड़े, और किसी भी घटना से अपने को न जोड़े। आप एक तीन महीने के भीतर ही गीता के इस सूत्र को अनुभव करने लगेंगे, जो कि आप तीस जन्मों तक भी गीता पढ़ते रहें, तो अनुभव नहीं होगा। एक घंटा, मैं सिर्फ ज्ञाता हूं इसमें डूबे रहें। कुछ भी हो, पत्नी जोर से बर्तन पटक दे...। क्योंकि पति जब ध्यान करे, तो पत्नी बर्तन पटकेगी। या पत्नी ध्यान करे, तो पति रेडिओ जोर से चला देगा, अखबार पढ़ने लगेगा, बच्चे उपद्रव मचाने लगेंगे।

CamScanner

10:04 pm 0 KB/s VoLTE 4G 36%
facebook

जब प्रेम की हवा तुम्हारे चारो तरफ हो, तो ध्यान और गहरा हो जाना चाहिए। लेकिन अगर तुम अधकचरे भाग आए संसार से, तो डगमगाओगे। तो उनके लिए मेरे पास कोई जगह नहीं। उनको मैं कहता हूं तुम वापस जाओ।

प्रेम को मैं कसौटी बनाता हूँ ध्यान का, और ध्यान को मैं कसौटी बनाता हूं प्रेम की। पुरुष अगर ध्यान में हो, तो स्त्री कितना ही प्रेम करे, पुरुष डगमगाएगा नहीं। उसके निष्कंप ध्यान से ही करुणा उतरेगी स्त्री की तरफ, वासना नहीं। और वही करुणा तृप्त करती है। वासना किसी स्त्री को कभी तृप्त नहीं करती।

इसलिए तो कितनी ही वासना मिल जाए स्त्री बेचैन बनी रहती है। कुछ खोया-खोया लगता है।

मेरा जानना है कि स्त्री को जब तक परमात्मा ही प्रेमी की तरह न मिले, तब तक तृप्ति नहीं होती। और जब तुम किसी ध्यानी व्यक्ति के प्रेम में पड़ जाओ तो परमात्मा मिल गया।

तो ध्यान प्रेम को बढ़ाएगा। क्योंकि ध्यान तुम्हारे प्रेमी को दिव्य बना देता है। और प्रेम ध्यान को बढ़ाएगा, क्योंकि प्रेम जो तुम्हारे चारों तरफ एक परिवेश निर्मित करता है, उस परिवेश में ही ध्यान का अँकुरण हो सकता है।

इसलिए मैं ध्यान और प्रेम में कोई विरोध नहीं देखता। ध्यान और प्रेम में एक गहरा समन्वय देखता हूं। होना ही चाहिए। जब स्त्री और पुरुष में इतना गहरा संबंध है, तो ध्यान और प्रेम में भी इतना ही गहरा संबंध होना चाहिए। और जब स्त्री और

पुरुष से मिलकर एक जीवन पैदा होता है, एक बच्चा पैदा होता है, तो मेरी समझ है कि ध्यान और प्रेम के मिलने से ही पुनर्जीवन उपलब्ध होता है, तुम्हारा नव-जन्म होता है।

CS CamScanner

10:02 pm 0 KB/s VoLTE 4G 36%

प्रश्न : बुद्ध ने स्त्रियों को संन्यास देने से टालना चाहा। शंकर भी स्त्रियों को संन्यास देने के पक्ष में नहीं थे। संन्यास जीवन की स्त्रियों से ऐसी क्या विपरीतता है? क्या स्त्रियों से उसका कोई तालमेल नहीं है, या कम है? क्या उन्हें संन्यास लेने की जरूरत पुरुषों की अपेक्षा कम है?

पुरूष और स्त्री का मार्ग मूलत: अलग-अलग है। पुरुष का मार्ग ध्यान का है; स्त्री का मार्ग प्रेम का। पुरुष का मार्ग ज्ञान का है; स्त्री का मार्ग भक्ति का। उन दोनों की जीवन-चित्तदशा बड़ी भिन्न है, बड़ी विपरीत है। पुरुष को प्रेम लगता है बंधन; स्त्री को प्रेम लगता है मुक्ति। इसलिए पुरुष प्रेम भी करता है तो भी भागा-भागा, डरा-डरा कि कहीं बंध न जाएं। और स्त्री जब प्रेम करती है तो पूरा का पूरा बंध जाना चाहती है, क्योंकि बंधन में ही उसने मुक्ति जानी है। तो पुरुष की भाषा जो है वह है-कैसे छुटकारा हो? कैसे संसार से मुक्ति मिले? और स्त्री की जो खोज है वह है-कैसे वह डूब जाए पूरी-पूरी, कुछ भी पीछे न बचे?

तो संन्यास मूलतः पुरुषगत है। इसलिए बुद्ध भी झिझके। स्त्रियां प्रभाव में आ गयी-स्त्रियां जल्दी प्रभाव में आती हैं, क्योंकि उनके पास ज्यादा संवेदनशील हृदय है-वे मांगने लगीं कि हमें भी संन्यास दो। बुद्ध डरे। महावीर ने तो उनसे साफ कहा कि दे भी दूं, तो भी तुम्हारी मुक्ति इस जन्म में नहीं होगी, जब तक तुम पुरुष न हो जाओ। पुरुष-पर्याय से ही मुक्ति होगी।

कारण साफ है। महावीर का मार्ग भक्ति का नहीं है, और बुद्ध का मार्ग भी भक्ति का नहीं है। इसलिए अड़चन है। स्त्री के लिए उनके मार्ग पर कोई सुविधा नहीं है। और स्त्री जब भी मुक्ति को उपलब्ध हुई है तो वह मीरा की तरह नाचकर, प्रेम में परिपूर्ण डूबकर मुक्त हुई है। संसार से भागकर नहीं, संबंध से छूटकर नहीं, संबंध में पूरी तरह डूबकर। वह इतनी डूब गयी कि मिट गयी।

मिटने के दो उपाय हैं। या तो तुम भीतर की तरफ जाओ, अपने केंद्र की तरफ जाओ, और उस जगह पहुंच जाओ जहां तुम ही बचे। जहां तुम ही बचे और कोई न बचा, वहा तुम भी मिट जाओगे, क्योंकि मैं के बचने के लिए तू की जरूरत है। के बिना मैं नहीं बच सकता। अगर तू बिलकुल

CamScanner

मैंने तुम्हें अपना मित्र कहा है



मैं वचन देता हूँ
कि जब भी तुम्हें मेरी जरुरत होगी
मैं तुम्हारे पास आ जाऊंगा
बस मेरी जरुरत महसूस भर करो ।

CamScanner

CamScanner



CS CamScanner

12:20 pm 329 KB/s VoLTE 4G 31%

6 1 comment

Like Comment Share

Osho Ravi Yog
Reels · 16h ·

मन से मुक्त होने का,
सिर्फ़ एक ही उपाय हैं!!
.
.
.

साक्षी

#ओशो #osho #oshoravi #oshoraviyog #oshkosh #oshawa #oshoquotes #oshomeditation #oshkoshbgosh #reels #Os

CamScanner



अगर होठों पे

मुस्कराहट हो तो,

कारण भीतर है !

अगर आंखों में

आंसु हो तो,

कारण भीतर है !

CS CamScanner

12:18 pm 35 KB/s 31%

Like Comment Share

Shashi Shubhangee

Reels · 2d ·

84 242 shares • 22K views

Like Share

CamScanner


यहां तुम भटके हो
ऐसा नहीं है!
याहां तो सभी
भटके हैं!
सब को लगता है,
दूसरा कुछ जानता
हो, तुम्हे पता हो!
तुम को लगता है,
उसको पता है!
अंधे अंधो को रास्ता दीखा रहे हैं!
Shared by Anil Osho

CamScanner



CS CamScanner


ओशो ।। प्रेम-ध्यान ।।
किसको किसको समझाते फिरोगे
सोचने दो जिसे जो सोचना है
लोग उतना ही सोचेंगे जितना उनका
मानसिक विस्तार है!!

CamScanner

भारत बहुत समझदार है--
जरूरत से ज्यादा समझदार है--
बिना जाने बहुत कुछ जान लेने
की भ्रांति भारत को पैदा हो गई है;
पंडित तो हो गया है मन,
प्रज्ञावान नहीं हो पाया है;
शब्द तो भर गए हैं, निःशब्द के लिए
जगह नहीं बची है।

CamScanner

CamScanner

12:13 pm 0 KB/s 33%

सदगुरु कबीर साहेब वाणी वचन

1d ·

धृतराष्ट्र अंधे बने,गए सुत मोह बिकाय।
तुम क्यों अंधे हो रहे,दोनो आंख दिखाय।।
साहेब बंदगी🙏🙏🙏,साहेब!... See more



25 5 comments • 1 share

Like Comment Share

CamScanner



बदलने की जल्दी मत करना, क्योंकि बदलना बचने की तर्किब है !
बेईमान ज़िंदगी भर ईमानदार होने की कोशिश करता है और बेईमान ही मरता है !
तुम भले भुरे का विचार मत करना, तुम पहले तो खोज लेना क्या है !
तुम अपनी तस्वीर को नग्न देख लेना !

CamScanner


मनुष्य स्वतंत्र है
और फिर भी कोई
उसकी सुरक्षा कर रहा है
प्रतिपल।
वे हाथ तुम्हें सहारा दे रहे हैं।
तुम्हें कुछ पकड़ने की
जरूरत नहीं।

CamScanner

क्षणभंगुर है तो तत्क्षण लोभी चित्त कहता है, तो क्षणभंगुर में क्या सार है? इसलिए पकड़े तो क्या पकड़े?
पकड़ने की जरूरत क्या है? उसने तुम्हें पकड़ा हुआ है, तुम उसे क्या पकड़ोगे? तुम उसके हाथ में हो। उसने तुम्हें जन्माया, वही तुम्हें जिलाता है, वही तुम्हें एक दिन उठा ले जाएगा। तुम उसे क्या पकड़ोगे? तुम्हें उसे पकड़ने की कोई जरूरत भी नहीं है। तुम पृथ्वी को तो नहीं पकड़ते। डरते तो नहीं कि कहीं पकड़ा नहीं पृथ्वी को तो छूट न जाएं, नहीं तो इतना अनंत आकाश है, गिर पड़े कहीं!
छोटे—छोटे बच्चे ऐसा प्रश्न पूछते हैं कि जमीन गोल है, तो लोग गिर क्यों नहीं पड़ते? कम—से—कम अमरीका के लोग तो गिर ही जाएं, बिलकुल नीचे हैं, जमीन गोल है। और अमरीका के बच्चे पूछते हैं कि कम—से—कम भारत के लोग तो गिर जाएं, मगर कोई गिरता नहीं और कोई जमीन को पकड़े नहीं है। जमीन ने तुम्हें पकड़ा है, उसके गुरुत्वाकर्षण ने तुम्हें पकड़ा है।
और जैसे जमीन का अदृश्य गुरुत्वाकर्षण है, इससे भी ज्यादा अदृश्य परमात्मा का गुरुत्वाकर्षण है। वह तुम्हें पकड़े हुए है। तुम्हें उसे पकड़ने की कोई जरूरत नहीं है। और उसकी पकड़ ऐसी पकड़ है कि तुम्हें बांधती भी नहीं, तुम्हारे आसपास जंजीरें भी नहीं खड़ी करती। उसकी पकड़ ऐसी पकड़ है कि तुम्हें पूरी स्वतंत्रता भी दी हुई है। तुम्हें छोड़ भी नहीं दिया है और तुम्हें कारागृह में बंद भी नहीं कर दिया है। जैसे मां एक आंख से देखती रहती है बच्चा कहां खेल रहा है, छोड़ा भी हुआ है, लेकिन एकदम छोड़ भी नहीं दिया है। एक आंख उसका पीछा कर रही है। हजार काम में लगी रहती है, लेकिन हृदय में उसे स्मरण बना रहता है कि बच्चा बाहर खेल रहा है, कहीं दूर न निकल जाए, कहीं सड़क पर न पहुंच जाए, कहीं गाड़ी, घोड़े की चपेट में न आ जाए!
मनुष्य स्वतंत्र है और फिर भी कोई उसकी सुरक्षा कर रहा है प्रतिपल। वे हाथ तुम्हें सहारा दे रहे हैं। तुम्हें कुछ पकड़ने की जरूरत नहीं।

ओशो 🌹
मरौ है जोगी मरौ

CamScanner

12:11 pm 0 KB/s VoLTE 4G 33%

संसार क्षणभंगुर है!
क्षण क्या है? क्षण शाश्वत की लहर है; शाश्वत में उठी तरंग है। तो क्षण में ही छिपा है शाश्वत, समय में ही छिपा है नित्य। भागो मत, डूबो। डुबकी मार दो क्षण में। लेकिन तुम्हें उल्टी बातें समझायी गई हैं। और इतने दिन तक समझायी गई हैं कि तुम्हें ठीक—ठीक लगने लगी हैं। बहुत बार दोहराने से झूठ भी सच मालूम होने लगते हैं। इसलिए तो विज्ञापनदाता झूठों को दोहराए चले जाते हैं, दोहराते रहो; इसकी फिक्र ही नहीं करते कि कोई मानता है कि नहीं मानता। लोग अपने— आप मान ही लेते हैं। तुम तो दोहराते रहो कि लक्स टायलेट साबुन, सबसे अच्छी साबुन है। न कोई प्रमाण देने की जरूरत है। हजारों साबुन हैं, मगर तुम दोहराते रहो, इंगित देते रहो, इशारे देते रहो, जहां से भी आदमी गुजरे, अखबार खोले तो लक्स टायलेट साबुन दिखायी पड़े, रेडियो सुने तो लक्स टायलेट साबुन सुनायी पड़े, टेलीविजन पर जाए तो लक्स टायलेट साबुन दिखायी पड़े, रास्ते से गुजरे तो बड़े—बड़े बोर्ड लगे हैं। बस उसके मन पर गुजाते रहो लक्स टायलेट साबुन, लक्स टायलेट साबुन। एक दिन जब वह जाएगा खरीदने बाजार साबुन और दुकानदार पूछेगा, क्या? वह कहेगा लक्स टायलेट साबुन, और सोचेगा कि मैं खुद ही सोचकर कह रहा हूं। यह सोचा हुआ नहीं है। यह केवल संस्कारित है।
इसी तरह तुम धर्म भी दोहरा रहे हो। तुम्हारे धर्म में और तुम्हारे लक्स टायलेट साबुन में जरा भी भेद नहीं है। इसी तरह तुम प्रार्थना—पूजा भी कर रहे हो, इसी तरह तुम सिद्धात की बड़ी—बड़ी ऊंची बातें भी छान रहे हो, मगर सब सुनी बकवास है। तुम्हारा अपना कोई भी अनुभव नहीं। अब तुम कहते हो संसार में सब क्षणभंगुर है। जानते हो? क्षण में उतरे हो? क्षण में डुबकी मारी? क्षण के पीछे झांका, कौन खड़ा है परदे के पीछे? परदे के पीछे तो वही राम हैं। जरा टटोलो तो! नहीं, मगर मुर्दा बातें सदियों से दोहरायी गईं, तुम्हें पकड़ लेती हैं। फिर तुम उन पर कभी पुनर्विचार नहीं करते। और जब एक दफा मान लिया कि संसार क्षणभंगुर है तो तत्क्षण लोभी चित्त कहता है, तो क्षणभंगुर में क्या सार है? इसलिए पकड़े तो क्या पकड़े?
पकड़ने की जरूरत क्या है? उसने तुम्हें पकड़ा हुआ है, तुम उसे क्या पकड़ोगे? तुम उसके हाथ में हो। उसने तुम्हें जन्माया, वही तुम्हें जिलाता है, वही तुम्हें एक दिन उठा ले जाएगा। तुम उसे क्या पकड़ोगे? तुम्हें उसे पकड़ने की कोई जरूरत भी नहीं है। तुम पृथ्वी को तो नहीं पकड़ते। डरते तो नहीं कि कहीं पकड़ा नहीं पृथ्वी को तो छूट न जाएं, नहीं तो

CamScanner

12:10 pm 0 KB/s VoLTE 4G 33%

प्रश्न:🎈
संसार में सब क्षणभंगुर है? इसलिए पकड़े तो क्या पकड़े?

🔆राम कीर्ति, क्षणभंगुर में ही शाश्वत छिपा है। क्षणभंगुर को छोड़ा कि शाश्वत से भी चूके। जैसे लहर—लहर में सागर छिपा है, तुम लहर—लहर से बच गए, सागर से भी बच जाओगे। नाव छोड़ने के पहले अगर नाविक पूछे कि 'सागर कहां है? ये तो छोटी—मोटी लहरें हैं, इनमें कैसे नाव छोडूं? लहरों में कोई नाव छोड़ता, सागर कहां है? ये उथली छोटी—छोटी लहरें, इनका भरोसा भी क्या, अभी हैं अभी गईं, क्षण— भर तो टिकती नहीं, इनमें नाव छोड़ दूं? यह तो खतरा हो जाएगा। यह तो जोखिम की बात है। सागर कहां है? मैं तो सागर में नाव छोडूंगा। ' तो फिर तुम बैठे रहना नाव रखे किनारे पर; तुम भी सड़ोगी, नाव भी सड़ेगी।
लहर के भीतर सागर ही है। लहर सागर ही है। छोड़ो नाव, लहर के नीचे ही सागर भी मिल जाएगा।
क्षणभंगुर कह कर संसार की निंदा मत करो। क्षण उस शाश्वत की अभिव्यक्ति है। वही बोला है, वही झलका है, वही झांका है। तुम देखो जरा आंख खोलकर चारों तरफ, कितना सौंदर्य है, कितना छंद है, और तुम पिटी—पिटाई बातें लिए बैठे हो! तुम्हें कोई भी कहता रहा है कि संसार क्षणभंगुर है, तुमने सीख लिया, तोते की तरह रट ली यह बात : संसार क्षणभंगुर है!
क्षण क्या है? क्षण शाश्वत की लहर है; शाश्वत में उठी तरंग है। तो क्षण में ही छिपा है शाश्वत, समय में ही छिपा है नित्य। भागो मत, डूबो। डुबकी मार दो क्षण में। लेकिन तुम्हें उल्टी बातें समझायी गई हैं। और इतने दिन तक समझायी गई हैं कि तुम्हें ठीक—ठीक लगने लगी हैं। बहुत बार दोहराने से झूठ भी सच मालूम होने लगते हैं। इसलिए तो विज्ञापनदाता झूठों को दोहराए चले जाते हैं, दोहराते रहो; इसकी फिक्र ही नहीं करते कि कोई मानता है कि नहीं मानता। लोग अपने— आप मान ही लेते हैं। तुम तो दोहराते रहो कि लक्स टायलेट साबुन, सबसे अच्छी साबुन है। न कोई प्रमाण देने की जरूरत है। हजारों साबुन हैं, मगर तुम दोहराते रहो, इंगित देते रहो, इशारे देते रहो, जहां से भी आदमी गुजरे, अखबार खोले तो लक्स टायलेट साबुन दिखायी पड़े, रेडियो सुने तो लक्स टायलेट साबुन सुनायी पड़े, टेलीविजन पर जाए तो लक्स टायलेट साबुन

CS CamScanner

कोई तुम्हारी स्तुति कर जाता है, तुम फूलने लगते हो। और कोई तुम्हारी निंदा कर जाता है–और पंक्चर कर गया और एकदम हवा निकल जाती है। ऐसी छोटी-छोटी बातें, मगर तुम्हें आंदोलित करती हैं तो तुम कभी परमात्मा को उपलब्ध न हो सकोगे। उसे पाने के लिए तो तुम्हारे भीतर एक ऐसी परम शांति चाहिए, जिसको कोई चीज खंडित न करती हो–न स्तुति, न निंदा; न सफलता, न असफलता; न जीवन, न मृत्यु। कुछ मिल जाए तो ठीक; कुछ खो जाए तो ठीक। जिसके भीतर का ठीक-पन कभी नष्ट ही न होता हो। जिसके भीतर का ठीक-पन बना ही रहता हो।

OSHO

CamScanner

12:08 pm 0 KB/s VoLTE 4G 34%

गुजरता था बड़ा पहाड़ी नदी था, भयंकर गड्ढ था, मक्खी ने कहा कि 'देख, दो हैं, कहीं पुल टूट न जाए! अगर ऐसा कुछ डर लगे तो मुझे बता देना। मेरे पास पंख हैं, मैं उड़ जाऊंगी।' हाथी के कान में थोड़ी-सी कुछ भिनभिनाहट पड़ी, पर उसने कुछ ध्यान न दिया। फिर मक्खी के बिदा होने का वक्त आ गया। उसने कहा, 'यात्रा बड़ी सुखद हुई। तीर्थयात्रा थी, साथी-संगी रहे, मित्रता बनी, अब मैं जाती हूं। कोई काम हो, तो मुझे कहना।'

तब मक्खी की आवाज थोड़ी हाथी को सुनाई पड़ी। उसने कहा, 'तू कौन है कुछ पता नहीं। कब तू आयी, कब तू मेरे शरीर पर बैठी, कब तू उड़ गयी, इसका कोई हिसाब नहीं है। लेकिन मक्खी तब तक जा चुकी थी।
लुकमान कहता है, 'हमारा होना भी ऐसा ही है। इस बड़ी पृथ्वी पर हमारे होने न होने से कोई फर्क नहीं पड़ता। इस बड़े अस्तित्व में हाथी और मक्खी के अनुपात से भी हमारा अनुपात छोटा है।

क्या भेद पड़ता है? लेकिन हम बड़ा शोरगुल मचाते हैं। हम बड़ा शोरगुल मचाते हैं! वह शोरगुल किसलिये है? वह मक्खी क्या चाहती थी? वह चाहती थी हाथी स्वीकार करे, तू भी है; तेरा भी अस्तित्व है।
हमारा अहंकार अकेले तो नहीं जी सक रहा है। दूसरे उसे मानें, तो ही जी सकता है। इसलिए हम सब उपाय करते हैं कि किसी भांति दूसरे उसे मानें, ध्यान दें, हमारी तरफ देखें; उपेक्षा न हो।

हम वस्त्र पहनते हैं तो दूसरों के लिये, स्नान करते हैं तो दूसरों के लिये, सजाते-संवारते हैं तो दूसरों के लिये। धन इकट्ठा करते, मकान बनाते, तो दूसरों के लिये। दूसरे देखें और स्वीकार करें कि तुम कुछ विशिष्ट हो। तुम कोई साधारण नहीं। तुम कोई मिट्टी से बने पुतले नहीं हो। तुम कोई मिट्टी से आये और मिट्टी में नहीं चले जाओगे, तुम विशिष्ट हो। तुम्हारी गरिमा अनूठी है। तुम अद्वितीय हो। अहंकार सदा इस तलाश में है-वे आंखें मिल जाएं, जो मेरी छाया को वजन दे दें।

ओशो
बिन बाती बिन तेल — प्रवचन 17

CamScanner

12:05 pm 0 KB/s 34%

🕉~~~तुम्हारी मृत्यु बताएगी कि तुम कैसे जिए~~~🕉

"जिस व्यक्ति ने अपना जीवन पूर्णता से जिया है, तीव्रता से, भावपूर्ण रूप से, बिना किसी भय के--बिना किसी ऐसे भय के जो सदियों-सदियों से पंडितों ने तुम्हारे भीतर पैदा कर दिया है--यदि कोई व्यक्ति अपना जीवन बिना किसी भय के, प्रमाणिक रूप से, सहज रूप से जीता है तो मृत्यु उसके भीतर कोई भय उत्पन्न नहीं करेगी, बिल्कुल भी नहीं। वास्तव में तब मृत्यु एक महान विश्रांती के रूप में आएगी। तब मृत्यु जीवन की परम खिलावट की तरह आएगी। वह मृत्यु का भी आनंद ले पाएगा; वह मृत्यु का भी उत्सव मना पाएगा।

“और याद रखना, यह मापदंड है। यदि कोई व्यक्ति अपनी मृत्यु का भी आनंद और उत्सव माना सकता है, तो यह बताता है कि उसने अपना पूरा जीवन ठीक से जिया, इसके अलावा और कोई मापदंड नहीं। तुम्हारी मृत्यु साबित कर देगी कि तुम कैसे जिए।"

तुम्हारा भीतरी भाव मृत्यु है

"ऐसा है, तुम्हारी आस्तित्वगत भीतरी अवस्था मृत्यु कि है, तुम इसे छिपाने का प्रयास कर सकते हो, और तुम इसे नज़रंदाज़ कर सकते हो लेकिन मृत्यु तुम्हारी भीतरी आस्तित्वगत अवस्था है। हर क्षण तुम मृत्यु के भय से कम्पित हो। हर क्षण मृत्यु तुम्हारे भीतर गूंजायमान है। तुम्हारा शरीर मृत्यु की और तेजी से गति कर रहा है। हर क्षण मृत्यु को और निकट ले आता है, और चारों और से मृत्यु तुम पर नजर रखे हुए है। तुम एक वृद्ध को देखते हो और तुम्हें मृत्यु की याद आ जाती है; तुम एक नष्ट, धूल-ध्वसित घर देखते हो और तुम्हारे भीतर मृत्यु की स्मृतियां हलन-चलन करने लगती हैं; एक मुरझाया फूल ही मृत्यु की गंध तुम तक लाने के लिए पर्याप्त है; एक झरना जो सूख गया है—फिर वह मृत्यु ही है जो तुम्हें देख रही है। कहीं भी देखो मृत्यु हर तरफ छाई है, और तुम उससे कम्पित हो।"

ओशो ज्ञान 🙏🌹

CamScanner

12:04 pm 55 KB/s VoLTE 4G 34%

Humare Whatsapp Group Se Judne K Liye Niche wale Link Par Click Karen... See more



2 views

Like Comment Share

Pocket Novels
Sponsored ·

CamScanner



CS CamScanner

12:03 pm 0 KB/s VoLTE 4G 35%

काफी कुशल हो गए हो।

मेरे पास लोग आते हैं, वे कहते हैं, ध्यान तो ठीक, लेकिन कुछ और बताएं कि हम क्या करें, क्या खाएं, क्या पीएं, क्या पहनें, कब सोएं, कब जागें? ये व्यर्थ की बातें तुम्हीं सोच लेना। तुम सिर्फ ध्यान करो। अगर तुम्हारा मन शांत और जागरूक होता जाए, तो तुम खुद ही पाओगे कि और नियम अपने आप उसके पीछे आने लगे।
होशपूर्ण व्यक्ति अपने आप शराब न पीएगा। क्योंकि शराब तो होश के विपरीत है। वह तो होश को नष्ट कर देगी। उसे नियम देने की जरूरत नहीं कि शराब मत पीयो। होशपूर्ण व्यक्ति अपने-आप मांसाहार छोड़ देगा। क्योंकि जिसको जरा सा भी होश आया उसे इतना न दिखायी पड़ेगा कि दूसरे का जीवन लेना सिर्फ पेट भरने के लिए! अगर इतना भी न दिखायी पड़े होश में तो वह होश दो कौड़ी का है। उसका क्या मूल्य है? होशपूर्ण व्यक्ति क्या चोरी करेगा? किसी की जेब काटेगा? होशपूर्ण व्यक्ति को अणुव्रत देने की जरूरत नहीं है कि चोरी मत करो, हिंसा मत करो, बेईमानी मत करो। ये विस्तार की बातें तो इसीलिए देनी पड़ती हैं कि होश नहीं है, होश खो गया है। और ये सब तुम पूरी कर सकते हो। इनमें कुछ अड़चन नहीं है। तुम दान कर सकते हो, ईमानदारी कर सकते हो, सेवा कर सकते हो, बस एक चीज में अड़चन आती है--तुम होश नहीं साध सकते।
और अगर मैं तुम्हें एक हजार एक विस्तार की बातें दे दूं, तो तुम कहोगे, एक हजार एक में से एक हजार का तो हम पालन कर रहे हैं, अगर एक ध्यान का नहीं भी कर रहे, तो क्या हर्जा है?
मैं तुम्हें एक ही देता हूं, ताकि जीवन-स्थिति साफ रहे। पाखंड के पैदा होने का उपाय न हो। मैं तुम्हें नियम नहीं देता, ताकि तुम नियम तोड़ न सको। मैं तुम्हें नियम नहीं देता, ताकि तुम नियम पालकर धोखा न दे सको। मैं तुम्हें नियम नहीं देता, सिर्फ एक सूत्र देता हूं। शास्त्र नहीं देता, सिर्फ सूत्र देता हूं--होश।

ओशो 🌻
एस धम्मो सनंतानो #4

CS CamScanner

12:02 pm 0 KB/s VoLTE 4G 35%

2d ·

"'^कितनी बेहूदगी की बात है; प्रेम और पूजा के लिए भी नौकर^'"

उसे भी तुम दूसरे से करवा लेते हो पैसे के बल पर। तो अगर तुमने एक पुजारी को सौ रुपया महीना दिया, और उसने रोज आकर तीन दफा भगवान की पूजा की, तो अगर ठीक से समझो तो हिसाब ऐसा है कि तुमने भगवान को सौ रुपए दिए। और क्या दिया? तुम्हारे पास थे, तुम दे सकते थे। और शायद यह सौ रुपए देकर तुम करोड़ों पाने की आकांक्षा कर रहे हो। यह भी शायद रिश्वत है।
नियम तो पूरे किए जा सकते हैं। नियम के पूरे करने से कोई धार्मिक नहीं होता। पाखंडी हो जाता है, हिपोक्रेट हो जाता है।
इसलिए मैंने कोई नियम तुम्हें नहीं दिए। या तो तुम धार्मिक होओ, या अधार्मिक। बीच की मैंने तुम्हें सुविधा नहीं दी है। इसलिए मैं तुम्हें वही आखिरी बात कहता हूं जो बुद्ध ने आनंद को कही, होश साधना। आंख बंद करना, न करना; क्या फर्क पड़ता है। मेरी दृष्टि में ऐसा है कि अगर तुमने होश साधा--आंख खुली रखो, स्त्री को छुओ, धन कमाओ, मकान में रहो, बाजार में बैठो, कोई अंतर नहीं पड़ता। होश न सधा--आंख बंद रखी, जंगल में भाग गए, धन न छुआ, नंगे खड़े हो गए, सब त्याग दिया, तो भी कोई फर्क नहीं पड़ता। होश से ही क्रांति होती है।

इसलिए होश अकेला नियम है, एकमात्र नियम। एस धम्मो सनंतनो। यही एकमात्र सनातन नियम है। यही एकमात्र सनातन धर्म है कि तुम जागकर जीना, और मैं तुमसे कुछ भी नहीं मांगता। विस्तार की बातों में तो तुम बहुत बार धोखा दे गए हो। मैं तुम्हें विस्तार का मौका ही नहीं देता। बस एक छोटा सा शब्द देता हूं: अवेयरनेस, होश। ताकि तुम साफ रहो। सधे तो साफ रहो, न सधे तो साफ रहो। दोनों के बीच में धोखा देने की सुविधा नहीं देता।
इसलिए मैंने कोई नियम नहीं दिए। तुम यह मत समझना कि मैंने नियम नहीं दिए। नियम दिया है। नियम नहीं दिए हैं। और नियम काफी है। कहावत है, सौ सुनार की एक लुहार की। मेरा नियम लुहार वाला है। डिटेल्स और विस्तार की बातों में मैं नहीं पड़ा हूं। क्योंकि तुम उनमें काफी कुशल हो गए हो।

मेरे पास लोग आते हैं. वे कहते हैं. ध्यान तो ठीक. लेकिन कछ और

CamScanner

लेकिन तेरा यहां कुछ भी नहीं है। और जब तेरा है ही नहीं, तो छोड़ना कैसे?

तो एक तो फकीर है, जो छोड़ कर भागता है; लेकिन छोड़कर भागने में तो 'मेरा' था, यह भ्रांति बनी ही रहती है। मेरा नहीं था, तो छोड़ा कैसे! दो भ्रांतियां हैं--एक पकड़ने की भ्रांति; एक छोड़ने की भ्रांति। असली फकीरी भ्रांति से मुक्ति का नाम है। न तो मेरा है कुछ, तो पकडूं कैसे? न मेरा है कुछ, तो छोडूं कैसे? छोड़ने वाला मैं कौन; पकड़ने वाला मैं कौन? जिसने मुझे भेजा, वही जाने; उसकी मरजी, जो चाहे करा ले।

'मन लागो मेरा यार फकीरी में।'

और एक बात खयाल में लेना: 'यार' की फकीरी। उस प्यारे से प्रेम लग गया, इसलिए फकीरी।

एक फकीरी है, जैसे जैन मुनि को फकीरी होती है। उस फकीरी में गणित है, प्रेम नहीं। उस फकीरी में हिसाब-किताब है, प्रेम नहीं है। उस फकीरी में वही पुरानी दुकान है। हिसाब लगा रहा है: 'इतने उपवास करूं, तो कितना पुण्य होगा! इतने व्रत रखूं, तो कितना पुण्य होगा! इतना-इतना पुण्य हो जाएगा, तो किस-किस स्वर्ग में जाऊंगा--पहले, कि दूसरे, कि सातवें?' मगर प्रेम वहां कुछ भी नहीं है।

एक और फकीरी है। कबीर उसी की बात कर रहे हैं। वह फकीरी: उसकी यारी से पैदा होती है; उसके प्रेम में पड़ने से पैदा होती है। और दोनों में जमीन-आसमान का फर्क है, याद रखना। इसलिए जैन, तथाकथित जैन मुनि के चेहरे पर तुम आनंद की आभा न पाओगे। हिसाब पाओगे, गणित पाओगे, तर्क पाओगे; लेकिन मस्ती न पाओगे। बेखुदी न पाओगे। कोई झरना फूटा हो--ऐसा नहीं पाओगे। सब सूख गया--ऐसा पाओगे। वृक्ष में अब फूल तो नहीं लगते, यह तो सच है। अब पत्ते भी नही उगते, यह भी सच है। रूखा-सूखा वृक्ष खड़ा है, ऐसा जैन मुनि है। बसंत नहीं आता अब। बसंत से सबंध टूट गया। पतझड़ से ही उसने नाता बना लिया।

सूफी फकीर है, उसकी फकीरी और ढंग की। उसकी फकीरी में प्रभु का प्रेम है। उसने संसार में कुछ छोड़ा नहीं है। अगर कुछ छोड़ना पड़ा है, अगर कुछ छूट गया है, तो वह उसके प्रेम से छूटा है।

-- कहै कबीर मैं पूरा पाया # 8

🌹🙏🌹ओशो

CamScanner

11:54 am 0 KB/s 37%

जाते हैं। यह मेरी पूजा। यह मेरी आराधना।
गुण तो बदला लेकिन काम वही का वही रहा। तो कबीर की फकीरी का मतलबः घर-द्वार छोड़ कर भाग जाने से नहीं है। कबीर की फकीरी बड़ी आंतरिक है। बड़ी हार्दिक है। कबीर की फकीरी समझ की क्रांति है।
'मन लागो मेरा यार फकीरी में।'
तो फकीरी का अर्थ क्या? फकीरी का अर्थः जो है, उससे तृप्ति। जैसा है, उससे तृप्ति। और की आकांक्षा मर गई। परिग्रह के भाव मुक्ति हो गई। इसलिए कबीर कहते हैं: क्या मेरा क्या तेरा? शरम नहीं आती--कबीर कहते हैं--किसी चीज को अपनी बताने में? सब परमात्मा की है। सबै भूमि गोपाल की। तुझे बीच में अपना दावा करते शर्म नहीं आती? न तो कुछ लेकर आया, न कुछ लेकर जाएगा। और बीच में दावा कर लेता है? धन्यवाद दे परमात्मा को कि वस्तुओं के उपयोग का तुझे मौका दिया। लेकिन तेरा यहां कुछ भी नहीं है। और जब तेरा है ही नहीं, तो छोड़ेगा कैसे?
तो एक तो फकीर है, जो छोड़ कर भागता है; लेकिन छोड़कर भागने में तो 'मेरा' था, यह भ्रांति बनी ही रहती है। मेरा नहीं था, तो छोड़ा कैसे! दो भ्रांतियां हैं--एक पकड़ने की भ्रांति; एक छोड़ने की भ्रांति। असली फकीरी भ्रांति से मुक्ति का नाम है। न तो मेरा है कुछ, तो पकड़ूं कैसे? न मेरा है कुछ, तो छोड़ूं कैसे? छोड़ने वाला मैं कौन; पकड़ने वाला मैं कौन? जिसने मुझे भेजा, वही जाने; उसकी मरजी, जो चाहे करा ले।
'मन लागो मेरा यार फकीरी में।'
और एक बात खयाल में लेनाः 'यार' की फकीरी। उस प्यारे से प्रेम लग गया, इसलिए फकीरी।
एक फकीरी है, जैसे जैन मुनि को फकीरी होती है। उस फकीरी में गणित है, प्रेम नहीं। उस फकीरी में हिसाब-किताब है, प्रेम नहीं है। उस फकीरी में वही पुरानी दुकान है। हिसाब लगा रहा है: 'इतने उपवास करूं, तो कितना पुण्य होगा! इतने व्रत रखूं, तो कितना पुण्य होगा! इतना-इतना पुण्य हो जाएगा, तो किस-किस स्वर्ग में जाऊंगा--पहले, कि दूसरे, कि सातवें?' मगर प्रेम वहां कुछ भी नहीं है।
एक और फकीरी है। कबीर उसी की बात कर रहे हैं। वह फकीरीः उसकी यारी से पैदा होती है; उसके प्रेम में पड़ने से पैदा होती है। और दोनों में जमीन-आसमान का फर्क है, याद रखना। इसलिए जैन, तथाकथित जैन मुनि के चेहरे पर तुम आनंद की आभा न पाओगे। हिसाब पाओगे,

CamScanner

11:53 am 0 KB/s VoLTE 4G 37%

Osho Human Being To Be.In.God
13h ·

कबीर ने कभी दुकान नहीं छोड़ी, याद रखना। कबीर ने अभी अपना काम नहीं छोड़ा, पत्नी नहीं छोड़ी, बच्चे नहीं छोड़े। कबीर परमज्ञान को उपलब्ध हो गए लेकिन जुलाहे थे, सो जुलाहे रहे। बुनते थे, सो बुनते रहे। कपड़े बुनते थे तो कपड़ों का बुनना जारी रहा। अब उन्हीं कपड़ों में राम की धुन भी बनने लगे। अब उन्हीं कपड़ों में अपना हृदय भी फैलाने लगे। पहले साधारण आदमियों के लिए बुनते थे, फिर राम के लिए बुनने लगे। फिर हर ग्राहक राम हो गया। यह क्रांति तो हुई। फिर ग्राहक-ग्राहक को रमा कहने लगे; साहिब कहने लगे। यह तो फर्क हुआ। लेकिन जो काम था, वह वैसाही चलता रहा।

कबीर के भक्त उनसे कहते थे...। हजारों उनके भक्त थे। उनसे कहते थे: 'अब आप ये कपड़े बुनना बंद कर दें; शोभा नहीं देता। आपको कमी क्या है? हम हैं, हम सब फिक्र करने को तैयार हैं।' मगर कबीर हंसते। वे कहते कि जो प्रभु ने मुझे अवसर दिया है और जो करने की आज्ञा दी है, वह मैं करता रहूंगा। जब तक हाथ-पैर में बल है, जो मैं जानता हूं वह करता रहूंगा। फिर मुझे बड़ा आनंद है। फिर तुमने देखा नहीं: वे जो बाजार में राम कभी-कभी मेरा कपड़ा लेने आते है, कितने प्रसन्न होकर जाते हैं। यह मेरी पूजा। यह मेरी आराधना।

गुण तो बदला लेकिन काम वही का वही रहा। तो कबीर की फकीरी का मतलब: घर-द्वार छोड़ कर भाग जाने से नहीं है। कबीर की फकीरी बड़ी आंतरिक है। बड़ी हार्दिक है। कबीर की फकीरी समझ की क्रांति है।

'मन लागो मेरा यार फकीरी में।'

तो फकीरी का अर्थ क्या? फकीरी का अर्थ: जो है, उससे तृप्ति। जैसा है, उससे तृप्ति। और की आकांक्षा मर गई। परिग्रह के भाव मुक्ति हो गई। इसलिए कबीर कहते हैं: क्या मेरा क्या तेरा? शरम नहीं आती--कबीर कहते हैं--किसी चीज को अपनी बताने में? सब परमात्मा की है। सबै भूमि गोपाल की। तुझे बीच में अपना दावा करते शर्म नहीं आती? न तो कुछ लेकर आया, न कुछ लेकर जाएगा। और बीच में दावा कर लेता है? धन्यवाद दे परमात्मा को कि वस्तुओं के उपयोग का तुझे मौका दिया। लेकिन तेरा यहां कुछ भी नहीं है। और जब तेरा है ही नहीं, तो छोड़ेगा कैसे?

CamScanner

9:46 am 0 KB/s VoLTE 4G 47%
facebook

उसने आखिरी दम लगा दी – भागा – भागा...। सूरज डूबने लगा; इधर सूरज डूब रहा है, उधर वो भाग रहा है...। सूरज डूबते – डूबते बस जाकर गिर पड़ा। कुछ पाँच – सात गज की दूरी रह गई है, घिसटने लगा।
अभी सूरज की आखिरी कोर क्षितिज पर रह गई घिसटने लगा। और जब उसका हाथ उस जमीन के टुकड़े पर पहुँचा, जहाँ से भागा था, उस खूँटी पर, सूरज डूब गया।

वहाँ सूरज डूबा, यहाँ यह आदमी भी मर गया। इतनी मेहनत कर ली! शायद हृदय कर दौरा पड़ गया। और सारे गाँव के सीधे – सादे लोग जिनको वह समझाता था, हँसने लगे और एक – दूसरे से बात करने लगे!

ये पागल आदमी आते ही जाते हैं! इस तरह के पागल लोग आते ही रहते हैं! यह कोई नई घटना न थी; अक्सर लोग आ जाते थे खबरें सुनकर, और इसी तरह मरते थे। यह कोई अपवाद नहीं था; यही नियम था। अब तक ऐसा एक भी आदमी नहीं आया था, जो घेरकर जमीन का मालिक बन पाया हो।

यह कहानी तुम्हारी कहानी है, तुम्हारी जिंदगी की कहानी है, सबकी जिंदगी की कहानी है। यही तो तुम कर रहे हो – दौड़ रहे हो कि कितनी जमीन घेर लें! बारह भी बज जाते हैं, दोपहर भी आ जाती है, लौटने का भी समय होने लगता है – मगर थोड़ा और दौड़ लें! न भूख की फिक्र है, न प्यास की फिक्र है।

जीने का समय कहाँ है; पहले जमीन घेर लें, पहले जितोड़ी भर लें, पहले बैंक में रुपया इकट्ठा हो जाए, फिर जी लेंगे, फिर बाद में जी लेंगे, एक ही दिन का तो मामला है। और कभी कोई नहीं जी पाता। गरीब मर जाते हैं भूखे; अमीर मर जाते हैं भूखे, कभी कोई नहीं जी पाता। जीने के लिए थोड़ी विश्रांति चाहिए। जीने के लिए थोड़ी समझ चाहिए। जीवन मुफ्त नहीं मिलता – बोध चाहिए।

CamScanner

'यदि आपको याद हो, जब मैं चौथी क्लास में पढ़ता था, तब एक दिन सुबह सुबह मेरे सहपाठी ने उस दिन उसकी महंगी घड़ी चोरी होने की आपसे शिकायत की थी।
आपने क्लास का दरवाज़ा बन्द करवाया और सभी बच्चों को क्लास में पीछे एक साथ लाइन में खड़ा होने को कहा था। फिर आपने सभी बच्चों की जेबें टटोली थी। मेरे जेब से आपको घड़ी मिल गई थी जो मैंने चुराई थी। पर चूंकि आपने सभी बच्चों को अपनी आंखें बंद रखने को कहा था तो किसी को पता नहीं चला कि घड़ी मैंने चुराई थी।
मैम, उस दिन आपने मुझे लज्जा व शर्म से बचा लिया था और इस घटना के बाद कभी भी आपने अपने व्यवहार से मुझे यह नहीं लगने दिया कि मैंने एक गलत कार्य किया था।
आपने बगैर कुछ कहे मुझे क्षमा भी कर दिया और दूसरे बच्चे मुझे चोर कहते, इससे भी बचा लिया था।'

यह सुनकर टीचर बोली, 'मुझे भी नहीं पता था बेटा कि वो घड़ी किसने चुराई थी।'

वो व्यक्ति बोला,'नहीं मैम, ये कैसे संभव है ? आपने स्वयम् अपने हाथों से चोरी की गई घड़ी मेरे जेब से निकाली थी।'

टीचर बोली.....
'बेटा मैं जब सबके पॉकेट चेक कर रही थी, उस समय मैंने कहा था कि सब अपनी आँखें बंद रखेंगे और वही मैंने भी किया था। मैंने स्वयम् अपनी भी आँखें बंद रखी थी।'

किसी को उसकी ऐसी शर्मनाक परिस्थिति से बचाने का इससे अच्छा उदाहरण और क्या हो सकता है?

आइये प्रण करें कि यदि हमें किसी की कमजोरी मालूम भी पड़ जाए तो उसका दोहन न करें। उस व्यक्ति को स्वयम् उसकी नज़रों में गिरायें। उसका चारित्रिक उत्थान करें। आपका व्यक्तित्व स्वयम् ही, और भी बढ़ जायेगा।
💐आपका जीवन शुभ हो 🙏😊

CamScanner

9:43 am 0 KB/s VoLTE 4G 47%

कंडक्टर हो गया, फिर वहां से शक्ति प्रवाहित नहीं होती। तो अगर ऐसे व्यक्ति के पास जो समग्र भांति भीतर से शून्य है, और जो कुछ नहीं करना चाहता आपके लिए– कुछ करता ही नहीं वह–उसके वैक्यूम से, उसके शून्य से, उसके द्वार से, उसके मार्ग से परमात्मा की शक्ति आप तक पहुंच सकती है; और गति बहुत तीव्र हो सकती है। कल दोपहर के मौन में इसको खयाल में लें।

तो कल के लिए दो सूचनाएं भी मैं इसके साथ दे दूं।

शक्तिपात का अर्थ है कि परमात्मा की शक्ति आप पर उतर गई। शक्ति दो तरह से संभव है–या तो आपसे शक्ति उठे और परमात्मा तक मिल जाए, या परमात्मा से शक्ति आए और आप तक मिल जाए। बात एक ही है, दो तरफ से देखने के ढंग हैं। वह वैसे ही, जैसे कोई गिलास में आधा गिलास पानी भरा रखा हो, और कोई कहे कि आधा गिलास खाली, और कोई कहे आधा गिलास भरा। और अगर पंडित हों तो विवाद करें, और तय न हो पाए कभी भी कि क्या मामला है! क्योंकि दोनों ही बातें सही हैं।

ऊपर से भी शक्ति उतरती है और नीचे से भी शक्ति जाती है। और जब उनका मिलन होता है, जहां आपके भीतर सोई हुई ऊर्जा विराट की ऊर्जा से मिलती है, तब एक्सप्लोजन, विस्फोट हो जाता है। उस विस्फोट के लिए कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। उस विस्फोट से क्या होगा, यह भी नहीं कहा जा सकता। उस विस्फोट के बाद क्या होगा, यह भी नहीं कहा जा सकता। वैसे उस विस्फोट के बाद, दुनिया में जिन लोगों को भी वह विस्फोट हुआ है, वे जिंदगी भर यही चिल्लाते रहे कि आओ और तुम भी उस विस्फोट से गुजर जाओ। कुछ हुआ है जो अनिर्वचनीय है।

शक्तिपात का अर्थ है, ऊपर से शक्ति आ जाए। आ सकती है। रोज आती है। और किसी ऐसे व्यक्ति के माध्यम को ले सकती है वह शक्ति जो सब भांति शून्य हो। तो वह कंडक्टर हो जाता है, और कुछ भी नहीं। लेकिन अगर अहंकार थोड़ा भी है इतना भी कि मैं कर दूंगा शक्तिपात, तो नॉन–कंडक्टर हो गया वह आदमी, उससे शक्ति नहीं प्रवाहित होगी।

ओशो

जिन खोजा तिन पाइया, प्रवचन - 6

CamScanner

9:43 am 0 KB/s VoLTE 4G 48%

शक्तिपात क्या है?

एक अंतिम सवाल एक मित्र पूछते हैं कि ओशो शक्तिपात क्या है? क्या कोई शक्तिपात कर सकता है?

शक्तिपात और अहंशून्य माध्यम:

कोई कर नहीं सकता, लेकिन किसी से हो सकता है। कोई कर नहीं सकता। और अगर कोई कहता हो कि मैं शक्तिपात करता हूं तो फिर सब धोखे की बातें हैं। कोई कर नहीं सकता, लेकिन किसी क्षण में किसी से हो सकता है। अगर कोई बहुत शून्य व्यक्ति है, सब भांति समर्पित, सब भांति शून्य, तो उसके सान्निध्य में शक्तिपात हो सकता है। वह कंडक्टर का काम कर सकता है—जानकर नहीं। परमात्मा की विराट शक्ति उसके माध्यम से किसी दूसरे में प्रवेश कर सकती है।
लेकिन कोई जानकर कंडक्टर नहीं बन सकता, क्योंकि कंडक्टर बनने की पहली शर्त यह है कि आपको पता न हो; ईगो न हो। नहीं तो नॉन—कंडक्टर हो जाते हैं फौरन। जहां ईगो है बीच में, वहां आदमी नॉन—कंडक्टर हो गया, फिर वहां से शक्ति प्रवाहित नहीं होती। तो अगर ऐसे व्यक्ति के पास जो समग्र भांति भीतर से शून्य है, और जो कुछ नहीं करना चाहता आपके लिए— कुछ करता ही नहीं वह—उसके वैक्यूम से, उसके शून्य से, उसके द्वार से, उसके मार्ग से परमात्मा की शक्ति आप तक पहुंच सकती है; और गति बहुत तीव्र हो सकती है। कल दोपहर के मौन में इसको खयाल में लें।
तो कल के लिए दो सूचनाएं भी मैं इसके साथ दे दूं।
शक्तिपात का अर्थ है कि परमात्मा की शक्ति आप पर उतर गई। शक्ति दो तरह से संभव है—या तो आपसे शक्ति उठे और परमात्मा तक मिल जाए, या परमात्मा से शक्ति आए और आप तक मिल जाए। बात एक ही है, दो तरफ से देखने के ढंग हैं। वह वैसे ही, जैसे कोई गिलास में आधा गिलास पानी भरा रखा हो, और कोई कहे कि आधा गिलास खाली, और कोई कहे आधा गिलास भरा। और अगर पंडित हों तो विवाद करें, और तय न हो पाए कभी भी कि क्या मामला है! क्योंकि दोनों ही बातें सही हैं।
ऊपर से भी शक्ति उतरती है और नीचे से भी शक्ति जाती है। और जब

CamScanner


यदि चाहते हो कि जीवन में आनंद ही आनंद हो जा
कि कोई भी चोट चोट न रहे,
कि कोई पत्थर भी मारे तो फूल की वर्षा हो,
कि कोई जहर भी पिलाए तो अमृत हो जाए
--तो उसका एक ही रास्ता है:
अपेक्षाओं को छोड़ दो, निरपेक्ष होकर जीओ।
और निरपेक्षता तुम्हारे हाथ में है,
कोई दूसरा तुम्हें दे न सकेगा
osho_dewane

CamScanner

9:34 am 0 KB/s VoLTE 4G 49%

आशा नहीं टूटती, हताशा नहीं आती। वह फिर वापस गुफा में चला गया। तीन साल तक कहते हैं, फिर उसने हिम्मत करके ध्यान किया। कुछ न हुआ। सब श्रम लगा दिया, लेकिन कुछ न हुआ। फिर घबड़ाकर एक दिन बाहर आ गया और कहा, अब बहुत हो गया!

फिर उस वृक्ष के नीचे बैठा था कि देखा एक मकड़ी जाला बुन रही है। गिर-गिर जाती है, जाले का धागा सम्हलता नहीं, फिर-फिर बुनती है। फिर उसे खयाल आया कि आश्चर्य की बात है, ऐसी चीजें मुझे बाहर आते ही से दिखायी पड़ जाती हैं। अभी मकड़ी भी नहीं हारी, मैं क्यों हारूं? एक बार और कोशिश कर लूं। कहते हैं, वह फिर तीन साल ध्यान किया। कुछ न हुआ। बहुत परेशान हुआ। अब उसने सोचा, अब बाहर निकलूंगा पता नहीं फिर कुछ हो जाए, तो अब की दफे आंख बंद करके ही चले जाना है। अब कुछ भी हो रहा हो बाहर--मकड़ी हो कि चिड़िया हो कि कुछ भी हो, परमात्मा कोई भी इशारे दे, अब बहुत हो गया, नौ साल कोई थोड़ा वक्त नहीं, सारा जीवन गंवा दिया!

वह आंख बंद करके भागा। वह जैसे ही पहाड़ से नीचे उतर रहा था, उसने देखा एक कुतिया, उसकी पीठ सड़ गयी है, उसमें कीड़े पड़ गये हैं--वह उसे दिखायी पड़ी। उससे न रहा गया। बैठा, उसके कीड़े अलग किये, जब वह उसके घाव धो रहा था, तभी ध्यान घटा। जो नौ साल में नहीं घटा था, वह घटा। अचानक, जैसे कुछ गहन में भीतर खींचे लिये चला गया। आंख बंद हो गयीं, वह भीतर पहुंच गया। जिसकी तलाश थी, वह रोशनी सामने खड़ी है। जिसकी तलाश थी, वह बुद्धत्व खिला। उसने कहा, हे प्रभु! इतने दिन तक खोजता था--नौ वर्ष अथक श्रम किये, तब तुम न दिखायी पड़े, तब यह रोशनी न मिली, अब! तो कहते हैं उस रोशनी से उत्तर आया कि मैं तो तब भी तेरे ही भीतर था, लेकिन तेरे ध्यान की चेष्टा बड़ी अहंकार-पूर्ण थी। तेरा अहंकार बाधा बन रहा था। इस कुतिया के घाव धोते वक्त एक क्षण को तेरा अहंकार मौजूद न रहा। करुणा हो, तो अहंकार मौजूद नहीं रहता। प्रेम हो, तो अहंकार समाप्त हो जाता है। मैं तो सदा से तेरे पास था--नौ महीने से भी और नौ सालों से भी, नौ जन्मों से भी । मैं तो भीतर था ही, मैं तेरा स्वभाव हूं, लेकिन तू भीतर नहीं आ पाता था। ध्यान भी कर रहा था तू, तो उसमें अकड़ थी--मैं पाकर रहूंगा। वह अहंकार की उदघोषणा थी।

🪷आचार्य श्री रजनीश ओशो🪷

एस धम्मो सनंतनो

CamScanner

9:32 am 0 KB/s 49%

एक बौद्ध भिक्षु हुआ--आर्य असंग। बड़ा बहुमूल्य भिक्षु हुआ। उसके जीवन में बड़ी अनूठी कथा है। नालंदा में आचार्य था। फिर समझ आयी संसार की व्यर्थता की तो सब छोड़कर चला गया। तय कर लिया कि अब तो ध्यान में ही डूबूंगा, हो गया ज्ञान बहुत। जान लिया सब, और जाना तो कुछ भी नहीं। पढ़ डाले शास्त्र सब, हाथ तो कुछ भी न आया। छोड़कर पहाड़ चला गया। एक गुफा में बैठ गया। तीन साल अथक ध्यान किया। लेकिन कहीं मंजिल करीब आती मालूम न पड़ी। हतोत्साह, हताशा से भरा गुफा से बाहर निकल आया। सोचा लौट जाऊं। तभी उसने क्या देखा कि एक चिड़िया वृक्षों से पत्ते तोड़त्तोड़कर लाती है, पत्ते गिर-गिर जाते हैं, घोंसला बनता नहीं; मगर फिर चली जाती है, फिर ले आती है, फिर चली जाती है, फिर ले आती है। उसने सोचा क्या इस चिड़िया से भी कमजोर है मेरा साहस और मेरी आशा और मेरी आस्था? घोंसला बन नहीं रहा है, लेकिन इसकी कहीं भी आशा नहीं टूटती, हताशा नहीं आती। वह फिर वापस गुफा में चला गया। तीन साल तक कहते हैं, फिर उसने हिम्मत करके ध्यान किया। कुछ न हुआ। सब श्रम लगा दिया, लेकिन कुछ न हुआ। फिर घबड़ाकर एक दिन बाहर आ गया और कहा, अब बहुत हो गया!
फिर उस वृक्ष के नीचे बैठा था कि देखा एक मकड़ी जाला बुन रही है। गिर-गिर जाती है, जाले का धागा सम्हलता नहीं, फिर-फिर बुनती है। फिर उसे खयाल आया कि आश्चर्य की बात है, ऐसी चीजें मुझे बाहर आते ही से दिखायी पड़ जाती हैं। अभी मकड़ी भी नहीं हारी, मैं क्यों हारूं? एक बार और कोशिश कर लूं। कहते हैं, वह फिर तीन साल ध्यान किया। कुछ न हुआ। बहुत परेशान हुआ। अब उसने सोचा, अब बाहर निकलूंगा पता नहीं फिर कुछ हो जाए, तो अब की दफे आंख बंद करके ही चले जाना है। अब कुछ भी हो रहा हो बाहर--मकड़ी हो कि चिड़िया हो कि कुछ भी हो, परमात्मा कोई भी इशारे दे, अब बहुत हो गया, नौ साल कोई थोड़ा वक्त नहीं, सारा जीवन गंवा दिया!
वह आंख बंद करके भागा। वह जैसे ही पहाड़ से नीचे उतर रहा था, उसने देखा एक कुतिया, उसकी पीठ सड़ गयी है, उसमें कीड़े पड़ गये हैं--वह उसे दिखायी पड़ी। उससे न रहा गया। बैठा, उसके कीड़े अलग किये, जब वह उसके घाव धो रहा था, तभी ध्यान घटा। जो नौ साल में नहीं घटा था, वह घटा। अचानक, जैसे कुछ गहन में भीतर खींचे लिये चला गया। आंख बंद हो गयीं, वह भीतर पहुंच गया। जिसकी तलाश

CamScanner

कलयुग केवल नाम अधारा,

सुमिर सुमिर नर उतरहि पारा॥

भावार्थ:- इस कलयुग में भगवान का नाम ही आधार है। केवल नाम सुनने से, जपने से मानव भाव सागर से उतर जाता है।

CamScanner



CamScanner



हृदय एक रोता हुआ भिखारी का पात्र है,
जिसमें कुछ भी ना पड़ा और जीवन ऐसे ही गया।
ओशो अहोभाव

CamScanner

कि मैं जो कह रहा हूं उसे केवल रचनात्मक, समृद्ध, शिक्षित, बुद्धिमान, सुसंस्कृत ही समझ सकता है।
कोई भिखारी मेरे पास कभी नहीं आ सकता.
गरीब कभी मेरे पास नहीं आ सकते. मेरे और उसके बीच फासला बहुत है.
वे मुझे सुन तो सकते हैं
लेकिन समझ नहीं सकते। तो यह स्वाभाविक है कि
मैं अमीरों का गुरु हूं।

CamScanner


परम आनंद का स्रोत आप
स्वयंम हो परन्तु जब तक ये
आप स्वयंम अनुभव न कर ले
तब तक किसी व्यक्ति, वस्तु,
या परिस्थिति में आंनद होने
के भ्रम से आप भ्रमित रहेंगे
ही ये अटल सत्य है

CamScanner


जब आप हमारी 'शंका' दूर करते हैं,
तब आप "शंकर" लगते हैं।
जब 'मोह' दूर करते हैं तो
"मोहन" लगते हैं।
जब 'विष' दूर करते हैं तो
"विष्णु " लगते हैं।
जब 'भ्रम' दूर करते हैं तो
"ब्रह्मा" लगते हैं।
जब 'दुर्गति' दूर करते हैं तो
"दुर्गा" लगते हैं।
जब 'गुरूर' दूर करते हैं तो
"गुरूजी" लगते हैं।

CamScanner

1:29 pm 0 KB/s VoLTE 4G 15%

दोनों दूसरे किनारे पर ही हैं। तुम पानी पर चलकर उस पार जाओ और माझी को बुला लाओ।

मिलरेपा चला गया। वह पानी पर चलकर दूसरे किनारे पहुंच गया और नाव को इस पार ले आया। अब तो गुरु को भी पक्का गया कि यह चमत्कार है। उसने मिलरेपा से पूछा कि तुमने यह कैसे किया? मिलरेपा ने कहा कि मैं बस आपका नाम लेकर चला जाता हूं। गुरुदेव, आपका नाम लेने भर से काम हो जाता है।

गुरु ने सोचा कि जब मेरे नाम से हो जाता है तो मैं ही क्यों न प्रयोग करूं! और उसने पानी पर चलने की कोशिश की, लेकिन वह नदी में डूब गया। और तब से फिर किसी ने उस गुरु के संबंध में कुछ नहीं सुना।

यह कैसे हुआ? समर्पण असली चीज है, गुरु या वह व्यक्ति नहीं जिसके प्रति समर्पण किया जाता है। कोई मूर्ति, कोई मंदिर, वृक्ष, पत्थर, कुछ भी काम दे देगा। अगर तुम समर्पण करते हो तो तुम अस्तित्व के प्रति खुले हो जाते हो, तब समस्त अस्तित्व तुम्हें अपनी बाहों में ले लेता है। हो सकता है कि यह कथा कथा ही हो, लेकिन इसका अर्थ यह है कि जब तुम समर्पण करते हो तो सारा अस्तित्व तुम्हारे साथ हो जाता है। तब आग, पर्वत, नदी, घाटी, सब तुम्हारे साथ हैं, कोई भी तुम्हारे विरोध में नहीं है। क्योंकि जब तुम ही किसी के विरुद्ध नहीं रहे तो सारी शत्रुता समाप्त हो जाती है।

अगर तुम पहाड़ से गिरते हो और तुम्हारी हड्डियां टूट जाती हैं तो वे तुम्हारे अहंकार की हड्डियां हैं जो टूटती हैं। तुम प्रतिरोध कर रहे थे, तुमने घाटी को तुम्हारी सहायता करने का मौका नहीं दिया। तुम स्वयं अपनी सहायता करने में लगे थे, तुम अपने को अस्तित्व से ज्यादा बुद्धिमान समझते थे।

समर्पण का अर्थ है कि तुम्हें यह समझ आ गई कि मैं जो भी करूंगा वह मूढ़तापूर्ण होगा। और तुमने जन्मों–जन्मों ये मूढ़ताएं की हैं। अब इसे अस्तित्व पर छोड़ दो। तुमसे कुछ होने वाला नहीं है। तुम्हें यह समझना

Text copied to clipboard

CamScanner

1:33 pm 0 KB/s VoLTE 4G 14%

6 Oct ·

🔆संन्यास के तीन बुनियादी सूत्र खयाल में ले लेने जैसे हैं।

1️⃣जीवन एक प्रवाह है। उसमें रुक नहीं जाना, ठहर नहीं जाना, वहां कहीं घर नहीं बना लेना है। एक यात्रा है जीवन। पड़ाव है बहुत, लेकिन मंजिल कहीं भी नहीं। मंजिल जीवन के पार परमात्मा में है।
2️⃣जीवन जो भी दे उसके साथ पूर्ण संतुइष्ट और पूर्ण अनुग्रह, क्योंकि जहां असंतुष्ट हुए हम तो जीवन जो देता है, उसे भी छीन लेता है और जहां संतुष्ट हुएहम कि जीवन जो नहीं देता, उसके भी द्वार खुल जाते हैं। और—
3️⃣जीवन में सुरक्षा का मोह न रखना। सुरक्षा संभव नहीं है। तथ्य ही असंभावना का है। असुरक्षा ही जीवन है। सच तो यह है कि सिर्फ मृत्यु ही सुरक्षित हो सकती है। जीवन तो असुरीक्षत होगा ही। इसलिए जितना जीवंत व्यक्तित्व होगा, उतना असुरक्षित होगा और जितना मरा हुआ व्यक्तित्व होगा, उतना सुरक्षित होगा।
सुना है मैंने, एक सूफी फकीर मुल्ला नसरुद्दीन ने अपने मरते वक्त वसीयत की थी कि मेरी कब्र पर दरवाजा बना देना और उस दरवाजे पर कीमती से कीमती, वजनी से वजनी, मजबूत से मजबूत ताला लगा देना, लेकिन एक बात ध्यान रखना, दरवाजा ही बनाना, मेरी कब्र की चारों तरफ दीवार मत बनाना। आज भी नसरुद्दीन की कब्र पर दरवाजा खड़ा है, बिना दीवारों के, ताले लगे हैं—जोर से, मजबूत। चाबी समुद्र में फेंक दी गई, ताकि कोई खोज न ले। नसरुद्दीन की मरते वक्त यह आखिरी मजाक थी—संन्यासी की मजाक, संसारियों के प्रति। हम भी जीवन में कितने ही ताले डालें, सिर्फ ताले ही रह जाते हैं। चारों तरफ जीवन असुरक्षित है सदा, कहीं कोई दीवार नहीं है।
जो इस तथ्य को स्वीकार करके जीना शुरू कर देता है—कि जीवन में कोई सुरक्षा नहीं है, असुरक्षा के लिए राजी हूं मेरी पूर्ण सहमति है, वही संन्यासी है और जो असुरक्षित होने को तैयार हो गया—निराधार होने को —उसे परमात्मा का आधार उपलब्ध हो जाता है।

'नव— संन्यास क्या?
से संकलित 'संन्यास: मेरी दृष्टि में' :
रेडिओ—वार्ता आकाशवाणी बम्बई से प्रसारित

CamScanner

7:10 pm 0 KB/s VoLTE 4G 38%

यह कहानी तो आपने सुनी ही होगी कि राजपुत्रों के गुरू द्रोणाचार्य द्वारा अस्वीकार कर दिए जाने पर, एक लव्य ने उनकी मिट्टी की मूर्ति बना कर धनुर्विद्या का अभ्यास किया।
एक दिन एक लव्य प्रतिदिन की ही भांति अभ्यास कर रहा था, कि एक कुत्ता उसे देख कर जोर जोर से भौंकने लगा। ध्यान भंग होता देख, एक लव्य ने एक के बाद एक कईं तीर इस प्रकार छोड़े कि कुत्ते के मुँह में कोई घाव भी नहीं हुआ और उसका मुँह तीरों से बंद भी हो गया।
वह कुत्ता व्याकुल होकर पास ही में लगे राज शिविर से होकर गुजरा। जहाँ अर्जुन आदि सहित गुरू द्रोण ने उसे देखा और वे ऐसे विचित्र धनुर्धारी को खोजते हुए एक लव्य के पास पहुँच गए।
एक लव्य ने गुरूजी को देखा तो चरणों में प्रणाम किया। मालूम पड़ने पर कि यह एक लव्य उन्हें ही गुरू मान कर धनुर्विद्या में पारंगत हुआ है, गुरू द्रोण ने दक्षिणा स्वरूप एक लव्य के दाहिने हाथ का अंगूठा माँग लिया, जो एक लव्य ने सहज ही गुरूजी के चरणों में समर्पित कर दिया।
अब इस कथा का आध्यात्मिक रहस्य-
एक इष्ट में लौ लग जाना ही एक लव्य हो जाना है। साधन पथ की प्रारंभिक कक्षा का विद्यार्थी क्षुद्र नाम से जाना जाता है, जो कालांतर में, इसी जन्म में, इसी देह से, उत्तरोत्तर साधन करता हुआ, वैश्य और क्षत्रिय श्रेणी पार कर ब्राह्मणत्व की प्राप्ति करता है।
गुरूजी का स्वरूप अपने अंत:करण में उतार लेना ही उनकी मूर्ति बनाना है। यही "ध्यानमूलं गुरूर्मूर्तिम्" है। ध्यान ही धनुष है, गुरूदेव का उपदेश ही बाण है। गुरूजी के उपदेश पर मनन करना ही धनुर्विद्या का अभ्यास करना है।
मन ही कुत्ता है। मन में बार बार सांसारिक विचार उठना ही उस कुत्ते का बार बार भौंकना है, जो साधन मार्ग में सब से बड़ी बाधा है। एकनिष्ठ, श्रद्धावान, दृढ़ प्रतिज्ञ साधक, अभ्यास के बल से, बिना मन को चोट पहुँचाए, निर्विचार में प्रतिष्ठित होता है, पूर्णत्व को प्राप्त होता है।
तब गुरूजी कर्तृत्वाभिमान से छुड़ा लिया करते हैं। अंगुठा कर्तृत्व का ही प्रतीक है। साधक कर्तृत्व का त्याग कर धन्य हो जाता है। तब वह कर्ता नहीं रहता, इसीलिए भोक्ता भी नहीं रहता। तब वह हर प्रकार के दुख द्वंद्व से सदा सदा के लिए छूट जाता है।
लोकेशानन्द कहता है कि हमें भी एक लव्य होने का प्रयास करना चाहिए।

CamScanner

7:10 pm 2 KB/s VoLTE 4G 38%

धनुर्विद्या का अभ्यास किया।
एक दिन एक लव्य प्रतिदिन की ही भांति अभ्यास कर रहा था, कि एक कुत्ता उसे देख कर जोर जोर से भौंकने लगा। ध्यान भंग होता देख, एक लव्य ने एक के बाद एक कई तीर इस प्रकार छोड़े कि कुत्ते के मुँह में कोई घाव भी नहीं हुआ और उसका मुँह तीरों से बंद भी हो गया।
वह कुत्ता व्याकुल होकर पास ही में लगे राज शिविर से होकर गुजरा। जहाँ अर्जुन आदि सहित गुरू द्रोण ने उसे देखा और वे ऐसे विचित्र धनुर्धारी को खोजते हुए एक लव्य के पास पहुँच गए।
एक लव्य ने गुरूजी को देखा तो चरणों में प्रणाम किया। मालूम पड़ने पर कि यह एक लव्य उन्हें ही गुरू मान कर धनुर्विद्या में पारंगत हुआ है, गुरू द्रोण ने दक्षिणा स्वरूप एक लव्य के दाहिने हाथ का अंगूठा माँग लिया, जो एक लव्य ने सहज ही गुरूजी के चरणों में समर्पित कर दिया।
अब इस कथा का आध्यात्मिक रहस्य-
एक इष्ट में लौ लग जाना ही एक लव्य हो जाना है। साधन पथ की प्रारंभिक कक्षा का विद्यार्थी क्षुद्र नाम से जाना जाता है, जो कालांतर में, इसी जन्म में, इसी देह से, उत्तरोत्तर साधन करता हुआ, वैश्य और क्षत्रिय श्रेणी पार कर ब्राह्मणत्व की प्राप्ति करता है।
गुरूजी का स्वरूप अपने अंतःकरण में उतार लेना ही उनकी मूर्ति बनाना है। यही "ध्यानमूलं गुरूर्मूर्तिम्" है। ध्यान ही धनुष है, गुरूदेव का उपदेश ही बाण है। गुरूजी के उपदेश पर मनन करना ही धनुर्विद्या का अभ्यास करना है।
मन ही कुत्ता है। मन में बार बार सांसारिक विचार उठना ही उस कुत्ते का बार बार भौंकना है, जो साधन मार्ग में सब से बड़ी बाधा है। एकनिष्ठ, श्रद्धावान, दृढ़ प्रतिज्ञ साधक, अभ्यास के बल से, बिना मन को चोट पहुँचाए, निर्विचार में प्रतिष्ठित होता है, पूर्णत्व को प्राप्त होता है।
तब गुरूजी कर्तृत्वाभिमान से छुड़ा लिया करते हैं। अंगुठा कर्तृत्व का ही प्रतीक है। साधक कर्तृत्व का त्याग कर धन्य हो जाता है। तब वह कर्ता नहीं रहता, इसीलिए भोक्ता भी नहीं रहता। तब वह हर प्रकार के दुख द्वंद्व से सदा सदा के लिए छूट जाता है।
लोकेशानन्द कहता है कि हमें भी एक लव्य होने का प्रयास करना चाहिए।

CamScanner


समर्पित साधक ही
एक लव्य है।
ध्यान ही धनुष है।
गुरूजी का उपदेश
ही बाण है।
मन ही कुत्ता है।
अंगुठा ही कर्तृत्व
का प्रतीक है।
-लोकेशानन्द

CamScanner

7:08 pm 0 KB/s VoLTE 4G 38%

119 1 share

Like Comment Share

Prem ! Prbhu Osho...
Virendra Kumar · 4h ·

राबिया थी एक फकीर औरत सूफी। उसने अपने धर्मग्रंथ में पढ़ा कि शैतान को घृणा करो! उसने उस किताब में वह लकीर काट दी। एक मित्र फकीर हसन उसके घर मेहमान था। उसने सुबह-सुबह धर्मग्रंथ खोला और देखा कि उसमें तो धर्मग्रंथ में सुधार किया है किसी ने। तो उसने राबिया को पूछा कि तू पागल हो गई है, तूने सुधार किया है यह? धर्मग्रंथ में कहीं सुधार किया जा सकता है?
राबिया ने कहा कि मुझे बड़ी मजबूरी हो गई, इसलिए सुधार करना पड़ा। जब से मुझे परमात्मा दिखाई पड़ना शुरू हुआ, मुझे शैतान दिखाई ही नहीं पड़ता है। और इस किताब में लिखा है: शैतान को घृणा करो! शैतान मुझे दिखाई ही नहीं पड़ता है, अब तो जो भी दिखाई पड़ता है परमात्मा ही दिखाई पड़ता है। शैतान भी सामने खड़ा हो जाए तो परमात्मा ही दिखाई पड़ता है। एक तो यह कठिनाई हो गई। और दूसरी कठिनाई यह हो गई कि जब से परमात्मा ही दिखाई पड़ता है, तब से प्रेम के अतिरिक्त मेरे भीतर कुछ रह नहीं गया; घृणा नहीं रह गई। अब मैं घृणा कैसे करूं? एक तो शैतान दिखाई नहीं पड़ता, दूसरी मेरे भीतर घृणा नहीं रह गई, इसलिए इस लकीर को मैंने काट दिया कि यह लकीर मेरे लिए अव्यावहारिक हो गई है।
🪷आचार्य रजनीश ओशो🪷
🙏💓🙏

तृषा गई एक बूंद से

CamScanner


Prem ! Prbhu Osho...
चलो अच्छा हुआ काम आ गई दीवानगी अपनी..
वर्ना हम जमाने-भर को समझाने कहां जाते
बहुत हैं जिन्होंने सत्य को जानकर अपने को
पागल घोषित कर दिया है। सूफी उनको मस्त
कहते हैं । दुनिया उनको पागल समझ लेती है।
झंझट मिटी, अब कोई पूछने भी नहीं आता
कि क्या जाना ? पागल से कौन पूछता है !

CamScanner


महावीर ने बारह वर्षों में
केवल तीन सौ पैंसठ दिन
भोजन किया। इसका अर्थ
हुआ कि ग्यारह वर्ष भोजन
नहीं किया।।
"लेकिन अब तक महावीर से
ज्यादा स्वस्थ शरीर खोजना
मुश्किल हैं"!!
Oshoravi

CamScanner

6:29 pm 0 KB/s 4G 43%

facebook

Osho Ravi Yog

1h ·

💓प्रेम और 🙃मोह में अंतर साफ़~साफ़ समझ लो!!

6 25 views

Like Comment Share

CamScanner


पूरी दुनियां में इतने
बलशाली लोग हुए हैं!
जिनकी एक दहाड़
मात्र से लोग भयभीत
हो जाया करते थे,
कहां हैं! अब सिकंदर
और नेपोलियन
और हिटलर! मृत्यु सब
को मिट्टी कर देती है!
ओशो

CamScanner



CamScanner

मैं तुमसे कहता हूं, कठिनाई का
मुकाबला करने से ही मनुष्य निर्मित
होता है। जितनी चोट पड़ती है,
उतनी जाग आती है। जितने तार
तुम्हारे छेड़े जाएंगे, उतना संगीत
निखरेगा। जितनी छेनी तुम पर
पड़ेगी, उतना ही रूप प्रगट होगा।
ओशो

CamScanner


सौंदर्य का वास्ता
शरीर से नहीं है,
सौंदर्य तोआत्मिक
सुगंध हैं।
जिनके पास आत्मा
ही नहीं है, वे सुंदर
कैसे हो सकेंगे?
सुंदर दिख सकते
है, हो नहीं
सकते।
OSHO

CamScanner

CamScanner

CamScanner

जब कोई आदमी मर
जाता है..
तो उसके ठीक
3-4 मिनट तक उसकी
चेतना शरीर के पास
ही रहती है..!
और अपने आसपास
रोने वालों को देखकर,
सोचता है कि..
ये सब क्यों रो रहे हैं,
मैं तो मौजूद हूं...!!
ओशो

CamScanner

5:32 pm 0 KB/s VoLTE 4G 46%

facebook

आया। तब तक लक्ष्मी ने भोजन बनाकर तैयार कर रखा था। साधु ने पेट भर भोजन किया। वह प्रसन्न हुआ। उसने हँसकर किसान से कहा...बहुत दिनों बाद कुबेर के घर का भोजन मिला है। मैं बहुत प्रसन्न हूँ।*

अब तुम्हारी याद आती रहे, इसलिए मुझे कान भर मोती देना। मैं तुम दंपति को सदैव याद करूँगा।' उस पर किसान ने हँसकर कहा - 'साधु महाराज ! मैं अनपढ़ किसान आपको कान भर मोती कैसे दे सकता हूँ। आप ज्ञान संपन्न हैं। इस कारण हम दोनों आपसे कान भर मोतियों की अपेक्षा रखते हैं।' साधु ने आँखें भींचकर कहा - 'नहीं किसान राजा, तुम अनपढ़ नहीं हो। तुम तो विद्वान हो। इस कारण तुम मेरी इच्छा पूरी करने में सक्षम रहे।

मेरी विचित्र माँग पूरी होने तक मैं हमेशा भूखा-प्यासा हूँ। जब तुम जैसा कोई कुबेर मिल जाता है तो पेट भर भोजन कर लेता हूँ।' साधु ने किसान की ओर देखा - जो फसल के दानों, पानी की बूँदों और उपदेश के शब्दों को मोती समझता है। वही मेरी दृष्टि से सच्चा कुबेर है। मैं वहाँ पेट भरकर भोजन करता हूँ। फिर वह भोजन दाल-रोटी हो या चटनी रोटी। प्रसन्नता का नमक उसमें स्वाद भर देता है। जहाँ आतिथ्य का वास है। वहाँ मुझे भोजन अवश्य मिल जाता है। अच्छा अब मुझे चलने की अनुमति देना। ईश्वर तुम्हारा कल्याण करे।'

किसान दंपत्ति को आशीर्वाद देकर साधु आगे चल पड़ा। कहा भी है..

पृथ्वियां त्रीणि रत्नानि जलमन्नंसुभाषितम्।
मूढ़ैः पाषाणखण्डेषु रत्नसंज्ञाभिधीयते।।

पृथ्वी पर तीन ही रत्न हैं। जल, अन्न और सुभाषित। मूर्ख लोग ही पत्थर के टुकड़ों हीरे, मोती माणिक्य आदि को ही रत्न कहते हैं

34 7 comments • 8 shares

Like Comment Share

CamScanner

CamScanner

आयी तो बिल्लियों ने उसे घेर लिया और कहा, क्या देखा, इंग्लैंड में क्या क्या देखा ? रानी के दर्शन किये कि नहीं ? उसका सिंहासन देखा कि नहीं ? कोहनूर जड़ा उसका मुकुट देखा कि नहीं ?

तो उसने कहा गयी थी देखने, देख नहीं पायी। क्योंकि रानी सिंहासन पर बैठी थी, सिंहासन सुंदर था, मुकुट भी बड़ा प्यारा था, मुकुट में हीरा भी चमक रहा था, मगर मैं मुश्किल में पड़ गयी, क्योंकि एक चूहा सिंहासन के नीचे बैठा था। उस चूहे को देखने के कारण मैं कुछ और देख नहीं पाई। मैं तो चूहे को ही देखती रही,बड़ा प्यारा चूहा था। बड़ा गजब का चूहा था। एकदम लार टपकने लगी थी।

अब बिल्ली अगर इंग्लैंड जाए, तो और देखे भी क्या? कोहनूर भी पड़ा रहे और उसी के पास एक चूहा बैठा हो, तो बिल्ली क्या देखे? भाड़ में जाए कोहनूर। कोहनूर का करोगे क्या? खाओगे, पीओगे कि पहनोगे ? जब चूहा मौजूद हो तो कौन कोहनूर की फिकिर करता है।

ऋषि अपनी भाषा बोलते हैं, हम अपनी भाषा समझते हैं। वहीं चूक हो जाती है। जब ऋषि ने कहा, सब सुखी हों, तो ऋषि यह कह रहा है कि जैसा मैं सुखी हुआ, ऐसे सब हों। तुमने सुना, तुमने कहा कि ठीक है, तो ऋषि यह कह रहे हैं कि कार मिले, बड़ा मकान मिले, कि सुंदर स्त्री मिले। तुम अपना सुख सुनने लगे,तुम अपना सुख समझने लगे। ऋषि तो अपने सुख की बात कर रहा है।

ऋषियों का सुख क्या है? कि सबको परमात्मा मिले। वहीं तो पहुँच कर सारे लोग दुख के पार होते हैं। इस संसार में तो दुख ही दुख है। मगर तुम्हें दुखी होने की कोई आवश्यकता नहीं है, अनिवार्यता नहीं है, तुम सुखी हो सकते हो। मैं सुखी हूँ और तुमसे कहता हूँ कि तुम भी ऐसे हो सकते हो। मैं गवाह हूँ, सारे ऋषि गवाह हैं लेकिन तुम तो ऋषियों के पास भी जाते हो तो आशीर्वाद वही माँगते हो कि चूहा मिल जाए....

क्यों कि हम सामने वाले की बातों का अर्थ अपने मन के हिसाब से लगाते हैं।

CamScanner

तुम कभी पूजा पाठ ना करते
अगर तुम्हें लालच ना होता

लालच पाप माफ़ कराने का..

और

लालच नये पाप करने का..
तुम्हारे इस सच को ना मानने
से क्या होगा, कुछ भी नहीं.

CS CamScanner

दोष देखना भी दोष है

मनुष्य दूसरों को सुधारने के लिये उनके दोष देखता है और आलोचना करता है, परिणाम यह होता है कि दूसरों के दोषों का सुधार तो होता नहीं, दोषों का लगातार चिन्तन करने से वे दोष संस्काररूप से उसके अपने अन्दर घर कर लेते हैं, इससे पहले के रहे दोषों की पुष्टि होती है, उन्हें बल मिल जाता है। फिर अपने दोषों का दीखना बन्द हो जाता है, बल्कि कहीं-कहीं तो उनमें गौरवबुद्धि हो जाती है। जिससे पतन का पथ प्रशस्त हो जाता है।

जब मनुष्य दूसरे को सुधारने के लिये उसके दोष देखता है, तब स्वाभाविक ही वह मानता है कि मुझमें दोष नहीं हैं, गुण हैं। इससे गुणों का अभिमान बढ़ जाता है और दोष बढ़ते रहते हैं। जहाँ अपने दोष देखने की आदत छूटी कि फिर उसका जीवन ही दोषमय बन जाता है।

CamScanner

बड़े मजे की बात है कि पवित्र भगवान का मंदिर, अपवित्र आदमी के घुसने से अपवित्र हो जाता है! होना तो उलटा चाहिए था कि अपवित्र आदमी पवित्र मंदिर में पहुंच जाए तो पवित्र हो जाए। लेकिन होता यह है कि खुद भगवान ही अपवित्र हो जाते हैं! यह अपवित्र आदमी बहुत मजबूत है, भगवान बहुत कमजोर कोई बल नहीं मालूम होता उनमें। एक अपवित्र आदमी चला गया और भगवान अपवित्र हो गए, मंदिर ही अपवित्र हो गया! ऐसे कमजोर मंदिरों से धर्म कैसे आ सकेगा ? ऐसे मंदिर चाहिए, जहां अपवित्र घुसे और पवित्र होकर वापस लौट आए।उसको ही हम मंदिर कह सकते हैं। इसको कैसे मंदिर कह सकते हैं ?

Osho Universal _ Dhaval Parmar

ओशो

माटी कहे कुम्हार सूं

CamScanner



CamScanner

तुम सत्यनारायण की कथा करवा लेते हो,
कभी हवन भी करवा लेते हो,
कभी यज्ञ करवा लेते हो,
और बड़ा आश्चर्य है,
करोड़ों रुपये यज्ञ पर फूंके जाते हैं,
और यज्ञ धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं है।
यजन है, भजन नहीं है।
घी डालो, गेहू डालो, जो तुम्हें डालना हो डालते रहो,
सब आग खा जाएगी।
तुम जब तक अपने को न डालोगे
तब तक कोई यज्ञ पूरा नहीं होता।
जिस दिन तुम यह गेहू और घी
इत्यादि डालने का पागलपन छोड़ोगे,
अपने को डाल दोगे आग में,
तुम जिस दिन कहते कि मैं जलने को तैयार हूं
उस दिन क्रांति घटती है, उस दिन भक्त का जन्म होता है।

Oshoravi

अथातो भक्ति जिज्ञासा, भाग -२, प्रवचन #७, ओशो

CS CamScanner

8:13 am 0 KB/s 4G 95%

तो मैं मानने वाला नहीं, फूल सफेद थे, और सफेद रहेंगे—मेरी कथा में सफेद रहेंगे।
इस तरह के हिम्मतवर लोग भी तो होते हैं। ये बड़े प्यारे लोग हैं। ये कहते हैं कि तुम राम को ले आओ तो उनकी फिकर मानने वाला नहीं हूं कह दिया सफेद, सफेद। मैं था या नहीं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं जानता हूं फूल सफेद थे। बात तो बिगड़ गयी। हनुमान बहुत उछल—कूद मचाने लगे। उन्होंने कहा, चलना पड़ेगा रामचंद्रजी के पास, अब वही निर्णय करें।

तो कथा कहती है कि रामचंद्रजी के पास ले जाया गया, रामदास गए—हनुमान ले गए उनको उड़ाकर—राम के सामने निवेदन किया गया। राम ने हनुमान से कहा कि तुझे बीच में नहीं बोलना चाहिए। तू शांत रहा कर। एक तो ऐसी जगह तुम गए किसलिए? गए भी तो अपना कंबल ओढ़े बैठे रहते, चुपचाप सुन लेते तुम्हें सुनना था तो। रामदास ठीक कहते हैं, फूल सफेद थे। हनुमान ने कहा, यह तो हद हो गयी, अन्याय हुआ जा रहा है, मैं खुद गया.।

राम ने कहा, तुम गए थे, वह मुझे मालूम है, लेकिन तुम इतने क्रोध से भरे थे, तुम्हारी आंखों में खून था, तुम्हें लाल दिखायी दिए होंगे, फूल सफेद ही थे। तुम्हारी आख में क्रोध था, खून से भरी थीं आंखें, तुम दीवानी हालत में थे। यह रामदास बैठकर शाति से अपनी कहानी कह रहा है, इसको कोई दीवानगी थोड़े ही है! इसको कुछ लेना—देना थोड़े ही है! तुम पागल हुए जा रहे थे—सीता कैद हो गयी थी, तुम जिसे प्रेम करते हो वह राम दिक्कत में पड़ा था, सारी बात अस्तव्यस्त थी, हार होगी कि जीत कुछ पक्का नहीं था, तुम उस अड़चन में थे—तुम्हें कहां ठिकाना कि फूल सफेद थे कि लाल थे। रामदास ठीक कहता है। तुम इससे क्षमा मांग लो।

आख की बात है। संसार की बात नहीं है। तुम्हारी आख में कामवासना का रंग है तो सब तरफ कामवासना है। तुम्हारी आख में राम बस गए, सब तरफ राम। फूल वैसे ही हो जाते हैं जैसे तुम्हारी आख का रंग है।

~ओशो, एस धम्मो सनन्तनो

CamScanner

तुम्हारी आख में
कामवासना का रंग है
तो सब तरफ
कामवासना है। तुम्हारी
आख में राम बस
गए, सब तरफ राम।
फूल वैसे ही हो जाते हैं
जैसे तुम्हारी आख का
रंग है।
~ओशो, एस धम्मो
सनन्तनो

CS CamScanner


बुद्धों के इतिहास में महावीर
ही एक मात्र! ऐसे पुरुष
हुए हैं, जिन्होंने
अमावस की अँधेरी रात को
"निर्वाण प्राप्त किया,
जबकि बुद्ध भी पूर्णिमा की
रात को उपलब्ध हुए थे!
ओशो

CamScanner

7:46 pm 19 KB/s 35%

ध्यान शून्य लाता है। अगर तुमने जल्दबाजी की तो शून्य को भरने की तृष्णा पैदा होगी। अगर जल्दबाजी न की और तुम शून्य के साथ रहने को राजी हो गए, तुमने उसे स्वीकार कर लिया, तो तुम पाओगे धीरे-धीरे शून्य अपने आप भर दिया गया। क्योंकि प्रकृति शून्य को बरदाश्त नहीं करती; शून्य तुम करो, भर देती है प्रकृति। न परमात्मा शून्य को बरदाश्त करता है। तुम शून्य पैदा करो, परमात्मा भर देता है।

शून्य भर चाहिए, पूर्ण तो उतर आता है। जैसे कहीं गङ्ढा हो, वर्षा हो, तो सारा पानी चारों तरफ से दौड़ कर गङ्ढे में भर जाता है। ऐसे ही तुम जब शून्य होते हो, परमात्मा चारों तरफ से तुम्हारी तरफ दौड़ने लगता है। तुमने गङ्ढा बना दिया, अब भरना उसे है। आधा तुम करते हो, आधा परमात्मा करता है। और तुम्हारा करना कुछ खास नहीं, असली करना तो उसी का है। तुम्हारा करना इतना ही है कि तुम खाली होने को राजी हो जाओ। इसलिए सारे बुद्धपुरुष–भरने की तृष्णा से बचो, बटोरने की तृष्णा से बचो–इसका इतना आग्रह करते हैं। क्योंकि अगर तुमने स्वयं ही भर लिया, तो तुम परमात्मा को भरने का मौका ही नहीं देते हो।

एक आदमी एक मनोवैज्ञानिक के पास गया। उसकी मुसीबत यह थी कि उसे हर चीजें दो दिखाई पड़ती थीं। मुश्किल पड़ गई थी अड़चन होने लगी थी। और एक दिन तो अड़चन बहुत बढ़ गई क्योंकि जब उसने अपनी पत्नी से यह कहा यूं तो छिपाए रहा मगर कब तक छिपाता पत्नी भी पूछने लगी कि बात क्या है? तुम्हारा चलना, उठना, बैठना कुछ बेढंगा हो गया है!

अब जिस आदमी को दो कुर्सी दिखाई पड़ रही हों वह पहले टटोल कर देखे कि कौन सी असली है। बिना टटोले उसको पता न चले। फिर तो धीरे-धीरे उसे अपने हाथ भी दो दिखाई पड़ने लगे। फिर तो वह टटोले तो भी उसको अनुभव हो कि वह दो को टटोल रहा है। बात बिगड़ती चली गई। वह अपनी पत्नी को भी गले लगाए तो पहले टटोले देखे कि कौन असली है।

आखिर एक दिन उसने पत्नी से कहा कि अब तू मानती नहीं पूछती है

CamScanner

21 48 comments

Like Comment Share

आध्यात्मिक मार्ग Aadhyaatmik Marg

Parshotam Rai · 9h ·

परमात्मा जब किसी से नाराज़ होता है तो वह उसका भोजन नहीं बन्द करता और न ही जीव को कोई दुख देता है और न ही सूर्य को आज्ञा देता है कि इसके आंगन को रोशनी नहीं देना बल्कि परमात्मा जब किसी से नाराज़ होता है तो वह उसका वो वक्त छीन लेता है जिस वक्त वह पूजा-पाठ कर सके। परमात्मा की पूजा-पाठ न कर सकना उस परमात्मा की नाराज़गी की सबसे बड़ी निशानी है।और जो जीव हर रोज भजन पूजन करते हैं तो वह खुशनसीब हैं कि परमात्मा उस जीव से बहुत खुश हैं।और जीव को पल पल परमात्मा का आशीर्वाद अपने ऊपर समझना चाहिए।

🙏🏼🙏🏼

34 6 comments • 4 shares

Like Comment Share

CGTN – China Global TV Network

Sponsored ·

CamScanner

7:44 pm 0 KB/s VoLTE 4G 35%

facebook

Osho Human Being To Be.In.God

5h ·

"'^अर्धनारीश्वर का गूढ़तम अर्थ^'"

आपका वीर्य-कण दो तरह की आकांक्षा रखता है। एक आकांक्षा तो है बाहर की स्त्री से मिलकर, फिर एक नए जीवन की पूर्णता पैदा करने की एक और गहन आकांक्षा है, जिसको हम अध्यात्म कहते है, वह आकांक्षा है, स्वयं के भीतर की छिपी स्त्री या स्वयं के भीतर छिपे पुरूष से मिलने की। अगर बाहर की स्त्री से मिलना होता है, तो संभोग घटित होता है। वह भी सुखद है, क्षण भर के लिए।

अगर भीतर की स्त्री से मिलना होता है, तो समाधि घटित होती है। वह महासुख है, और सदा के लिए। क्योंकि बाहर की स्त्री से कितनी देर मिलेगा? देह ही मिल पाती है, मन नहीं मिल पाते, मन भी मिल जाए, तो आत्मा नहीं मिल पाती। और सब भी मिल जाए तो मिलन क्षण भर ही हो सकता है। भीतर की स्त्री से मिलना शाश्वत हो सकता है। बाहर की स्त्री से मिलना है, तो वीर्य-कण की जो देह का मिलन तो देह के सहारे ही हो सकता है। अगर भीतर की स्त्री से मिलना है तो देह की कोई जरूरत नहीं है। वीर्य-कण की देह तो अपने केंन्द्र में, काम-केंद्र में पड़ी रह जाती है; और वीर्य-कण की ऊर्जा उससे मुक्त हो जाती है वही ऊर्जा भीरत की स्त्री से मिल जाती है। इस मिलन की जो अत्यांतिक घटना है, वह सहस्त्रार में घटित होती है। क्योंकि सहस्त्रार ऊर्जा का श्रेष्ठतम केंद्र है, और काम केंद्र देह का श्रेष्ठतम केंद्र है। ऊर्जा शुद्ध हो जाती है सहस्त्रार में पहुंच कर; सिर्फ ऊर्जा रह जाती है। प्योर इनर्जी। और सहस्त्रार में आपकी स्त्री प्रतीक्षा कर रही है। और आप अगर स्त्री हैं, तो सहस्त्रार में आपका पुरूष आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। यह मिलन भीतर मिलन है। इस मिलन को ही हमने अर्धनारीश्वर कहा है।

ओशो; समाधि के सप्त द्वार

CamScanner


V P Bablu Sanjay Tiwari
Today, 7:17 am
बिना स्वार्थ किसी का
भला करके देखिये
आपकी तमाम
उलझनें ऊपर वाला सुलझा
देगा..
सुप्रभात ...
Reply

CamScanner



CS CamScanner


हजारों मनुष्यों में कोई ही मनुष्य
मेरी प्राप्ति के लिए यत्न करता है,
और उन यत्न करने वाले योगियों में भी
कोई ही पुरुष मेरे परायण हुआ
मेरे को तत्व से जानता है
अर्थात यथार्थ मर्म से जानता है।
आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शन अ.7.प्र.80/23
परमात्मा की खोज
0sh0

CamScanner

2:59 pm 0 KB/s 63%

में सोचा कि किसी व्यक्ति ने अपनी नाव
मेरी नाव से टकरा दी है।
और मुझे क्रोध आ गया।

मैंने आंखें खोली और मैं उस
व्यक्ति को क्रोध में कुछ कहने ही
जा रहा था कि मैंने देखा कि दूसरी नाव खाली है।
अब मुझे कुछ करने का कोई उपाय न रहा।
किस पर यह क्रोध प्रकट करूं? नाव तो खाली है।

और वह नाव धार के साथ बहकर आई थी।
और मेरी नाव से टकरा गई थी।
अब मेरे लिए कुछ भी करने को न था।
एक खाली नाव पर क्रोध उतारने
की कोई संभावना न थी।
तब फिर एक ही उपाय बाकी रहा।

मैंने आंखें बंद कर ली।
और अपने क्रोध को पकड़ कर
उलटी दिशा में बहने लगा।
और में पहूंच गया अपने केंद्र पर।
वह खाली नाव में आत्म ज्ञान का कारण बन गई।
उस मौन रात में मैं आपने भीतर सरक गया।
और क्रोध मेरी सवारी बन गया।
और खाली नाव मेरी गुरु हो गई।

और फिर लिंची ने कहा,
अब जब कोई आदमी मेरा अपमान करता है
तो मैं हंसता हूं और कहता हूं कि यह नाव भी खाली है।
मैं आंखें बंद करता हूं और अपने भीतर चला जाता हूं।

इस विधि को प्रयोग करो।
यह तुम्हारे लिए चमत्कार कर सकती है'"^

CS CamScanner



CS CamScanner

अगर आप समझते हैं, की सुन कर ही आप को समझ में आ गया ! तो इतनी जल्दी मत करना, अगर सुन कर समझ में आता होता, तो हम कभी के समझ गए होते ! सुन कर ही समझ में आता होता, तो इस दुनिया में समझदारों की कमी नहीं होती, ना समझ खोजना मुश्किल हो जाता !

मगर गौर से देखें नासमझ ही नासमझ हैं

CamScanner

पुरुष-मुरुष कहां, जरा-सी बात में झुका लो।

स्त्रियों के मन में पति के प्रति आदर नहीं रह जाता। कारण? पतियों का खुद का व्यवहार है। पति जल्दी ही समझौते कर लेते हैं। पत्नियां इतने जल्दी समझौते नहीं करतीं। मेरे हिसाब में पत्नियां ज्यादा आत्मबल प्रगट करती हैं। और तुम्हें सभी को अनुभव होगा इस बात का। अगर तुममें और तुम्हारी पत्नी में झंझट हो गई तो झुकना तुम्हीं को पड़ता है, पत्नी नहीं झुकती। दिन बीतें, दो दिन बीतें, तीन दिन बीतें, नहीं झुकती। रोयेगी, खाने में ज्यादा नमक डालेगी,रोटियां जलायेगी, बच्चों को पीटेगी, बर्तन गिरायेगी, दरवाजे भड़कायेगी, सब करेगी--मगर झुकेगी नहीं! तुम्हें सता डालेगी सब तरफ से। आखिर तुम्हें उस हालत में कर देगी कि अब या तो पागल हो जाओ और या झुक जाओ। मगर ध्यान रखना, जब तुम झुकते हो तभी तुम्हारे प्रति श्रद्धा समाप्त हो जाती है।

स्त्री का मन उस पति को आदर देता है जो संकल्पवान है। अगर तुम न झुको, पहली बार न झुको...पहली बार ही भूल हो जाती है।

एक गांव के गंवार ने शादी की...शहरी होता तो इतनी हिम्मत नहीं रख सकता था...गांव का गंवार था। पत्नी को लेकर चला वापिस। घोड़ा गाड़ी थी उसके पास। घोड़ा बीच में अटक गया। उसने एक कोड?ा मारा घोड़े को और कहा कि एक...! घोड़ा एकदम चल पड़ा। फिर अटका। उसने फिर उसे दो कोड़े मारे और कहा दो...! पत्नी बैठी-बैठी सुन रही थी कि यह हो क्या रहा है! फिर तीसरी बार घोड़ा अटका। वह उतरा नीचे, निकाली उसने बंदूक और घोड़े को वहीं मार दी गोली। धड़ाम से घोड़ा नीचे गिर गया। दो दफे चेतावनी दे दी,पर्याप्त; अब तीसरा मौका आ गया। पत्नी ने कहा: यह तुमने क्या किया? उसने कहा: एक...! बस...फिर उसके बाद दो की नौबत नहीं आई। मगर वह तो गांव का गंवार था। मामला पहली दफा रफा-दफा हो गया। ऐसे पुरुष का स्त्री आदर करती है!

,, ओशो,,

CamScanner

12:06 am 0 KB/s 21%

Osho Human Being To Be.In.God
1m ·

मरने लगे कबीर तो काशी छोड़कर चले गए। काशी लोग मरने आते हैं। मरे मराए लोग काशी मरने आते हैं।

खयाल है कि काशी में जो मरता है, वह स्वर्ग में जन्म लेता है। काशी के पास एक छोटा सा गांव है, मगहर। कि जो मगहर में मरता है, वह गधा होता है नर्क में।

कबीर मरते वक्त मगहर चले गए। बहुत समझाया मित्रों ने, प्रियजनों ने, शिष्यों ने कि क्या करते हैं,

मगहर में कोई मरता ही नहीं! मगहर में आदमी मर भी जाए, तो उसके रिश्तेदार उसे लेकर भागते हैं कि अभी थोड़ी सांस चल रही है, मगहर के बाहर निकाल लो, नहीं तो नर्क में गधा होता है।

तो काशी लोग मरने आते हैं दूर–दूर से और तुम काशी जिंदगीभर रहे और मरने के वक्त मगहर जा रहे हो, दिमाग खराब तो नहीं हो गया!

कबीर ने कहा कि काशी में रहकर अगर मैं मरा और स्वर्ग में गया, तो कर्ता का भाव पकड़ जाएगा–अपनी वजह से। मगहर में मरूं, तो जहां उसकी मर्जी हो। नर्क का गधा बना दे,
तो भी उसकी मर्जी रही।

हम तो मगहर में ही मरेंगे। और अगर स्वर्ग गए तो फिर कह सकेंगे, तेरी अनुकंपा, तेरी कृपा। मरे तो मगहर में थे, होना तो गधा था। लेकिन काशी में मरकर अहंकार पकड़ेगा कि काशी में मरे, रहे काशी में, गए काशी–इसलिए। हमारे हर कर्म के पीछे कर्ता खड़ा हो जाता है, मैं कर रहा हूं।

ओशो; निर्वाण उपनिषद

CamScanner


मूर्तिपूजा की किमिया
मूर्ति बहुत विकसित लोगों ने पैदा की थी। सोचने जैसा है। क्योंकि मूर्ति का संबंध है, वह जो कास्मिक फोर्स है, हमारे चारों तरफ जो ब्रह्म शक्ति है, उससे संबंधित होने का सेतु है वह। जिन लोगों ने भी मूर्ति विकसित की होगी, उन लोगों ने जीवन के परम रहस्य के प्रति सेतु बनाया था।
गहरे पानी पैठ
प्रवचन - ०४
मूर्ति-पूजा: मूर्त से अमूर्त की ओर
ओशो

CamScanner


मूर्तिपूजा की
किमिया
मूर्ति बहुत विकसित लोगों ने पैदा की थी। सोचने जैसा है। क्योंकि मूर्ति का संबंध है, वह जो कास्मिक फोर्स है, हमारे चारों तरफ जो ब्रह्म शक्ति है, उससे संबंधित होने का सेतु है वह। जिन लोगों ने भी मूर्ति विकसित की होगी, उन लोगों ने जीवन के परम रहस्य के प्रति सेतु बनाया था।
गहरे पानी पैठ
प्रवचन - ०४
मूर्ति-पूजा: मूर्त से अमूर्त की ओर
ओशो

CamScanner



💓 OSHO TOMORROW 💓

Swami Anand Sahaz · 4d ·

Prem ! Prbhu Osho...

Bani Dsai · 6d ·

मैं लाओत्सु के शास्त्रों पर बोला हूं, बुद्धों के शास्त्रों पर बोला हूं, जैनों के शास्त्रों पर बोला हूं, हिंदुओं के शास्त्रों पर बोला हूं, मुसलमानों के शास्त्रों पर बोला हूं, यहूदियों के शास्त्रों पर बोला हूं, ईसाइयों के शास्त्रों पर बोला हूं। मैंने करीब-करीब सारे धर्म...सिक्खों के शास्त्रों पर बोला हूं। सारे धर्मों पर बोला हूं। इसलिए, ताकि तुमसे मैं कह सकूं कि सभी धर्मों में हीरे मौजूद हैं और सभी धर्मों में कचरा भी मौजूद है। कचरे से सावधान। और हीरा जहां भी मिले, अपना है। और कचरा कहीं भी हो, अपने ही शास्त्रों में क्यों न हो, जला देने योग्य है। और जितना जल्दी हो उतना अच्छा है। डर यह है कहीं कचरे में हीरे न खो जाएं। खो गए हैं।

ओशो

CamScanner


अगर दुनियां में जीसस
"बुद्ध और महावीर,
दोबारा आ जाँए! तो
तुम्हारे हाथों में फिर
वहीं "पत्थर होंगे! फिर
वहीं "सूली होगी.!
क्योंकि जिंदा गुरुओं
को तुम कब!
"स्वीकार करते हो.!!
{ओशो}

CamScanner


अकेले बैठ कर खुद से एक सवाल करें
कि आपके मरने के बाद कितने
लोगों को फर्क पड़ेगा।
जिन्हें फर्क पड़ेगा उनका ख्याल करें
बाकियों को छोड़ दें।

CamScanner


जिस दिन तुम शांत होने का प्रयत्न करोगे उस दिन तुम्हे पता चलेगा की तुम्हारे अंदर का शैतान कितना प्रबल है.

CamScanner

11:47 pm 0 KB/s VoLTE 4G 23%

ओ शो वाणी

Seema Mangal · 5d ·

ऑस्ट्रेलिया के एक बौद्ध भिक्षु का इंटरव्यू सुना, पत्रकार भिक्षु से पूछता है कि कोई अगर आपकी पवित्र धार्मिक पुस्तक त्रिपिटक को फाड़कर शौचालय के कमोड में फेंक दे तब आप क्या करेंगे ?

बौद्ध भिक्षु ने उत्तर दिया कि मैं सबसे पहले प्लम्बर को फोन करूंगा ताकि नाली चोक न हो जाए। इस पर पत्रकार को हंसी आती है।

दूसरा प्रश्न पूछता है कि बामियान में तालिबान द्वारा बुद्ध प्रतिमाएं नष्ट कर दी गईं, इस पर आप क्या कहेंगे ?

बौद्ध भिक्षु ने कहा कि धम्म(धर्म) न तो मूर्तियों में है और न ही प्रेस पर छपी किताबों में है। धम्म हमारे दिलों में और उससे भी आगे हमारे व्यवहार में जब तक जिंदा है तब तक किताबों को फाड़ने से कुछ नहीं होता है,किताब हम दोबारा छपवा लेंगे, मूर्तियां नई बना ली जाएंगी लेकिन अगर हम अपने आचरण और अपने दिलों में धम्म को खो देते हैं और किताबों, मूर्तियों को बचा लेते हैं तो कोई फायदा नहीं है। तब केवल मूर्तियां और किताबें रह जाएंगी, धम्म खो चुका होगा, उसके प्राण खो चुके होंगे।

पूरा इंटरव्यू सुनने लायक है और बाकी के सभी धर्मों हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, पारसी, यहूदी आदि को इसे समझने की जरूरत है। किसी को भी, किसी का भी अपमान नहीं करना चाहिए लेकिन अपमान यदि कोई करे तब उसे उस देश की कानून व्यवस्था के तहत सजा दिलाओ अन्यथा हमारी धार्मिक किताबों का अपमान हो गया? तो हम सब देश जला देंगे? शास्त्र तो हमें प्रेम और शांति का संदेश देता था? तब हम अपनी किताब की रक्षा के लिए प्रेम और शांति को नष्ट कर देते हैं? क्या आप शांति और प्रेम खोकर उस किताब को बचा लेते हैं, जिसमें प्रेम और शांति का संदेश लिखा था? 🙏🍁

CamScanner

11:46 pm 1 KB/s 4G 23%

facebook

नवनीत विचार

5 Oct ·

चीन में एक "अदभुत आदमी हुआ.. लाओत्से.! उसको एक राज्य का कानून मंत्री बनाया गया.!

एक बार एक आदमी ने चोरी की! और पहला ही "मुकदमा.. लाओत्से के सामने आया, तो उसने चोर को छह महीने की सजा दी, और साहूकार को भी छह महीने की सजा दे दी!

साहूकार ने कहा;- आप पागल हो गए हैं! यह किस कानून में लिखा है कि जिसके घर चोरी हो! वह भी सजा काटे?

लाओत्से ने कहा, पागल मैं नहीं हो गया हूं अब तक सारा कानून पागल था! तूने सारे गांव की संपत्ति इकट्ठी कर ली है, चोरी नहीं होगी तो अब क्या होगा गांव में? यह चोर तो नंबर दो है जिम्मेवार चोरी में, नंबर एक तू जिम्मेवार है। इतना धन जहां इकट्ठा होगा वहां चोरी होगी। इस चोर को चोरी करवाने में तूने ही टेंपटेशन, तूने ही प्रेरणा दी है। और इस आदमी ने अगर चोरी की है, तो तुम दोनों चोरी में समान भागीदार हो। मैं तो तुम दोनों को ही सजा दूंगा।

राजा ने कानून मंत्री को बुला कर कहा कि आपका दिमाग दुरुस्त है? कभी दुनिया में यह हुआ है? लाओत्सु ने कहा, नहीं हुआ दुनिया में इसीलिए दुनिया से चोरी नहीं मिट सकी है और नहीं मिट सकेगी। और मैं कहता हूं कि जो मैं कह रहा हूं अगर यह हो, तो दुनिया में चोरी मिट सकती है।

लाओत्सु की बात नहीं सुनी गई। आज भी पूरी तरह नहीं सुनी गई है! लेकिन जब तक नहीं सुनी जाएगी, वह वर्डिक्ट, वह लाओत्सु का कथन खड़ा रहेगा आकाश में, चमकते हुए अक्षरों में लिखा रहेगा कि तब तक नहीं मिट सकती चोरी जब तक चोर के साथ साहूकार भी दंडित नहीं होगा, नहीं मिटेगी।

ओशो..✍

CamScanner

लाओत्से को कानून मंत्री
बनाया गया.! एक फैसले
के दौरान.. उन्होंने,
"चोर को सज़ा दी, और
उतनी ही सज़ा साहुकार को
दी, जिसके घर चोरी
हुई थी.!!
..ओशो 😅🙏
{लाओ त्से नमन}

CamScanner

11:42 pm 0 KB/s VoLTE 4G 23%

सबसे पवित्र क्या है ...🖊

पण्डितजी एक दिन एक बच्चे से बात करते हुए उलझ गये ।
बच्चे ने भी एक प्रश्न दाग दिया कि--
वो कौन-सी वस्तु है, जो कभी अपवित्र नहीं होती......?

पण्डित जी टोपी उतार कर पसीने-पसीने हो गये, मगर, उस बच्चे के प्रश्न का जवाब नहीं दे पाये ।

आखिर हार मान कर बोले, चल तू बता ।

बच्चे ने कहा कि कभी न अपवित्र होने वाली वस्तु है ....

टेन्ट हाउस के गद्दे, जिसे हिन्दू -मुसलमान, पण्डित, हरिजन, कुम्हार , डोम और बाल्मीकि सभी धर्म के लोग खुश होकर इस्तेमाल करते हैं ।
ये गद्दे मौत से लेकर पूजापाठ, विवाह पण्डाल तक और धार्मिक कथा से लेकर उठावना तक हर मौके पर बिछते हैं ।
इनको कोई सूतक भी नहीं लगता ।
बाराती भी इन गद्दों पर सोम-रस पीने के बाद वमन करते हैं ।
छोटे बच्चों को सुविधानुसार इन पर पेशाब करा दिया जाता है ।
इतना ही नहीं, इन पर बिछी चादरों से जूते भी चमका लिये जाते हैं ।
हद तो तब होती है, जब हलवाई इन चादरों में पनीर का चक्का लटका देता है उसी पनीर से क्या मजे का मटर-पनीर बनता है....
पण्डित जी चारों खाने चित थे और बच्चा पण्डित जी पर पानी के छींटे मार रहा था......

इस पोस्ट को एक चुटकुले या हास्य के नजरिए से ना देखा जाए।
यह एक परम सत्य है जिसे हम सब जानते हैं पर मानते नहीं हैं ।
सिर्फ दिखावा करते हैं ।
।। जय श्री कृष्णा ।।
🙏🙏🙏🙏🙏🙏🙏🙏

16 1 comment • 6 shares

CamScanner

जिसे संवारने में उम्र गुजार दी..! वह जिस्म तो महज रूह का लिबास निकला...

बुल्ले शाह

CamScanner

11:41 pm 0 KB/s 23%

facebook

Humare Whatsapp Group Se Judne K Liye Niche wale Link Par Click Karen... See more



216 1 comment • 93 shares • 5.1K views

Like Comment Share

CamScanner

11:38 pm 0 KB/s 4G 24%

Like Comment Share

osho suvichar

3d ·

तुम्हारा मन प्रार्थना भी करेगा तो भी प्रार्थना न होने देगा। तुम्हारा मन प्रार्थना से भी अहंकार को भरने लगेगा। अपने ध्यान की चर्चा मत करना,उसे छिपाना। उसे संभालना जैसे कोई बहुमूल्य हीरा मिल गया हो,उसे तुम छिपाते हो,उछालते नहीं फिरते। संपदा को तुम गड़ा देते हो ऐसे ही ध्यान को गड़ा देना। उसकी तुम चर्चा मत करना। उससे तुम अहंकार मत भरने लगना। अन्यथा मन की बेल वहां भी पहुंच लेगी और सब चूस लेगी। और जहाँ मन पहुंच जाता है वहां धर्म नहीं। मन बहिर्मुखी है। उसका ध्यान दूसरे पर होता है ,अपने पर नहीं। ध्यान अंतर्मुखी है। ध्यान का अर्थ है अपने पर ध्यान देना दूसरे पर नहीं। मन का अर्थ है दूसरे पर ध्यान देना। ध्यान करो अगर तुम दो पैसे गरीब को दे देते हो तो तुम देखते हो कि लोग देखते हैं कि नहीं। तुम मंदिर बनाते हो तो बड़ा पत्थर लगाते हो अपने नाम का तुम दान देते हो तो अखबार में खबर छपवाते हो, सब व्यर्थ हो जाता है।

प्रवचन-शिवसूत्र

ओशो

42 1 comment • 3 shares

Like Comment Share

Reels and short videos

CamScanner

11:36 pm 0 KB/s VoLTE 4G 24%
facebook

Like Comment Share

नवनीत विचार
2d ·

चार आदमियों ने तय किया कि मौन की साधना करेंगे। वे चारों गए, एक मंदिर में बैठ गए... चौबीस घंटे मौन से रहेंगे। कोई घड़ी भी नहीं गुजरी थी कि पहला आदमी बोला अरे अरे, पता नहीं मैं ताला लगा आया कि नहीं घर का! दूसरा मुस्कुराया, उसने कहा कि तुमने मौन खंडित कर दिया नासमझ, मूढ़! तूने बोल कर सब मौन खराब कर दिया! तीसरा बोला कि खराब तो तुम्हारा भी हो गया है! तुम क्या खाक उसको समझा रहे हो? चौथा बोला : हे प्रभु! एक हम ही बचे, जिसका मौन अभी तक खराब नहीं हुआ।

बोले बिना रहा नहीं जाता। अगर बिना बोले रह जाओ तो बहुत कुछ हो। अगर मौन रह जाओ तो महान घट सकता है।

शब्द से सत्य के घटने में कोई सहारा नहीं मिलता—शून्य से ही सहारा मिलता है। अगर ऐसा भाव मन में उठ रहा है मौन रह जाने का, तो रह ही जाओ, इतना भी मत कहो; इतना कहने से भी खराब हो जाएगा। - ओशो

CamScanner

15:48



CamScanner

Write a comment...

Idanim
Sponsored ·

सुखदायक विपश्यना ध्यान | Connect With Your Inner Self

www.idanim.com
विपश्यना ध्यान | Body Scan Meditation
Watch more

922 · 33 comments • 23 shares

Like Comment Share

नवनीत विचार
2d ·

चार आदमियों ने तय किया कि मौन की साधना करेंगे। वे चारों गए, एक मंदिर में बैठ गए... चौबीस घंटे मौन से रहेंगे। कोई घड़ी भी नहीं गुजरी थी कि पहला आदमी बोला अरे अरे, पता नहीं मैं ताला ... See more

CamScanner

11:35 pm 0 KB/s   VoLTE 4G 24%

32   1 share

Like   Comment   Share

osho suvichar
2d ·

जापान में झेन फकीरों की परम्परा है,उनसे तुम पूछोगे कि ध्यान के लिए क्या करें तो वे कहते हैं कुछ न करो बस बैठ जाओ। ध्यान रखना कि जब वे कहते है कि कुछ न करो तो इसका मतलब है कुछ भी न करना, बस बैठ जाना। बस इतना ही करना कि बैठ गए और कुछ भी मत करना,क्योंकि तुमने कुछ किया कि मन आया। बात बड़ी सरल लगती है पर है बड़ी कठिन। यही तो मुसीबत है कि बैठना मुश्किल है। आंख बंद की, काम शुरू हुआ, फिर वही दौड़। शरीर बैठा हुआ दिखाई पड़ता है लेकिन मन जाग रहा है।
अगर तुम सिर्फ बैठ जाओ और कुछ भी न करो तो ध्यान ।

41   5 comments • 1 share

Like   Comment   Share

Pappu Gupta

Like   Reply   1

Write a comment...

Idanim
Sponsored ·

CamScanner

किसी दूसरे के सम्मान के आकांक्षी न बने,
परमात्मा ने पैदा करके हमें जो सम्मान दिया है
उससे बड़ा और कोई सम्मान नहीं हो सकता...

OSHO

CamScanner

तुम्हारे मन में विचार चलते हैं–तुम देखते हो विचारों को, दूसरा भी उनको देख सकता है; उसकी कला है। लेकिन, विचारों को देखने की उस कला का धर्म से कोई भी संबंध नहीं। न किताब को पढ़ने की कला से धर्म का कोई संबंध है। न दूसरे के मन को पढ़ने की कला से धर्म का कोई संबंध है। जादूगर सीख लेते हैं–वे कोई सिद्ध–पुरुष नहीं है।

लेकिन तुम बहुत चमत्कृत होओगे। तुम गये किसी साधु के पास और उसने कहा कि आओ; तुम्हारा नाम लिया, तुम्हारे गांव का पता बताया और कहा कि 'तुम्हारे घर के बगल में एक नीम का झाड़ू है' –तुम दीवाने हो गये! लेकिन, साधु को नीम के झाड़ू से क्या लेना, तुम्हारे गांव से क्या लेना, तुम्हारे नाम से क्या मतलब? साधु तो वह है जिसे यह पता चल गया है कि किसी का कोई नाम नहीं, रूप नहीं, किसी का कोई गांव नहीं। ये गांव, नाम, रूप –सब संसार के हिस्से है। तुम संसारी हो! वह साधु भी तुम्हें प्रभावित कर रहा है, क्योंकि वह तुमसे गहरे संसार में है। उसने और भी कला सीख ली।

CamScanner

EkKadamSafaltakiOrr
हर वक्त कोई ना कोई दुनिया छोड़ रहा है।
आप भी इसी लाइन में है,जाने से पहले जी
लो,ताकि किसी चीज़ का अफसोस ना रहे।

CamScanner

CS CamScanner


EkKadamSafaltakiOrr
आत्मज्ञान का मतलब यह एहसास होना
है कि,आप अब तक मूर्ख थे। हर चीज़
यहीं आपके भीतर मौजूद थी और आपको
इसकी खबर नहीं थी~सदगुरु
एक कदम सफलता की ओर

CamScanner

11:23 pm 99 KB/s 25%

Like Comment Share

osho suvichar

1d ·

इस दुनिया में सरलतम चीजें ही कठिन होती हैं। तुमसे कोई करने को कहे कि हिमालय चढ़ जाओ यह इतना कठिन नहीं है। पसीना आएगा, थकान होगी मगर चढ़ जाओगे। तुमसे कोई कहे कि न करो तो मुसीबत हो गयी। हालांकि वह तुमसे इतना ही कह रहा है कि कुछ मत करो बस बैठो।

अगर चुपचाप बैठे रहे तो क्या होगा? पहले तो जैसे ही तुम बैठोगे तो शरीर में अनेक स्थानों पर गति शुरू हो जाएगी? कहीं पेअर में लगेगा कि क्या चुभ रहा है? कहीं लगेगा कि शरीर के किसी कोने में खुजलाहट हो रही है। कहीं लगता है कि कमर में कहीं दर्द हो रहा है, कहीं लगता है कि गर्दन में पीड़ा हो रही है। और एक क्षण पहले तक यह कुछ नहीं हो रहा था तुम बिल्कुल ठीक थे। अचानक सब तरफ से शरीर बगावत कर रहा है। वह कह रहा है कि कुछ करो अगर कुछ न करो तो खुजलाओ लेकिन कुछ करो। कुछ नहीं तो शरीर की करवट बदल लो। क्योंकि जीवन इस संसार में कृत्य के बल पर टिका है,जैसे ही तुम कृत्य से शून्य हुए की यह संसार खोया। जैसे ही तुम शांत बैठना चाहते हो तो शरीर कहता है कि कुछ करो।

शरीर की बात को मत सुनना क्योंकि मालिक तुम हो अगर तुमने थोड़े दिन न सुना तो यह अपने आप चुप हो जाएगा आखिर कितनी देर तक चिल्लायेगा? तुम ध्यान देते हो, तुम पोषण देते हो तुम कह देने एक घंटे कुछ भी हो जाये मैं कुछ नहीं करने वाला। तुम्हें थोड़े दिन अपनी मालकियत की घोषणा करनी पड़ेगी। क्योंकि इस ग़ुलाम को तुमने बहुत दिनों तक मालिक बनाया है अब उसकी मालकियत छीननी पड़ेगी।

प्रवचन-शिवसूत्र

ओशो

CamScanner

CONTENTS

S. No.	Exercise	Page No.
1.	To study about Tillage and Tillage Implements	1
2.	To study about Deshi Plough	3
3.	To study about Mould Board Plough	5
	3.1 Meston Plough	10
	3.2 Shabash Plough	11
	3.3 Care Plough	12
	3.4 U. P. No. 1 Plough	13
	3.5 U. P. No. 2 Plough	14
	3.6 Wah-Wah Plough	15
	3.7 Victory Plough	16
	3.8 Punjab Plough	17
4.	To study about Disc Plough	18
5.	To study about the different types of Cultivators	20
	5.1 Kanpur Cultivator	22
	5.2 R. N. Cultivator	23
	5.3 Mecormic Cultivator	24
	5.4 Shabash Cultivator	25
	5.5 Wah-Wah Cultivator	26
6.	To study about different types of Harrows	27
	6.1 Triangular Harrow	31
	6.2 Spring tooth Harrow	32
	6.3 Disc Harrow	33
	6.4 Offset disc Harrow	34
	6.5 Structural differences between Harrow and Cultivator	35
	6.6 Function Differences between Harrow and Cultivator	36
7.	Calculation of Horse Power, Drawbar Horse Power, Draft & Area covered	37

Rotate screen Play Share Search

CamScanner

गलत 🍔 भोजन असंतोष

उत्पन्न करता है,

और तुम्हारी भूख संतुष्ट नहीं

होगी,,

क्योंकि भूख भी भोजन नहीं

🥗 पोषण चाहती हैं।।

CamScanner

10:03 pm 3 KB/s VoLTE 4G 21%

ये तुम जो पितृ-पक्ष इत्यादि मनाते हो, इसका मतलब तुम्हें चाहे पता हो या न हो! इसका मतलब है कि हे पिता जी, अब आप उसी तरफ रहना! यहां सब ठीक चल रहा है। श्राद्ध किए दे रहे हैं! जिंदगी भर जिनकी श्रद्धा में दो फूल नहीं चढ़ाए थे, मरने पर लोग उनकी श्राद्ध करते हैं! गया जाते हैं, श्राद्ध करने! अगर पिता जिंदा होते और कहते: बेटा, मुझे गया ले चलो, तो कोई ले जाने को राजी नहीं था--जिंदा पिता को कोई गया ले जाने को नहीं था, कि काहे के लिए, क्या जरूरत है? फिजूलखर्ची करवाना है! शांति से घर में बैठो। तुम्हें बुढ़ापे में और न मालूम कहां-कहां के खयाल आते हैं! मगर पिता जी चल बसे, फिर बेटा जी गया जाते हैं! डर, कि अब किसी तरह छुटकारा करो इनका; जो कुछ लेना-देना है, निपटारा करो; कहीं आ-वा न जाएं!

मनुष्य डरता है, इसलिए मुर्दे की पूजा करता है। जिंदा का सम्मान नहीं है, जीवन का सम्मान नहीं है, मृत्यु का भय है।
तुम परमात्मा को दो ढंग से खोज सकते हो। एक तो मृत्यु का भय। उससे तुम परमात्मा को खोजने चलो तो तुम्हारी खोज प्रथम से ही गलत हो गई। और एक जीवन का प्रेम। उससे तुम परमात्मा को खोजने चलो तो तुम्हारे कदम ठीक रास्ते पर पड़ने लगे।

मैं तुम्हें जीवन का प्रेम सिखाना चाहता हूं। मैं तुम्हें चाहता हूं तुम फूलों से संबंध जोड़ो, तुम इस जगत के सौंदर्य से संबंध जोड़ो, तुम्हारे जीवन में प्रेम उमगे। और इस जगत में जो सर्वाधिक प्रेम करने योग्य स्थल है तो वह है किसी ऐसे संत को खोज लेना जो मिट गया हो..वहां समर्पित हो जाना।

साध तें बड़ा न कोई। कहि राम सुनावत सोई।।
राम कही, हम साधा।...
जगजीवन कहते हैं: राम ने कहा और हमने साधा। उन्होंने जो कहा, वैसा साधा। हमने कुछ उसमें हेर-फेर न किया।

ओशो

CamScanner



अगर खोना है..!! तो दौड़ो, पाना है, तो ठहर जाओ..!!

_Lao Tazu

INSTA/ @PHILOSOPHY_GYAN

CamScanner

CamScanner


मिश्र में कहा जाता था कि
जब कोई परमात्मा को पुकारता है
तो उसे जान लेना चाहिए
कि उससे बहुत पहले परमात्मा ने
उसे पुकार लिया होगा,
अन्यथा पुकार ही पैदा नहीं होती।
मैं मृत्यु सिखाता हूं प्र..2

CamScanner

10:01 pm 0 KB/s 21%

Skin Radiance Cream

7.5K 1.1K comments • 316 shares

Like Comment Share

ओ शो वाणी

ललित राजपाल · 9h

* दूध : मांसाहार, अंडा : शुद्ध शाकाहार *

अब यह भी बड़े सोचने की बात है कि किसने तुम्हें कहा कि दूध सात्विक आहार है? कैसे तुमने जान लिया कि दूध सात्विक आहार है? दूध तो मांसाहार और शाकाहार के बीच में पड़ता है। यह आधा मांसाहार है, क्योंकि दूध आता है रक्त और मांस से। यह शाकाहार तो निश्चित ही नहीं है। यह कोई झाड़ों में नहीं लगता दूध। यह हड्डी-मांस-मज्जा की देह से निकलता है। अंडे और दूध में कुछ फर्क नहीं है। और अब तो अंडे ऐसे भी निकलते हैं जो शाकाहारी अंडे हैं, मगर अभी तक कोई शाकाहारी दूध नहीं निकला है। शाकाहारी अंडे खा लेना भी उतना बड़ा पाप नहीं है जितना दूध पीना, क्योंकि दूध तो एनिमल-फ़ूड है, वह तो पशु से आ रहा है। और तुम्हारे लिए बना भी नहीं था।

अब जैसे गाय का दूध तुम पी रहे हो, वह बना था सांड के लिए। सांड के लिए जो चीज बनी थी, उसको पीकर तुम सात्विक हो जाओगे? सांड हो जाओगे! सात्विक कैसे हो जाओगे?

ओशो🙏

CamScanner

Ramana Hridayam
28m ·

Question: The book "Who Am I?" says: 'The mind has a unique power (shakti) whereby thoughts are generated.' What is that shakti and where are its root and origin?

Bhagavan: It is the mind itself. Kill the mind completely and thoughts cannot arise, for without mind there are no questions, no arising of self, world, and Ishwara.

Question: Then Ishwara too, is only in the mind?
Answer: There is no thought of 'another' without the thought of 'me'.

Question: Then, I am the beginning and the end? That there is nothing save what is seen of the mind itself?

- Talks of Bhagavan with Samuel T. Rappold
Answer: Yes I am the beginning and the end. He who sees his Self, sees the Self of all, and does not heed the differences, which is duality.

See translation



CS CamScanner

10:00 pm 0 KB/s 4G 21%

4

6

Like Comment Share

Osho leela Ashram

9m ·

सदगुरुओं के शब्दों में जो उलझ जाए, वह चूक जाता है। सदगुरुओं की सन्निधि में डूबो। उनके शब्द तभी तुम समझ पाओगे जब उनका मौन समझने लगोगे। सदगुरुओं के साथ एक प्रीति में बंधो, एक संगीत में बंधो। तुम्हारे और तुम्हारे गुरु के हृदय की धड़कन एक हो उठे, लयबद्ध हो जाए, तो शायद जो नहीं कहा जा सकता उसकी थोड़ी सी झलक, थोड़ी सी पुलक तुम तक पहुंच जाए। थोड़ी सी लहर, सागर तो नहीं, मगर थोड़ी सी लहर, हवा का एक झोंका आए--गंध ले आए थोड़ी तुम तक--तुम्हारे नासापुटों तक।

🙏 ओशो 🙏 प्रीतम छवि नैनन बसी 🌹8 🌹

CamScanner

9:07 pm 217 KB/s VoLTE 4G 30%

हमारा चित्त बहुत अजीब है। अक्सर हम शब्दों से खेलना शुरू कर देते हैं, शब्दों को समझना नहीं। और अक्सर शब्दों में जो इशारे होते हैं, उनको भी जानने की हमारी कोई खोज नहीं होती। हम शब्दों को पकड़ लेते हैं और उनसे चिपक जाते हैं। और जो आदमी जितना शब्दों में चिपकने में समर्थ हो जाता है, उतना बड़ा ज्ञानी हो जाता है, उतना समझदार हो जाता है। सच्चाई यह है कि शब्दों को पकड़ने और शब्दों से चिपके रहने वाले लोगों से ज्यादा नासमझ इस जमीन पर कोई और दूसरे नहीं हैं। शब्दों का अर्थ नहीं है, शब्द तो इशारे हैं। और जो इशारों को पकड़ लेगा, मैं आपको अंगुली उठाऊं और दिखाऊं कि वह चांद है, और आप मेरी अंगुली पकड़ लें और कहें कि कहां है इसमें चांद? तो मैं मुश्किल में पड़ जाऊंगा। अंगुली में चांद बिलकुल नहीं है। अंगुली जिस ओर इशारा कर रही है, वहां है चांद और जो अंगुली को पकड़ लेगा, उसे चांद तक देखने की कोई गुंजाइश नहीं रह जाएगी। शब्द इशारे हैं, शब्दों में कुछ भी नहीं है। लेकिन किस तरफ वे इशारे कर रहे हैं, उस तरफ देखने की बात है और अगर उस तरफ न देखा और शब्दों को पकड़ कर हिसाब-किताब लगाया, तो न तो कुछ समझ पैदा हो सकती है और न आंखें उस तरफ उठ सकती हैं, जो शब्दों के बिलकुल बाहर है। जीवन शब्दों के बिलकुल बाहर है।

शब्द इशारे कर सकते हैं, लेकिन शब्द जीवन नहीं हैं। मैंने आपसे यह नहीं कहा है कि कल के बाबत आप सब भांति से सोचना-विचारना, योजना करना बंद कर दें। मैंने आपसे यह कहा है कि जीवन में जो पोस्टपोनमेंट की जो हमारी आदत है, जो स्थगित कर देने की हमारी आदत है, और हम बड़े अदभुत हैं, अगर अभी मैं आपको गाली दूंगा तो आप यह नहीं कहेंगे कि कल मैं इसका उत्तर दूंगा, आप अभी इसी वक्त गाली देंगे। और अगर मैं आपको धक्का दूं और आपको क्रोध आ जाए, तो आप यह नहीं कहेंगे कि ठहरिए, दो दिन बाद जब मुझे फुरसत होगी, तब मैं क्रोध करूंगा। अभी मुझे फुरसत नहीं है, अभी मैं काम से जा रहा हूं। नहीं गाली का उत्तर आप अभी देंगे, उसे स्थगित नहीं करेंगे, पोस्टपोन नहीं करेंगे। लेकिन अगर आपको एक अच्छे काम करने का खयाल आ जाए तो आप कहेंगे कल कर लूंगा, परसों कर लूंगा।

CamScanner

9:07 pm 392 KB/s 30%

एक बहुत बड़े धनपति के घर में एक नये-नये आदमी को नौकर रखा गया। लेकिन दो-चार दिन में ही पाया गया कि नौकर में कुछ खूबियां हैं। और खूबियां ऐसी हैं कि अगर वे चलें तो नौकरी चलनी बहुत कठिन है। मालिक ने उसे कहा: बड़े आश्चर्य की बात है कि तीन अंडे खरीदने तुम्हें बाजार तीन बार जाना पड़ता है! तीन अंडे एक ही बार में खरीद कर लाए जा सकते हैं, एक-एक अंडे को बार-बार जाकर खरीदने की कोई जरूरत नहीं है। इस भांति काम नहीं चल सकेगा, अपना सुधार कर लो और या विदा ले लो। उस नौकर ने कहा: मालिक, मैंने सुधार कर लिया और ऐसी भूल अब दुबारा नहीं होगी। कोई आठ दिन बाद ही वह मालिक बीमार पड़ गया और उसने कहा कि जाओ डाक्टर को बुला लाओ। वह नौकर गया, डाक्टर को अपने साथ लाया और साथ में एक पूरी भीड़ भी ले आया। और उसने आकर अपने मालिक को कहा: मैं डाक्टर को भी लिवा लाया हूं, और बाकी लोगों को भी लिवा लाया हूं। उसके मालिक ने पूछा: ये बाकी लोग और कौन हैं? तो उसने कहा: डाक्टर निश्चित ही निरीक्षण करेगा और दवाई के लिए कहेगा, तो मैं दवा वाले दुकानदार को भी बुला लाया हूं। और हो सकता है डाक्टर की दवा काम न कर सके, तो मैं कब्र खोदने वाले लोगों को भी बुला लाया हूं। मैं सबको लिवा लाया हूं एक ही बार में, और अब बार-बार जाने की कोई भी जरूरत नहीं है।

जहां तक शब्दों को समझने का अर्थ है, उस नौकर ने कोई गलती नहीं की। और जहां तक मैंने दो दफा यह कहा, मैंने कहा कि कल पर जीवन को मत छोड़ना और मैंने यह कहा कि कल मैं उत्तर दूंगा; आपने भी शब्दों को समझने में कोई भूल नहीं की। लेकिन जिस भांति वह नौकर ने शब्दों को समझा, उसी भांति आपने भी समझा।

हमारा चित्त बहुत अजीब है। अक्सर हम शब्दों से खेलना शुरू कर देते हैं, शब्दों को समझना नहीं। और अक्सर शब्दों में जो इशारे होते हैं, उनको भी जानने की हमारी कोई खोज नहीं होती। हम शब्दों को पकड़ लेते हैं और उनसे चिपक जाते हैं। और जो आदमी जितना शब्दों में चिपकने में समर्थ हो जाता है, उतना बड़ा ज्ञानी हो जाता है, उतना समझदार हो जाता है। सच्चाई यह है कि शब्दों को पकड़ने और शब्दों से चिपके रहने वाले लोगों से ज्यादा नासमझ इस जमीन पर कोई और उससे नहीं हैं। शब्दों का अर्थ नहीं है, शब्द तो इशारे हैं। और जो इशारों

CamScanner

9:05 pm 106 KB/s 31%

Like Comment Share

Osho Ravi Yog

1d ·

।।ओशो नमन।।

****

"विचारों का निरीक्षण"

प्रत्येक व्यक्ति 24 घंटे में अपने विचारों को कम से कम चार बार बदलता है,

जिसने अपने आप को इन चारों क्षणों में अपने आप को स्थिर कर लिया और क्या घटित हो रहा है,

इस को साक्षी भाव से देख लिया, उस को दूनिया की कोई भी ताकत प्रज्ञावान होने से नहीं रोक सकती , जिसने ऐसा अनुभव किया है,

वो ही वास्तव में महाज्ञानी हैं!!

.

.

.

#ओशो #osho #oshoravi #oshoraviyog

CamScanner


जो आपके अंदर से उठे वही जीवन जीना । मैं एक
बार फिर से कहता हूं । कि तुम ही ईश्वर हो फर्क सिर्फ
इतना है कि तुम अपने को भूले हो और मैं अपने को
पहचान लिया हूं । मैं किसी धर्म , संप्रदाय , देश और
काल की सीमा से बंधा हुआ नहीं , । मैं मुक्त हूं । तुम
भी मुक्त हो सकते हो । नृत्य से सुगम और कोई दूसरा
उपाय नहीं है अपने अहंकार को अस्तित्व में विलीन
करने के लिए.! ❤️🕊️ओशो🕊️❤️

CamScanner

9:02 pm 84 KB/s VoLTE 4G 31%
facebook

देखता है जिन्हें कोई संत देखता है, जिन्हें कोई बुद्ध पुरुष देखता है। ठीक उसी तरह ही देखता है। बच्चा करीब-करीब संत ही होता है। लेकिन वह केवल एक समय तक ही ऐसा रहता है। यदि बच्चा छह महीने तक, नौ महीने तक, एक साल तक नहीं बोलता—तो उस समय तक बच्चा आभा-मंडल देखेगा, अनुभव करेगा गहराई से। जब बच्चा बोलना शुरू कर देता है, तो वह बच्चा फिर बच्चा नहीं रहता। फिर बच्चा संसार का हिस्सा हो जाता है; भाषा के, बुद्धि के, मन के संसार का हिस्सा हो जाता है। तब धीरे-धीरे वे गुण तिरोहित होने लगते हैं।

भारत में हमारे पास एक मान्यता है, और बड़ी सच्ची बात छिपी है उसमें। भारत में ऐसा कहा जाता है कि छह महीने तक बच्चे को पिछले जन्म की स्मृति रहती है। यह बात सच है, क्योंकि छह महीने तक बच्चा बहुत शांत और मौन रहता है और उसका बोध बहुत गहरा होता है। फिर रोज-रोज संसार और— और ज्यादा जुड़ता जाता है उसके साथ—हम सिखाते हैं उसे, संस्कारित करते हैं उसे—तो बच्चा समाज का हिस्सा ज्यादा हो जाता है और अस्तित्व से उसका संबंध टूटता जाता है। बच्चा संसार में खो जाता है। यही है आदम का गिरना, ज्ञान का फल चख लिया जाता है। ज्ञान के वृक्ष का फल तब चखा जाता है जब बच्चा बोलना शुरू करता है।

फिर दोबारा अगर तुम उस निर्दोषता को पाना चाहते हो, उसे फिर आविष्कृत करना चाहते हो, तो तुम्हें मौन सीखना होगा—इसीलिए तो मौन के लिए, ध्यान के लिए इतना ज्यादा जोर है। तुम्हें फिर भाषा को भूलना होगा। भीतर की सब बातचीत, भीतर का सारा शोरगुल बंद करना होगा। तुम्हें फिर निर्दोष, भाषाविहीन होना होगा—भीतर कोई शब्द न रहें, शुद्ध अंतस सत्ता मात्र रह जाए, फिर से तुम बच्चे हो जाओ। स्मरण रखना, जीसस बार-बार कहते हैं, 'जो बच्चों की भांति हैं केवल वही प्रवेश करेंगे मेरे प्रभु के राज्य में।'
ओशो
पतंजलि: योगसूत्र - 3(56)

CamScanner

9:03 am 0 KB/s VoLTE 4G 92%

यह फल कोई प्रार्थना नहीं है। यह फल कोई मुक्ति का मार्ग नहीं है।

ध्यान या प्रार्थना का अर्थ मेरे लिए मौन है, सायलेंस है।

तो घड़ी, आधा घड़ी को चौबीस घंटे में बिलकुल मौन होकर रह जाएं और चुपचाप जीवन के साथ एकता का अनुभव करें, वही प्रभु-स्मरण है। यह नाम-जप वगैरह प्रभु-स्मरण नहीं है। फिर प्रभु का कोई नाम है जो आप उसका नाम जप करेंगे?

नाम तो आदमियों के भी झूठे हैं। आप पैदा हुए, तब आपको नाम दिया गया। आए आप बिना नाम के–अनाम। फिर मां-बाप काम चलाने के लिए नाम दे देते हैं कि इनका नाम राम है, इनका नाम विष्णु है, इनका नाम कृष्ण है। ये नाम सब कामचलाऊ हैं, झूठे हैं, ऊपर से चिपकाए गए हैं।

कोई आदमी का कोई नाम नहीं है। यह सामने वृक्ष खड़ा है, इसका कोई नाम है? वृक्ष का कोई नाम नहीं है। सब नाम आदमियों के दिए हुए हैं।

अगर पृथ्वी पर आदमी समाप्त हो जाए, तो किसी चीज का कोई नाम रह जाएगा? किसी चीज का कोई नाम नहीं रह जाएगा। फिर भी दरख्त होंगे, आम होगा; फिर भी होगा। चांदत्तारे होंगे, लेकिन नाम नहीं होगा। नाम अभी भी नहीं है उनका।

नाम कहीं है ही नहीं जगत में, सिर्फ आदमी की ईजाद है। और हम इतने होशियार हैं कि हमने चीजों के भी नाम रख लिए हैं, और परमात्मा का भी नाम रख लिया है। नाम जैसी चीज बिलकुल मिथ, बिलकुल कल्पना है। तो परमात्मा का कोई नाम नहीं है। सिवाय मौन के, शून्य भाव के उससे कहीं मिलन नहीं हो सकता। इसलिए शून्य भाव को, मौन भाव को ही मैं ध्यान कहता हूं।

.
.
.

#ओशो #osho #oshoravi #oshoraviyog

CamScanner

9:02 am 0 KB/s VoLTE 4G 92%

भारत में कोई विज्ञान पैदा नहीं हो सका–यह राम-राम के जप जैसी प्रक्रियाओं की वजह से। भारत की सारी प्रतिभा नष्ट हो गई, क्योंकि पुनरुक्ति से प्रतिभा नष्ट होती है। दोहराएं और प्रतिभा नष्ट होगी। प्रतिभा चाहती है नया, प्रतिभा चाहती है नवीन। और पुराने, पुराने, पुराने को दोहराने से घबड़ाहट पैदा होती है और नींद पैदा होती है।

कोई जप कहीं नहीं ले जा सकता। मौन ले जाता है; और जप मौन नहीं है। शून्य भाव, मौन भाव, सायलेंस, चुप हो जाना प्रभु तक ले जाता है। यह जप वगैरह सब बकवास है। एक ही शब्द को बार-बार दोहराएं या अनेक शब्दों को अलग-अलग दोहराएं, कोई भी स्थिति में मौन नहीं होता, हर हालत में मौन टूट जाता है। मौन पहुंचाएगा। मौन है प्रार्थना, मौन है द्वार, मौन है मार्ग–जप नहीं।

और अब तो सारी दुनिया इस तथ्य को अनुभव कर रही है। नया मनोविज्ञान नई-नई खोजें कर रहा है, और उन खोजों में, सबसे महत्वपूर्ण खोजों में से एक यह है कि पुनरुक्ति मनुष्य की चेतना को क्षीण करती है, डल करती है, शिथिल करती है, विकसित नहीं करती। इसीलिए धार्मिक लोग जगत में कोई प्रतिभा का लक्षण नहीं प्रकट कर पाते। होना तो यह चाहिए कि धार्मिक मनुष्य के भीतर ऐसी प्रतिभा का जन्म हो कि सारा जगत आलोकित हो, लेकिन यह नहीं हो पाता। यह नहीं हो पाने का कारण है।

किसी नाम का मैं विरोध नहीं कर रहा हूं। मुझे राम से कोई विरोध नहीं है। आप यह मत समझ लेना कि मैं राम-राम जपने को नहीं कह रहा हूं, तो मैं राम का विरोधी हूं। नहीं, कोई भी शब्द–राम हो, अल्लाह हो, ओंकार हो, ओम हो, कुछ भी हो। और शब्द कोई भी काम कर सकता है। अगर बैठ कर आप कुर्सी, कुर्सी, कुर्सी, कुर्सी कहें, तो भी वही फल होगा, जो राम-राम कहने से होता है। उसका जो फल है चेतना पर, वह शब्द की पुनरुक्ति का परिणाम है। इसलिए कोई भी शब्द की पुनरुक्ति कर लें। अल्लाह-अल्लाह कर लें, राम-राम करें, कुछ भी करें, कुछ भी! और उससे वही फल हो जाएगा। यह फल कोई चेतना का ध्यान नहीं है। यह फल कोई प्रार्थना नहीं है। यह फल कोई मुक्ति का मार्ग नहीं है।

CamScanner

जिस दिन तुमने समझा की मैं देह नहीं हूं
उस दिन तुम मिट्टी से मुक्त हो जाते हो।
ओशो अहोभाव

CamScanner

CamScanner



संबंध बड़ी-बड़ी बातें करने से नहीं छोटे छोटे भावों को समझने से गहरे होते हैं..!!

_Osho

INSTA/@PHILOSOPHY_GYAN

CS CamScanner

तुम डरे हो।
और जहां भय है वहां भगवान से
कोई संबंध न हो सकेगा।
तुम जितने पूजा-पाठ कर रहे हो,
वे भय के कारण हैं, भगवान के प्रेम में नहीं।
तुम तीर्थ जा रहे हो, स्नान कर रहे हो,
धूप-दीप जला रहे हो, वे सब भय
के कारण हैं, भगवान के प्रेम में नहीं।
तुम्हारा धर्म तुम्हारे भय की औषधि है,
तुम्हारे आनंद का उत्सव नहीं।
तुम करते हो सब सुरक्षा के लिए,
तुम इंतजाम सब जुटाते हो;
जैसे तुम धन जुटाते हो,
मकान बनाते हो, बैंक बैलेंस बनाते हो,
बीमा करवाते हो,
ऐसा ही भगवान भी तुम्हारा बीमा है।
तुम्हारे तीर्थ, तुम्हारे स्नान,
तुम्हारे पूजा-पाठ, सब तुम्हारी सुरक्षाएं हैं
भय की।
ओशो

CS CamScanner


ShareChat
@jioaurj
9/10
ज्ञान संध्या
पहन मुखौटा धरम का, करते दिन भर पाप !
भंडारे करते फिरें, घर में भूखा बाप !!
आगे पढ़े

CamScanner

CamScanner

3:52 pm 0 KB/s VoLTE 4G 54%
facebook

भरना चाहता हू पर यह मेर प्याले मे समाता ही नही।"
बच्चे की बात सुनकर सुकरात विस्माद में चले गये और स्वयं रोने लगे।
अब पूछने की बारी बच्चे की थी।
बच्चा कहने लगा- आप भी मेरी तरह रोने लगे पर आपका प्याला कहाँ है?'

सुकरात ने जवाब दिया- बालक, तुम छोटे से प्याले में समुन्द्र भरना चाहते हो,और मैं अपनी छोटी सी बुद्धि में सारे संसार की जानकारी भरना चाहता हूँ।

आज तुमने सिखा दिया कि समुन्द्र प्याले में नहीं समा सकता है , मैं व्यर्थ ही बेचैन रहा।"

यह सुनके बच्चे ने प्याले को दूर समुन्द्र में फेंक दिया और बोला- "सागर अगर तू मेरे प्याले में नहीं समा सकता तो मेरा प्याला तो तुम्हारे में समा सकता है।"इतना सुनना था कि सुकरात बच्चे के पैरों में गिर पड़े और बोले-
"बहुत कीमती सूत्र हाथ में लगा है|

हे परमात्मा ! आप तो सारा का सारा मुझ में नहीं समा सकते हैं पर मैं तो सारा का सारा आपमें लीन हो सकता हूँ।"

ईश्वर की खोज में भटकते सुकरात को ज्ञान देना था तो भगवान उस बालक में समा गए।
सुकरात का सारा अभिमान ध्वस्त कराया। जिस सुकरात से मिलने के सम्राट समय लेते थे वह सुकरात एक बच्चे के चरणों में लोट गए थे।

ईश्वर जब आपको अपनी शरण में लेते हैं तब आपके अंदर का "मैं " सबसे पहले मिटता है।

या यूँ कहें....जब आपके अंदर का "मैं" मिटता है तभी ईश्वर की कृपा होती है। ।।🙏।

CS CamScanner

कड़वी जूतिया ©

हर बार बोलते हैं आख़री बार और हर बार नई शुरुआत करते हैं,शराबी और जुआरी किसी के नहीं होते.
ठीक ऐसे ही सब के जीवन में जहर घोल के पूजा पाठ के कोई मायने नहीं होते.

sarfxsolutions

किसी का लेहाज न करें.

CS CamScanner


प्रत्येक व्यक्ति स्वभाव से
भगवान है। स्वभाव का
मतलब है,अंतर आत्मा
से, वह जाने-अनजाने ,
वह पाऐ ना पाऐ , वह
जन्म-जन्म भटके; फिर
भी इससे कोई फर्क नहीं
पडता, वह भगवान है।
और किसी न किसी ,
दिन वह प्रगट होगा।
और किसी न किसी ,
दिन वह बीज , वह वृक्ष
होगा। जो सम्भावना है
वो सत्य बनेगा। तो ,
समय के पहले भीतर
से जागो। OSHO

CamScanner

ओशो - जीवन-मृत्यु
Jigisha Soni · 3h

कहते है बुल्लेशाह को जो देखता था दीवाना हो जाता था। जग जीवन राम भी दिवाने हो गये। मां बाप अपने बच्चों को बुल्लेशाह के पास नहीं जाने देते थे। जिस गांव में बुल्लेशाह जाते, लोग अपने बच्चो को छुप लेते थे। खबरें थी की वह दीवाना ही नहीं है, उसकी दीवानगी संक्रामक है। उसके पीछे बावरी पथ चला, पागलों का पंथ।

पागल से कम में परमात्मा मिलता भी नहीं। उतनी हिम्मत तो चाहिए ही। तोड़कर सारा तर्क जाल, छोड़ कर सारी बुद्धि ,छोड़ दे सारी बुद्धि-बद्धिमत्ता डूबा, कर सब चतुराई चालाकी जो चलते है, वह ही पहुंचते है। उन्हीं को पागल कहते है लोग, दीवाना कहते है।

ओशो



CamScanner

CamScanner


महावीर वाणी, भाग-2(प्रवचन-5)
अपने से ही मिलने पर तृप्ति होती है:
क्योंकि फिर खोजने को कुछ भी नहीं रह जाता।
भीतर पाने का अर्थ है रुक जाना,
दौड़ना नहीं; ठहर जाना।

CamScanner



जागो !

इस शोरगुल में बहुत उलझ मत जाना!एक और सन्नाटा है भीतर जिससे पहचान करनी है

CamScanner



CamScanner



CamScanner

अहोभाव

1h ·

अहोभाव

नवरात्री पर्व अपनी उर्जा को ही प्रेम और रूपान्तर करने की नो दिन रात्रि की साधना का पर्व है यदि कोई यह समझता की किसी धर्म जाती से यह पर्व जुड़ा है तो वह मुर्ख है, जिस देवी की आराधना होती है वह कोई दूसरी देवी नहीं अपनी ही उर्जा सवारने की साधना पर्व है यह पर्व की रात्रि व्यवस्था का कारण इस दिनों में रात्रि मोसम साधना के लिए अति उत्तम और अनुकूल है ना गर्मी ना सर्दी ना बरसात है इसलिए इस समय की रात्रि को देवी रात्रि कहा है यदि कोई समझता की किसी लोक में कोई देविया बेठी है और प्रसन्न हो जाएगी तो वह भी मुर्ख है जो देवी शक्ति है वह हमारे में ही मोजूद है यदि हमारे में देवी नहीं है तो बहार भी कोई देवी नहीं है यह बाहर की देवी अतीत का संकेत उस चोथे शरीर की मनुष्य की व्यवस्था है आज भी जो शरीर में जी रहा है, उसे यह कहा जाये की तुम्हारे में ही देवी शक्ति है लेकिन वह कहने वाले को ही मुर्ख समझेगा क्योकि उसका भी दोष नही है, उसे आज सिर्फ शरीर दिख रहा है और वह अपने को शरीर ही समझ रहा, बाहरी देवी एक शरुआती समझने की प्राथमिकता है सत्य नहीं है

ओशो...

CamScanner



CamScanner


EkKadamSafaltakiOrr
आप किसी भी धर्म के हों, 90 दिन तक किसी भगवान/
खुदा का नाम जाप करके देखिए। आपने सोचा भी नहीं
होगा आपको इतना अनोखा परिणाम मिलेगा।

CamScanner


EkKadamSafaltakiOrr
हर दिन आपके दिमाग में 60 हजार विचार आते
है। जिनमें 95% फालतू होते है। आपका मन,
बार बार गिने चुने विचारों को दोहराता है।

CamScanner

CS CamScanner



उम्र बढ़ने के साथ साथ,आनंद बढ़ना चाहिए,लेकिन हम हर रोज और ज्यादा दुखी और उदासीन होते जाते हैं। इसका मतलब हमारी जीवन ऊर्जा कुछ भूल भरे मार्गों पर प्रवाहित हो रही है। इसकी निरंतर खोज बिन,इसका परीक्षण,इसकी कसौटी मन में साफ़ करते जाओ। और जिस दिन यह परीक्षण यह खोज साफ़ हो जाती है की मेरी ऊर्जा गलत दिशाओं में बह रही है, तो उस दिन ठीक बहने के लिए सिवाय तुम्हारे और कोई बाधा उत्पन्न नहीं कर सकता। इस बोध के होते ही तुम्हारे नये जीवन की यात्रा प्रारम्भ होती है।

CamScanner

3:30 pm 0 KB/s 56%

।।ओशो नमन।।

✨मरने लगे कबीर तो काशी छोड़कर चले गए।✨

काशी लोग मरने आते हैं। मरे मराए लोग काशी मरने आते हैं।

खयाल है कि काशी में जो मरता है, वह स्वर्ग में जन्म लेता है।
काशी के पास एक छोटा सा गांव है, मगहर। कि जो मगहर में मरता है, वह गधा होता है नर्क में।

कबीर मरते वक्त मगहर चले गए। बहुत समझाया मित्रों ने, प्रियजनों ने, शिष्यों ने कि क्या करते हैं,

मगहर में कोई मरता ही नहीं! मगहर में आदमी मर भी जाए,
तो उसके रिश्तेदार उसे लेकर भागते हैं कि अभी थोड़ी सांस चल रही है, मगहर के बाहर निकाल लो, नहीं तो नर्क में गधा होता है।

तो काशी लोग मरने आते हैं दूर—दूर से और तुम काशी जिंदगीभर रहे और मरने के वक्त मगहर जा रहे हो, दिमाग खराब तो नहीं हो गया!

कबीर ने कहा कि काशी में रहकर अगर मैं मरा और स्वर्ग में गया, तो कर्ता का भाव पकड़ जाएगा—अपनी वजह से। मगहर में मरूं, तो जहां उसकी मर्जी हो। नर्क का गधा बना दे,
तो भी उसकी मर्जी रही।

हम तो मगहर में ही मरेंगे। और अगर स्वर्ग गए तो फिर कह सकेंगे, तेरी अनुकंपा, तेरी कृपा। मरे तो मगहर में थे, होना तो गधा था। लेकिन काशी में मरकर अहंकार पकड़ेगा कि काशी में मरे, रहे काशी में, गए काशी—इसलिए। हमारे हर कर्म के पीछे कर्ता खड़ा हो जाता है, मैं कर रहा हूं।

ओशो; निर्वाण उपनिषद

.
.
.

CS CamScanner


✨मरने लगे कबीर तो काशी छोड़कर चले गए।।✨
कबीर ने कहा-
कि काशी में रहकर अगर मैं मरा और स्वर्ग में गया, तो कर्ता का भाव पकड़ जाएगा– अपनी वजह से। मगहर में मरूं, तो जहां उसकी मर्जी हो। नर्क का गधा बना दे, तो भी उसकी मर्जी रही।
Oshoravi

CamScanner


यह जीवन एक ऐसा सिनेमागृह है जिसका न कोई शुरू
है न कोई अंत। तुम हमेशा मध्य में आते हो और मध्य
में ही उठ जाते हो। यह खेल जारी रहता है। इसलिए
तुम्हें कभी परदा खाली दिखाई नहीं पड़ता। लेकिन
काश, तुम परदे के पास जाकर टटोल कर देख लो तो
तुम बड़े चकित होओगे, वहां कोई भी नहीं है, खाली
परदा है! परदे पर धूप-छांव की माया है, धूप-छांव का
खेल है।
~ओशो, कहे होत अधीर।

CamScanner

आप सभी को नवरात्री के शुभ अवसर
पर हार्दिक बधाई ।
मां दुर्गा के आशीर्वाद से आप सभी के
जीवन में खुशियों की बहार आये ।
आपका जीवन मंगल दीपों से
प्रज्वलित हो ।

CamScanner

HAPPY
Navratri
PROF. DIWAKER SINGH
PRINCIPAL
P. G. COLLEGE MALIKPURA GHAZIPUR

CamScanner

CamScanner



CamScanner

10:21 am 2 KB/s 83%

शारदीय नवरात्रि 2023 पूजा विधि

इसके अलावा घटस्थापना का एक अन्य मुहूर्त सुबह 11 बजकर 44 मिनट से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट तक है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस साल 10:30 बजे से पहले और दोपहर 01:30 बजे के बाद कलश स्थापना अति उत्तम माना जा रहा है।

15 दिनों के भीतर लगेंगे 2 ग्रहण, जान लें सूतक काल का समय

नवरात्रि कलश स्थापना मूहूर्त 46 मिनट

Kalash Sthapna Kab Hai Navratri 2023 Kab Hai, कलश स्थापना शुभ मुहूर्त, Navratri Kalash Sthapn...

1.4 lakh views 17 hr ago ...more

Facts With Amit Pathak 2.68 lakh Subscribe

2.1K Share Remix Download

Comments 18

F Bhai ke liye like to banta hai. Jai mata di

CamScanner

Kalash Sthapna Kab Hai Navratri 2023 Kab Hai, कलश स्थापना शुभ मुहूर्त, Navratri Kalash Sthapn...

1.4 lakh views 17 hr ago ...more

Facts With Amit Pathak 2.68 lakh Subscribe

2.1K Share Remix Download

Comments 18

F Bhai ke liye like to banta hai. Jai mata di

Easy Navratri Pooja vidhi 2023 !! नवरात्र पूजन की सरल विधि !! नवरात्र चौकी स्थापन पहले दिन की पूजा

Meenakshi's Kitchen & Indian Culture · 40 lakh views · 1 year ago

CamScanner

ओशो

रामकृष्ण मरणशय्या पर थे। उनकी पत्नी शारदा रोने लगी और उसने पूछा कि परमहंस देव! आप तो जा रहे है, मेरा क्या होगा?

Oshoravi

उन्होंने आंख खोली और कहा कि जा रहा हूं! पागल, कहां जाऊंगा? जाने को कोई जगह कहां है? यहीं था, यहीं रहूंगा। अभी देह मे था, अब बिना देह के रहूंगा।

CamScanner

9:58 am 1 KB/s VoLTE 4G 87%
facebook

Like Comment Share

Swami Dev Sundar

Reels · 2 Oct ·

अगर तुममें थोड़ी समझ हो तो तुम धन्यवाद दोगे मुझे। तुम कहोगे, जब समझ में आ गया तभी जल्दी है। यह भी हो सकता था, कोई न मिलता कहने वाला और तुम ताश के घर बनाते-बनाते ही मिट जाते। तुम झूठी और व्यर्थ की धारणाओं में ही जीते और समाप्त हो जाते। उनमें ही रहते और वे ही तुम्हारी कब्रें बन जाते। जब जागे तब सबेरा।फिर मुझे क्या फर्क पड़ता है कि कौन मित्र बना, कौन शत्रु बना! शत्रु बन कर भी मेरा क्या बिगड़ जाने वाला है! जीसस का भी तुमने क्या बिगाड़ लिया? यूं भी तो आदमी को मर जाना होता है। मरने से तो कोई बच सकता नहीं। देह तो गिरेगी ही गिरेगी। चार दिन के लिए है। तो क्यों न सत्य का ही आनंद ले लिया जाए! क्यों न सत्य के ही फूल खिला लिए जाएं! क्यों झूठ के कांटे बोने! कोई तो सुनेगा। सभी तो बहरे नहीं हैं। सभी तो अंधे नहीं हैं। सभी तो कायर नहीं हैं।ओशोOSHO Mystery School

CamScanner

लाओत्से को बहुत प्रिय है झुकने की कला

ओशो
ताओ उपनिषद

लाओत्से कहता है तुम छोटे घास के पोधे की भांति हो जाना। तुफान आता है, धास का पौधा जमीन पर लेट जाता है। अकड़ रखता ही नहीं। तुफान जहां जा रहा हो, वो तूफान के साथ मैत्री कर लेता है, सहयोग कर लेता है। वह सो जाएगा जमीन पर, तुफान गुजर जायेगा।

जीत लेने दो। उतना ही तुम्हारे जीवन से संधर्ष और प्रतिरोध कम हो जायेगा।

रि.चं.आ

CamScanner


यह पूरा संसार
असाधारण
होने का
एक संघर्ष है
कुछ लोग राजनीति में
इसका प्रयास करते हैं,
कुछ धन में करते हैं,
और कुछ धर्म में करते हैं,
लेकिन
वासना तो वही रहती है।
ओशो
तंत्र-सूत्र
५
Osho universal

CamScanner



जिस दिन तुम्हें अपना मूल्य पता लग गया।
उस दिन के बाद तुम्हें किसी के द्वारा की गई प्रशंसा
या निंदा से कोई फर्क नहीं पड़ेगा...

ओशो

CamScanner

9:55 am 0 KB/s VoLTE 4G 87%

facebook

उन्होंने समझाना शुरू किया, "जब तुमने कुछ किया ही नहीं है तो मैं तुम्हें क्षमा क्यों करूं? तुमने क्या गलत किया है? मैं तुम्हारे किस व्यवहार के लिए क्षमा करूं?"

व्यापारी ने उत्तर दिया, "कल एक व्यक्ति इस सभा में आया था और क्रोध में आकर उसने आपके मुँह पर थूक दिया था। मैं वही व्यक्ति हूं!"

बुद्ध ने कहा, "वह व्यक्ति अब यहाँ नहीं है, जिस पर कल तुमने थूका था। यदि मैं कभी उस व्यक्ति से मिलूंगा, जिस पर कल तुमने थूका था, तो मैं उसे तुमको क्षमा करने के लिए कह दूँगा।"

गौतम बुद्ध ने कहा, "मेरे लिए, वह व्यक्ति जो इस क्षण मेरे सामने खड़ा हैं, वह एक अद्भुत व्यक्ति हैं। तुमने कुछ भी गलत नहीं किया है।"

हम हमारे जीवन में किसी भी व्यक्ति को वास्तव में कब क्षमा करते हैं.......?

सच्ची क्षमा तब होती है जब हम किसी व्यक्ति को क्षमा कर देते हैं और उसे पता भी नहीं चलता कि वह क्षमा किया जा रहा है। उन्हें गलती के लिए दोषी भी महसूस नहीं कराना चाहिए।

यह सच्ची क्षमा है।

अगर हम किसी को माफ कर देते हैं और उन्हें उनकी गलती की याद दिलाते रहते हैं और उन्हें हर समय दोषी महसूस कराते हैं तो इसका अर्थ यह है कि, हमने वास्तव में अभी तक उन्हें क्षमा नहीं किया है।

किसी व्यक्ति के लिए अपराधबोध ही पर्याप्त सजा है।

"किसी के साथ हुए कटु अनुभव के भावनात्मक बोझ से छुटकारा पाने का एकमात्र उपाय उसे दिल से भलाकर क्षमा कर देना है।"

CamScanner

9:24 am 0 KB/s VoLTE 4G 89%

आध्यात्मिक मार्ग Aadhyaatmik Marg
Parshotam Rai · 22h ·

🌿तरक्की अंदर की🌿

भजन सुमिरन में तरक्की हम अक्सर उदास, निराश हो जाते हैं लेकिन बाबा जी हमेशा अपने सत्संगों में फरमाते हैं कि संतमत में असफलता नाम की कोई चीज नहीं है।

इसे एक उदाहरण द्वारा समझा जा सकता है, चाईनींस बांस होता है, इस के पौधे को आप लगाएंगे, तो देखेंगे, कि 1 साल तक इसमें कोई वृद्धि नहीं हुई , 2 साल, 3 साल, 4 साल, 5 साल इसमें कोई वृद्धि नहीं होती।

5 साल के बाद यह अचानक बढ़ने लगता है और जमीन से सीधा 40 फुट ऊपर चला जाता है तो क्या हम यह कहेंगे कि इसमें 5 साल बाद वृद्धि हुई? क्या इसका विकास 5 साल बाद हुआ है? नहीं ऐसा नहीं कहा जाएगा, बल्कि, यह कहा जाएगा, कि इसकी जड़ ने 5 साल लगा दिए, धीरे-धीरे बढ़ने में, जब इसकी जड़ मजबूत हुई, तभी अचानक से बढ़ा और 40 फीट ऊपर चला गया।

भजन सिमरन भी ठीक इसी तरह है अंदर ही तरक्की होती रहती है, लेकिन यह उस कुल मालिक के ऊपर है, कि हमें इसका फल कब मिलेगा ? इसीलिए, बिना नाउम्मीदी के, बिना निराश हुए, हमें हमेशा रोज बिना नागा किये भजन सिमरन में बैठना है असफलता तो संतमत में होती ही नहीं है। हाँ कितनी देर लगेगी? यह जरूर उस कुल मालिक के ऊपर है।

15 8 comments • 1 share
Like Comment Share

CaRMENRIBES
Sponsored ·

CamScanner

9:23 am 0 KB/s VoLTE 4G 89%

facebook

Create story
Osho Ravi Yog

🌷OSHO TODAY🌷
💓 OSHO TOMORROW💓
Swami Anand Sahaz · 2d ·

Tirth Kumar Pandey
3d ·

कबीर' भाठी कलाल की, बहुतक बैठे आइ ।
सिर सौंपे सोई पिवै, नहीं तौ पिया न जाई ॥

कबीर कहते हैं -कलाल की भट्ठी पर बहुत सारे आकर बैठ गये हैं, पर इस मदिरा को एक वही पी सकेगा, जो अपना सिर कलाल को खुशी-खुशी सौंप देगा, नहीं तो पीना हो नहीं सकेगा । [कलाल है सद्गुरु, मदिरा है प्रभु का प्रेम-रस और सिर है अहंकार ।]

CamScanner


शिष्य और गुरु
का इतना ही अर्थ है,
जिसकी तरफ से शुन्य बहने लगा
वह गुरु
और
जो शुन्य को लेने को राजी हो गया
झोली फैला कर ,अंजुली पसार कर ,
वह शिष्य ।
शून्य का आदान-प्रदान जिनके के
बीच होता है ,वे ही शिष्य और गुरु ।
anamcara Rames
OshO

CamScanner



मैं आपसे कहना चाहता हूं कि
संभोग का इतना आकर्षण
क्षणिक समाधि के लिए है।
और संभोग से आप उस दिन मुक्त होंगे,
जिस दिन आपको समाधि बिना
संभोग के मिलना शुरू हो जाएगी।
उसी दिन संभोग से आप मुक्त हो जाएंगे,
सेक्स से मुक्त हो जाएंगे।
संभोग से समाधि की ओर-प्र.2
OshO

CamScanner


कृष्ण कहते हैं, इंद्रियों के पार जो है, वह मैं हूं।
और इंद्रियों से जो पकड़ में आता है, वह जगत है,
जो मैंने तुझसे कहा आठ प्रकार का।
एक और बात कृष्ण अर्जुन से कह रहे हैं।
यह बात बहुत सोचने जैसी है। इसलिए भी सोचने जैसी है
कि भारतीय प्रज्ञा ने ही इस बात की जगत में उदघोषणा की है।
कहते हैं,
मैंने ही बनाई है यह प्रकृति।
मैंने ही रचा है यह सब।
यह मुझसे ही स्रष्ट हुआ, और
मुझमें ही प्रलय को उपलब्ध हो जाएगा।
परमात्मा की स्रष्टा की तरह धारणा तो
जगत में सब जगह पैदा हुई, दि क्रिएटर।
बट दि डिस्ट्रायर, विनाश करने वाले की तरह की
धारणा भारत की अपनी अनूठी खोज है।
anamcara Ramesh
आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शन अ.7 प्र.81/24
अदृश्य की खोज
OshO

CamScanner


इस मुल्क में ही विनाश को विश्राम समझने की सामर्थ्य पैदा हुई।
विनाश विश्राम है। सृष्टि तो श्रम है, और प्रलय? प्रलय विश्राम है।
इसलिए सृष्टि को हमने कहा, ब्रह्मा का दिन।
और प्रलय को हमने कहा, ब्रह्मा की रात्रि।
श्रम हो गया। सुबह हम उठे।
दौड़े, जीए, हारे, जीते, अज्ञानी-ज्ञानी बने,
समझ-नासमझ झेली। और फिर सांझ आई। और अंधेरा उतरा।
और सो गए। और फिर वापस वहीं खो गए, जहां से सुबह उठे थे।
दिन है श्रम, रात्रि है विश्राम।
जीवन है श्रम, मृत्यु है विश्राम।
सृजन है श्रम, विनाश है विश्राम।
विनाश को हमने कभी शत्रु की तरह नहीं देखा,
मृत्यु को हमने कभी शत्रु की तरह नहीं देखा।
और ध्यान रहे,
जिसने भी मृत्यु को शत्रु की तरह देखा,
उसका जीवन नष्ट हो जाएगा।
आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शन अ.7 प्र.81/24
अदृश्य की खोज
OshO

CamScanner


जीवन की सारी गति वर्तुलाकार है।
और चीजें जहां से शुरू होती हैं, वहीं समाप्त होती हैं।
जैसे कि एक हम वर्तुल बनाएं, एक सर्किल बनाएं,
तो जहां से हम बनाना शुरू करें,
वहीं फिर दूसरी रेखा आकर जोड़ें, तब वर्तुल पूरा बने।
सारा जीवन वर्तुलाकार है।
बचपन में जहां से हम यात्रा करते हैं, जवानी के बाद
उसी दुनिया में वापस सीढ़ियां उतरते हैं। और
जन्म जिस बिंदु पर घटित होता है,
उसी बिंदु पर मृत्यु भी घटित होती है। वर्तुल पूरा हो गया।
और मृत्यु जन्म से विपरीत नहीं है,
बल्कि जन्म के साथ ही जुड़ा हुआ दूसरा कदम है।
और विनाश, सिर्फ विश्राम है।
anamcara Ramos
आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शन अ.7 प्र.81/24
अदृश्य की खोज
OSHO

CamScanner


सारी दुनिया में मृत्यु के लिए लोगों ने
दूसरा तत्व खोजा- डेविल, शैतान, इबलीस, अलग-अलग नाम दिए
परमात्मा से विपरीत एक और शक्ति की कल्पना की, जो मिटाएगी।
यह सिर्फ इस देश में एक ठीक, संगत विचार की व्यवस्था हुई,
और वह यह कि जो बनाएगा, वही मिटाएगा।
लेकिन हमारी धारणा यह है कि बनाना भी उसकी कृपा है
और मिटाना भी उसकी कृपा है।
और जो बनाने में ही कृपा देखता है, वह धार्मिक नहीं है।
जो मिटाने में भी कृपा देख पाता है, वही धार्मिक है।
इसलिए कृष्ण कहते हैं कि
सृजन भी मेरा, विनाश भी मेरा;

CamScanner

जिसने भी मृत्यु को शत्रु की तरह देखा, वह जी न पाएगा;
वह जिंदगीभर मृत्यु से डरेगा और बचेगा। जीना असंभव है।
लेकिन जिसने मृत्यु को भी मित्र माना, वही जी पाएगा।
क्योंकि जिसे मृत्यु भी दुख नहीं दे पाती, उसे जीवन कैसे दुख देगा!
और जिसे मृत्यु भी मित्र है, उसे जीवन तो महामित्र हो जाएगा।
और जिसे जीवन से विपरीत नहीं दिखाई पड़ती मृत्यु, बल्कि जीवन की ही
पूर्णता दिखाई पड़ती है-जैसे कि वृक्षों पर फल पक जाते हैं,
ऐसे ही जीवन पर मृत्यु पकती है-जिसे मृत्यु जीवन की ही
परिपूर्णता दिखाई पड़ती है और प्रलय भी सृजन का
अंतिम चरण मालूम होता है, उसका जीवन आह्लाद से भर जाए,
तो कोई आश्चर्य नहीं है। और आह्लाद से न भरे जीवन,
तो धर्म का हमें कोई भी पता नहीं है।
इसलिए कृष्ण जब कहते हैं, मैं ही हूं सृजन और मैं ही विनाश।
इस तरह की हिम्मत की घोषणा कहीं भी नहीं की गई है।
अगर कहीं घोषणाएं भी की गई हैं, तो कहा गया है कि,मैं हूं स्रष्टा, और वह
जो शैतान है, वह है दुष्ट। वह कर रहा है विनाश। तू उससे सावधान रहना।



आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शन अ.7 प्र.81/24

अदृश्य की खोज

OSHO

CamScanner

जीवन और मृत्यु एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।
और अंधेरा और प्रकाश भी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।
यहां, जिसे हम विरोध कहते हैं,
वह विरोध भी विरोध नहीं है, केवल दूसरा अंग है।
इसलिए कृष्ण बड़ी सरलता से कह पाते हैं कि
मैं ही हूं सृजन, मैं ही प्रलय।
सब मुझसे ही पैदा होता और मुझमें ही लीन हो जाता है।
यहां हमने परमात्मा को अविभाजित, अनडिवाइडेड जाना है।
और ध्यान रहे, अगर हम परमात्मा को अविभाजित न जानें,
तो हमारे भीतर अविभाजित श्रद्धा होने की कोई संभावना नहीं है।
और हमने एक बार जगत को दो हिस्सों में तोड़ा कि
हमारे भीतर का हृदय भी दो हिस्सों में टूट जाएगा।
आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शन अ.7 प्र.81/24
अदृश्य की खोज
OSHO

CamScanner



CamScanner

6:29 pm 0 KB/s VoLTE 4G 57%

ठीक, साधना के आठ अंग मैं तेरे विकृत किए देता हूं अब तू कैसे पाएगा?

और अष्टावक्र ने फिर भी पाया। अष्टावक्र के सारे उपदेश का सार इतना ही है कि सत्य मिला ही हुआ है, न शास्त्र से मिलता है न साधना से मिलता है। साधना तो उसके लिए करनी होती है जो मिला न हो। सत्य तो हम लेकर ही जन्मे हैं। सत्य तो हमारे साथ गर्भ से ही है, सत्य तो हमारा स्वरूप—सिद्ध अधिकार है। जन्म—सिद्ध भी नहीं, स्वरूप—सिद्ध अधिकार! सत्य तो हम हैं ही, इसलिए मिलने की कोई बात नहीं। आठ जगह से टेढ़ा, चलो कोई हर्जा नहीं; लेकिन सत्य टेढ़ा नहीं होगा। स्वरूप टेढ़ा नहीं होगा। यह शरीर ही इरछा—तिरछा हो जाएगा।

साधना की पहुंच शरीर और मन के पार नहीं है। तो तुम अगर इरछे—तिरछे का अभिशाप देते हो तो शरीर तिरछा हो जाएगा, मन तिरछा हो जाएगा, लेकिन मेरी आत्मा को कोई फर्क न पड़ेगा। यही तो अष्टावक्र ने जनक से कहा कि राजन! आंगन के टेढ़े —मेढ़े होने से आकाश तो टेढ़ा—मेढ़ा नहीं हो जाता। घड़े के टेढ़े —मेढ़े होने से घड़े के भीतर भरा हुआ आकाश तो टेढ़ा—मेढ़ा नहीं हो जाता। मेरी तरफ देखो सीधे; न शरीर को देखो न मन को।

अष्टावक्र की पूरी देशना यही है कि न शास्त्र से मिलता न साधना से मिलता। इसलिए तो मैंने बार—बार तुम्हें याद दिलाया कि कृष्णमूर्ति की जो देशना है वही अष्टावक्र की है। कृष्णमूर्ति की भी देशना यही है कि न शास्त्र से मिलता न साधना से मिलता। तुम घबड़ा कर पूछते हो. तो फिर कैसे मिलेगा? देशना यही है कि कैसे की बात ही पूछना गलत है—मिला ही हुआ है। जो मिला ही हुआ है, पूछना कैसे मिलेगा—असंगत प्रश्न पूछना है।

सत्य के लिए कोई शर्त नहीं है; सत्य बेशर्त मिला है। पापी को मिला है, पुण्यात्मा को मिला है, काले को मिला है, गोरे को मिला है; सुंदर को, असुंदर को; पुरुष को, स्त्री को। जिन्होंने चेष्टा की, उन्हें मिला है, जिन्होंने चेष्टा नहीं की, उन्हें भी मिला है। किन्हीं को प्रयास से मिल गया है, किन्हीं को प्रसाद से मिल गया है। न तो प्रयास जरूरी है, न प्रसाद की मांग जरूरी है, क्योंकि सत्य मिला ही हुआ है।

खिलता है रात में बेला

CamScanner

आपने बताया कि जब अष्टावक्र मां के गर्भ में थे, उनके पिता ने उन्हें शाप दिया, जिसकी वजह से उनका शरीर आठ जगहों से आड़ा –तिरछा हो गया। भगवान, इस आठ का क्या रहस्य है? वे अठारह जगह से भी टेढ़े–मेढ़े हो सकते थे और अष्टावक्र कहलाते। यह आठ का ही आंकड़ा क्यों?

यह आठ आंकड़ा अर्थपूर्ण है। ये छोटी–छोटी कहानियां गहरे सांकेतिक अर्थ लिए हैं। इन्हें तुम इतिहास मत समझना। इनका तथ्य से बहुत कम संबंध है। इनका तो भीतर के रहस्यों से संबंध है। आठ का आंकड़ा योग के अष्टांगों से संबंधित है। पतंजलि ने कहा है. आठ अंगों को जो पूरा करेगा–यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि–वही केवल सत्य को उपलब्ध होगा। यह पिता की नाराजगी, यह पिता का अभिशाप सिर्फ इतनी ही सूचना देता है कि वे आठ अंग, जिनसे व्यक्ति परम सत्य को उपलब्ध होता है, मैं तेरे विकृत किए देता हूं।

तुम्हें घटना फिर से याद दिला दूं। पिता वेदपाठी थे। वे सुबह रोज उठ कर वेद का पाठ करते। ख्यातिलब्ध थे, सारे देश में उनका नाम था। बड़े शास्त्रार्थी थे। और अष्टावक्र गर्भ में सुनता। एक दिन अचानक बोल पड़ा गर्भ से कि हो गया बहुत, इस तोता–रटन से कुछ भी न होगा। जाने बिना सत्य का कोई पता नहीं चलता–पढ़ो कितना ही वेद, शास्त्र सत्य नहीं है–सत्य तो अनुभव से उपलब्ध होता है।

पिता नाराज हुए। पिता के अहंकार को चोट लगी। पंडित और पिता दोनों साथ–साथ। बेटे की बात बाप माने, यह बड़ी अनहोनी घटना है। नाराज ही होता है। बाप कभी यह मान ही नहीं पाता कि बेटा भी कभी समझदार हो सकता है। बेटा सत्तर साल का हो जाए तो भी बाप समझता है कि वह नासमझ है। स्वाभाविक है। बेटे और बाप का फासला उतना ही बना रहता है जितना शुरू में, पहले दिन होता है, उसमें कोई अंतर नहीं पड़ता। अगर बाप बीस साल बड़ा है तो वह सदा बीस साल बड़ा होता है। उतना अंतर तो बना ही रहता है। तो बेटे से ज्ञान ले लेना कठिन, फिर पंडित, तो और भी कठिनाई। बाप तो सोचता था मैं जानता हूं, और अब यह गर्भस्थ शिशु कहने लगा कि तुम नहीं जानते हो–यह तो हद हो गई! अभी पैदा भी नहीं हुआ। तो बाप ने अभिशाप दिया होगा; वह अभिशाप ज्ञान के आठ अंगों को

CamScanner

11:39 pm 4 KB/s 4G 24%

Posts

O'SHO FRIENDS (ओं'शो मित्र)

Lyly Lozin · 6h ·

तुम न श्रेष्ठ रहोगे न नीच --
और मैं तुमसे कहता हूँ कि यह आत्मा की श्रेष्ठता है। यह कभी तुलना नहीं करता है।
तुलना करो, और नीचता पैदा होती है।
तुलना मत करो, और आप बस - अद्वितीय हैं ... ओशो😍💙💜💚

· Rate this translation



CamScanner

#गोरख के गुरु थे मच्छीन्द्रनाथ। मछली उनका प्रतीक है--मीन..। गोरख कहते हैं, घटि घटि गोरख घटि घटि मीन। बड़ा प्यारा वचन है!

कि हर एक के घट में गोरख भी छिपा है और मच्छीन्द्रनाथ भी छिपा है। हर-एक के भीतर चेला भी छिपा है और गुरु भी। लेकिन लोग पहचान ही नहीं पाते कि तुम्हारे भीतर दोनों छिपे हैं। जिसे जागना है वह भी छिपा है और जो जगायेगा वह भी छिपा है। तुम्हारे भीतर दोनों चकमक पत्थर मौजूद हैं; जरा-सी घर्षण की बात है कि आग पैदा हो जायेगी।

जिस गुरु को तुम बाहर खोज लेते हो वह असल में और कुछ भी नहीं, तुम्हारे भीतर के गुरु की प्रतिछवि है। बाहर का गुरु तो दर्पण है, जिसमें तुम भीतर के छिपे गुरु को देख लेते हो। इसलिए खयाल रखना, बाहर का गुरु आत्यंतिक नहीं है; सिर्फ भीतर के गुरु की याद दिलाने का उपकरण मात्र है। जैसे बाहर किसी ने वीणा बजायी और तुम्हारे हृदय में गुदगुदी फैल गयी और तुम्हारे हृदय में एक संगीत झलकने लगा। जैसे बाहर सुबह निकली, ताजगी फैली...और तुम्हारे भीतर नींद टूटी। और तुम्हारे भीतर भी ताजगी आयी और सुबह हुई। जैसे तुमने स्थान किया, स्नान तो बाहर हुआ; लेकिन देह शीतल हुई तो भीतर मन भी शीतल हुआ। ऐसे ही बाहर का गुरु है--भीतर के गुरु को चोट देने के लिए।

घटि घटि गोरख घटि घटि मीन..।

गोरख कहते हैं कि मैं तुम्हें यह कह देना चाहता हूं : तुम्हारा गुरु भी तुम्हारे भीतर छिपा है और तुम्हारा शिष्य भी। मगर यात्रा शिष्य से शुरू करनी पड़ेगी। जो अपने शिष्य को भी नहीं पहचान पाया वह अपने गुरु को कैसे पहचान पायेगा? गुरु तो सभी बनना चाहेंगे। कौन गुरु नहीं बनना चाहता लेकिन शिष्य बनने की क्षमता बहुत थोड़े-से लोगों की होती है। और जिनकी शिष्य बनने की क्षमता होती है वे ही एक दिन गुरु बन पाते हैं। शिष्य बनना अहंकार के विपरीत पड़ता है। गुरु तो कोई भी बनना चाहता है।

यहां मेरे पास लोग आते हैं। दस-पांच दिन यहां ध्यान करेंगे, कुछ देर यहां रुकेंगे, फिर वे तत्क्षण गुरु बनने की आकांक्षा से भर जाते हैं। दूसरों को समझाना शुरू कर देते हैं। अभी खुद भी समझ में पता नहीं है।

CS CamScanner

बहुत कुछ खोया भी जाता है प्रेम में,
बहुत कुछ पाया भी जाता है प्रेम में..!!
खोना मार्ग है पाने का,
खोने से डरे तो पाने से वंचित रह जाओगे..!!

CS CamScanner



बुद्ध के पास बैठोगे —उठोगे, तो उनका स्वाद लगेगा,
उनकी बूंदें तुम पर बरसेंगी, उनका स्पर्श तुम्हें होगा।
जो हवा उन्हें छुएगी, वही हवा तुम्हें भी छुएगी।
बुद्ध के पास उठोगे——बैठोगे, उनका रंग लगेगा,
उनका ढंग लगेगा।
बुद्ध के पास उठोगे —बैठोगे, तो बुद्धत्व संक्रामक है।
याद रखना, बीमारी ही थोडे ही लगती है, स्वास्थ्य
भी लग जाता है। पागलपन ही थोड़े ही लगता है;
पागलों के साथ रहोगे, पागल हो जाओगे,
मुक्तों के साथ रहोगे तो मुक्त हो जाओगे—होने लगोगे

CamScanner


ahobhav_
उत्सव मनाने का बेहतरीन दिन कौन सा है,
फकीर ने प्यार से कहा मौत से एक दिन पहले,
व्यक्ति मौत का तो कोई वक़्त नहीं, फकीर ने
मुस्कुराते हुए कहा, तो जिंदगी का हर दिन
आखरी समझो और जीने का आनन्द लो...
ओशो अहोभाव

CamScanner

ओशो

रामकृष्ण मरणशय्या पर थे। उनकी पत्नी शारदा रोने लगी और उसने पूछा कि परमहंस देव! आप तो जा रहे है, मेरा क्या होगा?

Oshoravi

उन्होंने आंख खोली और कहा कि जा रहा हूं! पागल, कहां जाऊंगा? जाने को कोई जगह कहां है? यहीं था, यहीं रहूंगा। अभी देह मे था, अब बिना देह के रहूंगा।

CS CamScanner

oshoduniya.com

संन्यास- एक नई आंख

एक बीज टूट जाता है और हरे पत्ते निकल आते हैं- परमात्मा का प्रमाण है। और क्या प्रमाण चाहिए? और बड़ा क्या चमत्कार होगा ? मुर्दा से दिखते बीज से हरे पत्ते निकल आए हैं, पत्तों में पत्ते निकलते गए हैं, कलियां आ गई हैं, हरे पत्तों में लाल कलियां आ गई हैं! फूल खिल आया है। जिन पत्तों में कोई गंध न थी, जिस भूमि से पत्ते उठे उस भूमि में कोई गंध न थी, और फूल ने वातावरण को सुगंध से भर दिया, आपूरित कर दिया ! और क्या चमत्कार है? इतना काफी है। जिनके पास आंखें हैं, जिनके पास अनुभव करने को हृदय है, जिनके पास थोड़ी सी भी प्रज्ञा है, जरा सा भी बोध है—उनके लिए परमात्मा का प्रमाण सुबह में मिल जाता है, सांझ में मिल जाता है, उठते-बैठते मिल जाता है, लोगों की आंखों में मिल जाता है। उनके लिए किसी रसूल की कोई जरूरत नहीं है..✍️❤️💻

- बिरहिनी मंदिर दियना बार

❤️ओशो❤️

CamScanner



CamScanner

कृष्ण गीता में एक बहुत ही
अनूठी बात कह रहे है।
और वे यह कह रहे है कि
संसारी और संन्यासी विपरीत नहीं है।
एक-दूसरे से उलटे नहीं है।
संसार से भागकर कोई संन्यासी नहीं होता,
संसार में जागकर कोई संन्यासी होता है।
और जागना हो, तो यहीं जाग जाओ।
कहीं भी भागो, इससे कोई अंतर नहीं पड़ता।
जागने के लिए कोई ख़ास जगह नहीं है,
कहीं भी जागा जा सकता है।
सपने मिटाने के लिए
खास सपने देखने की जरुरत नहीं है,
किसी भी सपने में जागा जा सकता है।

गीता-दर्शन, भाग-१, प्रवचन#७, ओशो

CamScanner

Oshoravi
लाओत्से का एक बड़ा ही
क़ीमती.. सूत्र है;- कि,
तुम अगर दुःख को
स्वीकार लो! तो आनंदित
हो जाओगे, क्योंकि
दुःख कभी स्वीकार को
जानता ही नहीं.!!
ओशो

CamScanner

CS CamScanner


पुरुष की वासना पूर्ति करने में हर स्त्री सक्षम है।
परंतु स्त्री का प्रेम पूरा करने में, हर पुरुष सक्षम नहीं।
Osho

CamScanner



CS CamScanner

संसार में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो तुम्हें परमात्मा के पास जाने से रोक सके । बहुत मार्ग हैं, उसको खोजने के बुद्ध और मीरा दोनो विपरीत छोर पर खडे थे, रास्ते अलग थे पर पाया उसी को

OSHO

CamScanner

CamScanner



CamScanner

आपका रोम-रोम रोमांचित हो उठता है यह वह अवस्था है जब आप खुद के नियंत्रण से बाहर चले जाते हैं जब आपके अस्तित्व ने आप पर अधिकार कर लिया होता है और आपको खुद पता नहीं रहता कि आप कहां है। यह एक पागलपन है, यह एक नींद की तरह है, यह एक ध्यान है, यह एक मृत्य है।

एक बार ऐसा हुआ कि किसी साधु का शिष्य मर गया था।वह साधु उस शिष्य के घर गया।उसके शिष्य की लाश रखी थी और लोग रोते थे।उस साधु ने जाकर जोर से पूछा:'यह मनुष्य मृत है या जीवित?(Is this man dead or alive?)'इस प्रश्न से लोग बहुत चौंके और हैरान हुए।यह कैसा प्रश्न था!लाश सामने थी और पूछने की बात ही क्या थी?

थोड़ी देर सन्नाटा रहा और फिर किसी ने साधु से कहा:'आप ही बतावें?'

और जानते हैं कि साधु ने क्या कहा?साधु ने कहा:'जो मृत था,वह मृत है; जो जीवित था,वह अभी भी जीवित है।केवल दोनों में संबंध टूटा गया है।'

जीवन की कोई मृत्यु नहीं होती और मृत का कोई जीवन नहीं होता है

जीवन को जो नहीं जानते हैं,वे मृत्यु को जीवन का अंत कहते हैं। जन्म जीवन का प्रराम्भ नहीं है और मृत्यु उसका अंत नहीं है। जीवन-जन्म और मृत्यु के भीतर भी है और बाहर भी है।वह जन्म के पूर्व भी है और मृत्यु के पश्चात भी है।उसमें ही जन्म है, उसमें ही मृत्यु है;पर न उसका कोई जन्म है, न उसकी कोई मृत्यु है।

एक शवयात्रा से लौटा हूँ।वहाँ चिता से लपटें उठीं,तो लोग बोले:'सब समाप्त हो गया।' मैंने कहा:'आंखे नहीं हैं, इसीलिए ऐसा लगता है।'
ओशो

CamScanner

12:59 pm 0 KB/s VoLTE 4G 76%

osho suvichar

1d ·

बुद्ध के सामने कोई बैठा था। वह बैठकर अपने पैर का अंगूठा हिला रहा था। बुद्ध ने कहा ,मेरे भाई यह अंगूठा क्यों हिला रहे हो? जैसे ही बुद्ध ने कहा,वह रुक गया। उसने कहा मुझे खुद पता नहीं। आपने पूछकर मुश्किल में डाल दिया। मैं कोई जानबूझकर तो हिला नहीं रहा था बस हिल रहा था। बुद्ध ने कहा,"पूरी ज़िंदगी तुम्हारी ऐसी ही है।" तुमने जानकर क्या किया है?प्रेम किया है? क्रोध किया है? मोह किया है? लोभ किया है? आखिर तुमने जानकर किया क्या है? बस बेहोशी में पैर का अंगूठा हिल रहा है,पूरी ज़िंदगी ऐसी ही है। घर भी बसा लिया,परिवार भी है,बच्चे भी पैदा हो गए,जानकर तुमने क्या किया है? सब हो रहा है और उस सब होने में तुम यंत्रवत रूप से फंसे हुए हो। होशपूर्वक तुमने क्या किया है ज़िन्दगी में? कोई एक कृत्य है जो तुमने होशपूर्वक किया है? तुम्हारी चेतना से निकला हो। प्रेम किसी से हो गया है तुमने किया नहीं है। झगड़ा किसी से हो गया है तुमने किया नहीं है। आदमियों को तुम देखते हो और देखने भर से ही निर्णय कर लेते हो कि कोई अच्छा है या कोई बुरा है लेकिन होशपूर्वक कौन अच्छा है और कौन बुरा है? तुम जो भी ज़िन्दगी में बन गए हो, सांयोगिक दुर्घटना ही मालूम होती है। तुम होशपूर्वक नहीं चले हो,घटनाएं घट रही हैं और तुम मूर्छित बहे जा रहे हो। तुम नदी में बहते एक तिनके की भांति हो लहरें जहाँ ले जाती हैं वहाँ तुम जाते हो। हालांकि तिनका भी सोचता होगा कि मैं यात्रा कर रहा हूँ। ऐसे ही तुम सोचते हो कि तुम कुछ कर रहे हो। कर्ता हो ही कैसे सकता है जब होश ही नहीं है?

प्रवचन-शिवसूत्र

ओशो

14 1 share

Like Comment Share

भक्ति आंदोलन Bhakti Andolan

भक्ति आंदोलन Bhakti Andolan · 3d ·

CamScanner

बिस्तर पर पड़े-पड़े भी मोक्ष तक पहुचा जा सकता है। लेकिन तब आलस्य को साधना बना लेना जरूरी है।
और तब आलस्य के प्रति सजग हो जाना जरूरी है। भीतर साक्षी जग जाना चाहिए। साक्षी के लिए न तो कर्म की जरूरत है, न अकर्म की, जो भी हो रहा है, उसके प्रति साक्षी होने की जरूरत है,
विटनेसिंग की जरूरत है।
आप अगर आलसी है, तो आलस्य के प्रति सजग हो, उसे देखो।

ओशो

गीता दर्शन

CamScanner

18

Most relevant

Baba Singh
Bogus questions. Creation is still a mysterey and purpose of life is to survive and reproduce
See translation

1d Like Reply

Vinod Bansal
Kitni stik sarthak jawab. Kai bar aisa lagta hai kya aisa bhi koi insaan ho sakta hai. 90 ya 95 percent mujhe woh sahi lagte hai. Sirf ek do baat se mein sehmat nhi ho paata

1d Like Reply

Most relevant is selected, so some comments may have been filtered out.

Write a comment...

CamScanner

12:56 pm 0 KB/s VoLTE 4G 77%

wizloat.com
🔥 Hot Selling 🔥 - Recommended by Experts.
Shop now

6.3K 111 comments • 53 shares • 1M views

Like Comment Share

ओशो का हिन्दी साहित्य
Hardev Kaur · 4h ·

भिखमंगे भी इस देश में ज्ञान की बातें कहते हैं, मगर उसका प्रयोजन कुछ ज्ञान से नहीं है। *भिखमंगे भी कहते हैं कि दान से बड़ा पुण्य नहीं है।* कोई न उन्हें पुण्य से मतलब है, न दान से मतलब है। मतलब तुम्हारी जेब से है।

वे तुम्हारे अहंकार को फुसला रहे हैं कि दान से बड़ा पुण्य नहीं है, कहां जा रहे हो, दान करो! और लोभ को पाप का बाप बताते हैं। वह तुमसे कह रहे हैं कि लोभ पाप का बाप है, बचो इससे! दे दो, हम तुम्हें हलका किए देते हैं। और मांग रहे हैं। भिखमंगे हैं। और *मांगना लोभ से हो रहा है, लेकिन शिक्षा वे अलोभ की दे रहे हैं!*

तुम्हारे भिखमंगों में और तुम्हारे साधु—संतों में कुछ बहुत फर्क नहीं है। तुम्हारे भिखमंगे में और तुम्हारे साधु—संतों में इतना ही फर्क है कि भिखमंगे गरीब और साधु—संत थोड़े सुशिक्षित, थोड़े सुसंस्कृत। भिखमंगे थोड़े दीन—हीन, और तुम्हारे साधु—संत तुम्हारा शोषण करने में ज्यादा कुशल हैं।

💓ओशो💓

56 4 comments • 14 shares

Like Comment Share

ओ'शो मित्र मंडली
Ajay Sharma · 4h ·

CamScanner

दैनिक भास्कर

आज का इतिहास

धरती सूर्य का चक्कर लगाती है

ये बताने पर मिली उम्रभर की नजरबंदी

गैलीलियो ने सबसे पहले बताया कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है, इसे चर्च ने ईश्वरीय किताबों का अपमान माना।

22 जून 1633 को गैलीलियो को विधर्म का दोषी ठहरा कर नजरबंद कर दिया गया, 8 जनवरी 1642 को नजरबंदी में ही उनकी मौत हो गई।

31 अक्टूबर 1992 को चर्च ने अपनी गलती मानी और कहा कि गैलीलियो का सिद्धांत सही था।

CS CamScanner

हो सकता है परमात्मा हो या न हो, हो सकता है आत्मा हो या न हो, हो सकता है कि यह सब दुनिया जो हम देख रहे हैं ये न हो, हो सकता है सपना हो फिर भी एक बात निश्चित है, एक बात में कोई संदेह नहीं है कि जो यहां है वो सदा यहां नहीं है। एक बात निश्चित है कि मौत है। मौत से बड़ा कोई सत्य नहीं है।

~ओशो, चित चकमक लागे नाही, प्रवचन 1

CS CamScanner

12:53 pm 0 KB/s VoLTE 4G 77%

ये कोई पक्का भरोसा नहीं कि अभी आप जायें और घर पहुंच जाएं। आज पहुंच जाएंगे, कल नहीं पहुंच सकेंगे, कल पहुंच जाएंगे परसों नहीं पहुंच सकेंगे या फिर कितनी देर बचेंगे एक दिन वह होगा कि नहीं पहुंच पाएंगे। तो उसे दूर करके देखने से कोई फर्क नहीं पड़ता कि दस साल बाद वह दिन होगा या बीस साल बाद वह दिन होगा। जो जानता है वह उसे आज की रात ही करके देख लेता है। ऐसा ही सोच कर जाइए कि कल सुबह नहीं उठ सकेंगे फिर क्या करना है। ऐसा ही सोच कर जाइए कि कल सुबह नहीं होना है फिर क्या करना है। एक दिन तो जरूर ऐसी सुबह होगी कि आप नहीं होंगे, इसको तो पक्का मान लीजिए, इसमें कोई शक नहीं है। इसे समझाने की भी कोई जरूरत नहीं है, एक दिन तो पक्का ऐसा होगा कि सूरज उगेगा और आप नहीं होंगे। बहुत लोग जमीन पर थे वे अब नहीं हैं, आप हैं आप भी नहीं होंगे।

जिंदगी में मृत्यु से ज्यादा निश्चित कुछ भी नहीं है लेकिन उस पर भी सबसे कम विचार है और सब अनिश्चित है, और सब संदिग्ध है। हो सकता है परमात्मा हो या न हो, हो सकता है आत्मा हो या न हो, हो सकता है कि यह सब दुनिया जो हम देख रहे हैं ये न हो, हो सकता है सपना हो फिर भी एक बात निश्चित है, एक बात में कोई संदेह नहीं है कि जो यहां है वो सदा यहां नहीं है। एक बात निश्चित है कि मौत है। मौत से बड़ा कोई सत्य नहीं है।

~ओशो, चित चकमक लागे नाही

CamScanner

12:53 pm 0 KB/s VoLTE 4G 77%

राजा तो सोचा कि यदि घोड़ा उड़ना सीख जाए तो अदभुत बात होगी। तो उसने कहा इसमें कोई घबड़ाने की बात नहीं है। मत रो, कितनी देर लगेगी कि ये घोड़ा उड़ना सीख जाए। वजीर ने कहाः केवल एक वर्ष। राजा ने कहा यदि घोड़ा सीख गया तो मृत्यु के दंड से तुम बच ही जाओगे। फिर से तुम्हें वजीर बना देंगे और बहुत धन संपत्ति जो तुम चाहोगे देंगे और इसमें कोई हर्ज नहीं हो रहा है और यदि वर्ष भर बाद घोड़ा उड़ना नहीं सीखा तो तुम्हें फांसी लगा देंगे, वर्ष भर बाद लगा देंगे। वजीर घोड़े पर बैठ कर घर लौट आया। घर तो लोग रो रहे थे कि उसको फांसी हो गई है, उसको घर पर देख कर सब हैरान हुए।

उन सबने पूछा कैसे तुम लौट आए। उसने सारी कथा बताई। तो भी उसकी पत्नी रोती रही, बच्चे रोते रहे। उसने कहा तुम रोना बंद करो, उसकी पत्नी ने कहा मैं तो जानती हूं कि तुम घोड़े को उड़ाने की कोई कला जानते नहीं, तो तुमने ये क्या पागलपन किया। आज मरते तो वर्ष भर बाद मरोगे और हमारे लिए तो ये वर्ष भर भी तुम्हारी मृत्यु की प्रतीक्षा का समय होगा हम तो दुखी ही होंगे। अगर ऐसा ही किया था धोखा ही किया था तो कम से कम बीस वर्ष, पचास वर्ष, ऐसा कोई वक्त मांगते। लेकिन वह वजीर हंसने लगा उसने कहा कि तुम जिंदगी के रिवाज नहीं जानती हो। मैं मर जाऊं, घोड़ा मर जाए, बादशाह मर जाए। साल भर बड़ी बात है। और बीस वर्ष मांगता तो राजा की हिम्मत नहीं हो सकती थी। बीस वर्ष बहुत लम्बा समय होता है। एक वर्ष मांगा है, एक वर्ष बहुत लंबा वक्त है और कुछ भी हो सकता है। मैं मर सकता हूं, घोड़ा मर सकता है, बादशाह मर सकता है। बात टल जाएगी।

यह कहानी उनसे कही और घटना तो ऐसी घटी कि जिसकी कभी कोई कल्पना नहीं थी, वे तीनों ही मर गए उस वर्ष। राजा भी, वजीर भी और घोड़ा भी। यह उनसे कहा। नाला उतर गया, वे गाड़ी लेकर चले गए। और मुझसे बोले कि लौट कर आता हूं तो आपसे मिलूंगा। उन्होंने भी वही बात कही बातें हमारी कुछ ऐसी होती हैं कि कितना ही कहा जाए बार-बार हम फिर-फिर वही कहने लगते हैं, वही करने लगते हैं। उन्होंने फिर जाते वक्त मुझसे यही कहा कि लौट कर आते वक्त आपसे जरूर मिलूंगा, मुझे बहुत आनंद हुआ। मैं हंसने लगा, उनकी गाड़ी निकल गई, फिर पीछे मेरी गाड़ी निकली। दो मील के बाद ही मैंने उन्हें मरा हुआ

CamScanner

12:53 pm 0 KB/s VoLTE 4G 77%

मैं एक यात्रा में था। वर्षा के दिन थे और पहाड़ी नदी के किनारे मुझे थोड़ी देर रूक जाना पड़ा। मेरी गाड़ी रूक गई। एक नाला था और जोर से गिरता था। मेरे पीछे और दो-तीन गाड़ियां थीं, वे भी रूक गईं। जो उनमें थे वे मेरे अपरिचित थे लेकिन मुझे बैठा देख कर मेरे पास आए और मुझसे कुछ बातें शुरू कीं। मैं उनसे बात कर रहा था और उनसे इस संबंध में अचानक बात हो आई उन्होंने मुझसे पूछा कि सबसे ज्यादा सोचने जैसी बात क्या है? तो मैंने उनसे कहा एक ही बात सोचने जैसी है और वह मृत्यु। बहुत उनसे बात होती रही। उन्होंने मुझसे कहा कि लौट कर वे मुझसे मिलेंगे। मैंने मजाक में उनसे कहा कि लौट कर मिलने का कोई पक्का भरोसा नहीं है। हो सकता है मैं न बचूं, हो सकता है आप न बचें, हो सकता है हम दोनों बचें लेकिन मिलने का कोई संयोग न बचे।

उनसे मैंने एक छोटी सी कहानी कही और कभी मेरी कल्पना में न था कि क्या होगा जाते-जाते नाला उतर गया और तब मैंने उनसे एक कहानी कही कि चीन में एक बादशाह अपने वजीर पर नाराज हो गया। उसने उसे कैद कर दिया और तय किया कि फलां-फलां दिन सुबह उसे फांसी दे देगा लेकिन उस राज्य का रिवाज था कि जब भी किसी को फांसी हो तो फांसी के दिन सुबह-सुबह राजा खुद जाकर उस कैदी को मिले और उस कैदी की जो भी मंशा हो तो उसे पूरी करे। फिर तो वह वजीर था ऐसे राजा का बहुत प्यारा रहा था लेकिन कोई भूल-चूक हुई थी और राजा नाराज हुआ था और फांसी की सजा दे दी थी। आज फांसी होनी थी तो सुबह-सुबह ही राजा आया अपने घोड़े से उतरा और वजीर से बोला: कोई तुम्हारी अंतिम इच्छा हो तो मैं पूरी कर दूं। लेकिन ये कहते ही वजीर की आंखों में आंसू आ गए। राजा बहुत हैरान था। वजीर बहुत बहादुर था। रोना उसने जाना नहीं था जीवन में और ये असंभव था कि अपनी मौत के खयाल से वे रोने लगे। ये असंभव था। राजा हैरान हुआ उसने कहा कि तुम्हारी आंखों में आंसू देख कर मैं हैरान हो रहा हूं। वजीर ने कहा इसलिए नहीं रोता हूं कि मेरी मौत करीब आ गई है। रोता हूं किसी और बात से, रोता हूं आपके घोड़े को देख कर। राजा ने कहा कि इसमें मेरे घोड़े को देख कर रोने की क्या बात है। और वजीर ने कहा: मैंने बरसों मेहनत करके एक कला सीखी थी, मैंने एक विज्ञान सीखा था कि घोड़े को मैं उड़ना सिखा सकता था लेकिन जिस

CamScanner

CS CamScanner

The real world is not the problem – the world around your mind is the problem.

OSHO

CamScanner

कृष्ण का आदेश

एक बार, एक अत्यंत गरीब महिला, जो "श्रीकृष्ण" पर, अटूट विश्वास करती थी, अत्यंत ही, विकट स्थिति में आ गई ! कई दिनों से खाने के लिए, पूरे परिवार को नहीं मिला।

एक दिन, उसने रेडियो के माध्यम से, "श्रीकृष्ण" को अपना सन्देश भेजा, कि वे उसकी मदद करें। यह प्रसारण, एक नास्तिक, घमण्डी, और अहंकारी, उद्योगपति ने सुना और उसने सोचा कि, क्यों न, इस महिला के साथ, कुछ ऐसा मजाक किया जाये, कि उसकी "श्रीकृष्ण" के प्रति आस्था, डगमगा जाये। उसने अपने सेक्रेटरी को कहा, कि वह ढेर सारा खाना और महीने भर का राशन, उसके घर पर देकर आये, और जब वह महिला पूछे, किसने भेजा है, तो कह देना कि शैतान ने भेजा है !

जैसे ही, महिला के पास, सामान पहुँचा, पहले तो उसके परिवार ने तृप्त होकर भोजन किया, फिर, वह सारा राशन अलमारी में रखने लगी। जब महिला ने पूछा नहीं कि, यह सब किसने भेजा है। जब सेक्रेटरी से रहा नहीं गया, तो उसने कहा–'आपको क्या जिज्ञासा नहीं होती कि, यह सब किसने भेजा है ?'

उस महिला ने बेहतरीन जवाब दिया–'मैं इतना क्यों सोंचू या पूछूँ ? मुझे मेरे श्रीकृष्ण पर पूरा भरोसा है, मेरा "कृष्ण" जब आदेश देता है, तो, "शैतानों" को भी उस आदेश का पालन करना पड़ता है।'

जय जय श्री राधे

CamScanner

12:42 pm 10 KB/s VoLTE 4G 79%

facebook

380 12 comments • 13 shares

Like Comment Share

आध्यात्मिक मार्ग Aadhyaatmik Marg

Parshotam Rai · 39m ·

रात के दो बजे थे।

एक श्रीमंत को निंद नहीं आ रही थी, चाय पी,टीवी देखा, घर में कई चक्कर लगाये पर चैन नहीं पड़ा। *

आखिर मैं थक कर नीचे आया कार निकाली और शहर की सड़कों पर निकल गया। रास्ते में एक मंदिर दिखा सोचा थोड़ी देर इस मंदिर में भगवान के पास बैठता हूं प्रार्थना करता हूं तो शायद शांति मिल जाय।

वह आदमी मंदिर के अंदर गया तो देखा, एक दूसरा आदमी भगवान की मूर्ति के सामने बैठा था, उदास चेहरा, आंखों में करूणता।

श्रीमंत ने पूछा " क्यों भाई इतनी रात को?"

आदमी ने कहा " मेरी पत्नी अस्पताल में है, सुबह यदि उनका आपरेशन नहीं हुआ तो मर जायेगी और मेरे पास आपरेशन का पैसा नहीं है" ।

इस श्रीमंत ने पाकिट में जीतने रूपए थे दिया। गरिब आदमी के चहरे पे चमक आई।

श्रीमंत ने कार्ड दिया और कहा इस में फोन नं. और पता भी है और जरूरत हो तो निसंकोच बताना।

वह गरिब आदमी ने कार्ड वापीस दिया और कहा "मेरे पास एड्रेस है" यह एड्रेस की जरूरत नहीं है शेठजी।

*आश्चर्य से श्रीमंत ने कहा "किसका एड्रेस है" वह गरिब आदमी ने कहा

"जिसने रात को साढ़े तीन बजे आपको यहां भेजा उनका"

जय श्री राधे गोविन्द ❣️🙏🏼

1 1 comment

Like Comment Share

CamScanner

12:39 pm 6 KB/s VoLTE 4G 79%

टालस्टॉय ने अपने संस्मरणों में लिखा है कि मैं एक दिन जा रहा था एक राह के किनारे से, एक भिखमंगे ने हाथ फैला दिया। सुबह थी, अभी सूरज ऊगा था और टालस्टॉय बड़ी प्रसन्न मुद्रा में था, इंकार न कर सका। अभी– अभी चर्च से प्रार्थना करके भी लौट रहा था, तो वह हाथ उसे परमात्मा का ही हाथ मालूम पड़ा। उसने अपने खीसे टटोले, कुछ भी नहीं था। दूसरे खीसे में देखा, वहा भी कुछ नहीं था। वह जरा बेचैन होने लगा। उस भिखारी ने कहा कि नहीं, बेचैन न हों, आपने देना चाहा, इतना ही क्या कम है! टालस्टॉय ने उसका हाथ अपने हाथ में ले लिया। और टालस्टॉय कहता है, मेरी आंखें आंसुओ से भर गईं। मैंने उसे कुछ भी न दिया, उसने मुझे इतना दे दिया। उसने कहा कि आप बेचैन न हों! आपने टटोला, देना चाहा–इतना क्या कम है? बहुत दे दिया!

न दे कर भी देना हो सकता है। और कभी–कभी दे कर भी देना नहीं होता। अगर बेमन से दिया तो देना नहीं हो पाता। अगर मन से देना चाहा, न भी दे पाए, तो भी देना घट जाता है–ऐसा जीवन का रहस्य है। बांटते चलो! धीरे– धीरे तुम पाओगे, जैसे–जैसे तुम बांटने लगे ऊर्जा, वैसे–वैसे तुम्हारे भीतर से कहीं परमात्मा का सागर तुम्हें भरता जाता। नई–नई ऊर्जा आती, नई तरंगें आतीं। और एक दफा यह तुम्हें गणित समझ में आ जाए. .यह जीवन का अर्थशास्त्र नहीं है, यह परमात्मा का अर्थशास्त्र है, यह बिलकुल अलग है। जीवन का अर्थशास्त्र तो यह है कि जो है, अगर नहीं बचाया तो लुटे। इसको तो बचाना, नहीं तो भीख मांगोगे!

मैंने सुना, एक भिखमंगा मुल्ला नसरुद्दीन के द्वार पर भीख मांग रहा था। मुल्ला ने उसे खूब दिल खोल कर दिया। खिलाया, पिलाया, वस्त्र पहनाए, जाने लगा तो दस का नोट भी दिया। फिर मुल्ला ने उससे पूछा कि तुम आदमी तो भले मालूम पड़ते हो, तुम्हारे चेहरे से संस्कार मालूम पड़ता है। तुम्हारे वस्त्र भी यद्यपि दीन, मलिन हैं, फटे–पुराने हैं, लेकिन कीमती मालूम होते हैं। यह दशा तुम्हारी कैसे हुई?

वह कहने लगा, जैसे आप कर रहे हैं, ऐसे ही मैं करता था। जल्दी आपकी भी यही दशा हो जाएगी। दे–दे कर यह दशा हुई। बांटता रहा, उसी में लुट गया।

तो एक तो इस बाहर के जगत का अर्थशास्त्र है : यहां छीनो तो मिलेगा, यहां दो तो खो जाएगा। एक भीतर का अर्थशास्त्र है, कबीर ने कहा दोनों हाथ उलीचिए! उलीचते रही तो नया आता रहेगा। बांटते रहो तो मिलता

CamScanner

तुम लक्ष्मी देकर..
लक्ष्मी जी! की मूर्ति
खरीदते हो..
और फिर उसी मूर्ति से
लक्ष्मी मांगते हो! ये,
कहाँ की बुद्धिमानी है!
ओशो

CamScanner



जिस दिन तुम्हारा और तुम्हारी प्रेयसी के
बीच प्रेम चुक जाएगा, उस दिन तुम यह
मत सोचना कि प्रेयसी ने धोखा दिया है;
यह मत सोचना कि प्रेमी दगाबाज
निकला। नहीं, प्रेम दगाबाज है।
न तो प्रेयसी दगाबाज है,
न प्रेमी दगाबाज है
प्रेम दगाबाज है। जिसे तुमने प्रेम जाना
था वह क्षणभंगुर था, पानी का बबूला था।
अभी—अभी बड़ा होता दिखता था।
ओशो अष्टावक्र महागीता

CamScanner



CamScanner


“
When meditation
is not needed
“..When one simply lives in
meditation, walks in meditation,
sleeps in meditation, when
meditation is just one's way of
being, then one has arrived."
- Osho
OSHO

CamScanner

तुम व्यर्थ में ही अच्छे अवसरों को
ढूंढने में लगे हो....तुम जिंदा हो,
क्या ये बड़ा अवसर नही है.....

CamScanner



CS CamScanner

7:32 am 0 KB/s VoLTE 4G 99%

5

कि वह ऋषि बगैर कोशिश के हैं।
उपनिषद में एक कथा है की चार मित्र जा रहे है और पहाड़ के ऊपर एक साधु को खडा देखते हैं। एक कहता हैं की वह किसी की राह देख रहा हैं....दुसरा मित्र कहता उस की गाय कही चली गई उसे खोज रहा है...तिसरा मित्र कहता कि वह हमे देख रहा हैं और चौथा कहता हैं साधू को नीचे आना चाहता है सोच रहा है कि धूप हैं नीचे जाऊं या न जाऊ....ऐसे बात चीत करते वह शर्त लगाते है की जिस की बात ठीक निकलेगी...वह शर्त जीत जाएगा और दुसरे लोग उसे दस दस रुपये देंगे... ऐसे में वह पहाड़ पर पहुंच कर उस साधु के पास जा अपनी शर्त बताते हैं और नवेदन करते है कि हम सब में किस की बात सच हैं।
साधु ने कहा मै किसी की राह नहीं देख रहा था,मेरी गाय भी गुम नहीं हुई, मैने आप को तो देखा भी नहीं था...और न ही मुझे नीचे किसी काम से जाना हैं....क्षमा करना आप में से किसी का भी अंदाजा ठीक नहीं मै तो बस यहां हूँ बगैर किसी कारण से हूँ....
घंटी , इसी प्रकार हम भी अपनी धारणाओं ,मानयताओं , संस्कारों , पूर्वाग्रहों ,कल्पनाओं के साथ उलझे रहते हैं और जिस के साथ हम होते हैं हम वहीं हो कर अपना वास्तविक सवरुप भूल कर उसी के गुलाम हो कर अपनी स्वतंत्रता , मुक्ति , मोक्ष , शून्य , निरपेक्ष , सहज , अमृत, निरलेप, अजन्म , एकता , केवली...इत्यादि अवस्था से बाहर हो जाते हैं....

घंटी , यह जो तुम ईश्वर हो.... वह सब स्वतंत्रता , मुक्ति मोक्ष....इत्यादि गुणों का जोड हैं जो बाहर से नहीं दिखाई देते....इन गुणों को जानते जानते मानव गुणों को उपलब्ध हो जाता हैं ...शायद अपने लिए अहंब्रह्यास्मि के उद्घोष करने की भी जरूरत नहीं मगर वह यह मान लेता है कि यह गुण तो नैसर्गिक हैं सब के पास हैं... बस ... वह सब इसे जानते नहीं। यही बात गीता में कृष्ण ने अर्जुन को कहा की मैं जानता हूँ तुम जानते नहीं हो....

घंटी , यह मुक्ति ... जो किसी धर्म जाति देश काल से संबंधित नहीं.... किसी की गुलामी नहीं...वही ऐश्वर्य हैं...इस ऐश्वर्य से ही कोई ईश्वर हैं...चमत्कारी नहीं...स्वतंत्र होना कोई चमत्कार नहीं मगर अचम्भा जरूर हैं....
आज इतना ही......

CS CamScanner

मस्त आदमी का क्या अर्थ होता है? मस्त आदमी का अर्थ होता है: अब कोई चलाने वाला नियंत्रण भीतर न रहा। अब तो छोड़ दिया सब परमात्मा पर। जहां उसकी मरजी हो, ले जाए। डुबाना हो-- डुबा दे; हम गीत गुनगुनाते डूब जायेंगे। मिटना हो--मिटा दे; हम मुस्कुराते मिट जायेंगे। जो उसकी मरजी; जैसी उसकी मरजी।

कन थोरे काकर घने -2

ओशो

OSHO MADHUSHALA

CamScanner


।। मेरे ये अंतिम शब्द हैं ।।
प्रत्येक क्षण को
महोत्सव बना लो!
तब फिर तुम्हे
परमात्मा को
नहीं खोजना पड़ेगा।
तुम जहां भी होओगे,
परमात्मा खुद
तुम्हें खोजता हुआ
आ जायेगा।
।। ओशो ।।
Oshoravi

CamScanner

8:53 pm 0 KB/s VoLTE 4G 38%
facebook

बहे जाते है। उसने कहा नही अब द्वार खुलवाने नही आयी, अब ठहरने नहीं आई केवल धन्यवाद देने आई हूं।

अगर तुम आज मुझे अपने घर में ठहरा लेते तो रात आकाश के तारे ओर फूलो का चटख कर खिल जाना मैं देखने से वंचित ही रह जाती। मैं सिर्फ धन्यवाद देने आई हूं कि तुम्हारी बडी कृपा थी कि तुमने द्वार बंद कर लिये और मैं खुले आकाश के नीचे सो सकी। तुम्हारी बडी कृपा थी कि तुमने घर की दीवालों से बचा लिया और खुले आकाश में मुझे भेज दिया।

जब तुमने भेजा था तब तो मेरे मन को लगा था कैंसे बूरे लोग हैं, अब मैं यह कहने आई हूं कि कैंसे भले लोग हैं इस गांव के मैं धन्यवाद देने आई हूं। परमात्मा तुम पर पर कृपा करें।

जैसी तुमने मुझे एक अनुभव की रात दे दी, जो आनन्द मैंने आज जाना हैं जो फूल मैंने आज खिलते देखे हैं जैसे मेरे भीतर भी कोई चाटख गई हो और खिल गई हो। जैसी आज अकेली रात में आकाश के तारे देखे हैं जैसे मेरे भीतर ही कोई आकाश स्पष्ट हो गया हो, और तारे खिल गये हो मैं उसके लिए धन्यवाद देने आई हूं।भले लोग हैं तुम्हारे गांव के |

परिस्थिति कैसी हैं इस पर कुछ निभर नहीं करता। हम परिस्थिति को कैंसे लेते हैं इस पर सबकुछ निर्भर करता। तब तो राह पर पडे हुए पत्थर भी सीढिया बन जाते है। और जब हम परिस्थतियों को गलत ढंग से लेने के आदि हो जाते हैं तो सीढ़िया भी मंदिर की पत्थर मालूम पडने लगती है।

जिनसे रास्ता रूकता हैं पत्थर सीढी बन सकते है। सीढियां पत्थर मालूम हो सकती है, अवसर दूर्भाग्य मालूम हो सकते है। हम कैंसे लेते हैं हमारी देखने की दृष्टि क्या है। हमारी पकड क्या है, जीवन का कोण हमारा क्या है, हम कैंसे जीवन को लेते हैं और देखते है।

आशा भर कर जीवन को देखें। साधक अगर निराश से जीवन को देखेगा तो गति नही कर सकता है। आशा से भरकर जीवन को देखें। अधैर्य से भरकर अपने जीवन को देखेंगे तो मन को साधक एक कदम आगे नहीं बड सकता है। धैर्य से अनन्त धैर्य जीवन को देखें। उतावले पन में जीवन को देखेंगे , शीघ्रता में भागते हुए तो साधक एक इंच आगे नही बड सकता है।

CamScanner



परमात्मा कभी दृश्य नहीं बनता; परमात्मा तो तुम्हारे भीतर छिपे हुए द्रष्टा का नाम है। तुम्हारी आंख से भी जो देख रहा है, वह परमात्मा ही है।

CS CamScanner



CS CamScanner

" इक साधे सब सधे " – वही एक ध्यान ।
भीतर निर्विचार होने लगो ,
भीतर धीरे-धीरे साक्षी भाव को आने दो ,
भीतर देखो न तुम देह हो, न तुम मन हो, न तुम विचार , न वासना
और धीरे-धीरे एक बात तुम्हारे सामने साफ हो जाए ;
कि तुम सिर्फ साक्षी हो – कि सन्यास फलित हुआ ।
सन्यास उस दिन नही होता , जिस दिन तुम सन्यास लेते हो !
उस दिन तो केवल औपचारिक रुप से शुरुआत होती है ?
सन्यास उस दिन फलित होता है ,
जिस दिन तुम साक्षी का अनुभव कर लेते हो ।

** ओशो **

झरत दसहुं दिस मोती - दसवां प्रवचन
सार-असार की कसौटी ध्यान है से संकलित ।

CamScanner

4:25 pm 0 KB/s VoLTE 4G 61%

एक बार एक संत जंगल में ध्यानमग्न बैठे थे, वह आस पास की गतिविधियों से बिल्कुल बेख़बर होकर भगवान की तपस्या कर रहे थे !

तभी वहाँ से एक अमीर आदमी गुज़रा और वो संत को देखकर बहुत प्रभावित हुआ !

जब संत ने आँखे खोली तो वह उनके आगे हाथ जोड़कर खड़ा हो गया और अपने थेले से 1000 सोने के सिक्के निकाल कर बोला - महाराज मेरी तरफ से ये सिक्के स्वीकार करें !

मुझे उम्मीद है कि आप इनका उपयोग अच्छे कामों में ही करेंगे !

संत उसे देखकर मुस्कुराए और बोले - क्या तुम अमीर आदमी हो ?

वह बोला - हाँ !

संत ने कहा - क्या तुम्हारे पास और धन है ?

वह बोला - हाँ घर पे मेरे पास और बहुत सारा धन है मैं बहुत अमीर हूँ !

संत बोले - क्या तुम और ज़्यादा अमीर बनाना चाहते हो ?

वह बोला - हाँ मैं रोज भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि मुझे और धन दें मैं और अमीर हो जाऊं !

यह सुनकर संत ने उसे सिक्के वापस देते हुए कहा - यह अपना धन वापस लो मैं भिखारी से कभी कुछ नहीं लेता !

वह आदमी अपना अपमान सुनकर गुस्सा हो गया बोला - आप ये क्या बोल रहे हैं ?

संत बोले - मैं तो भगवान का भक्त हूँ मेरे पास सब कुछ है मुझे किसी चीज़ की ज़रूरत नहीं लेकिन तुम तो रोज भगवान से धन माँगते हो तो अमीर तो मैं हूँ तुम तो भिखारी हो !

CamScanner

4:25 pm 0 KB/s 61%

facebook

वह बोला - हाँ घर पे मेरे पास और बहुत सारा धन है मैं बहुत अमीर हूं !

संत बोले - क्या तुम और ज़्यादा अमीर बनाना चाहते हो ?

वह बोला - हाँ मैं रोज भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि मुझे और धन दें मैं और अमीर हो जाऊं !

यह सुनकर संत ने उसे सिक्के वापस देते हुए कहा - यह अपना धन वापस लो मैं भिखारी से कभी कुछ नहीं लेता !

वह आदमी अपना अपमान सुनकर गुस्सा हो गया बोला - आप ये क्या बोल रहे हैं ?

संत बोले - मैं तो भगवान का भक्त हूँ मेरे पास सब कुछ है मुझे किसी चीज़ की ज़रूरत नहीं लेकिन तुम तो रोज भगवान से धन माँगते हो तो अमीर तो मैं हूँ तुम तो भिखारी हो !

अमीर की दौलत उसका चरित्र होता है नाकी धन !

धन दौलत यह सब ऐसी चीज़ें हैं जिससे इंसान का कभी पेट नहीं भरता !

आप किसी अमीर इंसान से जाकर पूछिए कि क्या आप संतुष्ट हैं तो वह कहेगा नहीं क्यूंकि उसे और धन चाहिए !

अमीर वह होता है जो एक अच्छे चरित्र का मालिक है, धन से अमीर तो दुनिया में एक से एक भरे पड़े हैं, तो ऐसा अमीर बनने से क्या होगा !

जिसकी सोच ऊँची हो, विचार शुद्ध हो तब ही वह दुनिया का सबसे अमीर इंसान बन सकेंगा !!

You and 5 others 3 comments • 1 share

Like Comment Share

CamScanner

मौन में आप अपने होने के एहसास को बहुत स्पष्ट देख पाते हैं । यह 'असली मैं' का एहसास है । यह स्वअनुभव है, जो शरीर के सभी अनुभवों से परे है । इसी अनुभव का अनुभव करने के लिए मौन का महत्व है ।

जब असली अनुभव का अनुभव होने लगेगा तो फिर कोई आपको कुछ भी कहे, फर्क नहीं पड़ेगा... कोई कहे 'अरे! तुम्हारे साथ बुरा हुआ... तुम्हारी बेइज्जती हो गई...।' तब भी आप नकली 'मैं' को पहचानकर, उसमें फँसे बिना, अपने एहसास पर रहेंगे ।

आइए, आगे दिए गए ध्यान द्वारा अपने होने के एहसास को पकड़ने का प्रयास करते हैं ।

1. कुछ देर अपनी आँखें बंद करके शांति से बैठें ।
2. अब यह सोचें कि पूरा शरीर बदल चुका है, आपको एक नया चेहरा... नया शरीर दिया गया है ।
3. उस शरीर में रहते हुए आप स्वयं को देख रहे हैं ।
4. अब महसूस करके देखें कि क्या आपका अनुभव, अपने होने का एहसास बदल गया है या वैसे का वैसा ही है ?
5. आप स्पष्ट जान पाएँगे की अनुभव तो वैसे का वैसा ही है । उसमें कोई फर्क नहीं है ।
6. अब धीरे-धीरे अपनी आँखें खोलें ।

आपने महसूस किया होगा कि शरीर बदलने के बावजूद, आपका अनुभव वही है । यानी असली अनुभव शरीर से परे है । यह एहसास शरीर पर नहीं है । हम उस अनुभव को शरीर पर ढूँढने की कोशिश करते हैं । असली अनुभव को महसूस करने के लिए, 'आपको क्या करना पड़ा ? कुछ नहीं । आपको सिर्फ होना पड़ा । इतना ही आसान है उस अनुभव को पकड़ना ।

CamScanner


प्रत्येक व्यक्ति स्वभाव से
भगवान है। स्वभाव का
मतलब है,अंतर आत्मा
से, वह जाने-अनजाने ,
वह पाऐ ना पाऐ , वह
जन्म-जन्म भटके; फिर
भी इससे कोई फर्क नहीं
पडता, वह भगवान है।
और किसी न किसी ,
दिन वह प्रगट होगा।
और किसी न किसी ,
दिन वह बीज , वह वृक्ष
होगा। जो सम्भावना है
वो सत्य बनेगा। तो ,
समय के पहले भीतर
से जागो। OSHO

CamScanner


मैं बुद्ध में थोड़ी कमी पाता हूं, मैं मीरा मैं भी थोड़ी कमी पाता हूं, मीरा में होश की कमी है, बुद्ध में मस्ती की कमी है, मैं पश्चिम में थोड़ी कमी पाता हूं, मैं पूर्व में थोड़ी कमी पाता हूं, लोगों ने आधे-आधे को चुन लिया है, क्योंकि आधा-आधा अंग तर्कयुक्त , मालूम होता है, पूरे को चुनने में बड़ी अतार्किकता हो जाती है, असंगति हो जाती हैं, मैं तो ऐसा व्यक्तित्व चाहता हूं पृथ्वी पर जिसमें बुद्ध जैसा जागरण हो, और मीरा जैसी मस्ती हो बुद्ध जैसा `शून्य हो और मीरा जैसे गीत हो बुद्ध का शून्य जब मीरा के हाथ की वीणा बन जाए, तो समझना की हमने पृथ्वी पर धर्म को अवत्रित कर लिया..✍️❤️💻
❤️ओशो❤️
oshoduniya.com

CamScanner

Osho

मन जबतक है
तबतक प्यासा ही रहेगा।
मन का होना ही प्यास है।
अतृप्ति मन का स्वभाव है।
मन कभी तृप्त हुआ, ऐसा सुना नहीं।
मन कभी तृप्त होगा, ऐसा संभव नहीं।
मन तृप्त नहीं हो सकता है।
इसीलिए तो संसार में कोई तृप्ति नहीं है,
क्योंकि संसार मन का फैलाव है।
मन का विस्तार है।
~ ओशो

CS CamScanner


जन्म के बाद तुमने मरने के सिवाय और किया ही क्या है? रोज-रोज मर रहे हो। और जिम्मेवार कौन है? अस्तित्व ने जीवन दिया है, मृत्यु हमारा आविष्कार है। अस्तित्व ने आनंद दिया है, दुख हमारी खोज है।
Osho Universal
Dhaval Parmar
ओशो
अष्टावक्र महागीता

CamScanner


तथाकथित धर्म का
बड़ा गहरा जाल प्रत्येक व्यक्ति के पास है।
तुम्हें वो व्यक्ति खोजना मुश्किल होगा ....
जो ना हिंदू है, न मुसलमान है ,
ना ईसाई है ,ना बौद्ध है ,
ना जैन है ,ना सिख है
कोई ना कोई जाल पास है ।
यहां खालिस आदमी खोजना मुश्किल है
और खालीस आदमी ही स्वयं तक आ सकता है ।
जिसे तुमने धर्म समझा है
वह तुम्हारे बाजार का हिस्सा है और
जिसे तुमने मंदिर समझा है
वह परमात्मा के नाम की दुकान
है।
Osho
anamcara Ramesh

CamScanner


अगर तुमसे कोई पूछे,
तो उत्तर दिये बिना नहीं रहा जाता।
एक बड़ी उत्तेजना उठती है कि
उत्तर देना ही है, क्योंकि नहीं तो
लोग समझेंगे कि
तुम जानते ही नहीं हो।
और ध्यान रखना,
अज्ञानी दावा करता है
ज्ञान का और ज्ञानी कोई
दावा नहीं करता।
अज्ञानी ही दावा करता है।
ज्ञानी का दावा नहीं है,
ज्ञानी दावेदार नहीं है।
Osho
अष्टावक्र महागीता-९१
अनुभव ही भरोसा

CamScanner

मैं महावीर का अनुयायी तो नहीं हूं, प्रेमी हूं। वैसे ही जैसे क्राइस्ट का, कृष्ण का, बुद्ध का या लाओत्से का। और मेरी दृष्टि में अनुयायी कभी भी नहीं समझ पाता है।

और दुनिया में दो ही तरह के लोग होते हैं, साधारणतः। या तो कोई अनुयायी होता है, और या कोई विरोध में होता है। न अनुयायी समझ पाता है, न विरोधी समझ पाता है। एक और रास्ता भी है--प्रेम, जिसके अतिरिक्त हम और किसी रास्ते से कभी किसी को समझ ही नहीं पाते। अनुयायी को एक कठिनाई है कि वह एक से बंध जाता है और विरोधी को भी यह कठिनाई है कि वह विरोध में बंध जाता है। सिर्फ प्रेमी को एक मुक्ति है। प्रेमी को बंधने का कोई कारण नहीं है। और जो प्रेम बांधता हो, वह प्रेम ही नहीं है।

तो महावीर से प्रेम करने में महावीर से बंधना नहीं होता। महावीर से प्रेम करते हुए बुद्ध को, कृष्ण को, क्राइस्ट को प्रेम किया जा सकता है। क्योंकि जिस चीज को हम महावीर में प्रेम करते हैं, वह और हजार-हजार लोगों में उसी तरह प्रकट हुई है।

महावीर को थोड़े ही प्रेम करते हैं। वह जो शरीर है वर्धमान का, वह जो जन्मतिथियों में बंधी हुई एक इतिहास रेखा है, एक दिन पैदा होना और एक दिन मर जाना, इसे तो प्रेम नहीं करते हैं। प्रेम करते हैं उस ज्योति को जो इस मिट्टी के दीए में प्रकट हुई। यह दीया कौन था, यह बहुत अर्थ की बात नहीं। बहुत-बहुत दीयों में वह ज्योति प्रकट हुई है।

Only admins can send messages

CamScanner

अपनी उम्मीद की टोकरी खाली कर दीजिये...
परेशानियाँ नाराज होकर खुद चली जायेगी ।

CamScanner

6:03 am 0 KB/s VoLTE 4G 99%

'"^महामूर्ख^"

एक गांव में एक महामूर्ख था। वह बहुत परेशान था, क्योंकि वह कुछ भी कहता लोग हंस देते; लोग उसको महामूर्ख मान ही लिये थे। वह कभी ठीक भी बात कहता तो भी लोग हंस देते। वह सिकुड़ा-सिकुड़ा जीता था, बोलता तक नहीं था। न बोले तो लोग हंसते थे, बोले तो लोग हंसते थे। कुछ करे तो लोग हंसते थे, न करे तो लोग हंसते थे। उस गांव में एक फकीर आया। उस महामूर्ख ने रात उस फकीर के चरण पकड़े और कहा कि मुझे कुछ आशीर्वाद दो, मेरी जिंदगी क्या ऐसे ही बीत जायेगी सिकुड़े-सिकुड़े? क्या मैं महामूर्ख की तरह ही मरूंगा, कोई उपाय नहीं है कि थोड़ी बुद्धि मुझमें आ जाये?

उस फकीर ने कहा: उपाय है, यह ले सूत्र, तू निंदा शुरू कर दे। उसने कहा: निंदा से क्या होगा? फकीर ने कहा: सात दिन तू कर और फिर मेरे पास आना। उस महामूर्ख ने पूछा: करना क्या है निंदा में? उस फकीर ने कहा: कोई कुछ भी कहे, तू नकारात्मक वक्तव्य देना। जैसे कोई कहे कि देखो, कितना सुंदर सूरज निकल रहा है! तू कहना इसमें क्या सुंदर है? सिद्ध करो, सुंदर कहां है, क्या सुंदर है? रोज निकलता है, अरबों-खरबों सालों से निकल रहा है। आग का गोला है, सुंदर क्या है? कोई कहे कि देखो, जीसस के वचन कितने प्यारे हैं! तू तत्क्षण टूट पड़ना कि क्या है इसमें प्यारा, कौन-सी बात खूबी की है, कौन-सी बात नयी है? सदा से तो यही कहा गया है, सब पिटा-पिटाया है, सब बासा है, सब उधार है। तू नकार ही करना। कोई सुंदर स्त्री को देखकर कहे कितनी सुंदर स्त्री है! तू कहना इसमें है क्या? जरा नाक लंबी हो गयी तो हो क्या गया, कि रंग जरा सफेद हुआ तो हो क्या गया? सफेद तो कोढ़ी भी होते हैं। सुंदर कहां है, सिद्ध करो। तू हर-एक से प्रमाण मांगना और ख्याल रखना यह कि हमेशा नकार में रहना; उनको विधेय में डाल देना, तू नकार में रहना। सात दिन बाद आ जाना।

सात दिन बाद तो जब आया महामूर्ख तो अकेला नहीं आया, उसके कई शिष्य हो गये थे। वह आगे-आगे आ रहा था। फूल-मालाएं उसके गले में डली थीं। बैंड-बाजे बज रहे थे। उसने फकीर से कहा कि तरकीब काम कर गयी! गांव में एकदम सन्नाटा खिंच गया है, जहां निकल जाता हूं लोग सिर नीचा कर लेते हैं। लोगों में खबर पहुंच गयी है कि मैं

CS CamScanner

कि हमेशा नकार में रहना; उनको विधेय में डाल देना, तू नकार में रहना। सात दिन बाद आ जाना।

सात दिन बाद तो जब आया महामूर्ख तो अकेला नहीं आया, उसके कई शिष्य हो गये थे। वह आगे-आगे आ रहा था। फूल-मालाएं उसके गले में डली थीं। बैंड-बाजे बज रहे थे। उसने फकीर से कहा कि तरकीब काम कर गयी! गांव में एकदम सन्नाटा खिंच गया है, जहां निकल जाता हूं लोग सिर नीचा कर लेते हैं। लोगों में खबर पहुंच गयी है कि मैं महामेधावी हूं। मेरे सामने कोई जीत नहीं सकता। अब आगे क्या करना है?

उसने कहा: अब आगे तो कुछ करना ही मत, बस तू इसी पर रुके रहना। अगर तेरे को मेधा बचानी है, कभी विधेय में मत पड़ना। ईश्वर की कोई कहे तो तत्क्षण, तत्क्षण नास्तिकता प्रकट करना। जो भी कहा जाये, तू हमेशा नकारात्मक वक्तव्य देना, तुझे कोई न हरा सकेगा; क्योंकि नकारात्मक वक्तव्य को असिद्ध करना बहुत कठिन है। विधायक वक्तव्य को सिद्ध करना बहुत कठिन है।

ईश्वर को स्वीकार करने के लिए बड़ी बुद्धिमत्ता चाहिए, बड़ी सूक्ष्म संवेदना चाहिए। हृदय का अत्यंत जागरूक रूप चाहिए। चैतन्य की निखरी हुई दशा चाहिए। भीतर थोड़ी रोशनी चाहिए। लेकिन ईश्वर को इनकार करने के लिए कुछ भी नहीं चाहिए। कोई अनिवार्यता नहीं है ईश्वर को इनकार करने के लिए। इसलिए लोग दुनिया में निंदा करते हैं।

निंदा का मनोविज्ञान सस्ता मनोविज्ञान है, सुगम उपाय है। इससे तुम्हारी प्रतिभा सिद्ध होगी। और उसमें कुछ खर्च पड़ता ही नहीं। हल्दी लगे न फिटकरी रंग चोखा हो जाये। इसमें कुछ खर्च होता ही नहीं। इसे सीखने कहीं जाने की जरूरत नहीं। इसके लिए कोई सत्संग करना आवश्यक नहीं। इसलिए हर आदमी निंदा में कुशल है।

CamScanner

कठी न आती जाती।
मीरा रे प्रभु गिरधर नागर ,
मग जोवाँ दिन राती ॥
"सार की बात तो यह है कि बिना सच्चे वैराग्य के घर का त्याग न करें ।"
" धन्य ,धन्य हो मातः !" सब लोग बोल उठे ।
" क्षमा करें मातः! आप ने फरमाया कि भजन अर्थात जप करो । भजन का अर्थ सम्भवतः जप है । पर जप में मन लगता नहीं माँ !" उसने दुखी स्वर में कहा ," हाथ तो माला की मणियाँ सरकाता है , जीभ भी नाम लेती रहती है , किन्तु मन मानों धरा -गगन के समस्त कार्यों का ठेका लेकर उड़ता फिरता है ।ऐसे में माँ , भजन से , जप से क्या लाभ होगा ? ब्लकि स्वयं पर जी खिन्न हो जाता है। "
मीरा ने उनकी जिज्ञासा का समाधान करते हुये कहा ," भजन का अर्थ है कैसे भी ,जैसे हो, मन -वचन -काया से भगवत्सम्बन्धी कार्य हो। हमें भजन का ध्यान ऐसे ही बना रहे , जैसे घर का कार्य करते हुये , माँ का ध्यान पालने में सोये हुये बालक की ओर रहता है याँ फिर सबकी सेवा करते हुये भी पत्नी के मन में पति का ध्यान रहता है। पत्नी कभी मुख से पति का नाम नहीं लेती , किन्तु वह नाम उसके प्राणों से ऐसा जुड़ा रहता है कि वह स्वयं चाहे तो भी उसे हटा नहीं पाती। मन सूक्ष्म देह है ।जो भी कर्म बारम्बार किए जाते है , उसका संस्कार दृढ़ होकर मन में अंकित होता जाता है। बिना मन और बुद्धि के कोई कार्य बार बार करने से मन और बुद्धि उसमें धीरेधीरे प्रवृत्त हो जाते है ।जैसे खारा याँ कड़वा भोजन पहले अरूचिकर लगता है , पर नित्य उसका सेवन करने पर वैसी ही रूचि बन जाती है। "
" जप किया ही इसलिए जाता है कि मन लगे ,मन एकाग्र हो ।पहले मन लगे और फिर जप हो , यह साधारण जन के लिये कठिन है । यह तो ऐसा ही है कि जैसे पहले तैरना सीख लें और फिर पानी में उतरें । जो मन्त्र आप ज�पेंगें , वही आपके लिए , जो भी आवश्यक है, वह सब कार्य करता जायेगा । मन न लगने पर जो खिन्नता आपको होती है , वही खिन्नता आपके भजन की भूमिका बनेगी। बस आप जप आरम्भ तो कीजिए। आरम्भ आपके हाथ में है , वही कीजिए और उसे ईमानदारी से निभाईये। आपका दृढ़ संकल्प , आपकी ,निष्ठा , सत्यता को देख भजन स्वयं अपने द्वार आपके लिए खोल देगा ।"
॥श्री राधारमणाय समर्पणं ॥

CamScanner

10:55 am 0 KB/s 4G 75%

॥जय गौर हरि ॥

🌿मीरा चरित ....

🌿 द्वारिका में ,मीरा एक ऐसे दुखी व्यक्ति जो पुत्र की मृत्यु के पश्चात हताश हो सन्यास लेना चाहता था ,उसका मार्ग दर्शन कर रही है । मीरा ने उसे समझाया कि इस तरह की परिस्थितियों से आये क्षणिक वैराग्य को आप भक्ति का नाम नहीं दे सकते ।

🌿मीरा ने उसे सहज़ता से बताते हुये कहा ," अगर तुम भक्ति पथ पर शुभारम्भ करना ही चाहते हो तो शुष्क वैराग्य और सन्यास से नहीं ब्लकि भजन से करो। भजन का नियम लो , और इस नियम को किसी प्रकार टूटने न दो ।अपने शरीर रूपी घर का मालिक भगवान को बनाकर स्वयं उसके सेवक बन जाओ। कुछ भी करने से पूर्व भीतर बैठे स्वामी से उसकी आज्ञा लो ।जिस कार्य का अनुमोदन भगवान से मिले , वही करो ।इस प्रकार तुम्हारा वह कार्य ही नहीं , ब्लकि समस्त जीवन ही पूजा हो जायेगा ।नियम पूर्ण हो जाये तो भी रसना (जीभ) को विश्राम मत दो । खाने , सोने और आवश्यक बातचीत को छोड़कर , ज़ुबान को बराबर प्रभु के नाम उच्चारण में व्यस्त रखो ।"

🌿" वर्ष भर में महीने दो महीने का समय निकाल कर सत्संग के लिए निकल पड़ो और अपनी रूचि के अनुकूल स्थानों में जाकर महज्जनों की वार्ता श्रवण करो। सुनने का धैर्य आयेगा तो उनकी बातें भी असर करेंगी। उनमें तुम्हें धीरे -धीरे रस आने लगेगा। जब रस आने लगेगा , तो जिसका तुम नाम लेते हो ,वह आकर तुम्हारे भीतर बैठ जायेगा ।ज्यों -ज्यों रस की बाढ़ आयेगी ,ह्रदय पिघल करके आँखों के पथ से निर्झरित होगा ,और वह नामी ह्रदय -सिंहासन से उतर कर आँखों के समक्ष नृत्य करने लगेगा। इसलिए ......

🌿राम नाम रस पीजे मनुवा ,
राम नाम रस पीजे।
तज कुसंग सत्संग बैठ नित,
हरि चर्चा सुन लीजे ॥

🌿काम क्रोध मद लोभ मोह कूँ ,
चित्त से दूर करी जे ।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर ,
ताहि के रंग में भीजे ॥

🌿 " आज्ञा हो तो एक बात निवेदन करना चाहता हूँ !" एक सत्संगी ने

CamScanner


एक नाव में कुछ लोग
यात्रा पर थे, उनमें एक
"बुढ़ा फ़कीर भी था,
जो प्रार्थना में मग्न था!
कुछ लोग फ़कीर की
खिल्ली उड़ाने लगे,
कभी बाल खींच.. देते
कभी लात मारते, किंतु
"फ़कीर चुप रहा..
फिर अचानक आकाश
वाणी हुई:-कि हे मेरे
प्यारे..तुँ कहे तो नाव
पलट के तुझे बचा लूं!
फ़कीर,यह सुनकर
घबराया..और कहा हे,
प्रभु! तुं कैसी शैतानों
की भाषा बोल रहा है,
पलटना है तो इनकी
"बुद्धी को पलट दे..!!
ओशो
🙏

CamScanner

कोई समझाए ये क्या रंग है मैखाने का
आंख साकी की उठे, नाम हो पैमाने का
गर्मिए-शम्मा का अफसाना सुनाने वालो
रक्स देखा नहीं तुमने अभी परवाने का
किसको मालूम थी पहले से खिरद की कीमत
आलमे-होश पे एहसान है दीवाने का
चश्मे-साकी मुझे हर गाम पे याद आती है
रास्ता भूल न जाऊं कहीं मैखाने का
अब तो हर शाम गुजरती है उसी कूचे में
ये नतीजा हुआ नासेह तेरे समझाने का
मंजिले-गम से गुजरना तो है आसां इक बार
इश्क है नाम खुद अपने से गुजर जाने का
कोई समझाए ये क्या रंग है मैखाने का
आंख साकी की उठे, नाम हो पैमाने का

याद करो परमात्मा को, यह बात ही गलत। भूलो मत परमात्मा को, यह बात जरूर सही है। तुम थोड़ी दुविधा में पड़ोगे। तुम कहोगे मैंने फिर पहेली कही। दोहरा दूं: याद करो परमात्मा को,यह बात ही गलत। याद किया हुआ परमात्मा दो कौड़ी का। क्योंकि याद तुम क्या करोगे? तुम्हें याद नहीं है इसीलिए तो याद कर रहे हो। तो तुम जो याद करोगे, वह कल्पना ही होगी, कोई धारणा ही होगी। हिंदू हुए तो कृष्ण।

ये शंकराचार्य अगर ईसाई होते तो कभी भूल कर न कहते कि कृष्ण को याद करो; कहते क्राइस्ट को याद करो। अगर ये बौद्ध होते तो कहते बुद्ध को याद करो। अगर ये जैन होते तो कहते महावीर को याद करो। किसको याद करोगे? याद करोगे तो कल्पना ही होगी। याद नहीं है इसीलिए तो याद करते हो। और जब याद नहीं है तो जाहिर है कि तुम कल्पना ही कर सकते हो, और क्या करोगे?

मैं नहीं कहता कि परमात्मा को याद करो। मैं कहता हूं, बात कुछ ऐसी बनानी है कि परमात्मा भूले नहीं। यह बात बिलकुल और है, अन्यथा है। परमात्मा भूले नहीं। याद नहीं करना है। शरीर से तादात्म्य तोड़ना है, मन से नाता मुक्त करना है, हृदय के पार उठना है, पंख फैलाने हैं। और जैसे ही तुम शरीर, मन और हृदय के पार उठे, जैसे ही तुमने पंख फैलाए और आकाश खुला, कि फिर जो दिखाई पड़ेगा वही परमात्मा की याद है। फिर वह कृष्ण की याद नहीं है, न क्राइस्ट की, न मोहम्मद की, न मूसा की। फिर उसका

CamScanner

बुल्लेशाह का यह वक्तव्य सुनो।
बुल्ला की जाना मैं कौण!
न मैं मोमिन विच मसीतां, न मैं विच कुफर दीयां रीतां।
न मैं पाकां विच पलीतां, न मैं मूसा न फरऔन।।
बुल्ला की जाना मैं कौण!
न मैं अंदर बेद कताबां, न विच भंग न शराबां।
न विच रहिंदा मस्त खवाबां, न विच जागन न विच सौन।।
बुल्ला की जाना मैं कौण!
न विच शादी न गमनाकी, न मैं विच पलीती पाकी।
न मैं आबी न मैं खाकी, न मैं आतश न मैं पौन।।
बुल्ला की जाना मैं कौण!
न मैं अरबी न लाहोरी, न हिंदी न शहर नगौरी।
न मैं हिंदू तुर्क पशौरी, न मैं रहिंदा विच नदौन।।
बुल्ला की जाना मैं कौण!
अव्वल आखर आप नू जाना, न कोई दूजा होर पछाना।
मैथों होर न कोई सयाना, बुल्ला शाह किहड़ा है कौन।।
बुल्ला की जाना मैं कौण!
अर्थात, बुल्लेशाह कहते हैं कि मैं क्या जानूं कि मैं कौन हूं!
बुल्ला की जाना मैं कौण!
ऐसा सन्नाटा है, ऐसी समाधि है, ऐसा शून्य है--कौन जाने, किसको जाने! जानने में द्वैत होता है--जानने वाला और जो जाना जाए; ज्ञात और ज्ञेय।
बुल्ला की जाना मैं कौण!
बुल्लेशाह कहते हैं: "मैं क्या जानूं कि मैं कौन हूं!'
न जानने वाला है कोई, न जानने को है कोई। सब सन्नाटा है, सब शून्य है, निराकार है। यह अवस्था ध्यान की है।
"न मैं मस्जिद में मोमिन हूं।'
मत कहो कि मैं मुसलमान हूं। मेरा क्या लेना-देना मस्जिद से और मुसलमान से!
"न मैं कुफ्र की रीतियों में हूं।'
और यह मत सोचना कि मैं मुसलमान नहीं हूं तो मैं मुसलमान विरोधी हूं। वह भी मैं नहीं हूं।
"न मैं पापियों में पवित्र हूं, और न ही मैं मूसा हूं,न फरऔन हूं।
बुल्ला कहता है, मैं क्या जानूं मैं कौन हूं।'
मत पूछो! मुसलमान हूं, हिंदू हूं, ईसाई हूं, यहूदी हूं--मत पूछो।



CamScanner

CS CamScanner



CamScanner

जब आप कोइ अच्छा कर्म
करते है...
तो अनेक आत्माए जो अच्छा
करने में आतुर है,
तत्काल
आपकी सहायता करने के
लिए सक्रिय हो जाती है ।
~ osho (गीतादर्शन)

CamScanner

तुम्हारा धर्म,मंदिर,भगवान..
सब तुम्हारे मन के अंदर है.
भीतर जाओ और पा लो.
_ Osho
बाहर तो ठग का भ्रम बैठा है.

35 1 comment

Like Comment

CS CamScanner



CS CamScanner

8:13 pm 273 KB/s 39%

❤️🙏 #oshohindiquotes #oshointernational #oshomeditation #Jeevan #ओशो #oshozen #oshoquotes #osho #life #osholove



3 1 comment • 29 views

Like Comment Share

CamScanner

अपनी सारी ऊर्जा को ध्यान पर केंद्रित कर दो। मौन हो जाओ, मन के पर्दे पर अपने विचारों को चलते हुए देखो। देखने मात्र से ही एक वे विलीन हो जाएंगे। जल्दी न करो। इन दो महत्वपूर्ण शब्दों को स्मरण रखो : देखना और प्रतीक्षा करना। जब कभी भी समय आएगा, तुम्हारा देखना पूर्ण होगा, विचार विलीन हो जाएंगे। और उनकी विलीनता का अर्थ है संपूर्ण अस्तित्व का खुल जाना।

CamScanner

7:20 pm 246 KB/s 41%
facebook

अंग्रेजी कहावत है,
इट इज बैटर टू डू
समथिंग दैन नथिंग।
और मैं तुमसे यह
कह रहा हूं,
इट बैटर टू डू नथिंग।
कोई चौबीस घंटे कुछ न करो,
यह नहीं कह रहा हूं।
रोटी तो कमानी होगी,
कपड़े तो कमाने होंगे। लेकिन घंटा भर तो
निकाल सकते हो, जब कि तुम मन को
कह दो कि बस, अब तुम चुप हो जाओ।
मगर मुझे घड़ीभर हृदय के साथ जी लेने दो।
इतना मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूं कि मन के
पास तेईस घंटे और हृदय के पास एक
घंटा--जीत हृदय की होने वाली है
ओशो कोपलें फिर फुट आई

InShOt

7 42 views

Like Comment Share

Reels and short videos

CamScanner

और पूंछ हिलाने लगे! इसलिए तो पत्नियों की श्रद्धा पतियों में नहीं रह जाती,क्योंकि पति लल्लो-चप्पो करने लगता है और उन्होंने सोचा था कि किसी पुरुष के पास समर्पण हो रहा है। और फिर पाती है कि पुरुष-मुरुष कहां, जरा-सी बात में झुका लो।

स्त्रियों के मन में पति के प्रति आदर नहीं रह जाता। कारण? पतियों का खुद का व्यवहार है। पति जल्दी ही समझौते कर लेते हैं। पत्नियां इतने जल्दी समझौते नहीं करतीं। मेरे हिसाब में पत्नियां ज्यादा आत्मबल प्रगट करती हैं। और तुम्हें सभी को अनुभव होगा इस बात का। अगर तुममें और तुम्हारी पत्नी में झंझट हो गई तो झुकना तुम्हीं को पड़ता है, पत्नी नहीं झुकती। दिन बीतें, दो दिन बीतें, तीन दिन बीतें, नहीं झुकती। रोयेगी, खाने में ज्यादा नमक डालेगी,रोटियां जलायेगी, बच्चों को पीटेगी, बर्तन गिरायेगी, दरवाजे भड़कायेगी, सब करेगी--मगर झुकेगी नहीं! तुम्हें सता डालेगी सब तरफ से। आखिर तुम्हें उस हालत में कर देगी कि अब या तो पागल हो जाओ और या झुक जाओ। मगर ध्यान रखना, जब तुम झुकते हो तभी तुम्हारे प्रति श्रद्धा समाप्त हो जाती है।

स्त्री का मन उस पति को आदर देता है जो संकल्पवान है। अगर तुम न झुको, पहली बार न झुको...पहली बार ही भूल हो जाती है।

एक गांव के गंवार ने शादी की...शहरी होता तो इतनी हिम्मत नहीं रख सकता था...गांव का गंवार था। पत्नी को लेकर चला वापिस। घोड़ा गाड़ी थी उसके पास। घोड़ा बीच में अटक गया। उसने एक कोड?ा मारा घोड़े को और कहा कि एक...! घोड़ा एकदम चल पड़ा। फिर अटका। उसने फिर उसे दो कोड़े मारे और कहा दो...! पत्नी बैठी-बैठी सुन रही थी कि यह हो क्या रहा है! फिर तीसरी बार घोड़ा अटका। वह उतरा नीचे, निकाली उसने बंदूक और घोड़े को वहीं मार दी गोली। धड़ाम से घोड़ा नीचे गिर गया। दो दफे चेतावनी दे दी,पर्याप्त; अब तीसरा मौका आ गया। पत्नी ने कहा: यह तुमने क्या किया? उसने कहा: एक...! बस...फिर उसके बाद दो की नौबत नहीं आई। मगर वह तो गांव का गंवार था। मामला पहली दफा रफा-दफा हो गया। ऐसे पुरुष का स्त्री आदर करती है!

,, ओशो,,

CS CamScanner

7:19 pm 0 KB/s 42%
facebook

औरत कौन है? उस बूढ़ी औरत ने कहा कि ये मेरी पड़ोसिन की लड़कियां हैं। गरीब औरत थी, उसके शरीर में दूध भी न था। उसके पास पैसे-लत्ते भी नहीं थे। और तीन बच्चे जुड़वां। वह इन्हीं को दूध पिलाते-पिलाते मर गयी। लेकिन मुझे दया आ गयी, मेरे कोई बच्चे नहीं हैं, और मैंने इन तीनों बच्चियों को
पाल लिया।

अगर मां जिंदा रहती तो ये तीनों बच्चियां गरीबी, भूख और दीनता और दरिद्रता में बड़ी होतीं। मां मर गयी, इसलिए ये बच्चियां तीनों बहुत बड़े धन-वैभव में, संपदा में पलीं। और अब उस बूढ़ी की सारी संपदा की ये ही तीन मालिक हैं। और इनका सम्राट के परिवार में विवाह हो
रहा है।

देवदूत तीसरी बार हंसा। और चमार को उसने कहा कि ये तीन कारण हैं। भूल मेरी थी। नियति बड़ी है। और हम उतना ही देख पाते हैं, जितना देख पाते हैं। जो नहीं देख पाते, बहुत विस्तार है उसका। और हम जो देख पाते हैं उससे हम कोई अंदाज नहीं लगा सकते, जो होने वाला है, जो होगा। मैं अपनी मूर्खता पर तीन बार हंस लिया हूं। अब मेरा दंड पूरा हो गया और अब मैं जाता हूं।

तुम अगर अपने को बीच में लाना बंद कर दो, तो तुम्हें मार्गों का मार्ग मिल गया। फिर असंख्य मार्गों की चिंता न करनी पड़ेगी।

छोड़ दो उस पर। वह जो करवा रहा है, जो उसने अब तक करवाया है, उसके लिए धन्यवाद। जो अभी करवा रहा है, उसके लिए धन्यवाद। जो वह कल करवाएगा, उसके लिए धन्यवाद। तुम बिना लिखा चेक धन्यवाद का उसे दे दो। वह जो भी हो, तुम्हारे धन्यवाद में कोई फर्क न पड़ेगा। अच्छा लगे, बुरा लगे, लोग भला कहें, बुरा कहें, लोगों को दिखायी पड़े दुर्भाग्य या सौभाग्य, यह सब चिंता तुम मत करना।

🙏🌻💖 ओशो 💖🌻🙏

CS CamScanner

टालस्टाय ने एक छोटी सी कहानी लिखी है। मृत्यु के देवता ने अपने एक दूत को भेजा पृथ्वी पर। एक स्त्री मर गयी थी, उसकी आत्मा को लाना था।

देवदूत आया, लेकिन चिंता में पड़ गया। क्योंकि तीन छोटी-छोटी लड़कियां जुड़वां–एक अभी भी उस मृत स्त्री से लगी है। एक चीख रही है, पुकार रही है। एक रोते-रोते सो गयी है, उसके आंसू उसकी आंखों के पास सूख गए हैं–तीन छोटी जुड़वां बच्चियां और स्त्री मर गयी है, और कोई देखने वाला नहीं है। पति पहले मर चुका है। परिवार में और कोई भी नहीं है। इन तीन छोटी बच्चियों का क्या होगा?

उस देवदूत को यह खयाल आ गया, तो वह खाली हाथ वापस लौट गया। उसने जा कर अपने प्रधान को कहा कि मैं न ला सका, मुझे क्षमा करें, लेकिन आपको स्थिति का पता ही नहीं है। तीन जुड़वां बच्चियां हैं–छोटी-छोटी, दूध पीती। एक अभी भी मृत से लगी है, एक रोते-रोते सो गयी है, दूसरी अभी चीख-पुकार रही है। हृदय मेरा ला न सका। क्या यह नहीं हो सकता कि इस स्त्री को कुछ दिन और जीवन के दे दिए जाएं? कम से कम लड़कियां थोड़ी बड़ी हो जाएं। और कोई देखने वाला नहीं है।

मृत्यु के देवता ने कहा, तो तू फिर समझदार हो गया; उससे ज्यादा,..... जिसकी मर्जी से मौत होती है, ...जिसकी मर्जी से जीवन होता है!

तो तूने पहला पाप कर दिया, और इसकी तुझे सजा मिलेगी। और सजा यह है कि तुझे पृथ्वी पर चले जाना पड़ेगा। और जब तक तू तीन बार न हंस लेगा अपनी मूर्खता पर, तब तक वापस न आ सकेगा।

इसे थोड़ा समझना। तीन बार न हंस लेगा अपनी मूर्खता पर–क्योंकि दूसरे की मूर्खता पर तो अहंकार हंसता है। जब तुम अपनी मूर्खता पर हंसते हो तब अहंकार टूटता है।

देवदूत को लगा नहीं। वह राजी हो गया दंड भोगने को, लेकिन फिर भी उसे लगा कि सही तो मैं ही हूं। और हंसने का मौका कैसे आएगा?

CamScanner

7:11 pm 2 KB/s 43%

facebook

👍 21 1 comment

Like Comment Send

ओशो - जीवन-मृत्यु

Jigisha Soni · 10h ·

प्रार्थना बड़ी कोमल है, तन्वंगी है। यह राम राम का पत्थर तुमने पटका कि मर जाएगी। तुम कोशिश मत करना। ही, भीतर से उठने लगे राम राम, अनायास हो जाए, तो हो जाने देना। फिर ठीक है। अपने से जो हो, ठीक है, किया जाए, वही गलत है। प्रार्थना के जगत में यह नियम है अपने से जो हो जाए।

कभी कभी अनर्गल शब्द उठ सकते हैं। बच्चे, जैसे छोटे छोटे बच्चे कुछ भी शब्द पकड़ लेते हैं, दोहराए चले जाते हैं—कभी वैसा हो सकता है। प्रार्थना में तो निर्दोष बच्चे जैसा हो जाना है। या जैसे कभी तुमने शास्त्रीय संगीतज्ञों को आलाप भरते देखा है, वैसा आलाप पैदा हो सकता है जिसमें कोई शब्द भी नहीं है, सिर्फ स्वर है। या सब सन्नाटा हो सकता है। प्रार्थना बड़ी है, सबको समा लेती है, किसी एक घटना में सीमित नहीं है। कभी सन्नाटा हो जाएगा इतना कि हाथ पैर भी न हिलेंगे। और कभी ऐसा हो जाएगा ऐसी ऊर्जा उतरेगी कि नाचे बिना नहीं चलेगा। फिर जैसा हो! कभी बुद्ध की तरह बैठना हो जाए, तो बैठ जाना, कभी मीरा की तरह नाचना हो जाए, तो नाच लेना। चेष्टा करके नाचना भी मत, चेष्टा करके बैठना भी मत। जब तक कृत्य है तब तक प्रार्थना नहीं, क्योंकि कृत्य में कर्ता है। और कर्ता में अहंकार है। तुम सिर्फ खुल जाना। जैसे सुबह की हवा आती है और फूल को नचा जाती है। और सुबह का सूरज उगता है और फूल की पंखुडिया खिल जाती हैं—बस ऐसे! तुम उपलब्ध रहना। तुम परमात्मा कुछ करना चाहे तो होने देना, कुछ न करना चाहे तो चुपचाप जैसे हो वैसे ही रह जाना। जल्दी ही तुम्हें प्रार्थना का स्वाद लगने लगेगा।

प्रार्थना स्वाद है। शब्द नहीं, विचार नहीं, प्रत्यय नहीं, सिद्धांत नहीं, प्रार्थना स्वाद है। तुम्हारे भीतर एक मिठास भर जाएगी। जैसे भीतर कोई मधुकलश फूट गया, रोएं रोएं में मस्ती आ गयी। आंखें गुलाबी हो जाएंगी, जैसे नशे में हो जाती हैं। पैर कहीं के कहीं पड़ेंगे, जैसे शराबी के पड़ते हैं। इन क्षणों की प्रतीक्षा करो। ये क्षण आते हैं। ये छोटे छोटे क्षण हैं। और अगर तुम पकड़ लो क्षण को, तो क्षण बड़ा हो जाएगा।
ओशो

CamScanner

5:21 pm 0 KB/s VoLTE 4G 73%

तुम शायद सोचते होओगे मैं तुम्हें कहूंगा कि ‘रघुपति राघव राजाराम’ यह प्रार्थना है। कि ‘ अल्लाह ईश्वर तेरे नाम’, यह प्रार्थना है। यह सब राजनीतिया हैं। इन सबके पीछे खेल हैं। और गंदे खेल हैं। मस्जिद से उठती अजान और मंदिर से उठते घंटियों का स्वर, ये सब खेल हैं, क्रियाकाड़ हैं। वह पुजारी जो मंदिर में घंटा बजा रहा है, उसके भीतर कुछ भी नहीं बज रहा है। और जिसने मस्जिद में जाकर अजान की है, उसके भीतर परमात्मा की कोई स्मृति नहीं, कोई स्मरण नहीं है। एक कृत्य दोहरा रहा है। सदियों से दोहराया गया है। संस्कार है उसे दोहराने का, दोहरा लेता है। मूर्ति देखता है, झुक जाता है, क्योंकि बचपन से झुकता रहा है। एक तरह की संस्कारबद्ध गुलामी पैदा हो गयी। यह प्रार्थना नहीं। चुप्पी के क्षण, मौन के क्षण, सौंदर्य भाव—बोध के क्षण, प्रीति की अनुभूति, मैत्री का भाव, तन्मयता, विमुखता इन शब्दों से मैं कहना चाहता हूं कि प्रार्थना क्या है। इन सारे शब्दों में भी पूरी नहीं हो जाती, बस इन शब्दों में थोड़ेसे इशारे मिलते हैं। तुम जानकर चकित होओगे, हिब्रू भाषा में प्रार्थना के लिए कोई शब्द नहीं।

रोओ, हंसों, गाओ, नाचो, पुकारो, पर प्रार्थना के लिए कोई शब्द नहीं। क्योंकि प्रार्थना शब्दातीत है। हिब्रू भाषा ने सदव्यवहार किया, प्रार्थना को कोई शब्द नहीं दिया। प्रार्थना क्या क्या हो सकती है, उसकी तरफ इशारे किये। रोओ, गाओ, नाचो, हंसों, आनंदमग्न हो पुकारो, झुकों, गिरो, असहाय हो जाओ, अवाक हो जाओ, विमुग्ध बनो, तन्मय हो जाओ, पर प्रार्थना के लिए कोई शब्द नहीं। इन सब में प्रार्थना चुक नहीं जाती, इन सबसे सिर्फ इशारे होते हैं। प्रार्थना इन सबसे बड़ी है। प्रार्थना इतनी विराट है जितना विराट आकाश है। प्रार्थना उतनी ही बड़ी है जितना बड़ा परमात्मा है। प्रार्थना परमात्मा से छोटी नहीं है, क्योंकि प्रार्थना के क्षण में तुम परमात्मा के साथ एक हो जाते हो। प्रार्थना का क्षण सेतु है। जोड़ता है। तुम खो गये। भक्त नहीं बचता। जब भक्ति परिपूर्ण होती है, भक्त नहीं बचता। और जब तक भक्त बचता है तब तक भक्ति परिपूर्ण नहीं है।

शांडिल्य ने इसी को भक्ति के दो रूप कहा। एक को गौणी भक्ति कहा और एक को पराभक्ति कहा। जब तक भक्त बचता है, तब तक गौणी भक्ति। नाममात्र को भक्ति। वस्तुत: नहीं, कहने मात्र को भक्ति। भक्ति

CamScanner

11:01 pm 18 KB/s 17%

facebook

12 5 comments

Like Comment Share

Divine Mitra ~ दिव्य मित्र (O'sho)

रीतू चौहान · 3h ·

🎭🎭*जो_आपके शब्दों का "मूल्य" नहीं समझता..*
उसके सामने मौन रहना ही बेहतर है....।🎭🎭

CamScanner

11:00 pm 15 KB/s
18%
#sufi_lover_0
प्रेम पियाला जो पिये,
शीश दक्षिणा देय।
लोभी सीस न दे सके,
नाम प्रेम का लेय।

CamScanner

10:54 pm
19%
मानव
देह ही वह
एक मात्र रथ
हैं जिस पर सवार
होकर आत्मा परमात्मा
तक पहूंच सकती हैं|
ओशो

CamScanner



जिस व्यक्ति को जीवन परिवर्तन करना हो :
उसके लिए पहला सूत्र है ;
दूसरों का ' निर्णय ' और ' विचार ' छोड़ देना चाहिए।
इस जगत में कोई भी विचारणीय नहीं है ,
सिवाय आपके।
आप अकेले विचारणीय हैं ,अपने लिए ।
और अगर कोई अपने पर विचार करना शुरू करेगा
तो उसे दिखाई पड़ेगा
कि जिन बुराइयों से उसने दूसरों की निंदा की है ,
वह बहुत बड़ी मात्रा में उसमें मौजूद हैं।
और जिन भलाइयों की उसने दूसरों में आकांक्षा की
उनका उसके भीतर कोई पता नहीं है। ओशो (Dr. Sohan Lal Narang)

CamScanner



CamScanner



उसकी मस्ती ने ,मुझको जीना सिखा दिया,
एक बूंद में ही,पूरा समंदर दिखा दिया.
मैं टटोल रहा था, जिसे देर -ओ-हरम में,
बन्द आँख से उसने सारा मंजर दिखा दिया.....

CS CamScanner


किसी मुर्ख व्यक्ति से बहस मत करने
लग जाना,
वह अपने तर्कों से...
आपको सबसे निचले स्तर पर ले
आएगा,
और लोग समझ ही नहीं पाएँगे कि,
असल में
"मूर्ख" कौन है...!?
OSHO

CamScanner


चुपचाप जी लेना--
जैसे वृक्ष जीते हैं,
पशु पक्षी जीते हैं,
चाँद तारे जीते हैं।
कि किसी को तुम्हारी खबर भी न हो,
तुम्हारे पदचिह्न इतिहास के पृष्ठों पर पड़ें ही न।
समय की धार में तुम्हारी रेखा भी न उभरे।
तुम्हारे हस्ताक्षर कहीं भी दिखाई न पड़े।
ऐसे जी लेना
जैसे पानी पर किसी ने लकीर खींची हो,
खींची और मिट गई।

CamScanner



CamScanner

10:46 pm 24 KB/s 21%
facebook
17 3 comments • 2 shares
Like Comment Share

सदगुरु कबीर साहेब वाणी वचन
10h ·

मोको कहाँ ढूंढे रे बन्दे,मै तो तेरे पास में।

ना तीरथ में ना मूरत में,ना एकांत निवास में।
ना मंदिर में ना मस्जिद में,ना काबे कैलास में।।

ना में जप में ना में तप में,ना में बरत उपास में।
ना में क्रिया करम में रहता,नहिं जोग संन्यास में।।

नही प्राण में नही पिंड में,ना ब्रह्माण्ड आकाश में।
नही भृकटी भंवर गुफा में,सब स्वांसो की स्वांस में।।

खोजि होए तुरत मिल जाऊं,इक पल कीही तलाश में।
कहत कबीर सुनो भई साधो,मै तो हूँ विश्वास में।।
साहेब बंदगी🙏🙏🙏,साहेब!



CamScanner

CamScanner

10:41 pm 12 KB/s 22%

अपने को बदलना इस जगत में सबसे बड़ी क्रांति है। क्योंकि बदलाहट छोटी-मोटी नहीं है यह, अपने सारे अतीत को पोंछना है, अपने सारे अतीत से अपने को असंलग्न कर लेना है, तोड़ लेना है, श्रृंखला तोड़ देनी है, फिर से अ ब स से शुरू करना है। थोड़े से ही हिम्मतवर लोग, थोड़े से साहसी लोग यह कर पाते हैं।

उस साहस को ही मैंने संन्यास कहा है। मेरे संन्यास का अर्थ संसार को छोड़ना नहीं है। मेरे संन्यास का अर्थ है: अपने अतीत से अपनी जीवन-चेतना को मुक्त कर लेना। समाज को नहीं छोड़ना है, अतीत को छोड़ना है। परिवार को नहीं छोड़ना है, संस्कार को छोड़ना है। धन, घर, दुकान नहीं छोड़ना है, मगर भीतर जो कूड़ा-करकट समाज छोड़ गया है, मां-बाप दे गए हैं, पीढ़ी-दर-पीढ़ी से तुम्हें मिलता रहा है, तुम्हारी बपौती समझ कर तुम उसे छाती से लगाए बैठे हो, उसमें आग लगा देनी है।

संन्यास का अर्थ है: उस आत्मक्रांति से गुजरना है जिसमें तुम फिर से जन्मो, तुम्हारा नया जन्म हो, तुम फिर से अ ब स से शुरू करो जीवन-यात्रा; ताजे--जैसे सुबह की ओस ताजी होती है; नये--जैसे सुबह की किरण नई होती है; अभी-अभी पैदा हुए--जैसे वृक्ष पर नई-नई कोंपल ऊगती है।

संन्यास का अर्थ है: नितनूतन होने की कला। प्रतिदिन अतीत के प्रति मर जाना है। जो बीता सो बीता। उसे विस्मृत कर देना है। और जो है, उसमें जीना है। जो है, उसमें जीने की कला आ जाए, तो प्रेम सुगम है, सरल है। तुम्हारे भीतर से प्रेम की धाराएं बह उठेंगी। और धन्यभागी है वह, जिसके जीवन में प्रेम की धारा बह उठती है। क्योंकि वही धारा एक दिन परमात्मा के सागर से मिलाती है। प्रेम के अतिरिक्त परमात्मा तक ले जाने वाला और कोई मार्ग नहीं है।

पर हिम्मत करनी होगी! एक नये ढंग के सत्संग में प्रवेश करना होगा। जिनको तुमने अब तक साधु-संत समझा था, उनसे नाता तोड़ना होगा। और तुम्हें कुछ नये परिप्रेक्ष्य, नई आंखें, नई दृष्टियां पैदा करके नये सत्संग खोजने होंगे, नये साधु खोजने होंगे। आमूल रूपांतरण इससे कम में नहीं होगा कुछ।

CamScanner



CamScanner

परमात्मा को जिसे पाना है,
उसे परमात्मा जैसा हो जाना पड़ेगा।
पाना हो जिसे प्रभु को,
उसे प्रभु जैसा हो जाना पड़ेगा।
पाने की एक ही शर्त है,
जो पाना हो,
उस जैसा ही हो जाना पड़ता है।
यह शर्त गहरी है।
और यह नियम शाश्वत है।
और जीवन के समस्त तलों पर
लागू है।
आचार्य श्री रजनीश
गीता दर्शन अ.5.प्र.54/26
तीन सूत्र–आत्म-ज्ञान के लिए

CamScanner


चिंतनधारा
ज्ञानी कभी कुछ त्यागता नहीं;
जो व्यर्थ है, वह छूट जाता है।
अज्ञानी त्यागते हैं, क्योंकि
त्याग उन्हें कष्टपूर्ण
है।
ओशो
शिवसूत्र
Officialchintandhara
facebook/chintandhara

CamScanner

घमंड हमेशा हार दिलाता है

एक मूर्तिकार था, जिसकी शोहरत देश-विदेश में थी। वह ऐसी सजीव मूर्तियां बनाता था, जो बिल्कुल असली लगती थीं। उसे इस बात का घमंड था। जब मूर्तिकार को लगा कि उसकी मौत नजदीक है तो उसने यमदूतों को भ्रमित करने के लिए हू-ब-हू अपने जैसी दिखने वाली 11 मूर्तियां बनाई और उनके बीच जाकर बैठ गया। जब यमदूत उसे लेने आया, तो पहचान नहीं पाया कि इनमें से असली इंसान कौन है? उसने सोचा कि अगर मूर्तिकार के प्राण न लिए तो सृष्टि का नियम टूटेगा और मूर्तियों को तोड़ा तो कला का अपमान होगा। फिर उसे एक तरकीब सूझी। उसने कहा, 'काश ये मूर्तियां बनाने वाला मिलता तो मैं बताता कि मूर्तियां तो सुंदर हैं, लेकिन इनमें कुछ गलतियां हैं।' यह सुनते ही मूर्तिकार का घमंड जाग गया। वह उठकर बोला, 'मेरी कला में कोई गलती हो ही नहीं सकती, मैंने जीवनभर मूर्तियां बनाई हैं।' यमदूत ने झट से उसका हाथ पकड़ लिया और बोला, 'बस यही गलती कर गए तुम अपने घमंड में कि बेजान मूर्तियां बोला नहीं करतीं।'

••••

सीख : किसी काम में कितनी ही महारत हासिल हो, लेकिन उसका घमंड उसके महत्व को खत्म कर देता है।

CamScanner

CamScanner

बुद्ध कहते थे,
जिसने अपने भीतर झांककर देखा,
उसके लिए सभी कुछ ब्रह्म हो जाता है।
और जो अपने बाहर ही देखता रहा,
धीरे– धीरे उसके भीतर भी पदार्थ ही रह
जाता मालूम पड़ता है। जिसकी दृष्टि बाहर है,
उसे भीतर भी आत्मा दिखाई नहीं पड़ेगी।
जिसकी दृष्टि भीतर है, उसे बाहर भी आत्मा
ही दिखाई पड़ती है।
वे ब्रह्म में ही विचरण करते हैं और ऐसे वे
परम– आनंदी हैं।
अब जिसका ब्रह्म में विचरण हो और
जिसकी निद्रा भी भगवत–चैतन्य में हो,
वहां दुख कैसा! वहां दुख का प्रवेश कैसा..!!!

निर्वाण उपनिषद ~ओशो (प्रवचन~7)

CamScanner

जीवन में समझदार होओ।
बहुत दौड़ चुके
जन्मों - जन्मों तक, कहां
पहुंचे हो? और कब तक
दौड़ते रहोगे? अब ठहरो!
ठहरें पांव तो मिले गांव।
ठहर जाओ तो गांव मिल
जाये। तो जिसकी तलाश है
वह मिल जाये। उस ठहरने
का नाम ही ध्यान है। चलते
रहने का नाम संसार है।
ठहर जाने का नाम
परमात्मा है।

ओशो अहोभाव
मरौ है जोगी मरौ

CS CamScanner

इस संसार में जो भी अकेला है
वह ईश्वर का प्रिय खिलौना है
ईश्वर उसे किसी के साथ बांटना
नहीं चाहता !! कान्हासंध्या राधे
राधे

127 67 comments

Like Comment Share

CamScanner



CamScanner


🌻
यहाँ कोई भी अपना जीवन अपने
स्वभाव में, अपने ढंग से नहीं जीता
है। सभी दूसरों को खुश करने में
अपना जीवन बरबाद कर रहे हैं।
सभी अपनी सारी जीवन ऊर्जा को
दूसरों को प्रभावित करने में नष्ट कर
रहे हैं।
कोई कभी भी किसी दूसरे को खुश
नहीं कर सकता है।
जब कोई स्वयं से ही खुश नहीं है
तो, वह दूसरों को खुश कैसे कर
सकता है, जबकि स्वयं को स्वयं के
द्वारा ही खुश किया जा सकता है.
🌻🌻🌻🌻🌻🌻
❤️ओशो❤️

CamScanner


बोध के लिए
इतनी दूर
जाना पड़ता है कि
चलते-चलते
अकेले हो जाना
पड़ता है
पर बोध के लिए भी
लोग समूह में
जाना पसंद करते हैं।
भीड़ और समूह तो
संसार है।
अकेलेपन में ही
बोध है।

CamScanner


पड़ा रहेगा माल खजाना,
छोड़ त्रिया सुत जाना है।
कर सतसंग अभी से प्यारे,
नही तो फिर पछताना है।
खिला पिला कर देह बढ़ाई,
उसे भी अग्नि में जलाना है।
कहे कबीर सुनो भाई साधो,
सतगुरु नाम ठिकाना है।

CamScanner



CamScanner


खोजते-खोजते
किसी को
ईश्वर मिला हो
ऐसी घटना
तो नहीं घटी है।
परन्तु
खोजते ही खोजते
वह ईश्वर हो गया हो
ऐसी घटना किसी में भी
घट सकती है!

CamScanner

ध्यान अग्नि है।
वह किसी भी विचार को जला देती है।
आप करें और देखें।
किसी भी विचार को सोचें मत, सिर्फ देखें।
खड़े हो जाएं और देखते रहें, देखते रहें, देखते रहें-
थोड़ी देर में आप पायेंगे, वह तिरोहित हो गया;
वहां खाली जगह रह गयी।
वह खाली जगह समाधान है।
और जब कोई व्यक्ति ऐसी कला से
चलते, चलते, चलते उस जगह पहुंच जाता है,
जहां प्रश्न उठते ही नहीं,
खाली जगह रह जाती है, वह समाधिस्थ है।


जिस देश के
विद्यालयों की छत!
बारिश से
टपकती हों.!!
और वहां के मंदिरों
की छत,
सोने से जड़ी हों..!!
तो वह देश कभी
विकसित
नहीं हो सकता..!!
~ओशो

CamScanner

10:47 am 0 KB/s VoLTE 4G 89%

Like Comment Share

osho suvichar

1d ·

तुम पति हो या पत्नी हो, दुकानदार हो या ग्राहक, इसमें बहुत मत खो जाना। तुम्हारा पति होना या पत्नी होना, दुकानदार होना या ग्राहक होना एक अभिनय का हिस्सा है। दुकान जाना जरूरी है, खेल प्यारा है कुछ तोड़ने की जरूरत नहीं है। मगर खेल की तरह प्यारा है, जीवन की तरह घातक है। ठीक है जो खेल मिला है उसे पूरा कर देना, भगोड़े मत बनना, भागने की जरूरत नहीं है। भगोड़े हमेशा कमजोर हैं और जिन्हें तुम साधु सन्यासी कहते हो वे अक्सर भगोड़े हैं। वे कमजोर हैं जो ज़िन्दगी में टिक ना पाए और ज़िन्दगी में द्रष्टा को संभाल ना पाए, इसलिए भाग गए हैं। भागने से कोई सन्यासी नहीं होता है। भागना सिर्फ इतना बताता है कि संसार ताकतवर था और वे कमजोर। दुकान पर न जाग सका, काम धंधा करते जाग न सका इसलिए भाग गया है। लेकिन अगर तुम दुकान पर न जाग सकोगे तो पहाड़ पर कैसे जाग सकोगे? जागने की क्रिया तो एक ही है। तुम कहाँ हो इससे कोई संबंध नहीं है। तुम क्या कर रहे हो इससे भी कोई संबंध नहीं है। जागने की क्रिया तो एक है- चाहे तुम दुकान पर जागो, चाहे तुम मंदिर में बैठ कर जागो, चाहे मखमल ककी गद्दियों पर बैठकर जागो, चाहे वृक्षों के नीचे बैठ कर जागो- जागने की क्रिया तो एक है। जागने की क्रिया एक है कि जो भी कृत्य हो रहा है- मैं उस कृत्य से पृथक हूँ,वह कृत्य दुकान का है, काम का है, प्रार्थना का है, पूजा का है, कोई फर्क नहीं पड़ता है। कृत्य मुझसे अलग है और वह संसार का हिस्सा है और मैं देखने वाला हूँ। कृत्य में इतने भी लीन मत हो जाना कि कृत्य ही बचे और साक्षी खो जाए। अभी ऐसा ही हुआ है।

प्रवचन-शिवसूत्र

ओशो

1 comment

15

Like Comment Share

CamScanner

ज़िन्दगी में खुश रहना चाहते हो,
तो सबसे पहले उन्हें भूल जाओ जो
आपको भूल गए हैं..
Ocean of love
tivation hr Motivation hr Motivation hr Motivation hr Motivation hr Motivation h

CamScanner


Osho
विचार धारा
माफ़ करना और शांत रहना सीख़लो ..
Subhash Hooda
तुम एक ऐसी ताक़त बन जाओगे
SH
कि पहाड भी तुम्हें रास्ता देने लग जायेंगे ..

CamScanner



CamScanner



CamScanner

भोजन का त्याग करने से ईश्वर कभी खुश नहीं होते अगर त्याग करना ही है, तो गंदे विचार अहंकार और गंदे कर्मों का करिए..!

CamScanner



धर्म तुम्हारे लिए एक तरह का हिसाब किताब हो गया इतना पुण्य करेंगे तो इतना लाभ मिलेगा। यहा इतना देंगे तो वहां उतना मिलेगा। तुमने हर चीज मे गणित फैला दिया। तुम भाव की दशाओं में वंचित होने शुरू हो गये। इसलिए बड़ी आश्चर्य की बात है, मगर यह हो रहा है, नहीं होना चाहिए मगर हो रहा है, तुम सजग होओ तो शायद होना बंद हो जाए।:ओशो

CamScanner



CamScanner


@kaavyapedia
जानवर कभी स्वर्ग
या नर्क की चिंता नहीं करते
और न मैं। शायद इसलिए
हम साथ हो जाते हैं..!
~ चार्ल्स बुकोवस्की : काव्यपीडिया
Animals never worry about Heaven or hell,
neither do I. Maybe that's why we get along

CamScanner

ओशो
सहजयोग
Osho.Universal
dhaval.parmar
संन्यास का तो
अर्थ ही यह है कि
अब मैंने छोड़ दिए
रास्ते पिटे पिटाए;
लकीर का फकीर अब
मैं नहीं हूं। अब चलूंगा
अपनी मौज से, अपनी
मर्जी से! अब खोजूंगा
परमात्मा को अपने
ढंग से, अपनी शैली
से। सम्हालो ... तुम
अपनी परंपराएं, मेरी
अब कोई परंपरा नहीं।
मैं अपनी पगडंडी खुद
चलूंगा और बनाऊंगा।

CamScanner


ध्यान
को कुँआ खोदने के समान कहा गया है।
पहले मिट्टी, फिर पत्थर, उसके उपरांत
गंदा पानी और अंततः स्वच्छ जल।
इसलिए स्वच्छ जल की प्राप्ति हेतु ध्यान करो।

CamScanner


जो है यदि उसको जान ना लिया जाए
OSHO DHYAN UPVAN HISAR
@LaughWithUniverse
तो वह ना होने के बराबर ही होता है।
ओशो अहोभाव

CamScanner

10:25 am 0 KB/s 94%

Like Comment Share

ओ शो वाणी

Subhash Chandra · 1h ·

मनोवैज्ञानिक इसको ऐसा कहते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी पत्नी में अपनी मां को खोज रहा है, जो कि बहुत मुश्किल मामला है। मिल नहीं सकता! इसलिए कभी तृप्ति नहीं हो सकती।

वह जो अनूठा प्रेम था–शब्दहीन, निःशब्द, मौन; जाना था जिसे, किसी ने कहा नहीं था कभी; किसी ने दावा नहीं किया था; लेकिन फिर भी बहा था और पहचाना था–उसी प्रेम की तलाश चल रही है जिंदगीभर। वह प्रेम फिर दुबारा नहीं मिलेगा, इसलिए बेचैनी है, इसलिए कठिनाई है, इसलिए अड़चन है।

मां की खोज चल रही है। वह नहीं मिलती। वह नहीं पकड़ में आती फिर कभी। वह कहां मिलेगी? वह कैसे मिल सकती है? उसका उपाय भी न के बराबर है। फिलहाल तो नहीं है। पर उसने तो कभी कहा नहीं था। पत्र नहीं लिखे थे; कोई प्रेम-पत्र नहीं लिखे थे, बड़े दावे नहीं किए थे। लेकिन फिर दावे करने वाले लोग आते हैं। दावे बहुत होते हैं, और भीतर कुछ भी नहीं होता।

🏹🏹
आचार्य श्री रजनीश गीतादर्शन अ.7.प्र.83/26
प्रकृति और परमात्मा

6 2 comments

Like Comment Share

Zest Mélange
Sponsored ·

CamScanner


शरीर बल्ब से ज्यादा नहीं है।
जीवन वह विद्युत है,
वह ऊर्जा है,
वह इनर्जी,
वह प्राण है,
जो शरीर को
जीवित किए हुए है,
गर्म किए हुए है,
उत्तप्त किये हुए है।
समाधि में साधक
मरता है स्वयं,
और चूंकि वह
स्वयं
मृत्यु में प्रवेश करता है,
वह जान लेता है
इस सत्य को कि
मैं हूं अलग, शरीर है अलग।

CamScanner

समर्पण भगवान है। लेकिन कोई ऐसे ही औपचारिकता से, सामाजिक व्यवहार से, और लोग झुकते हैं इसलिए झुकना चाहिए, औरों को झुकते देखकर झुकता हो, संस्कारवश झुकता हो, तो पाखंड है। पाखंड का निर्णय झुकने से नहीं होगा, पाखंड का निर्णय भीतर हृदय के अंतरतम में होगा।

उन मित्र ने पूछा है कि कल मैंने कुछ संन्यासियों को गाते सुना: जय रजनीश हरे; यह तो महा भयंकर पाखंड हो रहा है!!

तुम कैसे निर्णय करोगे! अगर यह उनके हृदय की पुकार है तो पाखंड नहीं। और अगर वे केवल एक औपचारिकता अदा कर रहे हैं तो जरूर पाखंड है। मगर तुम कैसे तय करोगे? तुम कौन हो निर्णायक? तुम अपने ही हृदय का निर्णय ले लो तो बहुत। तुम दूसरे के हृदयों का निर्णय न लो! तुम्हें अभी अपने हृदय का पता नहीं, औरों का तो क्या पता होगा? और यहां जो बात चल रही है, जो सत्संग चल रहा है, वह अनिर्वचनीय का है। नहीं कहा जा सके जो, उसको कहने की चेष्टा चल रही है। तुम जैसा व्यक्ति, जो अभी बुद्धि के क्षुद्र जाल में उलझा हो, उसका यहां काम नहीं है। तुम यहां आए भी, व्यर्थ आए! जिन मित्र ने पूछा है, वे संन्यासी भी हैं। तुम्हारा संन्यास भी व्यर्थ। तुम्हारा संन्यास पाखंड!

अब तुम समझो पाखंड का अर्थ।

तुम्हारा संन्यास पाखंड। क्योंकि अगर तुम्हारे भीतर पूजा का भाव नहीं, अगर तुम्हारे भीतर आराधना नहीं जगी, तो तुमने बस कपड़े रंग लिए, माल पहन ली, यह पाखंड। भीतर रंग जाए और बाहर रंगे, जुगलबंदी हो, फिर पाखंड नहीं। तुमने तो सोचा होगा कि मैं करूंगा खंडन उन सबका जो इस तरह का पाखंड कर रहे हैं। तुमने कभी सोचा भी न होगा कि मैं तुमसे यह कहूंगा कि तुम पाखंडी हो। मुझसे प्रश्न पूछते समय थोड़े सोच–समझ कर पूछा करो। तुम निपट पाखंडी हो! तुम्हारा संन्यास झूठ, मिथ्या! तुम झुके ही नहीं हो। तुम्हारा कोई समर्पण नहीं है। तुम मैं जो कह रहा हूं समझ ही न पाओगे, क्योंकि शब्द पकड़ोगे तुम। शब्द की तुमने पकड़े हैं। पूछा है कि आप पाखंड का इतना विरोध करते हैं और यहां आपके संन्यासी पाखंड कर रहे हैं; इसको आप रोकते क्यों नहीं? मैं पाखंड का विरोध करता हूं। तुमसे कहूंगा कि संन्यास छोड़ दो। मैं पाखंड का विरोधी हूं। तुम्हारे हृदय में अभी लहर नहीं आई, तरंग नहीं आई, अभी तुमने मेरे मौन को नहीं सुना, अभी मेरे शून्य से तुम नहीं जुड़े; अभी तुम्हारे भीतर अनाहत का नाद नहीं हुआ।

सपना यह संसार

ओशो

Write a comment ... Send

CamScanner

ऐसे आदमी को मंदिर में टिकने देना खतरनाक था। क्योंकि पुजारी आखिर सोएगा। यह और मूर्तियां जला दे! बहुमूल्य चंदन की मूर्तियां हैं। इक्कू को धक्के मार कर उसने बाहर निकाल दिया। इक्कू ने बहुत कहा कि बर्फ पड़ रही है, और भगवान को बाहर निकाल रहे हो! लकड़ी की मूर्तियां बचा रहे हो और मुझे जीवित बुद्ध को बाहर निकाल रहे हो! लेकिन उसने बिलकुल नहीं सुना, उसने कहा तुम पागल हो। तुम और बुद्ध! धक्के देकर दरवाजा बंद कर लिया।

सुबह जब उसने दरवाजा खोला मंदिर का तो देखा कि इक्कू बाहर बैठा है और जो मील का पत्थर है उस पर फूल चढ़ा कर आराधना में झुका है और उसकी आंखों से आनंद के आंसू बह रहे हैं। पुजारी ने जाकर हिलाया और कहा कि तुम मुझे और परेशान न करो; तुम मुझे और उलझाओ मत, ऊहापोह में मत डालो! रात मंदिर में भगवान की मूर्ति जलाई, अब सुबह राह के किनारे लगे मील के पत्थर पर फूल चढ़ा कर आराधना कर रहे हो! इक्कू ने कहा, जहां आराधना है, वहां आराध्य है। पत्थर को भी प्रेम से देखो तो परमात्मा है और परमात्मा को भी सिर्फ बुद्धि से देखते रहो, तो परमात्मा नहीं। रात जो मैंने मूर्ति जलाई, अपनी सर्दी मिटाने को न जलाई थी, तुम्हारा पाखंड जलाने को जलाई थी। तुम्हें याद दिलाना चाहता था कि तुम यह पूजा व्यर्थ ही कर रहे हो, क्योंकि तुमने खुद ही कहा कि अरे पागल, लकड़ी में अस्थियां कहां? अगर तुमने यह आराधना सच में की होती तो ऐसा वचन तुमने न निकल सकता था। भीतर तो तुम जानते हो कि लकड़ी ही है, ऊपर मानते हो कि भगवान है।

पाखंड का अर्थ होता है: भीतर कुछ, बाहर कुछ। जिन मित्र ने पूछा है, उन्हें पाखंड शब्द का भी अर्थ नहीं मालूम। पाखंड का अर्थ होता है: भीतर एक, बाहर दूसरी बात, ठीक उलटी बात। लेकिन अगर बाहर भीतर एकरस हो, जुगलबंदी बंधी हो, फिर कैसा पाखंड!

तो अगर कोई प्रीति से पत्थर के सामने झुके प्रीति कसौटी है तो पत्थर भगवान है। क्योंकि जहां झुक जाओ तुम, वहां भगवान है। तुम्हारा समर्पण भगवान है। लेकिन कोई ऐसे ही औपचारिकता से, सामाजिक व्यवहार से, और लोग झुकते हैं इसलिए झुकना चाहिए, औरों को झुकते देखकर झुकता हो, संस्कारवश झुकता हो, तो पाखंड है। पाखंड का निर्णय झुकने से नहीं होगा, पाखंड का निर्णय भीतर हृदय के अंतरतम में होगा।

उन मित्र ने पूछा है कि कल मैंने कुछ संन्यासियों को गाते सुना: जय रजनीश हरे; यह तो महा भयंकर पाखंड हो रहा है!!

तुम कैसे निर्णय करोगे! अगर यह उनके हृदय की पुकार है तो पाखंड

Write a comment ... Send

मस्तिष्क का प्रश्न है। अगर कोई मंदिर की प्रतिमा में भी इतने ही भाव से झुक रहा है जितने भाव से यहां, तो वहां भी पाखंड नहीं है। पाखंड प्रतिमा के सामने झुकने में नहीं है, पाखंड तो तब है जब कि सिर्फ मस्तिष्क झुक रहा है और हृदय में कोई अनुभव नहीं हो रहा है। पत्थर की भी पूजा प्रेमपूर्ण हो तो पत्थर परमात्मा है। और परमात्मा की भी पूजा पत्थर की तरह हो तो सब पाखंड है।

लेकिन जिसने पूछा है, सोचा है कि बहुत बुद्धिमानी का प्रश्न पूछ रहा है। जिसने पूछा है, उसको खयाल है कि उसने ऐसा सवाल पूछा है जिसका जवाब नहीं हो सकता। मैं निश्चित पाखंड का विरोधी हूं। पाखंड का अर्थ तुम समझते हो? पाखंड का अर्थ होता है, जहां हृदय न हो, जहां हृदय का तालमेल न हो, जहां हृदय की जुगलबंदी न बंधी हो, वहां झुकना। क्योंकि मां ने कहा, पिता ने कहा, परिवार ने कहा, तो झुक गए मंदिर में, मस्जिद में। तुमने जाना? अगर तुम अपने जानने से झुके होओ, अगर तुम्हारा प्रेम ही तुम्हें झुकाया है, तो कौन कहता है यह पाखंड है? जरा भी पाखंड नहीं।

झेन फकीर इक्कू एक मंदिर में ठहरा। रात है सर्द। इतनी सर्द, इतनी ठंड पड़ रही है कि बाहर बर्फ गिर रही है। गरीब फकीर के पास एक ही कंबल है, वह उसकी सर्दी को नहीं मिटा पा रहा है। वह उठा कि मंदिर में कुछ लकड़ी तलाश लाए। और लकड़ी तो न मिली लेकिन बुद्ध की प्रतिमाएं थीं, वे लकड़ी की थीं। कई प्रतिमाएं थीं, तो वह एक प्रतिमा उठा लाया, आग जला ली। मंदिर में जली आग, लकड़ी की चट चटाक, अचानक रोशनी का होना, पुजारी जग गया। भागा हुआ अया। आगबबूला हो गया। आंखों पर भरोसा न आया कि एक फकीर, जिसको लोग सिद्धपुरुष समझते हैं, वह भगवान की प्रतिमा जला रहा है! इससे बड़ी और नास्तिकता और बड़ा कुफ्र क्या होगा? उसने कहा, यह तुम क्या कर रहे हो? होश में हो कि पागल हो? भगवान की प्रतिमा जला रहे हो! इक्कू हंसा, उसने पास में ही पड़े अपने संडे को उठाया, प्रतिमा तो जल गई थी, बस अब राख ही रह गई थी, उस राख में डंडे को डालकर टटोला। पुजारी पूछने लगा अब क्या खोज रहे हो? सब राख हो चुका। इक्कू ने कहा, भगवान की अस्थियां खोज रहा हूं। पुजारी ने सिर से हाथ मार लिया। उसने कहा, तुम निश्चित पागल हो। अरे, लकड़ी की मूर्ति में कहां की अस्थियां! इक्कू ने कहा, यही तो मैं कहूं। रात अभी बहुत बाकी, बर्फ जोर से पड़ रही है और मंदिर में तुम्हारे मूर्तियां बहुत हैं, एक दो और उठा लो! और मैं ही क्यों तापूं, तुम भी ठिठुर रहे हो, तुम भी तापो। जब अस्थियां नहीं हैं, तो कैसा भगवान!

ऐसे आदमी को मंदिर में टिकने देना खतरनाक था। क्योंकि पुजारी आखिर सोएगा। यह और मूर्तियां जला दे! बहुमूल्य चंदन की मूर्तियां हैं। इक्कू को धक्के मार कर उसने बाहर निकाल दिया। इक्कू ने बहुत कहा कि बर्फ पड़ रही है, और भगवान को बाहर निकाल रहे हो! लकड़ी की

Write a comment ... Send

CamScanner

•ओशो•

जब मेरी मृत्यु होगी तो आप मेरे रिश्तेदारों से मिलने आएंगे और मुझे पता भी नही चलेगा, तो अभी आ जाओ ना मुझ से मिलने।

जब मेरी मृत्यु होगी तो आप मेरे सारे गुनाह माफ कर देंगे जिसका मुझे पता भी नही चलेगा, तो आज ही माफ़ कर दो ना।

जब मेरी मृत्यु होगी तो आप मेरी कद्र करेंगे और मेरे बारे में अच्छी बातें कहेंगे, जिसे मैं नहीं सुन सकूँगा, तो अभी कह दो ना।

जब मेरी मृत्यु होगी तो आपको लगेगा कि इस इंसान के साथ और वक़्त बिताया होता तो अच्छा होता, तो आज ही आ जाओ और बैठो मेरे साथ।

इसीलिए कहता हूं कि इंतजार मत करो इंतजार करने में कभी कभी बहुत देर हो जाती है....!

CamScanner



क्षण-भर की जिंदगी है। अब गए तब गए। क्या फिक्र करते हो घर की, परिवार की? क्या फिक्र करते हो मित्रों की, प्रियजनों की? एक ही बात की फिक्र करो कि तुम अपना गीत गाकर जाओगे, कि तुम अपना नृत्य नाचकर जाओगे, कि तुम अपनी सुगंध बिखराकर जाओगे, कि मरते समय तुम्हें यह अपराध-भाव न लगेगा कि मैं अपनी जिंदगी अपने ढंग से न जी सका। बस, यही सिद्धि है।

ओशो

Osho wisdom

CamScanner

है।

लिंची ने लिखा है, मेरा रोआं-रोआं कंप गया। संसार छोड़ना था, बुद्धत्व को छोड़ना! और उसके गुरु ने जो वचन कहा, वह चीन और जापान में बड़ी महत्वपूर्ण उक्ति हो गया है। और झेन साधक उस पर ध्यान करते हैं।

लिंची के गुरु ने कहा: इफ यू मीट द बुद्धा ऑन द वे, इमिजियेटली किल हिम।

अगर बुद्ध तुम्हें कहीं मार्ग पर मिल जायें तो तत्क्षण उनको कत्ल कर देना। एक क्षण रुकना मत।

क्योंकि कहीं ऐसा न हो, कि बुद्धत्व का मोह तुम्हें पकड़ ले। फिर संसार खड़ा हो जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, कि तुम सपना धन के संबंध में देखते हो या धर्म के संबंध में। इससे भी कोई फर्क नहीं पड़ता कि तुम सपना इस जगत में एक सुंदर मकान बनाने का देखते हो, या उस जगत में, स्वर्ग में एक सुंदर मकान पाने का; कोई फर्क नहीं पड़ता। सपना, सपना है।

और सब सपने छूट जाने चाहिए। जब सब सपने गिर जाते हैं, जैसे सांप सरक जाता है अपनी पुरानी केंचुली के बाहर और पीछे लौटकर भी नहीं देखता, ऐसे जिस दिन तुम अपने कल्पना के बाहर निकल आते हो उसी दिन सत्य का साक्षात है। उसी दिन मुक्ति है।

वह मुक्ति तुम्हारी आकांक्षाओं की मुक्ति नहीं है। वह मुक्ति तुम्हारे सपनों में सोची गई मुक्ति भी नहीं है। वह निर्माण तुमने जैसा सोचा था, वैसा बिलकुल नहीं है; वह बिलकुल अन्यथा है। लेकिन उसके संबंध में आज तुम कुछ सोच भी नहीं सकते। उसे तो तुम जानोगे, तभी जानोगे। उसका तो तुम अनुभव करोगे, तभी करोगे। वह रस ही ऐसा है। उसका तुम स्वाद लोगे, तभी लोगे।

कबीर कहते हैं,

"गुरुदेव बिन जीव की कल्पना ना मिटै।'

CS CamScanner

5:03 pm 0 KB/s 56%

गुरु

गुरु का अर्थ है, जो तुम्हें धीरे-धीरे, कदम-कदम, हाथ पकड़ कर ले चले सत्य की तरफ। जो धीरे-धीरे तुम्हारी कल्पना से तुम्हें छुड़ाए।

एक बहुत बड़ा झेन साधक हुआ, लिंची। वह अपने गुरु के पास था। और जब आया था तो गुरु ने उससे निर्वाण की और मोक्ष की और बुद्धत्व की बड़ी मीठी बातें की थीं। और एक सपना पैदा कर दिया था। और लिंची कठोर साधना में लग गया–बुद्धत्व पाना है।

कुछ वर्षों की निरंतर साधना, गुरु के सहवास, सत्संग का परिणाम यह हुआ ध्यान लगने लगा। बुद्धत्व करीब मालूम होने लगा। एक दिन ऐसी घड़ी आ गई, कि लिंची को लगा, कि बस अब एक छलांग और-और मैं बुद्धत्व को उपलब्ध हो जाऊंगा।

वह गया अपने गुरु के पास, चरण छूकर उसने गुरु से कहा, "बस एक छलांग और! जरा-सा धक्का चाहिए, मैं बुद्धत्व को उपलब्ध हो जाऊंगा।

गुरु ने कहा, "कैसा बुद्धत्व! कैसा मोक्ष! कैसा निर्वाण! सब बकवास है।

लिंची तो घबड़ा गया। उसने कहा, "क्या आप कहते हैं? मैं तो इसी आशा में सारी साधना में लगा हूं।

उसके गुरु ने कहां, "बच्चों को हम मिठाई देते हैं, ताकि वे स्कूल चले जायें। कोई मिठाई देने के लिए मिठाई नहीं देते, स्कूल भेजने के लिए मिठाई देते हैं। फिर जैसे-जैसे बच्चे को स्कूल में रस आने लगेगा, मिठाई कम होने लगती है। फिर एक दिन मिठाई बंद कर देनी होती है। बुद्धत्व? जब तक पाने की कोई भी आकांक्षा है, तब तक कल्पना काम कर रही है। आज उसे भी छोड़। अब कुछ पाना नहीं है। अब जो है, उसे जानना है।'

लिंची ने लिखा है, मेरा रोआं-रोआं कंप गया। संसार छोड़ना था, बुद्धत्व को छोड़ना! और उसके गुरु ने जो वचन कहा, वह चीन और जापान में बड़ी महत्वपूर्ण उक्ति हो गया है। और झेन साधक उस पर ध्यान करते

CamScanner

5:01 pm 0 KB/s VoLTE 4G 56%

सिकंदर दुखी मरता है, विराट कर्म के बाद। नेपोलियन दुखी मरता है, विराट कर्म के बाद। हिटलर आत्मघात करता है; लेनिन मरते वक्त अति दुखी है। और मरते वक्त लेनिन अपनी वसीयत में लिखता है कि स्टैलिन के हाथ में सत्ता न रहे। और दुखी इसीलिए है। जब तक वह बीमार था, तब तक स्टैलिन ने सत्ता हथिया ली। वह और भी बड़ा राजसिक व्यक्ति है। लेनिन ने क्रांति की, लेकिन सत्ता स्टैलिन के हाथ चली गई।

क्रांतिकारी अक्सर सत्ता नहीं भोग पाते, क्योंकि उनकी शक्ति और उनकी ऊर्जा सत्ता हथियाने में नष्ट हो जाती है। जब तक वे सत्ता पाते हैं, तब तक भीतर से कमजोर हो जाते हैं। जब सत्ता उनके हाथ में आती है, तब कोई शक्तिशाली व्यक्ति, जिसकी शक्ति अभी बची है, वह कब्जा कर लेता है।

हर क्रांति में यह होता है कि जो लोग क्रांति करते हैं, वे फेंक दिए जाते हैं। और जो क्रांति नहीं करते, वे मालिक हो जाते हैं। अक्सर होगा ऐसा। बाप कमाएगा और बेटा उसको खर्च करेगा। क्योंकि बाप कमाने में खर्च हो जाते हैं।

लेनिन दुख से मरा और वसीयत करके गया। लेकिन वसीयत को कौन सुनने वाला है! ताकत स्टैलिन के हाथ में थी। वसीयत दबा दी गई।

लेकिन स्टैलिन दुखी मरता है, दुखी जीता है। दुख वहां तक पहुंच जाता है कि बाद-बाद के दिनों में कहा जाता है कि उसने अपना एक डबल रख छोड़ा था, ठीक स्टैलिन की शक्ल का आदमी। हिटलर ने भी अपना एक डबल रख छोड़ा था। स्टैलिन खुद बाहर नहीं जाता था, क्योंकि लोगों को इतना कष्ट दिया है कि वह सुरक्षित नहीं था।

अब यह बड़े मजे की बात है, बड़ी विडंबना है, कि स्टैलिन ने सारी जिंदगी यही तो कोशिश की कि यशस्वी हो जाऊं, बड़ा शक्तिशाली हो जाऊं। और जब शक्ति हाथ में आई, तब कमरे में छिपकर उसको रहना पड़ता था। उसकी जगह सलामी वगैरह लेने उसका डबल जाता था। क्योंकि अगर गोली मार दी जाए, तो दूसरा आदमी मरेगा, स्टैलिन सुरक्षित रहेगा।

CamScanner

CamScanner

इस मिट्टी के देह से परे जो आत्मा है
उससे ज्यादा रहस्यमय और
आनंदमय और कुछ भी नहीं
जिसे तुम परमात्मा कहते हो,
वो भीतर बैठा है...

CamScanner

4:58 pm 0 KB/s VoLTE 4G 57%

एक कहानी मैंने सुनी है। एक शहर में एक नई दुकान खुली। जहां कोई भी युवक जाकर अपने लिए एक योग्य पत्नी ढूंढ़ सकता था। एक युवक उस दुकान पर पहुंचा। दुकान के अंदर उसे दो दरवाजे मिले। एक पर लिखा था, युवा पत्नी; और दूसरे पर लिखा था, अधिक उम्र वाली पत्नी! युवक ने पहले द्वार पर धक्का लगाया और अंदर पहुंचा। फिर उसे दो दरवाजे मिले। पत्नी वगैरह कुछ भी न मिली। फिर दो दरवाजे! पहले पर लिखा था, सुंदर; दूसरे पर लिखा था, साधारण। युवक ने पुनः पहले द्वार में प्रवेश किया। न कोई सुंदर था न कोई साधारण, वहां कोई था ही नहीं। सामरे फिर दो दरवाजे मिले, जिन पर लिखा था: अच्छा खाना बनानेवाली और खाना न बनानेवाली। युवक ने फिर पहला दरवाजा चुना। स्वाभाविक, तुम भी यही करते। उसके समक्ष फिर दो दरवाजे आए, जिन पर लिखा था: अच्छा गाने वाली और गाना न गाने वाली। युवक ने पुनः पहले द्वार का सहारा लिया और अब की उसके सामने दो दरवाजों पर लिखा था: दहेज लानेवाली और न दहेज लानेवाली। युवक ने फिर पहला दरवाजा चुना। ठीक हिसाब से चला। गणित से चला। समझदारी से चला। परंतु इस बार उसके सामने एक दर्पण लगा था, और उस पर लिखा था, "आप बहुत अधिक गुणों के इच्छुक हैं। समय आ गया है कि आप एक बार अपना चेहरा भी देख लें।'

ऐसी ही जिंदगी है: चाह, चाह, चाह! दरवाजों की टटोल। भूल ही गए, अपना चेहरा देखना ही भूल गए! जिसने अपना चेहरा देखा, उसकी चाह गिरी। जो चाह में चला, वह धीरे-धीरे अपने चेहरे को ही भूल गया। जिसने चाह का सहारा पकड़ लिया, एक चाह दूसरे में ले गई, हर दरवाजे दो दरवाजों पर ले गए, कोई मिलता नहीं। जिंदगी बस खाली है। यहां कभी कोई किसी को नहीं मिला। हां, हर दरवाजे पर आशा लगी है कि और दरवाजे हैं। हर दरवाजे पर तख्ती मिली कि जरा और चेष्टा करो। आशा बंधाई। आशा बंधी। फिर सपना देखा। लेकिन खाली ही रहे। अब समय आ गया, आप भी दर्पण के सामने खड़े होकर देखो। अपने को पहचानो!

जिसने अपने को पहचाना वह संसार से फिर कुछ भी नहीं मांगता। क्योंकि यहां कुछ मांगने जैसा है ही नहीं। जिसने अपने को पहचाना, उसे वह सब मिल जाता है जो मांगा था, नहीं मांगा था। और जो मांगता

CamScanner

4:56 pm 0 KB/s VoLTE 4G 58%

ले गया और कहा, एक सवाल है। अगर हजारों स्वर्ण अशर्फियों से भरी हुई थैली दस कदम चलने के बाद तुम्हें राह पर पड़ी मिल जाए तो क्या तुम उसे मालिक को खोज कर लौटा दोगे? उसने कहा, तुमने क्या मुझे मूर्ख समझा? इतना बड़ा मूर्ख समझा? लाखों रुपयों की स्वर्ण अशर्फियां मुझे मिलेंगी और मैं लौटा दूंगा! तुमने मुझे समझा क्या है? एकदम भाग जाऊंगा यह बस्ती भी छोड़ कर कि कहीं वह मालिक पता न लगा ले। फकीर ने अपने शिष्यों से कहा, यह आदमी शैतान है।*

अब तो शिष्य भी थोड़ी झंझट में पड़े। क्योंकि पहले आदमी को कहा, मूर्ख! अगर पहला आदमी मूर्ख है तो यह आदमी ज्ञानी है। गणित तो साफ है। और अगर यह आदमी शैतान है तो पहला आदमी संत है। गणित तो साफ है। पहले को कहना मूर्ख और दूसरे को कहना शैतान, संगति नहीं मिलती। लेकिन शिष्य चुप रहे; क्योंकि फकीर तब तक बाहर चला गया था।

वह तीसरे आदमी को पकड़ लाया। और उससे भी यही सवाल किया कि लाखों रुपए के मूल्य की अशर्फियां मिल जाएं दस कदम की दूरी पर, तुम उसके मालिक को वापस लौटा दोगे? उस आदमी ने कहा, कहना मुश्किल है। मन का भरोसा क्या? क्षण का भी पक्का नहीं है। अगर परमात्मा की कृपा रही तो लौटा दूंगा लेकिन मन बड़ा शैतान है, और बड़ा उत्तेजनाएं देगा मन कि मत लौटाओ! मेरा सौभाग्य और परमात्मा की कृपा रही तो लौटा दूंगा; मेरा दुर्भाग्य और उसकी कृपा न रही तो लेकर भाग जाऊंगा। पर अभी कुछ भी कह नहीं सकता; क्षण आए, तभी पता चले। उस फकीर ने अपने शिष्यों से कहा कि यह आदमी सच्चा संत है।

क्या मतलब है❓

संत का पहला लक्षण यह है कि वह क्षण के साथ जीएगा। कल के लिए निर्णय नहीं लिया जा सकता। कल की कौन कहे? कल क्या होगा, कौन जानता है? कल हम होंगे भी या नहीं, यह भी कौन जानता है? और कल की परिस्थिति में क्या मौजू पड़ेगा, इसका निर्णय आज कौन लेगा और कैसे लिया जा सकता है? कल अज्ञात है; अज्ञात के लिए तुम कैसे निर्णय लोगे ?

CamScanner

CamScanner

अतिरिक्त यहा कुछ भी नहीं घटता । बाकी तो सब व्यर्थ की बातचीत है ।

जिसे तुम घटना कहते हो -----कि राष्ट्रपति हो गये , कि खूब धन कमा लिया , कि खूब प्रसिद्धि हो गयी , इन सब का कोई भी मूल्य नही है । तुम मरे कि सब भूल जाएगा , सब पद खो जाएगा , चार दिन के बाद तुम्हे कोई याद करने वाला भी न बचेगा ।

कुछ वर्षों बाद , तुम हुए भी थे या नही हुए थे , इसमें भी भेद करना मुश्किल हो जाएगा ।

जरा ख्याल करो ! तुमसे पहले अरबो-अरबो लोग इस पृथ्वी पर हो चुके है । तुम्हारे जैसे ही सपने देखने वाले लोग , तुम्हारे जैसे ही धन इकट्ठा करने वाले लोग , तुम्हारे जैसे ही पद-लोलुप,
धन -लोलुप ! वो सब अब कहा है ? उनके नाम भी तो पता नही । वे कहा खो गये ? हो सकता है , जिस धूल में चलकर आये हो उस धूल में पड़े हो ।
तुम जिस जगह पर बैठे हो , वही उनकी लाश गड़ी हो , वही उनकी हड्डिया गल गयी हो । कभी वो भी अकड़कर चलते थे जैसे तुम अकड़ कर चलते हो ।
कभी किसी का जरा सा धक्का लग गया था तो नाराज हो गए थे , तलवारे खिंच गयी थी । आज धूल में पड़े है और कोई भी उन्हें पैरो से रौंदे चला जा रहा है । न नाराज हो सकते है , न तलवारे खिंच सकते है ।
विश्वासी झूठी श्रद्धा में जीता है ;:इसलिए कही पहुच नही पाता । श्रद्धालु यात्रा पर चल पड़ता है ।
श्रद्धा की यात्रा ही एक दिन ज्ञान की मंजिल पर पहुचा देती है ।
ज्ञानी पहुच गया , श्रद्धालु चल पड़ा । विश्वासी सिर्फ सोच रहा है कि चलेगे , कि चल रहे है , कि पहुच रहे है ।विश्वासी निद्रा में पड़ा है ।
या तो जौहर बनो या जौहरी बनो ! तो ही तुम समझ पाओगे कि मीरा क्या कह रही है ।

ओशो
झुक आयी बदरिया सावन की
संकलन-रामजी🙏🌹🌹

CamScanner

4:50 pm 0 KB/s VoLTE 4G 59%

मीरा कहती है .....

सूली ऊपर सेज हमारी ,
सोवण किस विधि होइ ।'

इधर सूली पर हम बैठे है तुम कहते हो सो जाओ । सुली पर सेज लगी हो तो कोई कैसे सोये ! कल सुबह तुम्हारी मौत आने वाली हो , कल सुबह तुम्हे फ़ासी लगने वाली हो , तुम आज रात सोओगे ? कोई उपाय नही है सोने का।

...... यह संसार तो सूली है इसमें सोना कैसे हो सकता है !

इस बात को समझ लो ---- यह संसार सूली है , क्योकि इस संसार में सिवाय मौत के और कुछ भी नही घटता ।
जन्म के बाद बस एक ही बात निश्चित है : मौत । जन्म के बाद मृत्यु के अतिरिक्त यहा कुछ भी नही घटता । बाकी तो सब व्यर्थ की बातचीत है ।

जिसे तुम घटना कहते हो -----कि राष्ट्रपति हो गये , कि खूब धन कमा लिया , कि खूब प्रसिद्धि हो गयी , इन सब का कोई भी मूल्य नही है । तुम मरे कि सब भूल जाएगा , सब पद खो जाएगा , चार दिन के बाद तुम्हे कोई याद करने वाला भी न बचेगा ।

कुछ वर्षों बाद , तुम हुए भी थे या नही हुए थे , इसमें भी भेद करना मुश्किल हो जाएगा ।

जरा ख्याल करो ! तुमसे पहले अरबो-अरबो लोग इस पृथ्वी पर हो चुके है । तुम्हारे जैसे ही सपने देखने वाले लोग , तुम्हारे जैसे ही धन इकट्ठा करने वाले लोग , तुम्हारे जैसे ही पद-लोलुप,
धन -लोलुप ! वो सब अब कहा है ? उनके नाम भी तो पता नही । वे कहा खो गये ? हो सकता है , जिस धूल में चलकर आये हो उस धूल में पड़े हो ।
तुम जिस जगह पर बैठे हो , वही उनकी लाश गड़ी हो , वही उनकी हड्डिया गल गयी हो । कभी वो भी अकड़कर चलते थे जैसे तूम अकड़

CamScanner



CamScanner


एक बार एक स्त्री अपने
10 साल के बेटे के साथ
पहाड़ी इलाके में रहती
थी, वह बड़ी समझदार
और ईश्वर प्रेमी थी,
एक बार उसका बेटा
भागता हुआ घर आया
तो उसकी मां ने पूछा!
क्या हुआ! बेटा डर कर
बोला मुझे पहाड़ों में
किसी की आहट व
आवाज सुनाई दी, मां
सब समझ गई और बेटे
से कहा तुम पहाड़ों में
वापस जाकर आवाज
लगाओ कि -मैं तुमसे
प्रेम करता हूं...
बच्चे के आवाज लगाते
ही पहाड़ों ने, पेड़ पौधों
ने, पक्षियों ने, झरनों ने
एक साथ दोहराया कि,
मैं तुमसे................
प्रेम करता हूं.....
ओशो

CamScanner

CamScanner



CamScanner

4:39 pm 0 KB/s VoLTE 4G 62%

डूबोगे। साहिल तुम्हें मिलेगा नहीं।

एक बात ठीक से समझ लो। हम अपनी दुनिया खुद बनाते हैं। और अगर कोई तुम्हारे साथ छल करता है, या कपट करता है, क्या छीन लेगा? तुम्हारे पास है क्या? तुम्हारे पास कुछ भी नहीं है। और जो गरीब छल-कपट कर रहा है वह दीन, दरिद्र है। उसके पास भी कुछ नहीं है। सोचता है शायद छल-कपट से कुछ मिल जाएगा।

मेरी सलाह, पहली सलाह: जो तुम्हें धोखा दे, समझना कि बड़ा गरीब है। तुमसे तो ज्यादा गरीब है। जो तुम्हारे साथ छल कर, कपट करे, समझना कि बड़ा दीन है। तुमसे तो बड़ा भिखारी है। उस पर दया करना। उस पर करुणा करना। इसलिए नहीं कि तुम्हारी दया और करुणा से वह बदल ही जाएगा। वह बदले या न बदले लेकिन तुम बदल जाओगे। और असलियत बात यही है कि तुम बदल जाओ। और तुम एक ऐसी स्थिति में आ जाओ कि दुनिया तुम्हारे साथ कुछ भी करे लेकिन तुम्हें डांवाडोल न कर सके।

तुमने पूछा है कि लोग जब किसी वस्तु की तरह मेरा उपयोग करते हैं तो बड़ी चोट पहुंचती है। लेकिन तुम खुद अपने को वस्तु की तरह उपयोग कर रहे हो यह तुमने सोचा? तुमने अपने को आत्मा की तरह उपयोग किया है? कभी जीवन के किसी क्षण में? तुमने खुद अपने को वस्तु की तरह उपयोग किया है, एक शरीर मात्र। और जब तुम खुद ही अपने यह दुर्व्यवहार कर रहे हो, तो दूसरों से क्या शिकायत? वे तुमसे वही कर रहे हैं जो तुम अपने से कर रहे हो। और शरीर तो वस्तु है ही। तुम अपने भीतर छिपे हुए उस चैतन्य को पहचानने की कोशिश करो जो वस्तु नहीं है। फिर तुम्हारा कोई भी कैसा भी उपयोग करे, तुम भलीभांति समझोगे कि तुम दूर खड़े देख रहे हो। वह तुम्हारा उपयोग नहीं है।

🪷आचार्य श्री रजनीश ओशो🪷

🙏💕🙏

कोपलें फिर फूट आई

प्रवचन# 05

CamScanner

लोग नेकी भी उस उम्र में
करते हैं जब वो गुनाह
करने के लायक नही रहते।

– ओशो

@kala.darpan

CamScanner

4:36 pm 0 KB/s VoLTE 4G 62%

osho suvichar

4h ·

जब दिन में तुरीय सरल हो जाएगा, तब तुम सपने में भी उसका उपयोग कर सकोगे। तब रात सोते वक्त एक ही खयाल कर लेना कि मैं देखनेवाला हूँ, मैं द्रष्टा हूँ। नींद आने लगे तब तुम्हारे भीतर एक ही स्वर गूंजता रहे कि मैं साक्षी हूँ। इस भाव को पुनरुक्त करते हुए तुम सो जाना। तुम्हे पता भी न चले कब नींद आ गयी और यह भाव धारा टूट गयी। अगर तुम इस भाव धारा को संभालते रहे तो नींद आ जायेगी लेकिन यह भाव बना रहेगा कि मैं साक्षी हूँ। क्योंकि भाव धारा तुम्हारे भीतर चल रही है और नींद तो शरीर को आ रही है। अगर भाव धारा भीतर जारी रही तो एक दिन तुम सपने में भी पाओगे की तुम सिर्फ देखनेवाले हो। और जैसे ही तुम अनुभव करोगे, अनूठी प्रतीति होगी, स्वप्न तत्क्षण टूट जाएगा। जैसे ही तुम्हे ये खयाल स्वप्न में आ जाएगा कि मैं देखनेवाला हूँ उसी समय स्वप्न बन्द हो जायेगा। स्वप्न चलता ही तुम्हारी बेहोशी से है। और ऐसा जब रूप में होने लगे तो तीसरी घटना संभव होती है कि तब तुम रूप को देखते रहना और भीतर स्मरण करते रहना कि मैं साक्षी हूँ, स्वप्न खो जाएगा। जिस दिन तुम्हे नींद में भी ये धारा प्रविष्ट हो जाये कि मैं साक्षी हूँ उस दिन तुम समझना कि तुम्हारे हाथ परम कुंजी लग गयी है। अब तुम्हे कोई भी बेहोश न कर पायेगा। जो नींद में एक क्षण को भी जाग गया उसकी बेहोशी बिल्कुल टूट जाएगी। जिस दिन तुम नींद में जागोगे उस दिन तुम योगी हो गए। योगी कोई आसन करने से नहीं होता है। वह सब व्यायाम है, शरीर के लिए स्वास्थ्यप्रद है, अच्छा है। लेकिन शरीर के व्यायाम को ही अगर कोई रोग समझ ले तो बड़ी भ्रांति में पड़ गया है। योगी का अर्थ है- जो निद्रा में भी जाग्रत हो जाये। उससे पहले कोई योगी नहीं है।
क्रमश:............................

7 2 comments

Like Comment Share

Er Ramji Dhurve

CamScanner

8

Top comments

Rairkz Osho
अगर कोई प्रीति से पत्थर के सामने झुके प्रीति कसौटी है तो पत्थर भगवान है। क्योंकि जहां झुक जाओ तुम, वहां भगवान है। तुम्हारा समर्पण भगवान है। लेकिन कोई ऐसे ही औपचारिकता से, सामाजिक व्यवहार से, और लोग झुकते हैं इसलिए झुकना चाहिए, औरों को झुकते देखकर झुकता हो, संस्कारवश झुकता हो, तो पाखंड है। Osho

Just now Like Reply

Girdhari Ram
लोगों को मुर्ख बनाने में

2h Like Reply 2

Rajiv Kapoor
For cracking war head philosophy of humans
See translation

11m Like Reply

Janakraj Meena
Rt

58m Like Reply

Mahendra Nath Bajpai
ओशो फिर से पढ़ो

2h Like Reply 1

View 1 reply...

Kailash Bhurre
हीरा भी पत्थर है। और कण कण रज रज में समाया है , वह जो आप हम में मुखर है ,वर्षो बाद परिवर्तित होते होते मिट्टी बन जाता है पत्थर वहीं मिट्टी जीवन दाई बन जाती है

Write a public comment...

CamScanner

मैं बुद्ध को इसलिए अपनाता हूँ की,
बुध्द ना स्वर्ग की लालच दिखाते
है, ना नर्क का डर, वो ना खुद को
भगवान कहते ना मुक्तिदाता, वो सिर्फ
अपने को मार्गदाता बताते है....

– डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर

CamScanner



CamScanner

7. Study of air cleaning and cooling system of general purpose farm tractor engine.
8. Study of lubrication and fuel system of general purpose farm tractor engine.

CamScanner

दुःख उधार का है, आनंद स्वयं का है। आनंदित कोई होना तो अकेले भी हो सकता है; दुखी होना चाहे तो दूसरे की जरुरत है। कोई धोखा दे गया; किसी ने गाली दे दी; कोई तुम्हारे मन की अनुकूल न चला सब दुःख दूसरे से जुड़े है। और आनंद का दूसरे से कोई सम्बन्ध नहीं है। आनंद स्वस्फूर्त है। दुःख बाहर से आता है, आनंद भीतर से आता है.

ओशो

CamScanner

6:19 pm 0 KB/s 50%
abplive.com
abp LIVE
CHANNEL LIVE

- 10 दिन तक ऐसा भोजन किया जाता है जो मन और शरीर को नियंत्रण में रख सके.

- पर्युषण पर्व की अवधि में दान करने से मोक्ष के मार्ग सुलभ होता है.

- पर्युषण पर्व का उदेश्य आत्म की शुद्धि करना है. ऐसे में महावीर स्वामी के बताई गई शिक्षा पर अनुसरण किया जाता है. जिसमें अहिंसा यानी किसी को दूख, कष्ट ना पहुंचाएं, सत्य के मार्ग पर चलें, चोरी ना करना, ब्रह्मचर्य का पालन करना होता है. ये जैन धर्म के 5 मूल सिद्धांत हैं.

PREV NEXT

- ये पर्व जीओ और जीने दो की राह पर चलने की प्रेरणा देता है. पर्युषण पर्व का आखिरी दिन क्षमावाणी कहलाता है. इस दिन जैन धर्म के अनुयायी जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए सभी से माफी मांगते हैं.

Paryushan Parv 2023 Wishes: तप, त्याग और क्षमापना का महापर्व है पर्युषण पर्व, इन शुभकामना संदेश को भेज दें अपनों को बधाई

Disclaimer: यहां मुहैया सूचना सिर्फ मान्यताओं

Paryushan Parv 2023: 19 सितंबर 2023 से दिगंबर जैन धर्म के लोगों का पर्यूषण पर्व शुरु हो चुका है. आत्मा शुद्धि का ये पर्व दस दिन तक चलता है. इस दौरान ईर्ष्या, कलह, विवाद, अहंकार से दूर तप और त्याग किया जाता है. इस साल पर्युषण पर्व की समाप्ति 29 सितंबर 2023 को क्षमावाणी पर होगी.

PREV NEXT

जैन धर्म में पर्युषण पर्व मनाने के लिए भिन्न-भिन्न मन्यताएं हैं. दिगंबर परंपरा में ये '10 लक्षण' पर्व के रुप में मनाया जाता है. आइए जानते हैं पर्युषण पर्व का महत्व, नियम

YOUR COMPATIBILITY
Know who is the right zodiac compatible with you in no time!

CamScanner